RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 5
लखनऊ, बुधवार, 21 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आयुष्मान के साथ बनेगी वाणी की फिल्मी जोड़ी
विविध-12

# लॉकडाउन चला गया लेकिन वायरस नहीं

## ● महामारी के बीच राष्ट्र के नाम सातवें संबोधन में प्रधानमंत्री ने दी नसीहत- जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को त्योहारों के मौसम से पहले देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 के खिलाफ जंग में डटे रहना है और हालात को बिगड़ने नहीं देना है। उन्होंने कहा 'लॉकडाउन चला गया लेकिन वायरस नहीं। पीएम ने कहा कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं।

उन्होंने उन कई देशों का उदाहरण दिया जहां मामले बेहद कम हो गए थे और फिर अचानक उनमें तेजी आ गई। उन्होंने कहा कि भारत अधिक से अधिक संख्या में अपने नागरिकों को बचाने में सफल रहा और इस दिशा में विकसित देशों से बेहतर कर रहा है लेकिन हमें यह लड़ाई तब तक जारी रखनी है जब तक कि टीका नहीं आ जाता। कोविड-19 महामारी के बाद अपने सातवें राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन भले खत्म हो गया है लेकिन कोरोना वायरस खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने

**त्योहारों पर कोरोना खतरे को लेकर मोदी ने किया सतर्क**



लोगों से अपील की कि जब तक कोरोना के खिलाफ लड़ाई में देश को सफलता नहीं मिल जाती तब लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। मोदी ने कहा कि समय के साथ आर्थिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। हम में से अधिकतर लोग अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए, फिर से जीवन को गति देने के लिए, रोज घरों से बाहर निकल रहे हैं। त्योहारों के इस मौसम में बाजारों में भी रौनक धीरे-धीरे लौट रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन हमें ये भूलना नहीं है कि लॉकडाउन भले चला गया हो, वायरस नहीं गया है। बीते 7-8 महीनों में, प्रत्येक भारतीय के प्रयास से, भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में हैं, हमें उसे बिगड़ने नहीं देना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक कठिन समय से निकलकर देश आगे बढ़ रहा है और थोड़ी सी लापरवाही इस गति को रोक सकती है। उन्होंने लोगों का याद दिलाया कि कैसे अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों में कोरोना के मामले कम होने के बाद अचानक से फिर बढ़ने लगे।

उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में भारत बहुत बेहतर कर रहा है क्योंकि अमेरिका और ब्राजील में 10 लाख की आबादी में 25 हजार लोग संक्रमित हुए जबकि भारत में यह आंकड़ा प्रति 10 लाख साढ़े पांच हजार है। वहीं स्पेन, ब्रिटेन, अमेरिका और ब्राजील में प्रति 10 लाख की आबादी पर 600 मौतें हुई जबकि भारत में इतनी ही संख्या में संक्रमित लोगों में मौत की दर 83 रही। उन्होंने कहा, थोड़ी सी लापरवाही हमारी खुशियों को धूमिल कर सकती है। जीवन की जिम्मेदारियों को निभाना और सतर्कता ये दोनों साथ-साथ चलेंगे, तभी जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री ने हाल के दिनों में विभिन्न माध्यमों से आई तस्वीरों और कुछ वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि कई लोगों ने अब सावधानी बरतना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा, ये ठीक नहीं है। अगर आप लापरवाही बरत रहे हैं, बिना मास्क के बाहर निकल रहे हैं तो आप अपने आप को, अपने परिवार को, अपने (शेष पेज 9)

## करीब तीन माह बाद एक दिन में कोरोना केस 50 हजार से कम

### ● पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 46,790 नए मामले, 587 मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना वायरस संक्रमण के नए दैनिक मामले 46,790 आए हैं। इसी के साथ देश में अब संक्रमण के कुल केस 75,97,063 हैं। करीब तीन महीने बाद ऐसा हुआ जब दैनिक मामले 50,000 से कम आए। देश में इससे पहले कोविड-19 के 50,000 से कम नए मामले 28 जुलाई को आए थे, जिस दिन 47,703 केस दर्ज किए गए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में महामारी से 587 मौतें हुईं। इससे मरने वालों की संख्या अब 1,15,197 तक पहुंच गई है। एक और राहत की बात यह कि देशभर में कोविड-19 से एक दिन में होने वाली मौतों की संख्या लगातार दूसरे दिन 600 से कम रही और संक्रमण से ठीक हुए लोगों का आंकड़ा 67 लाख के पार हो गया, जबकि उपचाराधीन मरीज लगातार चौथे दिन आठ लाख से कम रहे। मंत्रालय के अनुसार, देश में इस समय उपचाराधीन मरीजों की संख्या 7,48,538 है, जो कुल मामलों का 9.85 प्रतिशत है। अब तक कुल 67,33,328 लोग इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं।

इससे राष्ट्रीय स्तर पर मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 88.63 प्रतिशत हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.52 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 (शेष पेज 9)

# राजधानी को कैंसर अस्पताल और दो फ्लाईओवर का तोहफा






## ● लखनऊ को मेट्रोपोलिटन शहर के रूप में विकसित करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की बड़ी आवश्यकताः राजनाथ

## ● लखनऊ को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाने का सपना होगा साकारः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवरात्र** से शुरू त्योहारी सीजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को एक नए कैंसर हॉस्पिटल की सौगात दी है। लखनऊ में स्थापित यह आधुनिक कैंसर संस्थान मुंबई के प्रसिद्ध टाटा मेमोरियल सेंटर की तर्ज पर टाटा ट्रस्ट के सहयोग से स्थापित है। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सीजी सिटी, सुल्तानपुर रोड पर स्थापित इस नवीन कैंसर इंस्टिट्यूट के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी एवं अन्त:रोगी सेवाओं का शुभारंभ किया। इसके साथ ही ओपीडी ब्लॉक की भी शुरुआत की। इसके अलावा इसके आवासीय परिसर का शिलान्यास भी किया गया। रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने लखनऊ वासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाने वाले दो फ्लाईओवर के तोहफे भी दिए। करीब 133 करोड़ की लागत से 1528 मीटर लम्बे हुसैनगंज चौराहा-बासमंडी चौराहा-नाका हिन्डोला चौराहा डीएवी कॉलेज के मध्य तीन लेन फ्लाईओवर और 64.47 करोड़ रुपये की लागत से 908 मीटर लंबे हैदरगंज तिराहा से मीना बेकरी से पूर्व तक निर्मित दो लेन नवलोकर्पित फ्लाईओवर राजधानी लखनऊ की ट्रैफिक जाम की समस्या के लिए बड़ा हल सिद्ध होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड काल का सबसे बड़ा सबक चिकित्सकीय सुविधाओं का बेहतरी की जरूरत है। टाटा ट्रस्ट के सहयोग के लखनऊ में स्थापित यह कैंसर संस्थान पूरे उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी सुविधा देने वाला होगा। मुख्यमंत्री (शेष पेज 9)

## पंचम स्कंदमाता



**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥**

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्र में पाँचवें दिन इन देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

## जम्मू-कश्मीर में चार आतंकवादी किए गए ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के शोपियां और पुलवामा जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार आतंकवादी मारे गए जिससे दो अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। यह जानकारी सेना ने दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार शाम में शोपियां के जैनापोरा इलाके के मेलहुरा में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद उक्त तलाशी अभियान एक मुठभेड़ में तब्दील हो गया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कल शाम में दोनों पक्षों के बीच शुरुआती गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया था जबकि एक आतंकवादी मंगलवार की सुबह मारा गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक (शेष पेज 9)

## पकड़े गए चीनी सैनिक को अभी नहीं भेजेगी सेना, कर रही पूछताछ

### ● सोमवार को पूर्वी लद्दाख में मिला था बीजिंग ने भारत से की है अपने कॉरपोरल को तुरंत लौटाने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** ने मंगलवार को एक दिन पहले भारतीय सेना द्वारा पकड़े गए अपने एक जवान को जल्द से जल्द छोड़ने की अपील की है। लद्दाख में पिछले पांच महीने से दोनों पक्षों के बीच गतिरोध चल रहा है। भारतीय एजेंसियों ने चीनी कॉरपोरेल से पूछताछ की और अभी तक उसे कोई संदेहास्पद चीज नहीं मिली है।

पूछताछ के पश्चात उसे कुछ दिन बाद चीन को सौंप दिया जाएगा। सूत्रों ने यहां मंगलवार को बताया कि कॉरपोरल वांग या को सोमवार को डेमचोक इलाके से पकड़ा गया था। भारतीय सेना की उसकी ठीक से देखभाल कर रही है। उसे दवाइयां और लद्दाख के बर्फीले मौसम से बचाने के लिए गर्म कपड़े मुहैया कराए गए हैं। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का यह कॉरपोरल मध्य चीन के झेजियांग प्रांत शांगीझीजेन कस्बे का रहने वाला है। उसके पास से उसका पहचान पत्र बरामद हुआ है। इस मुद्दे को उठाते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने मंगलवार को बीजिंग में कहा कि हमें उम्मीद है कि भारतीय पक्ष अपने वादे को निभाएगा और हमारे लापता सैनिक को जल्द से जल्द वापस भेजगा तथा भारत-चीन कमांडर स्तर की सातवें दौर की बातचीत में बनी सहमति को आगे बढ़ाने के लिए चीन के साथ मिलकर काम करेगा।

इसी तरह की अपील चीनी सेना ने सोमवार शाम की थी। उसने कहा था कि चीनी सेना को उम्मीद है कि भारत चीनी सैनिक को लौटाने के अपने वादे को निभाएगा जो उसके पर्वतीय सीमा के पास गुम हो गया था। वेस्टर्न थियेटर कमांड के प्रवक्ता झांग शूली को यह कहते हुए उद्धृत किया गया (शेष पेज 9)

## जाति, धर्म, परिवार की राजनीति करती है कांग्रेस, राजद : योगी

### ● मुख्यमंत्री ने बिहार चुनाव अभियान में राम मंदिर, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया

**भाषा।** रामगढ़, अरवल, काराकट

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बिहार में मतदाताओं से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सत्ता में बनाए रखने के लिए वोट देने की अपील की, साथ ही केन्द्र में नरेंद्र मोदी सरकार के विकास कार्यों एवं अयोध्या, कश्मीर एवं पाकिस्तान प्रायोजिक आतंकवाद के मुद्दे पर उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

आदित्यनाथ ने कांग्रेस, राजद पर जाति, धर्म और परिवार की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग गाय, भैंस का चारा खा गए और इन्हें फिर से मौका नहीं मिलना चाहिए। बिहार चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक योगी



आदित्यनाथ ने मंगलवार को तीन रैलियों को संबोधित किया और अपने भाषणों की शुरूआत उन्होंने वंदे मातरम से की।

इन रैलियों में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। योगी आदित्यनाथ ने लोगों से राजग के अधिकृत उम्मीदवार के पक्ष में ही वोट देने और नीतीश कुमार को फिर मुख्यमंत्री बनने में मदद करने की अपील की।उल्लेखनीय है कि लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान राजग से अलग होकर चुनाव लड़ रहे हैं और उन्होंने भाजपा और जदयू के कई बागी उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ से चलते समय उनका अनुमान था कि दो से तीन हजार लोगों की भीड़ होगी लेकिन इतनी बड़ी संख्या में लोगों को देखकर उन्हें आश्चर्य है। आदित्यनाथ ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने, राम मंदिर निर्माण के पुराने वादे को पूरा किया।

उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तानपरस्त आतंकवादी कश्मीर में आकर हमारे जवानों पर हमला नहीं कर सकते, अगर वे ऐसा करने की कोशिश करेंगे तब पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारेंगे। उन्होंने कहा कि अब जेएनयू में कोई भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे नहीं लगा सकता है। मोदीजी के शासन में अब एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारे लगते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के शासन में आतंकवाद का खात्म हो गया और नक्सली समस्या से 95 प्रतिशत तक निपटा जा चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण पूरा होने तक हम उनका राम नाम सत्य है सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कांग्रेस, राजद पर (शेष पेज 9)

## आइटम बयान पर राहुल गांधी हुए नाराज लेकिन माफी नहीं मांगेंगे कमलनाथ



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आइटम** बयान पर चारों ओर से हमले झेल रही कांग्रेस पार्टी को और मुश्किल में डालते हुए पार्टी के दिग्गज नेता कमलनाथ ने मध्य प्रदेश की मंत्री इमरती देवी को 'आइटम' कहने के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने नाराजगी जताते हुए कमलनाथ की भाषा को गलत बताया और इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। वास्तव में, कमलनाथ ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि राहुल ने जो कहा है, वह उनकी निजी राय है। वह पहले ही मामले में अपनी स्थिति साफकर चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब उनका इरादा किसी का अपमान करने का था ही नहीं, तो माफी किस लिए मांगें। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इससे पता चलता है कि कमलनाथ कितने अहंकारी हैं। अपनी टिप्पणी को सही ठहराकर वह एक और अपराध कर रहे हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि कमलनाथ खेद व्यक्त करने के बजाय बेकार स्पष्टीकरण दे रहे हैं। यह दर्शाता है कि उनका चरित्र कैसा है। कमलनाथ की टिप्पणी पर दो दिन से मचे राजनीतिक बवाल के बाद मंगलवार को राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कोई भी महिलाओं के साथ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता। कमलनाथ जी उनकी पार्टी के नेता हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे उस प्रकार की भाषा पसंद नहीं है, जिसका कमलनाथ ने प्रयोग किया। यह दुर्भाग्य है। एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस मामले पर गांधी परिवार की चुप्पी पर सवाल उठाया था। दूसरी ओर मंगलवार को कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोलते हुए कहा कि बेहतर होता कि सोनिया गांधी से उनकी शिकायत करने के बजाय वह अपनी पार्टी के मंत्रियों की महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में भाजपा अध्यक्ष को पत्र लिखते।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,544 | ↑ | 112 | |
| निफ्टी | 11,896 | ↑ | 23 | |
| सोना | 50,860 | ↓ | 268 | /10g |
| चांदी | 63,315 | ↓ | 1126 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इकबाल मिर्ची के परिवार की 22.42 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि धनशोधन के मामले में माफिया इकबाल मिर्ची के परिवार के एक सिनेमा हॉल और एक होटल समेत 22 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। मिर्ची की मौत हो चुकी है। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत संपत्ति जब्त करने का एक अंतरिम आदेश जारी किया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा, जब्त की गई संपत्ति में मुंबई में एक होटल, एक सिनेमा हॉल, एक निर्माणाधीन होटल, एक फार्म हाउस, दो बंगले और पंचगनी में 3.5 एकड़ जमीन शामिल है।

## टीआरपी हेरफेर मामले में सीबीआई की एफआईआर

### ● केंद्रीय एजेंसी ने लखनऊ पुलिस से अपने हाथ में लिया जांच का जिम्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुमोदन के आधार पर टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स (टीआरपी) में कथित तौर पर हेरफेर किए जाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। यह जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि मामला पहले लखनऊ के हजरतगंज थाने में एक विज्ञापन कंपनी के प्रवर्तक की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसे उत्तरप्रदेश सरकार ने सीबीआई को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोप धन लेकर टीआरपी रेटिंग में हेरफेर किए जाने का मामला है। सीबीआई अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा देने से इंकार कर दिया। किसी चैनल या कार्यक्रम की टीआरपी का इस्तेमाल विज्ञापन एजेंसियां उनकी लोकप्रियता मापने में करती हैं जिससे विज्ञापन की कीमत प्रभावित होती है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) 45 हजार से अधिक घरों में एक उपकरण लगाकर प्वाइंट की गिनती करता है। इस उपकरण को बार ओ मीटर कहा जाता है। यह उपकरण इन घरों के सदस्यों द्वारा किसी कार्यक्रम या चैनल के देखे जाने का आंकड़ा एकत्रित करता है जिसके आधार पर बार्क साप्ताहिक रेटिंग जारी करता है। मुंबई पुलिस ने हाल में टीआरपी में हेरफेर किए जाने का एक मामला दर्ज किया था जिसके बाद बार्क ने अस्थाई रूप से रेटिंग का काम स्थगित कर दिया है।

## भोजपुरी फिल्मों में अश्लील गाने चंद दिनों के मेहमान

### ● सेंसर बोर्ड बनाएगी सरकार, अश्लील गाने लिखने-दिखाने वालों पर होगी कार्रवाईः रवि किशन

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

**भगवान** श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में चल रही रामलीला में भरत की भूमिका निर्वहन करने आए गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा है कि गोरखपुर में नई फिल्म सिटी का निर्माण कराएंगे और भोजपुरी फिल्मों का अलग सेंसर बोर्ड होगा। किशन ने कहा की अश्लील गाने लिखने और गाने वालों पर होगी कार्रवाई।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले भविष्य में फिल्म जगत की नई पहचान बनेगी। इस पहचान से लाखों युवाओं को रोजगार और सम्मान मिलेगा। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग्स बहुत तेजी से फल-फूल रहा है और इसके खिलाफ आवाज उठाने के कारण आज मुझे मुंबई फिल्म इंडस्ट्रीज छोड़कर



सांसद-अभिनेता रविकिशन इन दिनों अयोध्या में चल रही रामलीला में भरत की भूमिका निभा रहे हैं

उत्तर प्रदेश में नई फिल्म इंडस्ट्री स्थापित करने में लग गया हूं। सांसद ने फ़िल्म इंडस्ट्रीज में बढ़ते ड्रग्स मामले को लेकर आवाज उठाने पर इंडस्ट्रीज के द्वारा बाहर का रास्ता दिखाए जाने पर अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि कई फिल्म निर्माताओं ने उन्हें फिल्मों से हटा दिया है और अब वह ड्रग्स के कारण मुंबई की फिल्म इंडस्ट्रीज को छोड़कर उत्तर प्रदेश में फिल्में बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में 10 फिल्मों को बनाए जाने का कार्य शुरू हो चुका है और यहां फिल्मों को नया आयाम मिलने जा रहा है। इसके लिए नोएडा में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी बनाए जाने की योजना है और इसके तहत लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर के साथ सम्मान भी मिलेगा। सांसद रवि किशन ने कहा कि भगवान श्री राम की जन्म स्थली में उनके जीवन चरित्र पर आधारित रामलीला में भगवान राम के छोटे भाई भरत का चरित्र निभाने का मौका मिला, यह मेरा सौभाग्य है।

उन्होंने बलिया हत्याकांड मामाले पर कहा कि आरोपी के समर्थन पर बलिया विधायक सुरेंद्र सिंह को संगठन द्वारा नोटिस दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भी नेता सांसद से लेकर बूथ स्तर तक का कार्यकर्ता यदि कोई भी कानून अपने हाथ में लेगा तो उस पर भाजपा संगठन व सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने ने प्रदेश की कानून पर सवाल उठाने वालों को करारा जवाब दिया और कहा कि पिछले सरकारों के मुकाबले भाजपा सरकार में अपराध कम हैं, क्योंकि चुनाव नजदीक आ रहा है, इसलिए विपक्ष छोटे-छोटे मामलों को हवा दे रहा है।

# जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ेगा

## जिलाधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा और मानीटरिंग के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह प्रयास किया जाए कि आयुष्मान भारत योजना के प्रत्येक पात्र परिवार को गोल्डन कार्ड प्राप्त हो जाए।

इसके साथ ही सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा और मानीटरिंग के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों के भुगतान में विलम्ब न हो। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) का दायरा बढ़ाने पर गम्भीरता से विचार कर रही है। इसके लिए नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के आधार पर आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के चयन पर विचार किया जा रहा है। इससे प्रदेश की आधी से अधिक आबादी को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त हो जाएगा।

प्रवक्ता ने कहा कि एनएफएसए को आयुष्मान भारत योजना के चयन का आधार बनाए जाने पर अन्त्योदय योजना, पात्र गृहस्थी योजना आदि के लाभार्थी भी आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थी हो जाएंगे। इससे प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थी परिवारों की संख्या बढ़कर 3.58 करोड़ पहुंच जाएगी और योजना से लगभग 14 करोड़ लाभार्थी लाभ उठा सकेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत लाभार्थी का चयन सामाजिक, आर्थिक, जातीय जनगणना-2011 के आधार पर किया जाता है। चयन के इस आधार पर प्रदेश के 1.18 करोड़ परिवार आयुष्मान भारत योजना हेतु पात्र हैं।

### पीएम 27 को करेंगे पांच लाख फेरी दुकानदारों से संवाद

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री स्वनिधि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री 27 अक्टूबर को प्रदेश में 5 लाख से अधिक ठेले वाले, रेहड़ी वाले तथा छोट-छोटे खोखे वाल, खोमचे वालों से संवाद करेंगे। इसी क्रम में प्रधानमंत्री प्रदेश के 651 नगर निगमों में लगभग 3 लाख रेहड़ी-ठेले-खोमचे व छोटे-छोटे 3 लाख से अधिक दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण करेंगे तथा इनसे संवाद स्थापित करेंगे।

# श्रम न्यायालयों एवं औद्योगिक न्यायाधिकरणों में आठ पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सरकार ने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए उठाया कदम

**प्रदेश** सरकार ने श्रम विभाग के अन्तर्गत स्थापित श्रम न्यायालयों एवं औद्योगिक न्यायाधिकरणों में लम्बित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए आठ पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। ये अधिकारी 65 वर्ष की आयु तक अपने पद पर तैनात रहेंगे।

अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चन्द्रा द्वारा इस सम्बन्ध में जारी शासनादेश में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अनन्त कुमार को आगरा के औद्योगिक न्यायाधिकरण (4) में पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करूणा नन्द बाजपेयी को प्रयागराज के औद्योगिक न्यायाधिकरण (1) में पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सेवानिवृत्त आईएएस छोटेलाल पासी को गोरखपुर के औद्योगिक न्यायाधिकरण में पीठासीन अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी गयी है। शासनादेश के मुताबिक सेवानिवृत्त आईएएस जगतराज को प्रयागराज के श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय शंकर मिश्रा को मिर्जापुर के श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सेवानिवृत्त वरिष्ठ रजिस्टार उच्च न्यायालय लखनऊ को कानपुर के श्रम न्यायालय (4) में पीठासीन अधिकारी के पदपर नियुक्ति मिली है तथा सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह को गोरखपुर के श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्ति मिली है। इसी प्रकार पीसीएस अधिकारी शिवेन्द्र कुमार सिंह को फैज़ाबाद (अयोध्या) के श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

# स्थानीय कारीगरों की मूर्तियों व दीयों की बिक्री पर दिया जाए विशेष जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● अगले वर्ष से पूरे साल आयोजित होगा ओडीओपी वर्चुअल फेयर:सिद्धार्थ नाथ सिंह

● एमएसएमई एक्ट-2020 मील का पत्थर साबित होगा: सहगल

**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने निर्देश दिए है कि दीपावली के त्योहार पर स्थानीय कारीगरों द्वारा गुणवत्तायुक्त निर्मित गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों तथा दीये आदि की बिक्री पर विशेष बल दिया जाए। इसके लिए कारीगरों के उत्पादों का शहर के नामचीन स्टोर्स पर डिस्प्ले कराया जाए। इसके साथ ही आकर्षक एवं गुणवत्तायुक्त मूर्तियों का निर्माण करने वाले कारीगरों को एवार्ड देकर सम्मानित किया जाय। इससे अन्य कारीगर भी प्रेरित होंगे।

योजना भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एमएसएमई तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग के कार्यों की गुणवता में व्यापक सुधार लाने और विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक मण्डल में संयुक्त आयुक्त उद्योग के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाय। इन सभी 18 टीमों की कार्यात्मक प्रतिस्पर्धा कराई जाय। जिस टीम ने वर्ष भर में उत्कृष्ट कार्य किया होगा, उसे पुरस्कृत किया जायेगा और खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्यमपरक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार शिथिलिता नहीं बरती जानी चाहिए और योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ लाभार्थियों तक समय से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा मिशन शक्ति अभियान के तहत ऋण प्राप्त करने वाली महिला उद्यमियों का हर जिले में सम्मेलन कराया जाय। सिंह ने कहा कि गत दिवस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी वर्चुअल फेयर का शुभारम्भ किया है। इस प्रदर्शनी में 75 जनपदों के ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी में 35 देशों के 1000 से अधिक खरीदार भाग ले रहे है जिसमें 700 से अधिक शिल्पियों व विक्रेताओं ने अपने अपने स्टाल लगाये हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से इस प्रकार की प्रदर्शनी पूरे वर्ष आयोजित की जायेगी। अपर मुख्य सचिव डा नवनीत सहगल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई एक्ट-2020 लागू किया गया है वह भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। इसके तहत अब उद्यमियों को 72 घण्टे के अंदर अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने के साथ तमाम प्रकार की सहूलियतें दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की सुविधा के लिए हर जिले में नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।

आवश्यकता है
बी.एस.एजूकेशनल कन्या महाविद्यालय
पकरिया, खैराबाद-सीतापुर में
कला संकाय (बी0ए0) में विषय : उर्दू, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत व परास्नातक स्तर पर (एम0ए0) : गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र हेतु प्राचार्य एवं सहा0 आचार्य की आवश्यकता है।
योग्यता : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा निर्धारित योग्यता नेट (U.G.C.) मानकानुसार।
प्रबन्धक
श्रीमती बबिता गुप्ता

# राज्यसभा के लिए नामांकन शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** की रिक्त दस सीटों के लिए चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। नामांकन के पहले दिन कोई पर्चा दाखिल नहीं हुआ। बुधवार को सपा प्रत्याशी प्रोफेसर राम गोपाल अपना पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन करने की अंतिम तारीख 27 अक्टूबर है जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी 2 नवंबर को होगी और मतदान 9 नवंबर को होगा। भारतीय जनता पार्टी ने अभी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी स्व0 माता जी शांती कुमार की HDFC Limited की रुपया 6 लाख की F.D., F.D. संख्या LK/5800852 की मूल प्रति भूतनाथ मार्केट, इन्दिरा नगर, लखनऊ पर गिर गई है। अंकुर कुमार राना, A-144, A-ब्लाक, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि लक्ष्मीकान्त तिवारी व लक्ष्मीकान्त दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। लक्ष्मीकान्त तिवारी, 128/66, के-ब्लाक, किदवईनगर, कानपुर।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1076575 एवं इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 08553319 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। प्रदीप वर्मा पुत्र महेश प्रसाद वर्मा, निवासी-ग्राम व पोस्ट-अमटामऊ, तहसील-मिश्रिख, जिला-सीतापुर।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1076541 एवं इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0853274 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। कुलदीप कुमार वर्मा पुत्र महेश प्रसाद वर्मा, निवासी-ग्राम व पोस्ट-अमटामऊ, तहसील-मिश्रिख, जिला-सीतापुर।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरी पत्नी का नाम एनटीपीसी के अलग अलग अभिलेखों में Soniya Bidla व Soniya Kumar दर्ज है जो गलत है। आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरी पत्नी का नाम सोनिया सूद (Soniya Sood) दर्ज है, जो सही है। अतः मेरी पत्नी को सोनिया सूद के नाम से जाना, पहचाना व समझा जाए। राजेश कुमार पुत्र मानचंद, कर्मचारी संख्या-103632, निवासी-C-25 एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार – रायबरेली।

**सूचना**
सूच्य हो कि एनटीपीसी में मेरे सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ममता व जन्मतिथि 01.7.1971 और मेरे पुत्र का नाम आकार दर्ज है, जो गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ममता सिंह व जन्मतिथि 31.12.1971 और पुत्र का नाम आकार सिंह दर्ज है, जो सही है। अतः मेरी पत्नी का नाम ममता सिंह व उसकी जन्मतिथि 31.12.1971 और मेरे पुत्र का नाम आकार सिंह जाना, पहचाना व समझा जाए। होतम सिंह पुत्र दरियाब सिंह, कर्मचारी संख्या – 057521, निवासी – टाईप 2 = 303, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार – रायबरेली।

# जमीन की व्यवस्था न होने पर 13 निजी विवि के प्रस्ताव निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● निष्पक्षता के साथ किया जाए प्रस्तावों का निस्तारण:मुख्य सचिव

**निजी** क्षेत्र के विवि की स्थापना के लिए मुख्य सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक में भूमि की व्यवस्था न हो पाने के कारण 13 विवि के प्रस्तावों को निरस्त कर दिया गया। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग के अनुसार कुल 31 प्रस्तावों पर चर्चा हुई जिसमें से मानकों को पूरा न कर पाने के कारण 13 प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया। इनमें सर्वदेव विवि आजमगढ़, कृष्ण लाल मेमोरियल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, पं दीन दयाल उपाध्याय विवि मथुरा, अलीगढ़ विवि अलीगढ़, एसआरडी यूनिवर्सिटी फिरोजाबाद, पीके यूनिवर्सिटी मथुरा, दून यूनिवर्सिटी सहारनपुर, पीएसआईटी कानपुर, एसआरएम यूनिवर्सिटी गाजियाबाद, आरकेजी यूनिवर्सिटी पिलखुवा हापुड़, डॉ विजय इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी वाराणसी, श्रीमूर्ति ठाकुर मदन मोहन केदार महन्त नारायण यूनिवर्सिटी मिर्जापुर एवं महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी कानपुर की भूमि का अद्यतन मानक पूर्ण न किये जाने के कारण निरस्तीकरण आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी बिजनौर, एसडीजीआई यूनिवर्सिटी गाजियाबाद एवं बीके यूनिवर्सिटी मथुरा के प्रस्ताव मानक के अनुरूप न होने के कारण निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा 6 विवि मौलाना रूरल यूनिवर्सिटी सीतापुर, मेघ सिंह विवि आगरा, केएन मोदी विवि गाजियाबाद, महर्षि रामायण अयोध्या, एसआर यूनिवर्सिटी लखनऊ एवं जेबीएम यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा को भूमि सम्बन्धी मानक पूर्ण करने के निए 31 दिसम्बर 2020 तक का समय दिया गया है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों को मिलेंगी बेहतरीन सुविधाएं: महाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने पिकप भवन में मेरठ से प्रयागराज तक प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 594 किलोमीटर लम्बे इस एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों को उत्कृष्ट श्रेणी की सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही एक्सप्रेस-वे की जद में आने वाले जिलों में औद्योगीकरण को रफ्तार भी मिलेगी। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जुड़ी सभी गतिविधियों में तेजी लाने और जिन प्रस्तावों को कैबिनेट से मंजूरी लेनी है, उसको शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

महाना ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे की लम्बाई लगभग 594 किलो मीटर होगी। यह एक्सप्रेस-वे 6 लेन का होगा और इसे 8 तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसमें 120 किमी प्रति घंटे की स्पीड से वाहन चल सकेंगे। इसके किनारे शाहजहांपुर के समीप हवाई पट्टी का निर्माण, गंगा नदी पर 960 मीटर एवं राम गंगा नदी पर 720 मीटर पुल प्रस्तावित है। इस एक्सप्रेस-वे पर मेरठ एवं प्रयागराज में एक-एक टोल प्लाजा तथा इसमें 15 रैम्प टोल प्लाजा का निर्माण किया जाना है। साथ ही एक्सप्रेस-वे के किनारे 9 जन सुविधा परिसर का भी निर्माण कराया जायेगा। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 36410 करोड़ है। इसमें से भूमि अधिग्रहण के लिए 9255 करोड़ रुपये व्यय होंगे। अपर मुख्य सचिव एवं यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से परियोजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए प्रस्तावित जनपदवार सरेखण, परियोजना एवं अनुमानित लागत का सैद्धांतिक अनुमोदन कैबिनेट से प्राप्त किया जाना है। इसके अतिरिक्त परियोजना के तहत वित्तीय पोषण के लिए सम्भावनाएं तलाश करने के लिए पीपीपी माडल पर निवेशकों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने के लिए प्रक्रिया का ड्राफ्ट तैयार कराया जा चुका है, शीघ्र ही इसको भी कैबिनेट के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त यूपीडा के लिए तकनीकी परामर्शी एवं ट्रांजेक्शन परामर्शी की सेवाएं प्राप्त करने, विलेखीकरण के लिए स्टाम्प ड्यूटी माफ किये जाने तथा गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के वित्त पोषण के लिए विदेशी निवेश की संभावनाएं तलाश करने के लिए प्रस्तावित प्रक्रिया पर सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम कानपुर
कैटिल कैचिंग विभाग
**भैंस की नीलामी हेतु सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कानपुर द्वारा भैसों का पकड़कर कॉजी हाउस जाजमऊ, कानपुर में निरुद्ध किया गया है। जिसकी नीलामी दिनांक 23.10.2020 को अपरान्ह 03:00 बजे मीटिंग कक्ष, नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील कानपुर में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक व्यक्ति धरोहर की धनराशि रू0 50000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट दिनांक 23.10.2020 को अपरान्ह 12:00 बजे तक मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के पक्ष में जमा करके नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति नीलामी से सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी डा0 ए0 के0 सिंह, प्रभारी अधिकारी (कैटिल कैचिंग) से प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम सीमा के बाहर निवास करने वाले व्यक्ति ही नीलामी में इस शर्त के साथ भाग ले सकते हैं कि नीलामी में प्राप्त की गयी भैंसों को प्रत्येक दशा में नगर निगम सीमा के बाहर ले जायेंगे। उक्त का उल्लंघन करने पर पुनः भैंसों को जब्त कर लिया जायेगा तथा सम्बन्धित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।
(अरविन्द कुमार राय)
अपर नगर आयुक्त

# भाजपा राज में जनता बुरी तरह त्रस्त



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में जनता बुरी तरह त्रस्त है। कमजोरों पर भाजपा सरकार की दहशतगर्दी इतनी बढ़ी हुई है कि लोग विधान भवन के सामने ही आत्मदाह करने को मजबूर हो रहे हैं। विधान भवन और लोक भवन आमने सामने हैं जहां मुख्यमंत्री सहित उनका मंत्रिमण्डल और मुख्यसचिव सहित सभी शीर्ष विभागीय अधिकारी बैठते हैं। इस सबके बावजूद प्रदेश का विकास ठप है। जनता मंहगाई, बेकारी, लूट, हत्या, अपहरण से डरी और सहमी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं और बच्चियों को आए दिन छेड़छाड़ और दुष्कर्म का शिकार होना पड़ रहा है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मान लिया है कि प्रदेश में उनकी सरकार के दिन गिने चुने रह गए हैं। हर मोर्चे पर विफलता के नाते वे आगामी आम चुनाव में टिक नहीं पाएंगे इसलिए इन दिनों वे बिहार में चुनाव प्रचार में लग गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व यह नहीं भूले कि जनता भी सच जानती और पहचानती है।

## उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने जारी की प्रचारकों की सूची

● मुलायम, आजम, अखिलेश समेत कई नेता शामिल

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनावों के लिए समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची मंगलवार को घोषित कर दी गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के हस्ताक्षरों से जारी प्रचारकों की सूची में पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नन्दा और राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां एवं इन्द्रजीत सरोज, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा रामगोविन्द चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम प्रमुख हैं। वहीं माता प्रसाद पाण्डेय पूर्व विधानसभाध्यक्ष, धर्मेन्द्र यादव पूर्व सांसद, महबूब अली, शैलेन्द्र यादव ललई, संजय गर्ग, जगदीश सोनकर एवं इकबाल महमूद विधायकगण, शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, रामआसरे विश्वकर्मा पूर्व मंत्रीगण, जावेद अली खां सांसद राज्यसभा, राज नारायन बिन्द पूर्व विधायक सहित रामसुन्दर दास निषाद, सुनील यादव, लीलावती कुशवाहा, डॉ राजपाल कश्यप सभी सदस्य विधान परिषद तथा श्यामलाल पाल एवं जुगल किशोर बाल्मीकि पूर्व प्रदेश सचिव के नाम भी शामिल हैं।

# औद्योगिक इकाइयों को मंडी शुल्क में मिलेगी दो प्रतिशत की छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● पांच करोड़ या अधिक के निवेश पर पांच वर्ष तक मिलेगा लाभ

**अवस्थापना** एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 के अन्तर्गत स्थापित पात्र नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्लांट व मशीनरी में 5 करोड़ या उससे अधिक के निवेश पर 5 वर्ष तक मण्डी शुल्क में पूरे 2 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह निर्णय मैसर्स जेआरजी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड अमरोहा के प्रकरण के समाधान के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में लिया गया। मण्डलायुक्त मुरादाबाद द्वारा उक्त मैसर्स जेआरजी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड अमरोहा को मण्डी शुल्क में 2 प्रतिशत के स्थान पर 0.5 प्रतिशत छूट अनुमन्य करने का 4 वर्ष से लम्बित प्रकरण 21 सितम्बर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इन्वेस्ट यूपी की उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की बैठक में समाधान के लिए प्रस्तुत किया गया था। एपीसी की अध्यक्षता में बैठक में निर्देशित किया गया कि मण्डलायुक्त, मुरादाबाद द्वारा उक्त इकाई को मण्डी शुल्क से छूट के लिए मण्डलीय छूट समिति की बैठक आहूत कर स्पष्ट संस्तुति शासन को प्रेषित की जाए। इकाई द्वारा अनुरोध किया गया था कि चूंकि वह नीति के अन्तर्गत पात्र है। अतः उसे 2 प्रतिशत मण्डी शुल्क से छूट 5 वर्ष के लिये दिया जाना चाहिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 में दिये गये प्राविधान में इकाई कच्चे माल की आवक कहां से है एवं उसका उत्पाद कहां विक्रय किया जाता है। इस पर कोई प्रतिबन्ध नहीं किया गया है। अतः इस आधार पर इकाई को प्राविधान के अनुसार 2 प्रतिशत के स्थान पर 0.5 प्रतिशत छूट दिया अनुमन्य किया जाना औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है।

कर्नाटका बैंक लिमिटेड
सम्पूर्ण भारत में, आपका पारिवारिक बैंक
प्रधान कार्यालय : मंगलुरु – 575 002 CIN : L85110KA1924PLC001128
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा 8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली –110060 फोन: 011–25813466, मो.: 9319891680
ई-मेल : delhiarm@ktkbank.com, वेब : www.karnatakabank.com
अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा कर्नाटक बैंक लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 17-06-2019 को प्राप्त किया जा चुका है, कर्जदारों/गारंटरों/सह-आबंधकों (1) मैसर्स क्रिस्टल ऐंड केमिकल्स लैबोरेटरीज प्रा. लि. इसके निदेशकों : (i) श्री परेश रस्तोगी (ii) श्री पंकज रस्तोगी (iii) श्री पीयूष रस्तोगी, 27/18 राजा राम मोहन राय मार्ग, हलवसिया मार्किट, लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिनिधित्वकृत (2) श्री परेश रस्तोगी, पुत्र श्री लक्ष्मी चन्द्र रस्तोगी, नंबर 803, रोहतास कोर्ट, गोखले मार्ग, लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश (3) श्री पंकज रस्तोगी पुत्र श्री जवाहर लाल रस्तोगी, (4) श्री पीयूष रस्तोगी, पुत्र श्री लक्ष्मी चन्द्र रस्तोगी, (5) श्री दीपक रस्तोगी, पुत्र श्री नगेन्द्र कुमार रस्तोगी, नंबर 3, 4 एवं 5 निवासी : 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश की तरफ कर्नाटक बैंक लिमिटेड, लखनऊ शाखा, प्लॉट नंबर 118, बर्लिंगटन स्क्वायर, स्टेशन रोड, विधानसभा मार्ग, लखनऊ-226001, (उत्तर प्रदेश) की, टर्म लोन खाता नंबर 4537001600022201 के तहत, कुल बकाया राशि रू. 1,47,92,748.60 (रू. एक करोड़ सैंतालीस लाख बानवे हजार सात सौ अड़तालीस तथा पैसे साठ मात्र) + 30-09-2018 से भावी ब्याज + लागत की वसूली के लिए दिनांक 03-12-2020 को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन :**
1) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री परेश रस्तोगी के साथ संबंधित फ्लैट नंबर जे-303, जे-टावर, तृतीय तल, रोहतास प्लूमेरिया होम्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में प्लॉट नंबर टीसीजी-3/3 में भूमि परिमाप 214.42 वर्ग मीटर। चौहद्दी : पूरब : कॉरीडोर एवं स्टेयरकेस ; पश्चिम : खुला आकाश ; उत्तर : खुला आकाश ; दक्षिण : खुला आकाश
सुरक्षित मूल्य/न्यूनतम मूल्य जिससे कम पर सम्पत्ति नहीं बेची जाएगी : रू. 1,16,23,000.00 (रू. एक करोड़ सोलह लाख तेईस हजार मात्र)
जमा की जाने/प्रदान की जाने हेतु धरोहर राशि : रू. 11,62,300/– (रू. ग्यारह लाख बासठ हजार तीन सौ मात्र)
2) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री परेश रस्तोगी के साथ संबंधित फ्लैट नंबर 1403, ब्लॉक-डी, 14वां तल, रोहतास प्लूमेरिया होम्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में प्लॉट नंबर टीसीजी-3/3 में भूमि परिमाप 119.66 वर्ग मीटर। चौहद्दी : पूरब : फ्लैट नंबर 1402 ; पश्चिम : खुला आकाश ; उत्तर : लॉबी ; दक्षिण : खुला आकाश
सुरक्षित मूल्य/न्यूनतम मूल्य जिससे कम पर सम्पत्ति नहीं बेची जाएगी : रू. 51,89,000.00 (रू. इक्यावन लाख नवासी हजार मात्र)
जमा की जाने/प्रदान की जाने हेतु धरोहर राशि : रू. 5,18,900/– (रू. पांच लाख अठारह हजार नौ सौ मात्र)
(कर्जदार/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है)।
(यह सूचना कर्जदार/गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (6) के तहत सूचना भी मानी जाएगी)
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कर्नाटक बैंक की वेबसाइट नामतः www.karnatakabank.com में "mortgaged assets for sale" शीर्षक के अंतर्गत लिंक देखें।
ई-नीलामी दिनांक 03-12-2020 को पूर्वा. 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ संचालित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता से अपना नाम https://bankauctions.in/ पर पंजीकृत करवाना तथा यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण (अनंतिम रूप से 02-12-2020) मैसर्स 4क्लोजर, 605ए, छठा तल, मैत्रीवनम, अमीरपेट, हैदराबाद-500038, सम्पर्क नंबर 040-23836405, मोबाइल 8142000809, ई-मेल : vikas@bankauctions.in तथा info@bankauctions.in से प्राप्त करना अपेक्षित होगा।
स्थान : लखनऊ
तिथि : 19-10-2020
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते कर्नाटक बैंक लिमिटेड

# मिशन शक्ति अभियान: अभियोजन विभाग की बेवसाइट व यू-ट्यूब चैनल शुरू

● बीते 24 घंटों में 23 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व 31 को कारावास व अर्थदंड दिलाने में मिली सफलता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं न्याय के लिए शारदीय नवरात्रि में 17 अक्टूबर से प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति अभियान के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। प्रदेश के अभियोजन विभाग द्वारा महिला एवं बाल अपराधों में अपराधियों को दण्डित कराने एवं उनकी जमानतें खारिज कराने की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों को और तेज किया गया है। इसी कड़ी में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा अभियोजन निदेशालय के प्रांगण में वहां की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारम्भ किया गया। उनके द्वारा इस मौके पर अभियोजन निदेशालय के यू-ट्यूब चैनल को भी लांच किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन, आशुतोष पाण्डेय के अलावा अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत 19 से 20 अक्टूबर तक प्रभावी पैरवी के माध्यम से महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं के विरूद्ध अपराध के मामलों में 23 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा कराने, 31 अभियुक्तों को कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित कराने तथा 49 मामलों में 51 अभियुक्तों की जमानतें खारिज कराने में सफलता प्राप्त की गई।

# खाद्यान्न, सब्जी, आम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है यूपी : शाही

● कृषि मंत्री ने सीआईआई द्वारा एग्रो एवं फूड टेक विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को सीआईआई द्वारा कृषि और खाद्य तकनीकी 2020 (एग्रो एवं फूड टेक) विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश वर्तमान में खाद्यान्न, सब्जी, चीनी, दूध एवं आम आदि के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक और मानव संसाधनों से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में 9 एग्रोक्लाइमेटिक ज़ोन हैं, जिनमें विभिन्न जलवायुविक विशिष्टियों के अनुसार फसलों, फलों, सब्जियों, मसालों एवं औषधीय पौधों के उत्पादन, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण तथा उनके अंतर्देशीय और अंतर्राष्ट्रीय निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि को उन्नत बनाने तथा किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए अपनी नीतियों को कृषकोन्मुखी तथा लाभकारी बनाया है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य की कृषि निर्यात नीति जारी की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश मंडी अधिनियम में संशोधन करने वाला देश का पहला राज्य है। किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार लाभकारी मूल्य पर बेचने के लिए 45 कृषि उत्पादों को मंडी शुल्क के मुक्त किया गया है। 27 मंडियों को किसान मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 24 मंडियों में फल-सब्जियों के सुरक्षित भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज एवं राइपनिंग चैम्बर की सुविधाएं निर्मित कराई जा रही है।

श्री शाही ने बताया कि लखनऊ और सहारनपुर के साथ ही प्रदेश के अमरोहा और वाराणसी में दो अन्य मैंगो पैक हाउस निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादों के भंडारण के लिए सहकारिता विभाग द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर 100 मी.टन से 5000 मी.टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# घटने लगी कोरोना वायरस की रफ्तार

## राजधानी में संक्रमण के मिले 250 नए केस, सात की मौत

## सूबे में मिले 2351 नए मामले


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस की रफ्तार में काफी कमी आई है। मंगलवार को राजधानी में 250 नए केस सामने आए हैं। जबकि 7 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है।

राजधानी में अभी तक 59,432 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 462 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 56032 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3400 केस एक्टिव हैं। अभी तक इलाज के दौरान 831 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 6211 लोगो के सैम्पल लिये गये। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 22, गोमती नगर 25, रायबरेली रोड 17, आशियाना 19, मडियांव 10, हजरतगंज 15, कैंट 10, तालकटोरा 11, आलमबाग 10, चिनहट 13, चौक 10, महानगर 12 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। वहीं आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 90 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 90 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 49 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 41 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

वहीं प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार में काफी गिरावट देखने को मिल रही है। मंगलवार को सूबे में 2351 कोरोना के नए केस सामने आए हैं। अभी तक प्रदेश में 6714 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभी तक सूबे में 452,440 संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। जबकि वर्तमान में 30416 एक्टिव केस है।



आज 3339 मरीज डिस्चार्ज किये गए हैं। अब तक 422,024 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 250, कानपुर में 86, प्रयागराज में 146, गोरखपुर में 66, गाजियाबाद में 140, वाराणसी में 79, नोएडा में 135, मेरठ में 139, बरेली में 51, मुरादाबाद में 95, अलीगढ़ में 25, झांसी में 37, सहारनपुर में 23, अयोध्या में 24, आगरा में 34, बाराबंकी में 14, बलिया में 26, लखीमपुर खीरी में 52, शाहजहांपुर में 14, देवरिया में 24, मुजफ्फरनगर में 36, जौनपुर में 11, महाराजगंज में 37, कुशीनगर में 17, आजमगढ़ में 11, हरदोई में 15, रामपुर में 10, मथुरा में 40, इटावा में 11, गाजीपुर में 24, गोंडा में 26, बस्ती में 22, बुलंदशहर में 130, प्रतापगढ़ में 38, सीतापुर में 25, उन्नाव में 9, सुल्तानपुर में 19, फर्रुखाबाद में 18, चंदौली में 12, रायबरेली में 22, सिद्धार्थनगर में 9, बहराइच में 8 कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं।

## कोविड नियमों का पालन न करने पर इस्लामिया कालेज को नोटिस

**लखनऊ (पीएनएस)।** जिलाधिकारी द्वारा अमीरुद्दौला इस्मालिया इंटर कालेज का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कोविड के नियमों और मानकों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने कालेज के छात्रों से बातचीत की और बिना अभिभावक की लिखित अनुमति विद्यालय में आने जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालय प्रबंधक को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा 15 अक्टूबर से स्कूलों को खोलने के निर्देश के बाद मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने अमीरुद्दौला इस्मालिया इंटर कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा में विद्यार्थियों की 15 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज थी। कक्षा में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने अनुमति पत्र का प्रारूप प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उनके अभिभावकों द्वारा विद्यालय जाने की अनुमति लिखित रूप से दी जानी अनिवार्य है। इस संबन्ध में पूछे जाने पर प्रधानाचार्य द्वारा असंतोषजनक उत्तर दिया गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ निर्देशित किया गया कि इस संबन्ध में विद्यालय प्रबन्धन को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही विद्यायल द्वारा के दिशा निर्देश की अनदेखी न करने के लिए भी अलग से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही सरोजनी नगर के हीरालाल यादव और राजकीय बालिका इण्टर कालेज का निरीक्षण किया।

## हृदय रोगियों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन पर रोक, कंपनी ब्लैक लिस्टेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हृदय** रोगियों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन डॉब्यूटामिन हाइड्रोक्लोराइड 50 एमएल इंजेक्शन के घटिया पाए जाने पर इंजेक्शन की सप्लाई करने वाली कंपनी हिमालय मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में डाल दिया गया है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेजकर सरकारी अस्पतालों में इस कंपनी के करीब एक लाख इंजेक्शन वापस लेने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड की कार्यवाहक एमडी संगीता सिंह ने बताया कि हिमालय मेडीटेक प्राइवेट लिमिटेड ने करीब एक लाख इंजेक्शन की सप्लाई की थी। मामले की शिकायत दो महीने पहले आने पर इसकी जांच कराई गई। साथ ही अस्पतालों में इसके प्रयोग पर रोक लगाने के निर्देश दे दिए गए थे। अब जांच का नतीजा आया तो इंजेक्शन अधोमानक पाया गया है। इसमें जो मात्रा दवा की लिखी थी, उतनी नहीं थी। गुणवत्ता पर यह बिल्कुल खरा नहीं पाया गया है।

# लाठी-डंडे से पीट कर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** थाना क्षेत्र के हैवतमऊ मवैया इलाके में सोमवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने पड़ोस में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर अर्जुन रावत पर हमला करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। गम्भीर रूप से घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना को अंजाम देने के आरोप में दिलीप और अजीत को हिरासत में ले लिया है। दोनों चाचा-भतीजे बताए जा रहे हैं।

पीजीआइ के हैवतमऊ गांव मवैया निवासी आजाद अपने 25 वर्षीय भाई अर्जुन के साथ रहते है। वहीं पास के घर में आजाद की मां जावित्री देवी रहती है। आजाद ने बताया कि उनका भाई अर्जुन पीजीआई अस्पताल में संविदा कर्मचारी था। सोमवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे अर्जुन अपनी मां के लिए खाना लेकर उनके घर गया था और वहीं से उसको अपनी ड्यूटी पर भी जाना था। बताया जा रहा है कि जैसे ही अर्जुन मां के घर से बाहर निकला तो इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले चचरे भाई व अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक के भाई आजाद ने अपने चाचा व उनके बेटों समेत अन्य पर अर्जुन की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सिकन्दर, पिताम्बर, अयोध्या प्रसाद, चन्द्रिका प्रसाद, दिलीप, नेता, सुरेन्द्र, सुरेश कुमार ,अजीत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और घटना के कुछ देर बाद ही आरोपी चचरे भाई पिताम्बर व दिलीप को गिरफ्तार कर लिया।

यात्रियों की सुविधा हेतु दशहरा और दीपावली त्योहार पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन



अन्य रेलवे से चलने वाली विशेष रेलगाड़ियों जिनका ठहराव उत्तर मध्य रेलवे के स्टेशनों पर प्रदान किया गया है।

| विशेष रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशनों से चलने का दिन | संचालन तिथि | उत्तर मध्य रेलवे पर ठहराव के स्टेशन |
|---|---|---|---|---|---|
| 02397 | गया | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 20.10.2020 से 30.11.2020 | विध्यांचल, प्रयागराज जं., भरवारी, कानपुर से., अलीगढ़ |
| 02398 | नई दिल्ली | गया | प्रतिदिन | 21.10.2020 से 01.12.2020 | अलीगढ़, कानपुर से., भरवारी, प्रयागराज जं. विध्यांचल, |
| 03259 | पटना जं. | छ.शिवाजी महाराज ट. | सप्ताह में दो दिन (बुध, रवि) | 21.10.2020 से 29.11.2020 | प्रयागराज छिवकी |
| 03260 | छ.शिवाजी महाराज ट. | पटना जं. | सप्ताह में दो दिन (गुरु, शुक्र) | 23.10.2020 से 01.12.2020 | प्रयागराज छिवकी |
| 02395 | राजेन्द्र नगर | अजमेर | सप्ताह में एक दिन (बुध) | 21.10.2020 से 25.11.2020 | प्रयागराज जं., कानपुर फिरोज़ाबाद, टुण्डला, आगरा फोर्ट |
| 02396 | अजमेर | राजेन्द्र नगर | सप्ताह में एक दिन (गुरु) | 22.10.2020 से 26.11.2020 | आगरा फोर्ट, टुण्डला, फिरोज़ाबाद, कानपुर, प्रयागराज जं., |
| 02577 | दरभंगा | मैसूर | सप्ताह में एक दिन (मंगल) | 20.10.2020 से 24.11.2020 | मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी |
| 02578 | मैसूर | दरभंगा | सप्ताह में एक दिन (शनि) | 24.10.2020 से 28.11.2020 | प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, |
| 03251 | पाटलीपुत्र | यशवंतपुर | सप्ताह में एक दिन (शुक्र) | 23.10.2020 से 27.11.2020 | मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी |
| 03252 | यशवंतपुर | पाटलीपुत्र | सप्ताह में एक दिन (सोम) | 26.10.2020 से 30.11.2020 | प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, |
| 02389 | गया | चेन्नई | सप्ताह में एक दिन (रवि) | 25.10.2020 से 29.11.2020 | प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर |
| 02390 | चेन्नई | गया | सप्ताह में एक दिन (मंगल) | 27.10.2020 से 01.12.2020 | मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी |
| 03253 | पटना जं. | बानसवाडि | सप्ताह में एक दिन (गुरु) | 22.10.2020 से 26.11.2020 | प्रयागराज छिवकी |
| 03254 | बानसवाडि | पटना जं. | सप्ताह में एक दिन (रवि) | 25.10.2020 से 29.11.2020 | प्रयागराज छिवकी |
| 02545 | रक्सौल जं. | ललितपुर | सप्ताह में एक दिन (गुरु) | 22.10.2020 से 26.11.2020 | प्रयागराज छिवकी |
| 02546 | ललितपुर | रक्सौल जं. | सप्ताह में एक दिन (सोम) | 26.10.2020 से 30.11.2020 | प्रयागराज छिवकी |
| 02581 | मंडुवाडीह | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 20.10.2020 से 30.11.2020 | प्रयागराज जं., कानपुर |
| 02582 | नई दिल्ली | मंडुवाडीह | प्रतिदिन | 21.10.2020 से 01.12.2020 | कानपुर, प्रयागराज जं. |
| 05119 | रामेश्वरम | मंडुवाडीह | सप्ताह में एक दिन (रवि) | 25.10.2020 से 29.10.2020 | प्रयागराज जं. |
| 05120 | मंडुवाडीह | रामेश्वरम | सप्ताह में एक दिन (बुध) | 28.10.2020 से 02.12.2020 | प्रयागराज जं. |
| 02145 | हबीबगंज | पटना जं. | ----- | 11,13,15,17,19, 21 व 23.11.2020 | प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर |
| 02146 | पटना जं. | हबीबगंज | ----- | 12,14,16,18,20, 22 व 24.11.2020 | मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी |
| 01665 | हबीबगंज | अगरतला | बुधवार | 28.10.2020 से 25.11.2020 | मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर |
| 01666 | अगरतला | हबीबगंज | शनिवार | 31.10.2020 से 28.12.2020 | मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर |
| 02539 | यशवंतपुर | लखनऊ जं. | बुधवार | 21.10.2020 से 25.11.2020 | मानिकपुर, प्रयागराज जं. |
| 02540 | लखनऊ जं. | यशवंतपुर | शुक्रवार | 23.10.2020 से 27.11.2020 | प्रयागराज जं., मानिकपुर |
| 02165 | लोकमान्य तिलक ट. | गोरखपुर | सप्ताह में दो दिन (गुरु, सोम) | 22.10.2020 से 30.11.2020 | प्रयागराज जं. |
| 02166 | गोरखपुर | लोकमान्य तिलक ट. | सप्ताह में दो दिन (शुक्र, मंगल) | 23.10.2020 से 01.12.2020 | प्रयागराज जं. |

उपरोक्त रेलगाड़ियों में यात्रा हेतु कोविड-19 सम्बन्धित नियमों व दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य होगा।

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज 1108/20 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.com @CPRONCR

# 19 नवम्बर से शुरू होगी काउंसिलिंग 10 दिसम्बर से बीएड का नया सत्र

## बीएड में कुल दो लाख 15 हजार सीटें हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश भर** में बीएड संचालित कालेजों में दाखिले को लेकर काउंसलिंग की प्रक्रिया 19 नवम्बर से शुरू होगी। जबकि बीएड का सत्रारम्भ 10 दिसम्बर से शुरू होगा। मंगलवार को यह जानकारी बीएड एंट्रेंस एग्जाम 2020 की स्टेट नोडल कोआर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेई ने दी है। डॉ बाजपेई ने बताया कि पहले चरण की काउंसलिंग 19 नवंबर से नौ दिसंबर तक होगी। इसके अगले दिन 10 दिसंबर से नया सत्र शुरू हो जाएगा। इसमें लगभग 90 फीसद सरकार, एडेड कॉलेजों की सीटें भर जाएंगी। इसके बाद 12 से 19 दिसंबर तक पूल काउंसिलिंग आयोजित होगी। वहीं 26 से 30 दिसंबर तक डायरेक्ट काउंसिलिंग होगी जिसमें सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एडमिशन लेंगे। बता दें कि बीएड में कुल दो लाख 15 हजार सीटें हैं। पहली काउंसिलिंग के प्रथम चरण में एक से 50 हजार रैंक तक बच्चों की काउंसिलिंग होगी, दूसरा फेज 50 से एक लाख 40 हजार तक, फिर एक लाख 40 हजार से ढाई लाख रैंक तक के अभ्यर्थी, बाद में ढाई लाख से आगे तक की रैंक के बच्चे लिए जाएंगे। हालांकि अभी एलयू ने इसका शैड्यूल जारी नहीं किया है। प्रो बाजपेई ने बताया कि शैड्यूल के लिए अभी मीटिंग की जाएगी।

## समय पर रिजल्ट घोषित करें राज्य विश्वविद्यालय: लविवि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 19 नवम्बर से शुरू हो रही बीएड काउंसलिंग को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है। विवि की तरफसे भेजे गए पत्र में विश्वविद्यालयों से अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम काउंसलिंग से पूर्व घोषित करने को कहा है। जिससे पहले चरण की काउंसलिंग में मेधावी छात्रों को मनमाफिक कालेज चुनने का मौका मिल सके। इससे पूर्व रिजल्ट को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय दो बार काउंसलिंग की तिथि को आगे बढ़ा चुका है। ऐसे में एक बार फिर से 19 नवम्बर से निर्धारित बीएड काउंसलिंग को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय गम्भीर है। जिसको देखते हुए अब एलयू किसी भी तरह रिजल्ट घोषित न करने वाले विश्वविद्यालयों को और ज्यादा एक्सटेंशन देने के मूड में नहीं है। एलयू की ओर से आगरा, कानपुर व मेरठ के विश्वविद्यालयों को रिजल्ट घोषित करने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है।

# मरीजों के इलाज का मानक तय करेगा कैंसर संस्थान

## संस्थान और भारतीय गुणवत्ता परिषद के बीच हुआ करार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चकगंजरिया** स्थित कैंसर संस्थान का शुभारंभ राजधानी के सांसद व देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से मंगलवार को किये जाने के बाद संस्थान कैंसर मरीजों के इलाज का मानक तैयार करेगा। इसके लिए कैंसर संस्थान और भारतीय गुणवत्ता परिषद के बीच करार हुआ है। कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. शालीन कुमार ने बताया कि कैंसर का पता लगाने और इलाज से संबंधित एनएबीएच (नेशनल बोर्ड और एक्रीडिटेशन ऑफ हॉस्पिटल) के मानक को विकसित करेगा। कैंसर मरीजों के इलाज की दिशा तय होगी। उन्होंने बताया कि कैंसर संस्थान मुंबई के टाटा हॉस्पिटल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कैंसर संस्थान में 1250 बेड का प्रावधान है।

पहले चरण के तहत 54 बेड से शुरूआत की गई है। इमरजेंसी में मरीज भर्ती किए जाएंगे। ऑपरेशन की सुविधा भी चालू हो गई है। आईसीयू की सुविधा भी है। इसके अलावा 18 विभागों में 25 डॉक्टर तैनात हैं। निदेशक डॉ. शालीन ने बताया कि रेडियोलॉजी विभाग में अभी कोई विशेषज्ञ नहीं है। इसमें डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही विशेषज्ञ की तैनाती होगी। इससे मरीजों की एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन जैसी जांच मरीजों की आसानी से हो सकेगी। उन्होंने बताया कि रेडियोथेरेपी विभाग में कैंसर मरीजों की सिंकाई की जाती है। अभी एक लीनैक मशीन लगी है। जल्द ही दूसरी लीनियर एक्सिलरेटर मशीन लगाने की योजना है। संस्थान में पहले दिन से असाध्य योजना के तहत कैंसर मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि रेडियोथेरेपी, प्लास्टिक सर्जरी, एनस्थीसिया, जनरल मेडिसिन, आर्थोपैडिक्स, पैथोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकल आंकोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, पीडियाट्रिक आंकोलॉजी, ईएनटी, इम्यूनो हिमेटोलॉजी एंड ब्लड ट्रांसफ्यूजन समेत दूसरे विभाग हैं।

# दस विभागों का डिपार्टमेंट ऑफ लीगल स्टडीज में विलय का फैसला

## राम मनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी में पीएचडी को लेकर रिसर्च एवं पब्लिश एथिक्स में दो क्रेडिट कोर्स करना अनिवार्य, गोल्ड मेडल शुरू कराने के लिए देनी होगी दोगुनी राशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ. राम** मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में अब पीएचडी रिसर्चर को यूजीसी की गाइडलाइंस के आधार पर रिसर्च एवं पब्लिश एथिक्स पर दो क्रेडिट का कोर्स करना अनिवार्य होगा। मंगलवार को विवि परिसर में सम्पन्न हुई 29वीं एकेडमिक काउंसिल की बैठक ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। साथ ही विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अपने परिजनों के नाम पर गोल्ड मेडल शुरू करने के लिए अब दो लाख रुपये देने होंगे। अभी तक यह राशि एक लाख रुपये थी।

विवि के कुलपति प्रो. एसके भटनागर की अध्यक्षता में आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में ला कोर्सेज में स्थापित 10 विभागों को समाप्त करते हुए उन सभी विभागों को डिपार्टमेंट ऑफ लीगल स्टडीज में मर्ज करने का बड़ा निर्णय लिया गया। यह सभी 10 विभाग पिछले 6 वर्षों से निष्क्रिय ही पड़े हुए थे तथा पूर्व में कार्य परिषद ने भी इनकी उपादेयता पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया था। इसके साथ एक अन्य डिपार्टमेंट ऑफ हयूमैनिटिज़ एंड सोशल साइंसेज को यथावत बनाये रखने का निर्णय लिया। बैठक में नवम्बर 2020 में होने वाली एन्ड सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के 2008 के नियमों के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा का प्रावधान नहीं है, इसलिए परिषद ने इस पर निर्णय हेतु पूर्व में गठित समिति को निर्णय लेने के लिए अधिकृत कर दिया। बैठक में न्यायालय में चलने वाले केस का निपटारा करने के लिए मध्यस्थता पर दिए जा रहे जोर को देखते हुए एकेडमिक कॉउन्सिल द्वारा निर्णय लिया गया कि विधि के विद्यार्थियों को मीडिएशन की स्किल सिखाने के लिए इसे पाठ्यक्रम में सम्मिलित जाए। वहीं बैठक में काउंसिल ने क्लैट द्वारा प्रवेशित नव विद्यार्थियों का सत्र 2 नवम्बर से प्रारम्भ करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। वही पीएचडी में नए एडमिशन के लिए भी सीटों का निर्धारण भी कॉउन्सिल ने कर दिया। इस बार भी पूर्व की भांति 50 प्रतिशत सीट्स भरी जाएंगी।

इन विभागों को किया गया मर्ज

एकेडमिक काउंसिल की बैठक के दौरान जिन 10 विभागों को मर्ज करने का निर्णय लिया गया। उनमें डिपार्टमेंट ऑफ कांस्टीट्यूशनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव, लॉ डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल, लॉ डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ऑफ कॉरपोरेट, लॉ डिपार्टमेंट ऑफ इन्वायरमेंट, ला डिपार्टमेंट ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी, लॉ डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन राइट्स, डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ, डिपार्टमेंट ऑफ क्लिनिकल लीगल एजुकेशन, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड लॉ शामिल हैं।



# आधे घंटे घुमाने के बाद भी एडीएम को धान केंद्र नहीं पहुंचा पाए राजस्वकर्मी

● औचक निरीक्षण पर निकले अपर जिलाधिकारी ने खुद ही केंद्र का पता कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

संवाददाता। मोहनलालगंज



**धान** खरीद केन्द्र का औचक निरीक्षण करने निकले अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरपाल सिंह को लेखपाल और कानूनगो आधे घण्टे तक डेहवा से लेकर नई जेल रोड तक घुमाते रहे लेकिन मऊ में पीसीएफ के कृषक सेवा केन्द्र पर खोले गए धान खरीद केन्द्र तक नहीं पहुंचा सके। अपने स्रोतों से पता लगाने के बाद एडीएम खरीद केन्द्र की सही लोकेशन पर पहुंचे तो उन्होंने मातहतों को जमकर फटकार कर गेट से ही लौटा दिया।

मोहनलालगंज में मंगलवार को धान खरीद केन्द्रों का जायजा लेने निकले एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह को लेखपाल और कानूनगो मऊ में कृषक सेवा केन्द्र पर खोले गए धान खरीद केन्द्र ले जाने के बजाए डेहवा में राजकीय कृषि बीज भण्डार लेकर पहुंच गए। बीज भण्डार का बोर्ड देखते ही एडीएम ने मातहतों को कड़ी फटकार लगा दी। वहां से लौटे राजस्वकर्मी एडीएम को पुराने एसएफसी गोदाम के पास लेकर पहुंच गए। गाड़ी से उतरते ही एडीएम के सामने राजस्वकर्मियों की कारगुजारी की पोल खुल गई। तहसील के आसपास इकलौते धान खरीद केन्द्र के लोकेशन की जानकारी तक नहीं होने पर एडीएम ने मातहतों को खूब लताड़ा।

आखिरकार एडीएम अपने स्रोतों से खरीद केन्द्र की सही लोकेशन का पता लगाकर वहां पहुंचे और गाड़ी से उतरते ही आगे चल रही राजस्वकर्मियों की फौज को डपटकर गेट से ही वापस लौटा दिया।

### प्रभारी अनुपस्थित, केन्द्र पर अव्यवस्थाओं की भरमार

मऊ में पीसीएफ के कृषक सेवा केन्द्र पर धान खरीद की हकीकत देखने पहुंचे एडीएम प्रशासन को कांटा ,चलना, डस्टर, नमी मापक यंत्र और बोरे गैरमौजूद मिले । रजिस्टर पर प्रभारी का प्रमाण पत्र और बोरों की जानकारी तक अंकित नहीं मिली। जबकि धान खरीद शुरु होने के प्रचार प्रसार के लिए गांवों में बैठकों का ब्योरा भी रजिस्टर पर अंकित नहीं मिला। केन्द्र प्रभारी मनोज कुमार की गैर मौजूदगी में सहयोगी हरिनाम अब तक हुए पंजीकरण की लिस्ट समेत अन्य जानकारी भी नहीं दे सके। धान खरीद की शुरुआत नहीं होने और अव्यवस्थाओं को लेकर नाराज एडीएम अमरपाल सिंह ने रजिस्टर पर निरीक्षण रिपोर्ट लिखकर केन्द्र प्रभारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित वेबिनार में मंडलायुक्त ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**मण्डलायुक्त** रंजन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन मिशन शक्ति के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में अपर निदेशक बेसिक शिक्षा पीएन सिंह सहित मंडल के 95 कस्तूरबागांधी के वार्डेन, छह जनपदों के जिला समन्वयक बालिका शिक्षा व प्रधानाचार्यो, शिक्षक द्वारा ऑनलाइन जुड़कर प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त द्वारा यह निर्देशित किया गया कि सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की वार्डेन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। मण्डलायुक्त ने कहा कि व्यक्तिव का निर्माण स्कूल में होता है, इसलिए सभी बालिकाओं को अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बालिकाओं को ग्रुप में बांट कर कार्य कराये, जीवन कौशल विकसित करायें। प्रार्थना, योगा के माध्यम से दृढ़ आत्म विश्वास, सकारात्मक सोच विकसित करायें। बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया जाय। जब तक बालिकायें स्कूल नहीं आती है तब तक उन्हें ह्वाट्सअप के माध्यम से सारे विषयों की जानकारी दी जाय। बालिकाओं को मौलिक अधिकार, घरेलू हिंसा, पास्को एक्ट, सेफ टच-अनसेफ टच और विभिन्न तरह की संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, किसी भी प्रकार का उत्पीड़न होने की दशा में पुलिस से संपर्क के लिए हेल्प लाइन नंबर 112 और घर पर किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिये हेल्प लाइन नंबर 181 की जानकारी दी जाय।

# कंपनी का फरार निदेशक व 50 हजार का इनामी ललित भाटी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बाइक बोट घोटाला

**एनसीआर** क्षेत्र में हुए हजारों करोड़ के बाइक बोट घोटाले के वांछित अभियुक्त और गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के डायरेक्टर रहे 50000 के इनामिया ललित भाटी को एसटीएफ व ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर की टीम ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स प्रा.लि. के खिलाफ थाना थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर में विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे की विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान सेक्टर मेरठ द्वारा की जा रही है। मुकदमे के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ को भी निर्देशित किया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफ को मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि बाइक बोट के मामले में थाना दादरी गौतमबुद्धनगर पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अपराधी दादरी बाईपास शिवनादर यूनिवर्सिटी के करीब, उत्तर प्रदेश राज्य से अन्य राज्य में भागने के लिए एकत्रित होंगे। इस सूचना पर एसटीएफ ने ईओडब्लू की टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंच कर ललित कुमार निवासी ग्राम संदीपुर सेठ, पोस्ट व थाना मवाना, जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त ललित कुमार ने बताया कि वह बीएससी एग्रीकल्चर पास है और वह गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में डायरेक्टर के पद पर नियुक्त रहा है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त ललित कुमार थाना दादरी गौतमबुद्धनगर पर पंजीकृत अभियोग में लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा वारण्ट भी जारी किया गया था और इसी अभियोग में उसकी गिरफ्तारी पर 50,000 रुपए का पुरस्कार घोषित था।

## प्रदूषण के मामले में कम्पनी को नहीं मिली राहत

**लखनऊ** (विसं)। मेरठ की काली नदी की धारा में अपशिष्ट बहाकर उसे प्रदूषित करने के एक मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मेसर्स दारूला शुगर वर्क्स डिस्टिलरी डिवीजन, दारूला के खिलाफ दाखिल मुकदमा खारिज करने से इंकार कर दिया है। पीठ उसकी याचिका खारिज करते हुए लखनऊ की प्रदूषण नियंत्रण की विशेष अदालत को इस मामले को डेढ़ साल में निस्तारित करने का आदेश भी दिया है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश दारुला शुगर वर्क्स की याचिका पर दिया है। वर्ष 1989 में प्रदूषण बोर्ड ने इस कम्पनी के खिलाफ मेरठ की अदालत में एक परिवाद दर्ज कराया था। लेकिन बाद में इस मामले को लखनऊ की विशेष अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया। विशेष अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान कम्पनी की ओर से डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की गई। 11 नवंबर 2019 को डिस्चार्ज अर्जी खारिज हो गई। तब याचिकाकर्ता ने विशेष अदालत के इस आदेश के खिलाफ रिवीजन दाखिल किया। 17 जुलाई 2020 को रिवीजन अर्जी भी खारिज हो गई। तब याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई। एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान कहा गया कि मुकदमा दायर में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। और न ही याचिकाकर्ता के खिलाफ रिकार्ड पर कोई सबूत है। लिहाजा मुकदमा चलाने का कोई औचित्य नहीं है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) गोमती नगर, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, टाईप–4/95, इन्द्रलोक विद्युत कालोनी, मानस नगर, कृष्णा नगर, लखनऊ। अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 14/वि0जा0खं0(वि0)गो0न0/ई–टेण्डर/2020–21** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक – पृथक ई–निविदायें अनुभवी ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। **क्र0सं0 1, निविदा विशिष्ट संख्या** 56/वि0जा0खं0(वि0)/गो0न0/ई–टेण्डर/2020–21, **कार्य का नाम** कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल (ल0क्षे0) के कार्यालय भवन की क्षतिग्रस्त प्लास्टर की मरम्मत, रंगाई–पुताई, क्षतिग्रस्त दरवाजों / खिड़कियों को बदलने का कार्य, मच्छररोधी जाली, टाईल्स फ्लोरिंग, सीलनरोधी उपचार इत्यादि जानपदीय कार्य। **कार्यावधि** 01 माह, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 295.00, **धरोहर धनराशि (रु0)** 4,000.00, **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 04.11.2020 सायं 5.00 बजे तक, **निविदा खोले जाने का तिथि** 05.11.2020 सुबह 11.30 बजे तक, निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gomti Nagar" के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, आलमबाग, लखनऊ के A/c No. 1277785019 एवं IFSC Code- CBIN0280140 में RTGS / NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Condition ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nc.in साइट पर देखा जा सकता है। **अधिशासी अभियन्ता लखनऊ।** पत्रांक–715, दिनांक–20.10.2020 **हेल्पलाईन नम्बर 18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"**

# मिशन शक्तिः घुमंतू बस्तियों में जाकर महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता। निगोहां



**क्षेत्र** की घुमन्तू बस्ती में जाकर पुलिस ने लोगों को जागरूक किया। क्षेत्राधिकारी के साथ प्रभारी निरीक्षक ने जगह जगह जाकर महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों की सूचना देने के लिए कहा साथ ही तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मिशन शक्ति के तहत निगोहां सीओ नईमुल हसन व प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ जगह जगह जाकर घुमंतू बस्तियों में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। सीओ ने महिलाओं को मिशन शक्ति के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी साथ ही यह भी बताया कि यदि उनके साथ कहीं भी किसी प्रकार की घटना होती है तो अपने परिजनों के साथ–साथ तत्काल पुलिस को सूचना दें। वहीं इंस्पेक्टर निगोहां ने युवाओं को अपराध न करने की हिदायत दी। साथ ही पुलिस ने निगोहां के सत्यनरायण तिवारी इण्टर कालेज पहुंच कर बालिकाओं को मिशन शक्ति 181 की जानकारी दी। वहीं मोहनलालगंज तहसील में मिशन शक्ति के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रोली बनाई और पम्पलेट वितरित कर महिलाओं को सशक्त बनने का संदेश दिया। एडीएम ने प्रभारी सीडीपीओ अंजूलता से कार्यक्रम की जानकारी लेकर प्रयासों की सराहना की। वहीं दूसरी ओर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पाण्डेय के निर्देशानुसार लक्ष्य यूथ फाउण्डेशन के द्वारा मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मंदिर में महिलाओं और बालिकाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# 100 करोड़ की लागत से एकेटीयू कराएगा संस्थानों का अत्याधुनिकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंडित** दिन दयाल उपाध्याय की जन्मशती के उपलक्ष्य में सेकेंड फेज के तहत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की तरफ से दो विवि और 14 इंजीनियिरंग संस्थानों का अत्याधुनिकीकरण कराया जाएगा। इन संस्थानों में 100 करोड़ की लागत से हॉस्टल निर्माण, कक्षों में फर्नीचर की व्यवस्थाएं, हाईटेक लैब, स्मार्ट क्लास आदि के लिए स्मार्ट व्यवस्थाएं की जाएंगी। एकेटीयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में एकेटीयू लखनऊ के सरकारी सम्बद्ध तकनीकी संस्थानों एवं तकनीकी विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 200 करोड़ की योजना शुरू की थी। योजना की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री के द्वारा इस योजना का द्वितीय फेज शुरू किया गया है, जिसमें 100 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलन्यास किया गया है।

**इन दो विवि और 12 इंजीनियरिंग संस्थानों में होंगे काम**

इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ ,बुन्देलखण्ड इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी झांसी, उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर, फैकल्टी आफ आर्कीटेक्चर एकेटीयू लखनऊ, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा, बिजनौर, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, मैनपुरी, सोनभद्र , उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन एकेटीयू लखनऊ, सेंटर फार एडवांस्ड स्टडीज एकेटीयू लखनऊ, मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी आफटेक्नोलॉजी गोरखपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी कानपुर व अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड कानपुर में जरूरत के हिसाब से छात्रावास, मेस, लैब आदि के काम कराए जाएंगे।

### सिद्धि माता मन्दिर के स्थापना दिवस पर हुआ भंडारा

**निगोहां।** निगोहा के पटसा गांव में मगंलवार को सिद्धि माता मन्दिर के प्रथम स्थापना दिवस के मौके पर हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मन्दिर में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

### सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का लोकार्पण

**मोहनलालगंज।** ब्लाक की 18 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा कराकर लोकार्पण कर दिया गया है। इसी तरह सरोजनीनगर ब्लाक की 47 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय और 4 गांव में पंचायत भवन का निर्माण पूरा कर लोकार्पण कर दिया गया है।

### लविवि में हॉस्टल के लिए 22 अक्टूबर तक आवेदन करना होगा

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के सेकेंड इयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के लिए हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। दोनों ही कोर्सेज के स्टूडेंट्स को 22 अक्टूबर तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से ऑनलाइन हॉस्टल आवंटन का आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर उसे भरना होगा। इसके बाद इन कोर्सेज के स्टूडेंट्स को दोबारा से हॉस्टल आवंटन कर दिया जाएगा। मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए विवि की चीफप्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय ने बताया कि दशहरा की छुट्टियों के बाद 26 अक्टूबर से पीजी कोर्सेज के सेकेंड इयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी स्टूडेंट्स को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### जालसाजों ने असिस्टेंट प्रोफेसर को लगाई पांच हजार की चपत

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर एक डॉक्टर को पांच हजार रुपये की चपत लगा दी। जानकीपुरम सेक्टर जी निवासी डॉ रजत कुमार सिंह मेडिकल कॉलेज बाराबंकी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित के अनुसार 14 अक्टूबर दोपहर को उनके पास पांच हजार रुपये के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का मैसेज आया। मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर सेल और गुडम्बा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### पालीटेक्निक का नया सत्र पहली दिसम्बर से

**लखनऊ।** कोरोना महामारी के चलते इस बार पालीटेक्निक का नया सत्र पहली दिसम्बर से शुरू होगा। एआईसीटीई ने एक नवंबर के बजाय एक दिसंबर से नया सत्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान 30 नवंबर तक काउंसिलिंग पूरी कर प्रवेश प्रक्रिया समाप्त करने का आदेश भी दिया गया है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एस के वैश्य के मुताबिक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की ओर से 30 नवंबर तक काउंसिलिंग पूरी करने और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में प्रवेश सूची देने के बाद ही प्राविधिक शिक्षा परिषद पढ़ाई शुरू कराता है। इसलिए नया सत्र पहली दिसम्बर से शुरू होगा। वहीं पुराने छात्रों की ऑलाइन पढ़ाई कराई जाएगी। लखनऊ पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने बतायाकि प्राविधिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई है। हीवेट पॉलीटेक्निक के डॉ यूसी वाजपेयी व गोविंद बल्लभ पंत राजकीय पॉलीटेक्नक के प्रधानाचार्य ने बताया कि ऑनलाइन पढ़ाई के लिए लिंक दे दिया गया है।

### लैपटॉप व नकदी ले उड़े चोर

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित अपार्टमेंट में घुसे चोर नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। प्रभारी निरीक्षक चिनहट धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में बीसीए कर रहे सूर्य प्रकाश वर्मा शाहपुर बस्ती के रहने वाले हैं। वर्तमान में पीजी में रहता है। दोपहर में वह किसी काम से बाहर गया था जब शाम को वह अपने कमरे पर आया तो देखा कि उसके कमरे का ताला टूटा हुआ था और कमरे में रखा लैपटॉप, 12000 नगद गायब था।

### घर का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी

**लखनऊ।** कुर्सी रोड, इण्डेन एनक्लेव निवासी मोहम्मद शाबान अली अपने परिवार के साथ रहकर मौरंग सप्लाई का काम करते हैं। शाबान के अनुसार शनिवार की शाम वह सपरिवार के साथ काम से अपनी ससुराल गए हुए थे। रविवार की सुबह आने पर उन्हें घर के ताले टूटे हुए मिले। पीड़ित के अनुसार घर की अलमारी में रखी 3 लाख रुपये की ज्वैलरी और 50 हजार रुपये नकदी समेत अन्य सामान चोर चुरा ले गए। वहीं पुलिस के मुताबिक आजाद नगर खदरी निवासी असलम अपने परिवार के साथ 10 अक्टूबर को भांजे की शादी में शामिल होने सुल्तानपुर अपनी बहन के यहां गए हुए थे। 15 अक्टूबर की दोपहर आने पर उन्हें घर के ताले टूटे हुए मिले।

### मिशन शक्ति अभियान के क्रियान्वयन को लेकर समिति गठित

**लखनऊ।** महिला सुरक्षा एवं आत्मसम्मान को लेकर नवरात्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से शुरू किये गए मिशन शक्ति अभियान के तहत डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस के भटनागर के निर्देश पर विवि में मिशन शक्ति से जुड़े कार्यक्रमो, गतिविधियों और उद्देश्यों को लेकर एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति मिशन शक्ति से जुड़े कार्यक्रमों की दिशा में कदम उठाएगी। मिशन शक्ति अभियान शुरू होने के बाद डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है, जिसने अभियान से जुड़कर इससे जुड़े सम्बन्धित कार्यक्रमो के सम्पादन की दिशा में कमेटी का गठन किया है। विवि के रजिस्ट्रार अनिल कुमार मिश्र के स्तर से जारी आदेश में प्रो संजय सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी में एसोसिएट प्रो केएस पांडेय, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अलका सिंह, डॉ शशांक शेखर सिंह, ईशा यादव को शामिल किया गया है।

### महापौर ने पिंक टाटा कूड़ा वाहनों को हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ।** गोमतीनगर के 1090 चौराहे से महापौर द्वारा पिंक टाटा वाहनों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । पिंक टाटा कूड़ा वाहनों की महिला ड्राइवर को पिंक साड़ी देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महापौर ने महिलाओं के प्रति सम्मान सुरक्षा एवं स्वावलंबन की भावना को बढ़ाए जाने पर नगर निगम की सराहना की। इस दौरान नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे वहीं, नगर निगम मुख्यालय सहित जोनल कार्यालयों में महिला हेल्प डेस्क स्थापना भी की जाएगी।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनी गले की फांस

**लखनऊ।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लोगों के गले की फांस बन गई है। वाहनों में नई नंबर प्लेट ना होने के कारण वाहन संबंधी सभी कार्य ठप हो गए हैं। ट्रांसफर से लेकर डुप्लीकेट आरसी तक के सभी काम को लेकर आरटीओ ऑफिस से लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जल्द ही इस मामले में कोई राहत नहीं दी गई तो दीपावली से पहले ही विभाग को करोड़ों का झटका लग सकता है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी वाहनों के लिए एचएसआरपी अनिवार्य कर दी गई है। इस बारे में एआरटीओ प्रशासन सिद्धार्थ यादव ने बताया कि जब तक वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होगी, तब तक किसी तरह के कार्य नहीं होंगे। किसी तरह की छूट के बारे में अभी हमें कोई निर्देश नहीं दिया गया है।

## एम्बुलेंस सेवा में करीब 1100 कर्मचारियों को एक साथ मिलेगी तैनाती

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की ओर से संचालित 102, 108 और एएलएस एम्बुलेंस सेवा में करीब 1100 प्रशिक्षित ईएमटी को वरिष्ठता के आधार पर तैनाती देने का निर्णय लिया गया है। सभी को नियुक्ति पत्र देकर विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा है। कर्मचारियों को इसी माह के अंत तक अपनी नियुक्ति के स्थान पर रिपोर्ट करना होगा। प्रदेश में 102, 108 और एएलएस एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी जीवीके ईएमआरआई के पास है। संस्था के एचआर हेड डॉ मदन शर्मा ने बताया कि यह इन सभी कर्मचारियों को गम्भीर रोगियों को सेवाएं देने के लिए पूर्व में ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। सभी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र निर्गत किए जा रहे हैं। यह सभी कर्मचारी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के रूप में एम्बुलेंस में मरीजों को सेवाएं देंगे।

# सरकारी विभागों में 25 प्रतिशत ई-वाहनों का होगा प्रयोगः निदेशक नेडा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इलेक्ट्रिक** वेहिकल्स एवं चार्जिंग स्टेशन तथा पावर क्वालिटी में सुधार द्वारा ऊर्जा संरक्षण विषय पर वेबीनार के माध्यम से आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक यूपीनेडा भवानी सिंह खंगारौत ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विभागों में ई–वेहिकल्स का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए विभाग में उपलब्ध कुल वाहनों का 25 प्रतिशत ई–वेहिकल्स अनिवार्य रूप से रखने के लिए प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। साथ ही यह भी व्यवस्था की जा रही है कि सभी सरकारी विभाग ई–वेहिकल्स का क्रय भारत सरकार के उपक्रम एनर्जी इफिशिएन्सी सर्विसेज़ लिमिटेड (ईईएसएल) से कर सकें। यूपीनेडा ऊर्जा संरक्षण के उपायों को लागू करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्टेट डेजिग्नेटेड एजेन्सी (एसडीए) के रूप में नामित किया गया है। इसी क्रम यूपीनेडा द्वारा वेबीनार की श्रंखला, ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न विषयों पर जिसमें मोटर्स एवं पम्प, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कन्डीशनिंग सिस्टम, ट्राई जनरेशन टेक्नोलॉजी, ऊर्जा संरक्षण फाइनेन्सिंग मैकेनिज्म तथा एस्को मोड में ऊर्जा संरक्षण प्रोजेक्ट्स विषयों पर आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यशालाओं में बड़े उद्योगों (डेजिग्नेटेड कन्ज्यूमर्स), इण्डियन इण्डस्ट्रीज़ एसोसिएशन के सदस्य, एस्को कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इसके अतिरिक्त यूपीनेडा द्वारा विषय विशेषज्ञों को भी प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में आईआईए के नेशनल प्रेसीडेंट पंकज कुमार गुप्ता ने इन सभी कार्यशालाओं की महत्ता एवं उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि एमएसएमई सेक्टर के उद्योगों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से उत्पादन लागत में कमी की जा सकती है और उनका यह प्रयास रहेगा कि आईआईए के सदस्य उद्योगों में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यूपीनेडा के साथ मिल कर काम करें।

## ससुराल में हुई विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**लखनऊ।** इंदिरानगर के तकरोही में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पिता ने दामाद पर दूसरी महिला से संबंध और बेटी को परेशान करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उन्नाव निवासी अशोक कुमार ने बेटी अचज़्ना की शादी तीन साल पहले तकरोही निवासी शिवम से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। इस बीच अचज़्ना को पति के दूसरी महिला से संबंध होने का पता चला। विरोध करने पर शिवम और उसकी मां ने अचज़्ना के साथ मारपीट की। अचज़्ना ने फोन कर पिता को घटना के बारे में बताया था। अशोक के मुताबिक वह बेटी को ससुराल से लाने की सोच रहे थे कि रविवार रात सास दिव्या ने फोन कर अचज़्ना के चोट लगने की जानकारी दी थी। जिसके बाद अशोक परिवार के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। जहां उन्हें बेटी का शव पड़ा मिला।

## सीएमएस के दो छात्रों को आठ लाख रुपये की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस के दो मेधावी छात्रों शैलजा दीक्षित एवं श्रेयस कुमार को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार–चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। इस प्रकार, दोनों छात्रों को कुल 8 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। सीएमएस के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रुपए 80,000 अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आईएससी (कक्षा–12) परीक्षा–2020 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है।

## मानव तस्करी रोकने वाली सरकारी इकाइयों को मिला थाने का दर्जा

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्रदेश में मानव तस्करी रोकने की जिम्मेदार सरकारी इकाइयों को थाने का दर्जा प्रदान कर दिया है। इस संबंध में मंगलवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से शासनादेश जारी किया गया है। जिसके मुताबिक प्रदेश के 40 जिलों में गठित एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स को थाने के रूप में अधिसूचित किया गया है। मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, आगरा, झांसी, मुरादाबाद, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, बरेली और महाराजगंज को मिलाकर एक यूनिट बनाई गई है। इसके लिए 90.96 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की गई है। कानपुर नगर, गोरखपुर, बिजनौर, जौनपुर, आजमगढ़, फिरोजाबाद, पीलीभीत, सीतापुर, बलिया, बागपत और शाहजहांपुर को मिलाकर एक यूनिट बनाई गई है। इसके लिए भी 90.96 लाख रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत हुई है।

# प्रमाण पत्र और वरासत के लिए भटकते मिले फरियादी

● सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। मोहनलालगंज



**छाया रहा अवैध कब्जों का मुद्दाः** बीकेटी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र में चकरोड चारागाह ग्राम समाज जैसी सरकारी जमीनों सरकारी नालियों पर हो रहे अवैध कब्जे़दारी की शिकायतों की भरमार रही। मंगलवार को तहसील सभागर में जन सुनवाई की अध्यक्षता एडीएम एलए मनीष नहर ने की थी । उनके साथ उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र, तहसीलदार विवेकानंद, सीओ बीकेटी ह्रदेश कठेरिया भी जन सुनवाई कर रहे थे। ग्राम पंचायत इंदारा के मजरे खजूरी गांव के रहने वाले विजय प्रताप मुन्नालाल आदि ने बताया कि गांव के चारागाह पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। जानवरों के उधर जाने पर वह सभी से मारपीट करते हैं। वहीं अटेसुवा के मजरे अजरायल पुर के सोहन जगदीश प्रसाद आदि ने बताया कि गांव के दबंगों द्वारा चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस कारण अन्य किसानों को अपने खेतों तक कृषि यंत्र ले जाने नहीं देते और उनके खेत बंजर हो रहे हैं। वहीं भैसामऊ में चकमार्ग को काटकर दबंग प्लाटिंग कर रहे हैं। जिससे खेतों में जाने में परेशानियों का सामना करने पड़ रहा है। एडीएम ने उपजिलाधिकारी को तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर अवैध क़ब्जों को जल्द से जल्द हटाकर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिये हैं। उपजिलाधिकारी के अनुसार समाधान दिवस में कुल 125 शिकायती पत्र प्राप्त हुये। जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है ।

**राजस्वकर्मियों** की लापरवाही से निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उतरावां मठ गांव की बेवा शिवराजा तहसील अफसरों के चक्कर लगाती फिर रही है। लेकिन उसे न्याय नहीं मिल सका है। मंगलवार को फरियाद लेकर पहुंची शिवराजा ने एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह को आवेदन आनलाइन कराने के बावजूद भी निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पाने की शिकायत बताई। एडीएम ने राजस्व निरीक्षक को जांच कर फौरन प्रमाण पत्र जारी कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं वरासत अभियान चलने के बावजूद भी सुखलालखेड़ा के छंगालाल और मैका व टिकरा के दिलीप चन्द्र की शिकायत पर एडीएम ने तहसीलदार निखिल शुक्ल को अपनी निगरानी में वरासत के सभी आन लाइन मामलों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। वहीं मोहनलालगंज के दीवानगंज में पिछले कई दिन से ग्रामीणों को पानी की टंकी से जलापूर्ति नहीं हो रही है। पेयजल के लिए परेशान लोगों की शिकायत मंगलवार को एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह के सामने पहुंची तो उन्होंने एसडीएम विकास कुमार सिंह को फौरन समाधान कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पूछताछ शुरु की तो जल निगम और ग्राम पंचायत सचिव अपनी अपनी जिम्मेदारी से किनारा करते नजर आए। इस पर मातहतों को फटकार लगाकर एडीएम ने बुधवार तक हर हाल में जलापूर्ति शुरु कराने की हिदायत दी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में लेखपाल पर गिरी निलंबन की गाज

## ● जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियाद

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या

**मिल्कीपुर** तहसील मुख्यालय पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से 190 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें से दो मामलों का निस्तारण तत्काल मौके पर ही जिलाधिकारी ने करा दिया। जिलाधिकारी ने वरासत व चक मार्ग पैमाइश में लापरवाही बरतने के आरोप में नाराजगी जताते हुए बसवार के लेखपाल बृजेश सिंह को तत्काल निलंबित किए जाने के आदेश दे दिए। मंगलवार को तहसील सभागार में तहसील क्षेत्र के फरियादियों की शिकायत सुनने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत करने पहुंचे मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद चौरसिया ने आरोप लगाया कि उनके गांव के लेखपाल बृजेश सिंह न तो मृतक की विरासत ही कर रहे हैं और ना ही शक मार्ग की पैमाइश में रिपोर्ट ही दे रहे हैं इस पर जिलाधिकारी का पारा सातवें आसमान जा पहुंचे और उन्होंने आरोपी लेखपाल बृजेश सिंह को तत्काल निलंबित किए जाने के आदेश एसडीएम मिल्कीपुर अशोक कुमार शर्मा को दिए जिसके उपरांत एसडीएम श्री शर्मा ने आरोपी लेखपाल बृजेश सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। समाधान दिवस में कुमारगंज थाना क्षेत्र के सराय धनेठी गांव निवासी दलित महिला बिरंजा देवी ने बीते 26 दिसंबर 2018 को अपने 3 माह के मासूम बेटे को अगवा करते हुए आरोपी आत्मप्रकाश, रामबली एवं परशुराम द्वारा तंत्र मंत्र के चक्कर में नरबलि दिए जाने का मामला पेश किया दलित महिला ने कुमारगंज थाने के उपनिरीक्षक राम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा मासूम के हत्यारों को



बचाने का आरोप लगाया महिला ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी किए जाने सहित दरोगा के भी विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इसके अलावा बकौली गांव निवासी विधवा महिला गायत्री ने अपने गांव के लेखपाल महेंद्र चौधरी द्वारा उसके ससुर की मौत के बाद गलत वरासत किए जाने का आरोप लगाया जिस पर जिलाधिकारी ने मामले में जांच के आदेश देते हुए आरोपी लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। कुमारगंज थाना क्षेत्र के सरूरपुर गांव निवासी अवधेश कुमार पांडे ने आवारा जानवरों के आतंक को दृष्टिगत रखते हुए गांव में गौशाला निर्माण कराए जाने की मांग की है। सहजन मऊ अमानीगंज निवासी जगन्नाथ ने तहसील प्रशासन की ओर से दिए गए आवासीय पट्टे पर कब्जा दिलाए जाने के संबंध में शिकायत की। फरियादी सरजू प्रसाद निवासी खेमापुर ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर आवास पात्रता सूची से नाम कटवा दिए जाने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने पीडी को आदेश दिया कि जांच कर प्रधान व सेक्रेटरी खिलाफ कार्रवाई करें और पात्रता की दशा में आवास प्रदान किया जाए। खंडासा थाना क्षेत्र के गौहनिया निवासी अखिल कुमार ने गांव के दबंग लोगों अविनाश सर्वजीत एवं महेंद्र द्वारा खड़ंजा निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत की। इनायत नगर थाना क्षेत्र के पलिया जगमोहन सिंह गांव निवासी अशोक सिंह ने अपने खाते की भूमि पर दीवानी न्यायालय से स्थगन आदेश होने के बावजूद भी गांव के ही एक दबंग द्वारा जबरिया निर्माण किए जाने की शिकायत की। समाधान दिवस में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्ता परक ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में प्रमुख रूप से डीआईजी एसएसपी दीपक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ घनश्याम सिंह, डीसी मनरेगा नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर ज्योति शर्मा, उपजिलाधिकारी अशोक कुमार शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस क्षेत्राधिकारी पलाश बंसल, तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष तथा मिल्कीपुर सर्किल के कुमारगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह, प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर विजय सेन सिंह एवं थानाध्यक्ष खंडासा संतोष सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सांसद लल्लू सिंह ने अपने लोकसभा क्षेत्र में प्रतिनिधियों का किया चयन







**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने लोकसभा क्षेत्र में व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया है। नगर निगम अयोध्या क्षेत्र में मनमोहन जायसवालए मिल्कीपुर विधानसभा में जनार्दन मौर्या तथा रुदौली विधानसभा में शिवगोविन्द पाण्डेय को बनाया गया है। सभी प्रतिनिधियों को अपनी सक्रियता बढ़ाने के निर्देश सांसद के तरफ से दिये गये है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सभी वर्गो को साथ लेकर चलने के साथ भाजपा सभी उत्थान व विकास के विषय में अपने संकल्पों के साथ समाज में उपस्थिति दर्ज कराती है। गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने के साथ प्रत्येक व्यक्ति के संवाद स्थापित करके उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए हम लगातार प्रयासरत है। कोरोना संकट के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत गरीबों को जरुरतमंदों की दिक्कतों को दूर किया गया था। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगातार समाज के बीच में सेवा भाव को अपने भीतर समाहित करके सरकार व पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगो को अवगत कराते रहते है।

## वाहन चोर अवैध तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील गगहा थाने की पुलिस टीम ने चोरी की बाइक के साथ पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा लिए गये जामा तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में मामूर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसे साथ लेकर रकहट तिराहे पर पहुंची। एकौना की तरफ से आ रहे दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोगों को मुखबिर के इशारे पर जब रोकने का प्रयास किया गया तो वह स्पीड तेज करके भागने लगे। पुलिस टीम ने घेरकर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम पता अश्वनी राज पुत्र कृष्णा कुमार निवासी ग्राम राउतपार थाना गगहा, कुलदीप निषाद पुत्र कौशल निषाद निवासी ग्राम कोठा थाना गगहा, राजन सिंह उर्फ अखिलेश सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम बड़गो थाना गगहा, रोहित मौर्या पुत्र भुल्लन मौर्या ग्राम बरवल इश्वरी थाना गगहा, बीरेन्द्र दुषाध पुत्र शोभनाथ दुषाद निवासी ग्राम सखरूआ थाना गगहा बताया। जामा तलाशी के दौरान उपरोक्त अभियुक्तों के पास से 02 अदद नाजायज तंमचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर व एक अदद कारतूस 12 बोर तथा 07 अदद मोबाइल व दो अदद मोटर साइकिल चोरी की बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजप्रकाश सिंह, व.उ.नि. प्रवेश कुमार सिंह, उ.नि. प्रधान यादव, अख्तर आलम, अजयराज आलम, हे.का. सन्तोष चौरसिया आदि शामिल रहें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अम्बेडकरनगर।** जिले के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मालपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत होने से सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया।आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक ने फांसी लगाकर जान दिया।बता दें कि गांव निवासी संजय (35 वर्ष) पुत्र विनोद यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज उपनिरीक्षक सुदामा यादव मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल किया।हालांकि परिजनों एवं ग्रामीणों ने आम सहमति देकर शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज ने बताया कि परिजनों की सहमति के आधार पर पंचनामा कराया गया।

## तालाब में मिला युवक का शव

**अम्बेडकरनगर।** संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गाँव निवासी मजदूर छोटेलाल उर्फ दुखन्ती पुत्र गणपति उम्र लगभग 38 वर्ष का शव मंगलवार को सुबह घर के पास तालाब में मिला।बताया जाता है कि छोटेलाल शराबी था और शराब पीकर आए दिन घर पर विवाद और मारपीट करता था। सोमवार की रात में भी वह शराब पीकर घर आया था और घर पर विवाद किया था।इसके बाद मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव घर के सामने तालाब में पाया गया।

## ट्रक ने मोटर साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**अयोध्या।** कैंट थाना के सहादतगंज चौकी क्षेत्र में मंगलवार को दिन में 2 बजे इण्डेन गैस से भरी ट्रक ने एक मोटर साइकिल सवार युवक को कुचल दिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सहादतगंज चौकी इंचार्ज विवेक राय ने बताया कि मृतक की पहचान नवीन श्रीवास्तव 32 वर्ष डूडा कालोनी चक्रतीर्थ के रूप में हुई है। मृतक की गाड़ी हीरो होंडा डिलक्स यूपी 42 एक्यू 6878 पूरी तरह से दुर्घटना में बच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नवीन मण्डी के दक्षिणी छोर पर स्थित गेट के सामने यह हादसा हुआ जिसमें मृतक ट्रक में फंसकर 50 मीटर घिसकता चला गया, जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों को सूचना भेज दी गयी है।

## शाखा प्रबंधक व कैशियर कोरोना संक्रमित

**अम्बेडकरनगर।** बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शुकुल बाजार के शाखा प्रबंधक व कैशियर सहित तीन कर्मचारियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने से जहां हड़कंप मच गया है।वही बैंक के कामकाज पर भी प्रभाव पड़ रहा है। बैंक कर्मचारियों के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण बैंक शनिवार व सोमवार को लगातार दो दिन बंद भी रहा जिस कारण बैंक से जुड़े उपभोक्ता भी खासे परेशान रहे।हालांकि मंगलवार को दूसरे ब्रांच से आए कर्मचारियों ने बैंक के कार्य को प्रगति देने का कार्य शुरू तो कर दिया लेकिन नेटवर्क की समस्या होने के चलते बैंक उपभोक्ताओं को मंगलवार को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बता दें कि शुकुल बाजार ग्रामीण बैंक में तैनात कैशियर रजनीश पांडे की 1 हफ्ते पहले कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिन्होंने खुद को तो आइसोलेट कर लिया था। बावजूद इसके बैंक का कार्य किसी तरीके से चल रहा था।लेकिन बैंक मैनेजर राजेश कुमार गुप्ता व फील्ड अफसर विश्वदीप श्रीवास्तव की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आ आने के चलते बैंक शनिवार या सोमवार को बंद कर दिया गया। क्षेत्र में एकमात्र बैंक होने के चलते काफी संख्या में लोगों ने इस बैंक में अपना खाता खुलवा रखा है। 2 दिन बैंक बंद हो जाने से व लोगों के सामने त्योहारी सीजन होने के चलते बैंक से लेन देन का कार्य प्रभावित होने के कारण समस्याएं भी खड़ी नजर आई। दो दिन बैंक बंद होने की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने तो दूसरे ब्रांच से कर्मचारियों की अस्थाई नियुक्ति कर बैंक की व्यवस्था को सुचारू करने का प्रयास तो कर दिया।

## रुपये की लेन देन में हुई थी प्रापर्टी डीलर की हत्या

**गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के बेलवा बाबू में सड़क के किनारे स्थित लक्ष्मी गुप्ता के खेत में मिले शव प्रापर्टी डीलर इंद्रासन उर्फ मंटू पुत्र रामा निषाद निवासी संझाई नूरूदीन चक थाना चिलुआताल, की हत्या का खुलासा पुलिस ने चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के बाद किया। बतातें चलें कि 18 की रात में प्रापर्टी डीलर घर से यह कहकर निकले कि वह पैसे लेने जा रहें हैं। देर रात होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो स्वीच बंद मिला। सोमवार की सुबह उनकी लाश खेत में मिली। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने स्थानीय पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को खुलासा के लिए लगाया था। पुलिस टीम ने क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर 12 घंटे के अंदर ही हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस की माने तो पैसे के लेनदेन को लेकर प्रापर्टी डीलर की हत्या की गई है। मृतक के पिता ने चौरी चौरा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार मृतक इन्द्रासन उर्फ मन्टू पुत्र रामा निषाद ने अपने परिचय से कन्हैया उर्फ कन्हई को नौतनवा में जिसकी शिवम मार्बल टाईल्स की दुकान है और मोहरीपुर में किराये के मकान में रहता है, को 15 लाख रूपया का टाइल्स उधार में दिलवाया था।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 236/एमबी–आरबीएल/पी0डब्लू0(ईओ)–ई–टेन्डरिंग/सू0प्रका0/2020–21 दिनांक : 19.10.2020

## "ई–निविदा सूचना"

15वें वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की निविदायें पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/यू०पी० इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से निविदायें दिनांक 28.10.2020 से दिनांक 09.11.2020 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक 10.11.2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। उक्त सूचना www.npprbl.in पर भी देखी जा सकती है। शासन के निर्देशों के अनुसार जीएसटी भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्र0 सं0 | नगरपालिका परिषद रायबरेली। | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | Tender upload | 20-10-2020, 11.00 AM | 27-10-2020, 5.00 PM |
| 2- | | Tender Download | 28-10-2020, 11.00 AM | 09-11-2020, 5.00 PM |
| 3- | | Bid Submission | 28-10-2020, 11.00 AM | 09-11-2020, 5.00 PM |
| 4- | Bid Opening | | 10-11-2020, 11.00 AM | |

**"कार्य का विवरण"**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि | अर्नेस्ट–मनी | निविदा मूल्य +18% GST | कार्य पूर्ण की अवधि | कार्य की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 6 |
| 1 | वार्ड न02 मोहल्ला गायत्री पुरम में मनीष के मकान से राम बाबू सोनकर के मकान होते हुए विनोद अग्रवाल के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 1208765.00 | 24175 | 1426 | 3 माह | डी0 |
| 2 | वार्ड न07 एफ0जी0आई0टी0 के अन्तर्गत मो० हनुमन्तपुरम में पंकज मोबाइल शॉप लखनऊ–रायबरेली सम्पर्क रोड त्रिपुला चौराहा तक नाला निर्माण कार्य। | 1886299.87 | 37726 | 2226 | 3 माह | डी0 |
| 3 | वार्ड न0 32 के अन्तर्गत मो0 सत्य नगर में अशोक मशाले के मकान से राजा घोसी के मकान तक नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 980492.71 | 19610 | 11573 | 3 माह | डी0 |
| 4 | वार्ड न० 1 के अन्तर्गत मो0 छेदी का पुरवा में संतलाल के मकान से लाल जी यादव के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 754155.00 | 15083 | 890 | 3 माह | डी0 |
| 5 | वार्ड न0 30 के अन्तर्गत मो० शराफत नगर (नई बस्ती) में ताज मो0 के भवन से शब्बीर पेंट के भवन तक व अमीन के घर से सुलेमान के घर तक एवं गलियों में रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य। | 1202510.00 | 24050 | 1419 | 3 माह | डी0 |
| 6 | मोहल्ला आई०टी०आई० कॉलोनी सेक्टर–।। में मकान नं०01 से बिसुन सिह नेगी के मकान से मकान नं0 5 व 23 तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली का निर्माण | 1080375.00 | 21608 | 1275 | 3 माह | डी0 |
| 7 | वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत मो0 पहलवान वीरबाबा नगर में अरविन्द शुक्ला के भवन से पवन के भवन होते हुए रंजीत पाल के भवन तक खडण्जा लगाने का कार्य। | 578258.00 | 11565 | 682 | 3 माह | डी0 |
| 8 | वार्ड न013 के अन्तर्गत मो० मलिकमऊ आयमा में भगौती सुपर स्टडी पब्लिक स्कूल से पवन श्रीवास्तव के मकान व दरबारी लाल के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली कवर्ड का निर्माण कार्य। | 1528151.00 | 30563 | 1803 | 3 माह | डी0 |
| 9 | वार्ड मो० एकता विहार में हीरो एजेन्सी के बगल से रणजीत सिंह के मकान होते हुए आशुतोष श्रीवास्तव के प्लाट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 1030086.84 | 20602 | 1216 | 3 माह | डी0 |
| 10 | वार्ड न0 मो० करकटी में बब्लू के मकान से राधेलाल व फूलचन्द्र के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 1486695.00 | 29734 | 1754 | 3 माह | डी0 |
| 11 | वार्ड न० मो0 रायपुर में लखनऊ–रायबरेली सम्पर्क मार्ग से ट्रान्सफार्मर के पास से बब्लू सोनकर व सुरेन्द्र सोनकर के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 837209.00 | 16744 | 988 | 3 माह | डी0 |
| 12 | वार्ड नं0 5 मो0 राजेन्द्र विहार (देवानन्दपुर) में बहरिया पुरवा मुख्य मार्ग से सारजन फौजी के घर होते हुए सत्यनिष्ठा पब्लिक स्कूल मनोज के घर के आगे तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 2214278.00 | 44286 | 2613 | 3 माह | डी0 |
| 13 | वार्ड नं0 मो0 न्यू कैलाशपुरी में महेन्द्र सिंह के सामने से अनुज कुमार व चन्द्रशेखर व गली राम सुमेर मौर्या तक व अजय सिंह के घर होते हुए सर्वेश मौर्या व वीरेन्द्र पाण्डेय के घर तक खडण्जा व कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 2069908.00 | 41398 | 2442 | 3 माह | डी0 |
| 14 | वार्ड न० 18 के अन्तर्गत मो० सम्राट नगर में मौहारी का पुरवा मार्ग से लक्ष्मी निवास व दिनेशनाई व रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव व ओम प्रकाश के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली व आर०सी०सी० पत्थर का कार्य। | 1899634.00 | 37993 | 2242 | 3 माह | डी0 |
| 15 | वार्ड नं0 34 के अन्तर्गत मो0 खाली सहाट नाले के किनारे में रशीद के भवन से सलीम के भवन तक रिटर्निग वाल व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 851409.55 | 17028 | 1005 | 3 माह | डी0 |
| 16 | वार्ड नं0 31 के अन्तर्गत मो0 अमर नगर में रज्जन के मकान से संतोष जोशी के मकान होते हुए रोहित जोशी के मकान से विजय जोशी के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली मरम्मत व ह्यूम पाइप डालने का कार्य। | 550874.00 | 11017 | 650 | 3 माह | डी0 |
| 17 | वार्ड नं0 31 के अन्तर्गत मो0 अमर नगर में सतीष जोशी के मकान से छेदीलाल व गोकरन शर्मा के मकान से जोशियाना पुल डामर रोड तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व चुनाई व आर० सी०सी० ह्यूम पाइप डालने का कार्य। | 1007803.54 | 20156 | 1189 | 3 माह | डी0 |
| 18 | वार्ड नं0 31 के अन्तर्गत मो० अमर नगर में विन्दा कश्यप के मकान से छोटे लाल कश्यप के मकान होते हुए मयंक पाल श्रीवास्तव एवं शिव मन्दिर व पथरू कश्यप के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व चुनाई व आर0सी0 सी0 ह्यूम पाइप डालने का कार्य। | 1300012.86 | 26000 | 1534 | 3 माह | डी0 |
| 19 | वार्ड नं0 4 के अन्तर्गत मो0 अम्बेडकर नगर (मलिन बस्ती) में रन बहादुर यादव के मकान से अम्बेडकर मूर्ति होते हुए राजेश कुरील के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व चुनाई व आर०सी०सी० पत्थर का कार्य। | 1109924.00 | 22198 | 1310 | 3 माह | डी0 |
| 20 | वार्ड न० 17 के अन्तर्गत मो0 श्याम नगर मे आई०टी०आई० मेन रोड से बसन्त लाल के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व साइड की चुनाई का कार्य। | 720348.96 | 14407 | 850 | 3 माह | डी0 |
| 21 | वार्ड न015 के अन्तर्गत मो० प्रताप नगर में अवधेश सिंह के भवन से विनय सिंह के भवन तक कवर्ड नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 361138.64 | 7223 | 426 | 3 माह | डी0 |
| 22 | वार्ड न0 15 के अन्तर्गत मो० जफर नगर में अनुपम त्रिपाठी के भवन से टिल्लु सोलोमन के भवन तक कवर्ड नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 231729.83 | 4635 | 273 | 3 माह | डी0 |
| 23 | वार्ड न0 5 के अन्तर्गत मो० बहेरिया का पुरवा में सुनील के मकान से शीतल के मकान तक व राम विलास के मकान से दिनेश कुमार के मकान तक नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य एवं मातादीन के मकान से राम किशोर के खेत तक नाली का कार्य। | 1573020.95 | 31460 | 1856 | 3 माह | डी0 |
| 24 | वार्ड न० 23 के अन्तर्गत मो० प्रभुटाउन में नोकिया सेन्टर (बारात घर) से धर्मेन्द्र त्रिवेदी व रायबरेली गुप्ता फारवर्डिंग एजेन्सी होते हुए पूर्व अध्यक्ष के सामने से फाना त्रिवेदी एवं एस0के0 अवस्थी व शान्ती होटल एवं पम्प हाउस तक बिटुमिनश हॉट मिक्स प्लांट से डामर रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 2158545.21 | 43171 | 2547 | 3 माह | डी0 |
| 25 | मोहल्ला चक अहमदपुर नजूल में गोलू के मकान से फईम व गौरव पाठक के घर के आगे तक नाला मरम्मत व महेश के घर से राजकुमार कसौधन य टी०एन० मिश्रा के घर से परमजीत के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 989176.60 | 19784 | 1167 | 3 माह | डी0 |
| 26 | मोहल्ला गणेश नगर में सुरेन्द्र सिंह के मकान से मेन रोड तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 396043.46 | 7921 | 467 | 3 माह | डी0 |
| 27 | वार्ड न० 20 के अन्तर्गत मो0 पुलिस लाइन में पुलिस कैन्टीन के पास से आर0आई0 कार्यालय के सामने तक डामर रोड का निर्माण कार्य। | 463705.60 | 9274 | 547 | 3 माह | डी0 |
| 28 | मो० गणेश नगर में रसीद मिस्त्री के मकान से घनश्याम सिंह के मकान होते हुए जोखन पटेल व महेन्द्र बहादुर सिंह के मकान तक नाला व क्रास पत्थर का निर्माण कार्य। | 1466475.00 | 29330 | 1730 | 3 माह | डी0 |
| 29 | वार्ड न0 20 के अन्तर्गत मो0 पुलिस लाइन में संगोष्ठी कार्यालय से कोविड हेल्थ सेन्टर तक डामर रोड का निर्माण कार्य। | 310972.56 | 6219 | 367 | 3 माह | डी0 |
| 30 | वार्ड न० 29 के अन्तर्गत बस स्टेशन चौराहा से जिलाधिकारी आवास मोड़ तक विटुमिनस मार्ग का शुद्धीकरण का कार्य। | 2531141.00 | 50623 | 2987 | 3 माह | डी0 |
| 31 | अमावा इण्डस्ट्रियल एरिया में सेन्ट्रल स्कूल से एम०कैप फैक्ट्री तक डामर रोड का शुद्धीकरण कार्य व नाली निर्माण कार्य। | 2593845.00 | 51877 | 3061 | 3 माह | डी0 |
| 32 | मो0 अमावा रोड व सुल्तानपुर रोड इण्डस्ट्रियल एरिया में पुलिया व स्लैब का निर्माण कार्य। | 936594.00 | 18732 | 1105 | 3 माह | डी0 |
| 33 | मो0 आचार्य द्विवेदी नगर में हरी उत्सव लान से विनोद मौर्या के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | 543679.00 | 10874 | 642 | 3 माह | डी0 |
| 34 | अमावा रोड इण्डस्ट्रियल एरिया मुख्य मार्ग से श्री निवास फैक्ट्री होते हुए मधुर ट्रेड फैक्ट्री के पिछले गेट तक हार्डमिक्स प्लान्ट कार्य व नाली व पुलिया का निर्माण कार्य। | 2476952.00 | 49539 | 2923 | 3 माह | डी0 |
| 35 | इण्डस्ट्रियल एरिया अमावा मे ट्रान्सफार्मर फैक्ट्री से सेन्ट्रल स्कूल तक डामर रोड का निर्माण व दोनो तरफ नाली का कार्य। | 3147022.00 | 62940 | 3713 | 3 माह | डी0 |

(बाल मुकुन्द मिश्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

(पूर्णिमा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

## अशोभनीय टिप्पणी

### कमलनाथ ने दलित महिला को कहा 'आइटम'

**एक** दलित महिला उम्मीदवार को 'आइटम' कह कर कमलनाथ ने मध्य प्रदेश उपचुनावों में कांग्रेस की संभावनाओं को भारी धक्का पहुंचाया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने भाजपा की दलित महिला उम्मीदवार इमरती देवी को राज्य में उपचुनावों में आयोजित एक रैली में 'आइटम' कह दिया। बालीवुड के कारण महिलाओं के संदर्भ में प्रयोग करने पर यह शब्द अपमानजनक हो गया है। जब कमलनाथ के स्तर का कोई नेता एक रैली में राजनीतिक रूप से ऐसे गलत शब्द का प्रयोग करता है तो वह असंदिग्ध रूप से उत्पीड़न करने वाले ग्रामीण मुखिया या उच्च जातीय व्यक्ति की मानसिकता उजागर करता है। कमलनाथ भले ही कहें कि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इमरती देवी के चुनाव क्षेत्र में यह शब्द प्रयोग करने का अर्थ सीधे उन पर निशाना लगाना था। इस प्रकार के सामंती सोच वाले मर्दवादी बयान और व्यवहार दलित महिलाओं का उत्पीड़न और बढ़ाते हैं। हालांकि, कमलनाथ महिला-विरोधी बयान देने वाले एकमात्र राजनेता नहीं हैं, लेकिन इससे उनका दोष कम नहीं हो जाता है। राजनीतिक रूप से भले ही उनकी इमरती देवी से चाहे जितनी दुश्मनी रही हो, लेकिन यदि कमलनाथ को इस बयान के कारण दंड नहीं मिलता है तो न केवल व्यवस्था बल्कि सामूहिक चेतना में भारी गलती स्पष्ट हो जाएगी। राज्य के उपचुनावों के पहले उनको और सतर्क रहना चाहिए था क्योंकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के 22 विधायकों के साथ भाजपा में चले जाने के बाद ये चुनाव कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। स्पष्ट रूप से उन्होंने भाजपा को प्लेट में रख कर एक मुद्दा सौंप दिया है।



भाजपा ने फौरन निर्वाचन आयोग से 'अनुसूचित जाति उम्मीदवार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी' की शिकायत की है। अब उनको दलित-विरोधी व महिला-विरोधी कहा जा रहा है। वरिष्ठ राजनेता होने के कारण कमलनाथ को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों से निपटने की शिक्षा देने की जरूरत नहीं है। इससे कांग्रेस प्रदेश व देश के स्तर पर रक्षात्मक स्थिति में आ गई है। कमलनाथ और इमरती देवी में पहले से ठनी हुई है जो ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में चली गई हैं।

कुछ दिनों पहले इमरती देवी ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री रहते हुए कमलनाथ ने मंत्री न बन पाने वाले कांग्रेस विधायकों को पांच लाख नकद खैरात दी थी। वर्तमान समय में 28 विधानसभा सीटों पर कमलनाथ की इज्जत दांव पर है। लेकिन अब कांग्रेस को इन पर चुनाव जीतना लगभग असंभव हो जाएगा। अब इमरती देवी अपने गरीब तथा अनुसूचित जाति की होने के कारण उत्पीड़न की दुहाई दे रही हैं। उन्होंने लगातार कमलनाथ के पूर्वाग्रही व्यवहार की शिकायत की है जो पार्टी बैठकों में उनको अनदेखा करते थे तथा कभी उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या वे प्रियंका गांधी के साथ ऐसा व्यवहार कर सकते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फौरन मौके का लाभ उठाते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ दो घंटे का मौनव्रत किया तथा कमलनाथ द्वारा चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग की है। वैसे भी दलित-विरोधी ठप्पा लग जाने के बाद अब कमलनाथ द्वारा प्रचार की नैतिकता समाप्त हो गई है जो 'कांग्रेस विद्रोहियों' के खिलाफ वोट देने की अपील कर रहे थे। वर्तमान समय में भाजपा के पास 107 व कांग्रेस के पास 88 विधायक हैं। इसके अलावा सपा के दो व बसपा के एक विधायक के साथ चार विधायक निर्दलीय हैं। जहां भाजपा को सरकार स्थिर बनाए रखने के लिए चुनावों में विजय की जरूरत है, वहीं कांग्रेस को 116 सीटें पाने के लिए सभी 28 सीटों पर विजय चाहिए जो अब असंभव हो गया है। उपचुनाव की अधिकतर सीटें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में हैं जहां जातीय उत्पीड़न व हिंसा अधिक रही है। ऐसे में दलित वोटों का राजनीतिक महत्व बहुत बढ़ जाता है तथा इमरती देवी द्वारा स्वयं को पीड़ित की तरह पेश करना बाजी पलटने वाला सिद्ध हो सकता है। दलित महिला उम्मीदवार पर टिप्पणी से कमलनाथ ने अपने राजनीतिक पतन की गाथा लिख दी है।

# शाहीन बाग मामले के सबक

### शाहीन बाग में तीन महीने चले सीएए-विरोधी आंदोलन संबंधी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय महत्वपूर्ण है। इससे विरोध प्रकट करने के तरीके में कुछ व्यवस्था पैदा होगी।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)





**इस** वर्ष दक्षिण दिल्ली के शाहीन बाग में तीन महीने चले विरोध प्रदर्शनों संबंधी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले से वह बहस समाप्त हो जानी चाहिए कि विरोध का अधिकार प्रकट करते हुए कोई कहां तक जा सकता है। निर्णय की मुख्य बात यह है कि विरोध दर्ज कराने में सार्वजनिक अवागमन के रास्तों पर अनिश्चित काल तक कब्जा किए रहना अस्वीकार्य है। इस फैसले के दीर्घकालीन परिणाम इस बात पर होंगे कि राजनीतिक संघर्षों का विस्तार अब सड़कों तक नहीं होगा क्योंकि यदि विरोध करने का अधिकार बेलगाम अधिकार बन जाएगा तो इससे संविधान की योजना बाधित होगी।

जस्टिस संजय किशन कौल, अनिरुद्ध बोस व कृष्ण मुरारी की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 19 का संविधान में अत्यधिक महत्व है जो नागरिकों को दो महत्वपूर्ण अधिकार देता है। इनमें अनुच्छेद 19-1-ए के अंतर्गत भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19-1-बी के अंतर्गत बिना हथियारों के शांतिपूर्ण रूप से एकत्र होने का अधिकार शामिल हैं। न्यायाधीशों ने कहा, 'एकसाथ देखने पर ये अधिकार हर नागरिक को शांतिपूर्वक एकत्र होने तथा राज्य की कार्रवाई या कार्रवाई न करने के खिलाफविरोध का अधिकार देते हैं। राज्य को इनका सम्मान करना व इनको प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि ये हमारे जैसे लोकतंत्र की शक्ति हैं।' लेकिन उन्होंने कहा कि ये अधिकार तार्किक नियंत्रणों के आधीन हैं। अदालत ने एक पुराने निर्णय का संदर्भ देते हुए कहा, 'प्रत्येक मूलाधिकार, चाहे वह व्यक्तिगत हो या किसी वर्ग का, अलग-थलग रूप से अस्तित्व में नहीं रहता है। इसे हर अन्य विरोधी अधिकार के साथ संतुलन बनाना होता है। इस संबंध में वर्तमान मामले में हमने एक समाधान निकालने का प्रयास किया है जिसमें प्रदर्शनकारियों के अधिकार तथा यात्रियों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाया गया है।'अदालत ने घोषणा की कि लोकतंत्र व विरोध साथ-साथ चलते हैं, पर प्रदर्शनकारियों द्वारा विरोध केवल निर्धारित स्थानों पर होना चाहिए। उसने कहा, 'वर्तमान मामले में एक भी प्रदर्शनकारी निर्धारित क्षेत्र में नहीं था, बल्कि वे एक सार्वजनिक मार्ग में बाधा पैदा कर रहे थे जिससे यात्रियों को घोर असुविधा हुई। हम याचिकाकर्ताओं का यह तर्क नहीं स्वीकार कर सकते हैं कि अनिश्चित संख्या में लोग जहां चाहें विरोध के लिए एकत्र हो सकते हैं।' प्रदर्शनकारियों द्वारा पैदा बाधा के कारण कालिंदी कुंज-शाहीन बाग मार्ग तथा ओखला अंडरपास 15 दिसंबर, 2019 के बाद बंद रहा था। याचिकाकर्ता डा. नंद किशोर गर्ग समेत शाहीन बाग प्रदर्शन का विरोध करने वालों का मुख्य तर्क यह था कि प्रदर्शनकारियों ने महत्वपूर्ण रास्ते बंद कर दिए हैं जिनसे यात्रियों को असाधारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के अधिकार से अन्य नागरिकों के आवागमन का अधिकार बाधित नहीं होना चाहिए। इस मुद्दे पर अदालत ने कहा, 'हमें यह नतीजा निकालने में कोई हिचक नहीं है कि सार्वजनिक रास्तों पर प्रदर्शनकारियों का इस प्रकार का कब्जा इस स्थल पर या कहीं और स्वीकार्य नहीं है तथा प्रशासन को इन क्षेत्रों पर कब्जा या बाधायें हटा देनी चाहिए।' अदालत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान विरोध प्रदर्शनों का इतिहास याद करते हुए कहा, 'यह ध्यान में रखना चाहिए कि औपनिवेशिक शासन के खिलाफ विरोध के पुराने तरीकों की तुलना आज स्वशासित लोकतंत्र में विरोध से नहीं की जा सकती है। हमारे संविधान ने विरोध प्रकट करने के अधिकार को कुछ कर्तव्यों के साथ जोड़ा है।' यह सर्वोच्च न्यायालय की महत्वपूर्ण टिप्पणी है। वास्तव में, संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा.बी.आर. अंबेडकर ने संविधान पर अंतिम मुहर लगाने के पहले संविधान सभा में 25 नवंबर, 1949 को इस पर समापन टिप्पणी की थी। अपने भाषण में डा. अंबेडकर ने दो टिप्पणियां की थीं जो देश में लोकतंत्र व विरोध के अधिकार पर जारी वर्तमान बहस में अत्यधिक प्रासांगिक हैं। उन्होंने कहा था, 'संविधान की निन्दा मुख्यत: दो खेमों-कम्युनिस्ट पार्टी व सोशलिस्ट पार्टी से आती है।' कम्युनिस्ट इसे इसलिए नहीं पसंद करते हैं क्योंकि वे सर्वहारा की तानाशाही के सिद्धान्त पर आधारित संविधान चाहते हैं। 'कम्युनिस्ट संविधान की इसलिए निन्दा करते हैं क्योंकि यह संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है।' सोशलिस्ट बिना मुआवजा दिए सारी निजी संपत्ति का राष्ट्रीयकरण चाहते हैं। दूसरा, वे संविधान में बिना सीमाओं के मूलाधिकार चाहते हैं 'ताकि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आने में विफल रहे तो वे न केवल आलोचना, बल्कि राज्य को उलटने के लिए बेलगाम स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें।' यदि सोशलिस्ट पार्टी के स्थान पर कांग्रेस पार्टी शब्द रख दिया जाए तो ऐसा लगेगा कि डा. अंबेडकर वर्ष 2020 में भारत में हो रही घटनाओं की बात कर रहे हैं। यहां मतदाताओं द्वारा खारिज की गई राजनीतिक पार्टियां सड़कों पर समस्यायें खड़ी कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालना चाहती हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी का मत प्रतिशत 20 प्रतिशत से भी कम रह गया है तथा दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां केवल 2.50 प्रतिशत वोट के साथ रसातल तक पहुंच गई हैं। डा. अंबेडकर द्वारा व्यक्त दूसरे आयाम का संबंध विरोध के तरीके से है। उन्होंने कहा था कि यदि लोकतंत्र को केवल स्वरूप के बजाय वास्तव में बनाए रखना हो तो नागरिकों को क्या करना चाहिए। पहली चीज हमें सामाजिक व आर्थिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संवैधानिक विधियों का प्रयोग करना चाहिए। अंबेडकर ने कहा था, 'इसका अर्थ है कि हम क्रांति के हिंसक तरीके छोड़ दें। इसका अर्थ है कि हम नागरिक नाफरमानी, असहयोग व सत्याग्रह के तरीके छोड़ दें।' ये तरीके उस समय ठीक थे जब विरोध के कोई संवैधानिक तरीके नहीं थे। 'लेकिन जब संवैधानिक रास्ते खुले हैं तो इन असंवैधानिक रास्तों का कोई औचित्य नहीं है। ये तरीके और कुछ नहीं, बल्कि अराजकता का व्याकरण हैं जिनको जितनी जल्दी छोड़ दिया जाए हमारे लिए उतना ही अच्छा होगा।' शाहीन बाग का प्रदर्शन डा. अंबेडकर द्वारा परिभाषित विरोध की श्रेणी में आता है। इसने एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक रास्ते को बंद कर लोगों का इसे प्रयोग करने से रोका तथा सामान्य जीवन में बाधा डाली। इस बात में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए कि प्रदर्शनकारियों का मुख्य इरादा 'अराजकता का व्याकरण' था। वे 2014 व 2019 के जनादेशों से असंतुष्ट थे और किसी अन्य चीज की तुलना में विधिक रूप से निर्वाचित सरकार को गिराना चाहते थे। इसमें नागरिकता संशोधन कानून का विरोध केवल एक मुखौटा था। कई महीनों तक इस अराजकता को प्रोत्साहित करने तथा प्रदर्शनकारियों को संसद से पास कानून के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। यह डा. अंबेडकर द्वारा परिभाषित उपयुक्त संवैधानिक प्रतिक्रिया होती। उम्मीद करनी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से प्रदर्शन के शाहीन बाग जैसे तरीके समाप्त होंगे तथा विरोध की अभिव्यक्ति में कुछ व्यवस्था पैदा होगी।

# किसान हितैषी सुधारों की अनिवार्यता

> "सरकार को अगले दो से तीन सालों में कृषि उत्पादन को 500 मिलियन मेट्रिक टन से ऊपर लाने में मदद करने हेतु सक्रिय कदम उठाने होंगे।"

**वी के बहुगुणा**
(लेखक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं)



**इन** दिनों देशभर में किसान हाल ही में सरकार द्वारा पारित किए गए दो कृषि अधिनियमों के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। यदि हम आज कृषि की दशा का विश्लेषण करें तो यह पाते हैं कि इस क्षेत्र को, नीतिगत तथा जमीनी स्तर पर, नवीन पहलकदमियों की प्रबल आवश्यकता है। जब तक सरकार कृषक समुदाय के समक्ष विद्यमान यथार्थपरक मुद्दों से निबटती नहीं, तब तक उस अस्तित्वमान ढांचे को सुधारने मात्र से कुछ ठोस हासिल नहीं होगा जो कृषिक उत्पादों की बिक्री एवं विपणन को प्रशासित करता है। सरकारी पदाधिकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में बहुत से लोग सोचते हैं कि कृषिक लागतों एवं मूल्यों हेतु आयोग गेहूं और चावल के अलावा ज्वार, दलहनों, तिलहनों आदि जैसी वस्तुओं के मामले में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने में बहुत अच्छा काम कर रहा है। हालांकि, तथ्य यह है कि केवल छह प्रतिशत किसान तथा 40 लाख करोड़ कुल कृषिक निर्गत में से मात्र 2.5 लाख करोड़ न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में आता है। खाद्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से, न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप होता है, क्योंकि यह किसानों को वित्तीय सुरक्षा तथा उपभोक्ताओं को मूल्यों में स्थिरता उपलब्ध कराता है।

चिंता का मुख्य कारण यह है कि खेती को छोटे व सीमांत किसानों के लिए कैसे मुनाफादायी बनाया जाए जो कृषि समुदाय में 86 प्रतिशत के हिस्सेदार हैं। वे न तो तकनीक, बेहतर बीजों तथा अन्य आगतों में निवेश करने में सक्षम हैं, न ही ढांचागत संरचना में। उनमें से अधिकतर इंद्र देवता की दया पर निर्भर हैं जो अब जलवायु परिवर्तन के कारण उनके साथ खेल खेलने लगे हैं, साथ में मूल्यों में असिथरता व ऋणग्रस्तता से समस्या और बढ़ जाती है। समृद्ध किसान किसी तरह काम चला लेते हैं, लेकिन गरीब कर्ज के बोझ से लदकर बुरे कर्जों में उलझते जाते हैं।

युवा पीढ़ी का आत्मनिर्भर खेती को चालू रखने के प्रति अनिच्छुक होना एक और समस्या है। सरकार को मृदा में नमी बनाए रखने के लिए क्षेत्र के जल विज्ञान से निबटने हेतु एक जलवायु अनुकूलन स्थल विशिष्ट कार्यक्रम चलाना होगा। उत्पादकता बढ़ाना ही एकमात्र तरीका जिससे हम किसानों की आय दोगुनी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए चीन को ही ले लीजिए। 2010 में, उसने 143 मिलियन हेक्टेयर कुल बोए हुए इलाके से 500 मिलियन मेट्रिक टन खाद्यान्न पैदा किया था। उस वर्ष भारत में, उतने ही बोए गए क्षेत्र से केवल 240 मिलियन मेट्रिक टन उत्पादन हुआ था। अब 2020 में 140 मिलियन हेक्टेयर के साथ, हम 300 मिलियन टन तक पहुंच गए हैं। यद्यपि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र के 17 प्रतिशत योगदान के साथ, यह भारत में 58 प्रतिशत कार्यबल की सहायता करता है।

कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन द्वारा जोड़ा गया सकल मूल्य वर्तमान वित्त वर्ष में 19.48 लाख करोड़ आंका गया है। कृषि तथा सहायक क्षेत्र में जोड़े गए सकल मूल्य में वृद्धि वित्त वर्ष 2020-21 में चार प्रतिशत है। यदि देश 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है, तो हमें कृषि क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर को अगले कुछ वर्षों के दौरान 8 से 10 प्रतिशत तक बढ़ानी होगी और फिर अधिक का उद्देश्य तय करना होगा। इसके लिए एक ठोस कार्य योजना की आवश्यकता है।

पहले कदम के तौर पर, जल स्रोतों के सृजन एवं जल संभरण प्रबंधन योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वारा भूमि उपयोग को संबद्ध क्षेत्रों से एकीकृत करने के लिए नियोजित संजाल निर्माण किया जाना चाहिए। इस तरह जलवायु परिवर्तन से निबटने में मदद मिलेगी। अगला दृष्टिकोण होना चाहिए बेहतर उत्पादन के लिए उच्च मूल्य फसल विविधता का विकल्प चुनना जिससे कि प्रति इकाई भूमि उपयोग से प्राप्तियों को बढ़या जा सके। किसानों को मूल्य योग एवं मित्रवत बाजार सहयोग की आवश्यकता होती है। यद्यपि कृषि उत्पाद विपणन समितियां अब किसानों पर नियंत्रण नहीं रख सकती, फिर भी उनका उपयोग न्यूनतम समर्थन मूल्य के द्वारा बेहतर खरीद हेतु किया जा सकता है और उनकी कार्य प्रणाली में सुधार लाकर उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है, खासकर बदली हुई परिस्थितियों के संदर्भ में और अधिक सुविधाएं सृजित करके।

सरकार को निवेशकों व किसानों के अल्पकालीन संघटनों को बढ़ावा देना चाहिए जबकि छोटे व सीमांत कृषकों को संविदा कृषि के लिए प्रायोजकों के साथ मोल-भाव करने हेतु सहकारी समितियों का निर्माण करना चाहिए। इस उद्यम में, एपीएमसी मंडी समितियां भी ढांचागत संरचना मुहैया कराने एवं मदद करने में आगे आ सकती हैं। ये सहकारी समितियां ढांचा सृजित करती हैं एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु ज्ञान दे सकती हैं तथा छोटे किसानों की मृदा की स्थिति सुधारने एवं जल संभरण के द्वारा जल के अभाव को कम करने में मदद कर सकती हैं। इससे उत्पादकता बढ़ाने के मार्ग में दो बड़ी बाधाएं दूर की जा सकेंगी। किसानों को मौसम संबंधी जोखिमों को भी कम करने में मदद की आवश्यकता है और इसके लिए, फसल बीमा नीतियों को किसान हितैषी रूप देना होगा। खरपतवारनाशकों एवं उर्वरकों के अतिशय उपयोग के कारण मृदा की गिरती सेहत के लिए क्या किया जा सकता है? हमें टिकाऊ कृषि पर जोर देना होगा तथा केंद्र तथा राज्य सरकारों को सावयवी कृषि तथा संरक्षण कृषि के लिए सहायता करनी होगी। मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर के अनुसार, सावयवी खाद्य संघटक के 2015 में 2,700 करोड़ से बढ़कर 2025 में 75,000 करोड़ हो जाने की संभावना है।

सरकार को अगले दो से तीन सालों में कृषि उत्पादन को 500 मिलियन मेट्रिक टन से ऊपर लाने में मदद करने हेतु सक्रिय कदम उठाने होंगे। तभी केवल किसानों की आय दोगुनी हो पाएगी। पहला काम जो करना होगा वह है विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के लिए दरवाज़े खोलना। आखिरकार, वे ही देश का पेट भर रहे हैं।

## आप की बात

### निर्भय मिसाइल

**भारत** और चीन के मध्य एलएसी पर जारी तनाव के बीच भारत लगातार मिसाइलों के परीक्षण कर रहा है डीआरडीओ द्वारा डिजाइन निर्भय मिसाइल को एलएसी पर तैनात कर दिया गया है । इस मिसाइल की क्षमता अमेरिका की प्रसिद्ध टॉमहोक मिसाइल के बराबर है। निर्भय एक अलग प्रकार की मिसाइल है। इस मिसाइल में धीमी गति से आगे बढ़ने , बेहतरीन नियंत्रण एवं दिशा निर्देशन , सटीक परिणाम देने तथा राडारों से बच निकलने की क्षमता है। यह मिसाइल ठोस रॉकेट मोटर बूस्टर से सुसज्जित है। इसमें टर्बो फैन इंजन लगा है जो इसे आगे बढ़ाता है। यह मिसाइल ब्रह्मोस मिसाइल से 3 गुना से भी ज्यादा दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। इस मिसाइल की परिचालन मारक क्षमता 750 से 1000 किलोमीटर तक है यह 200 से 300 किलोग्राम तक के आयुध ले जा सकती है। इसकी विशेषता है कि कम ऊंचाई पर भी यह उड़ान भर सकती है। यह भारत की सामरिक मजबूती का एक विशेष कदम है , इस तरह भारत ने अपनी सबसे भरोसेमंद स्वदेश निर्मित क्रूज मिसाइल निर्भय की तैनाती चीन की सीमा के पास लद्दाख में कर दी है जिसके बाद भारत चीन से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो गया है।

– **खुशबू वेद**, उज्जैन

### भारत के भूखे लोग

**भारत** देश वैश्विक भूख सूचकांक में वर्ष 2020 में 94 वे स्थान पर है। कुल107 देशों की सूची में हमारे पड़ोसी देशों की स्थिति हमारे देश से अच्छी है। जबकि हमारे देश की स्थिति गम्भीर देशों की स्थिति में आई है। सोचने और लज्जा की बात है। कोरोना काल मे 80 करोड़ लोगों को प्रति यूनिट5किलोग्राम प्रति यूनिट गेहू/चावल और एक किलो चना दिया गया। देश मे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिये पोषाहार और बच्चों को मिड डे मील योजना के तहत भोजन उपलब्ध कराया जाता है। सबको हर महीने राशन,गम्भीर बीमार लोगों को 5 लाख तक आयुष्मान योजना में इलाज की सुविधा, गरीबो को अंत्योदय कार्ड, पेंशन आदि कल्याणकारी योजनाएं सरकार चला रही है। सरकार द्वारासर्वजन कल्याण की भावना से चलने वाली योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नही पहुंच रहा है। सरकार प्रशासन तन्त्र पर लगाम नही लगा पा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही तय न होने से सारी दुनिया मे भारत की बदनामी हो रही है। जबकि पीएम मोदी का डंका सारी दुनिया में बज रहा है। रैंकिंग में परिवर्तन का कारण बिहार, उप्र, बिहार और मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्यो में सुधार की आवश्यकता है। – **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव


### शादी की उम्र

**पीएम** मोदी ने लड़कियों की विवाह हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष करने की घोषणा की है। यह स्वागत-योग्य है, लेकिन अभी तो 18 वर्ष की आयु का प्राविधान भी क्रियान्वित नहीं हो पा रहा है। देश के कुछ इलाकों, जैसे राजस्थान और एक विशेष समुदाय में सर्वत्र इसका विरोध स्थायी रूप से चलता रहता है। राजस्थान में तो बालविवाह मुगल शासन की विरासत है। पर समुदाय-विशेष इसे अपने मजहब की सीख समझता है। वह ऐसा मानता है कि 9-10 साल की उम्र (रजस्वला होने से भी पहले) में लड़की का निकाह किया जा सकता है। दुनिया के कई इस्लामी मुल्कों में यह आयु बढ़ाकर 18 साल की जा चुकी है। किन्तु भारत में शायद विश्व का सर्वाधिक रूढ़िवादी मुस्लिम समाज रहता है। लड़कियां जब स्वयं बालिका होती हैं, वह तभी उन्हें बालक पैदा करने के मार्ग पर धकेल देता है। बच्चे को जन्म देकर उसकी सही परवरिश एक बच्ची कैसे कर सकती है? बाल विवाह अधिनियम का अनुपालन कराना भले ही टेढ़ी खीर हो, पर है बेहद जरूरी। इसके लिए कानूनी सख्ती और सामाजिक प्रबोधन दोनों ही आवश्यक हैं।

– **आस्था गर्ग**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**हमने** हाल ही में नए उपायों को मंजूरी दी है जो हमें संक्रमण की नई लहर से निबटने में मददगार होंगे जो न केवल इटली बल्कि संपूर्ण यूरोप को प्रभावित कर रही है।

– **गियुस्पी कोंटे**
इटली के प्रधानमंत्री

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति प्री नर्सरी से लेकर पीएचडी (शोध) के स्तर तक देश की शिक्षा व्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन लाएगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**यदि** प्रदूषण नियंत्रण हेतु हमारी अन्य सभी पद्धतियां विफल हो जाती हैं तो सम-विषम योजना हमारा अंतिम औजार होगी। हम इसे लागू करने पर विचार करेंगे।

– **गोपाल राय**
दिल्ली के पर्यावरण मंत्री"

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में वाराणसी प्रथम स्थान पर

● पीएम मोदी 27 अक्टूबर कोयोजना के लाभार्थियों को वर्चुअली वितरित करेंगे ऋण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कमिश्नर दीपक** अग्रवाल ने मण्डलीय सभागार में पीएम स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा बैठक किया। समीक्षा करते हुए आवेदनों की 27 अक्टूबर से पूर्व स्वीकृति व ऋण वितरण के निर्देश दिए। स्वनिधि में प्राप्त आवेदनों, स्वीकृति व ऋण देने में में पीएम का संसदीय क्षेत्र प्रथम है। कमिश्नर ने 27 अक्टूबर से पूर्व जनपद में कम से कम 25 हजार वेंडरों को ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऋण स्वीकृत व वितरण में अंतर नहीं होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि आदमपुर क्षेत्र के 2901 वेंडरों, भेलूपुर के 6089 वेंडरों, दशाश्वमेध के 6469 वेंडरों, कोतवाली क्षेत्र के 3055 वेंडरों, वरुणा पार के 12187 वेंडरों, काशी विद्यापीठ के 2568 वेंडरों, हरहुआ के 1835 वेंडरों, चिरईगांव के 2588 वेंडरों, रामनगर के 1625 तथा गंगापुर के 184 वेंडरों के आवेदन भरवाए जा चुके हैं। अब तक कुल 24115 वेंडरों के आवेदन के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं। कुल 45228 वेंडर रजिस्टर्ड है। जिसमें 44897 वेंडरों के आवेदन भरवाए जा चुके हैं। शेष वेंडरों के आवेदन भरवाने हेतु बैंके अपने क्षेत्र के वेंडरों से संपर्क कर उन सभी शेष वेंडरों के आवेदन भरवाए। केंद्र सरकार की आर्थिक सहायता पैकेज में यह स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडरों को सहायता की बड़ी महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें वेंडर को 10 हजार रुपये का ऋण उपलब्धता का प्राविधान बिना किसी गारंटी के देय है। कोरोना काल में हुए लॉकडाउन के फलस्वरुप आर्थिक समस्या से जूझते वेंडर को अपने व्यवसाय को पुन: सुचारु रूप से चलाने में यह आर्थिक सहायता बहुत सहूलियत की है। बैठक में जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, नगर आयुक्त गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी मधुसूदन हुलगी सहित सभी बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौथे दिन कुष्मांडा देवी के दर्शन पाकर हुए निहाल श्रद्धालु





● भोर से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में लाइन लगाकर किया दर्शन-पूजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**शारदीय नवरात्र** के चौथे दिन दुर्गाकुंड स्थित माॅं दुर्गा के रूप में कुष्मांडा देवी की श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया और माॅं को लाल चुनरी, नारियल, माला-फूल, प्रसाद आदि चढ़ाये। दर्शन-पूजन का क्रम भोर में चार बजे मंगला आरती के बाद से शुरू हो गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने माॅं के चरणों में पहुँचकर हाजिरी लगायी। हजारों नर-नारियों ने दुर्गा मंदिर में पहुँचकर 'माॅं जगदंबा की जय का उद्घोष लगाया, दुर्गा मइया की जय, बोलो सांचे दरबार की जय आदि मंदिर में गूंजायमान हो उठा। मंदिर के आसपास फूल-माला, प्रसाद तथा खिलौने आदि के अस्थायी दुकानें लगी रही।

## 24 वाहन के साथ तेरह जुआरी गिरफ्तार, एक लाख उन्नत्तीश हजार रुपए बरामद



● शहर, स्वाट व सर्विलांस की टीम ने सोमवार की देरशाम करियाखेड़ा गांव में छाप मार पकड़ा

**उन्नाव।** शहर, स्वाट व सर्विलांस की टीम ने सोमवार की देरशाम करियाखेड़ा गांव मे जुआं खेल रहे तेरह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितो के पास से एक लाख उन्नत्तीश हजार रुपए, पांच चौपहिया व 19 दोपहिया वाहन बरामद किए है। मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि कोतवाली, स्वाट व सर्विलांस की टीम ने देरशाम करियाखेड़ा गांव में दबिश देते हुए जुंआ खेल रहे सत्यम जयसवाल, निवासी लाटूश रोड कानपुर, रानू निवासी बीकेडी चौराहा थाना चकेरी कानपुर नगर, महफूज पुत्र अली बक्श निवासी रुपम टाकीज मुन्ना पुरवा थाना बजरिया, राजेन्द्र जूही लाल कालोनी, छोटू नवाबगंज, सुरेश कुमार साहू कर्नलगंज, मनोज कुमार त्रिभुवन खेड़ा, गंगाघाट, अजय निषाद पीपरखेड़ा, विशाल बाजपेयी लखापुर, अमित भाटिया, विजय नगर, सर्वेश कुमार चौफटक सरैया थाना गंगाघाट, श्याम पुत्र राम औतार निवासी खेबरा, संदीप सिंह निवासी नन्दौली थाना अचलगंज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितो के पास से एक लाख उन्नत्तीश हजार रुपए, पांच चौपहिया व 19 दोपहिया वाहन बरामद किए है। मंगलवार को सभी आरोपितो को कोर्ट में पेश किया गया है।

## जिला भाजपा का मंडलीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय जनता** पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर राष्ट्रव्यापी मंडल प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के अंतर्गत जिला वाराणसी के विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को रोहनिया विधानसभा के शुलटंकेश्वर मंडल, पिंडरा विधानसभा के कठिरांव मंडल, बड़ागांव मंडल में प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शुलटंकेश्वर मंडल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मण आचार्य ने किया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ नेता बालेंदुमणि त्रिपाठी व जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा व सुरेश सिंह मौजूद रहे। पिण्डरा मंडल का प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राम नरेश पासवान ने किया इसनके साथ जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। बड़ागांव मंडल प्रशिक्षण शिविर में मण्डल अध्यक्ष अरविंद मिश्र, करुणेश शर्मा तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी अपने सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी मंडल के पदाधिकारी जो नवनियुक्त हुए हैं उन्हें प्रशिक्षित कर रही है जिससे संगठन के कार्य को गति मिल सके। आचार व्यवहार संस्कृति सभ्यता का समावेश एवं प्रत्येक बिंदु पर अपनी पहचान किस तरह रखनी है। समाज में सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किस तरह से करना है। समाज से जुड़ कर के समाज हित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

## भोजपुरी गीत संगीत ने समाज को जोड़ाः कंचन

**प्रयागराज।** नवरात्रि के अवसर पर संगम नगरी प्रयागराज में भोजपुरी गायक मनोज सिंह उर्फ मन्नू गहमरी के देवी गीतों के एलबम का लोकार्पण लोक गायिका कंचन मीणा किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां और किन्नर संत छोटी चौरसिया ने किया।

समारोह की मुख्य अतिथि गायिका कंचन मीणा ने गायक मनोज सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भोजपुरी गीत और संगीत ने समाज को जोड़ा और नयी दिशा दी। एलबम में मन्नू गहमरी ने चार देवी गीत गाये हैं। जो कि भोजपुरी में हैं और मां दुर्गा के अलग अलग स्वरुपों और मंदिरों की महिमा का बखान किया है। इसमें पहले देवी गीत के बोल हैं बड़ा रे सुहावन गहमर गउंवा जहंवा कमैछा धाम बा दूसरा गीत गोड़वे न देहलू कैसे आंई हम दुअरिया दरस आके देई द मोरी हो मायरिया।

## भाजपा में ही कार्यकर्ताओं को पद एवं कदः संजय गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी में नैनी मंडल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**भारतीय जनता** पार्टी भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी में नैनी मंडल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास पर कार्यकर्ताओं मार्गदर्शन किया। वहीं चौक मंडल में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन चायल के विधायक संजय गुप्ता ने पिछले छह वर्षों में हुई अंत्योदयी प्रयत्न पर अपना विचार प्रकट करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत लागू करने का कार्य किया है। जो समाज के अंदर दिखाई भी पड़ रहा है। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार पिछले छह वर्षों में जो भी योजनाएं बनाती है उनमें मुख्य बिंदु के रूप में समाज के अंदर रहने वाले गरीबों के हितों को देख कर बनाई जाती है और उसका लाभ उन तक बिना किसी बिचौलिए के प्रत्यक्ष रूप से पहुंचे इसकी भी व्यवस्था की जाती है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबों की मजदूरों की पिछड़ों की व्यापारियों की किसानों की गरीब सवर्णों की भी चिंता करती है। उनके लाभ लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में प्रकाश लाने का कार्य कर रही है और उन्होंने अंत्योदयी प्रयत्न का जीता जागता उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा दल है। जहां कार्यकर्ताओं को ही सबसे बड़ा पदाधिकारी माना जाता है और सबसे बड़े पद पर सुशोभित किया जाता है। इतना ही नहीं जब भी देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब अंतिम पायदान पर रहने वाला गरीब का बेटा एवं बेटी ही राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री तक के बड़े पदों पर बनाए गए। इससे बड़ा अंत्योदय प्रयत्न का जीता जागता उदाहरण किसी और दल में नहीं देखा जा सकता। इस अवसर पर रणजीत सिंह अमरनाथ यादव देवेंद्र नाथ मिश्रा ने नैनी मंडल एवं कमलेश अवधेश चंद्र गुप्ता शैलेश चंद्र अनीता सचान एवं यज्ञ शर्मा ने चौक मंडल के प्रशिक्षण शिविर में अपने अपने निर्धारित विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता दिलीप केसरवानी एवं दिनेश विश्वकर्मा ने की। संचालन पार्षद ओपी द्विवेदी एवं रामजी मिश्रा ने किया।प्रशिक्षण शिविर में दिगंबर त्रिपाठी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक विश्वास श्रीवास्तव बबलू तिवारी लक्ष्मी कांत तिवारी राजेश तिवारी पंकज त्रिपाठी विद्या सिंह समर सिंह आदि उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार से पूछा...

## भूतपूर्व सैनिक सेवा में रहते हुए सिविल पदों पर आवेदन कर सकता है?



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा है कि क्या एक्स सर्विस मैन भूतपूर्व सैनिक सेवा में रहते हुए सिविल पदों के आवेदन कर सकता है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार के क्या निर्देश हैं। कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय भारत सरकार और निदेशक पुनर्वास के साथ ही राज्य सरकार को भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। सुधीर सिंह और दो अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने दिया है।

याची के अधिवक्ता का कहना था कि याचीगण ने एक्स सर्विस मैन कोटे के तहत ग्राम विकास अधिकारी के पद हेतु 2016 में आवेदन किया था। परीक्षा में सफल होने के बाद उनको नियुक्ति मिल गई और उन्होंने फरवरी 2019 में ज्वाइन कर लिया। इसके बाद कमिश्नर ने एक आदेश जारी कर कहा कि याचीगण को सुनवाई का मौका देते हुए पद से बर्खास्त कर दिया जाए। मई 2019 में याचीगण को सेवा से यह कहते हुए बाहर कर दिया गया कि ग्राम विकास अधिकारी के पद हेतु आवेदन की अंतिम तिथि पांच अक्तूबर 2016 को वह सेना में कार्यरत थे। बिना सेवानिवृत्त हुए उन्होंने आवेदन किया इसलिए उनकी नियुक्ति अवैध है।अधिवक्ता का कहना था कि सेना के ऐसे कई आदेश हैं जिनके अनुसार सैन्य कर्मी सेवानिवृत्त होने से एक वर्ष पूर्व सिविल पदों के लिए आवेदन कर सकता है। राज्य सरकार का कहना था कि सेना के नियम और आदेश राज्य सरकार पर लागू नहीं होंगे। याची की ओर से यह भी दलील दी गई कि राज्य सरकार के कुछ विभाग सेवानिवृत्ति से एक वर्ष पूर्व का आवेदन स्वीकार करते हैं। जबकि कुछ विभाग इसे नहीं मानते हैं। कोर्ट ने केंद्र और राज्य को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि एक्स सर्विस मैन को यह लाभ इसलिए भी दिया जाता है कि वह समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सके। भूतपूर्व सैनिक सेना के कड़े अनुशासन में प्रशिक्षित होते हैं। राज्य सरकार उनकी सेवाओं का लाभ ले सकती है। वह राष्ट्रीय गौरव हैं। मामले की अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी।

## ट्रेनों में वृद्धि के साथ ही एनसीआर ने कोविड के विरुद्ध प्रयास किये तेज

● त्योहारों के दौरान बीस जोड़ी विशेष गाड़ियों का किया जाएगा संचालन

**प्रयागराज।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत विशेष ट्रेनों के संचालन को चरणबद्ध और क्रमिक तरीके से बढ़ाया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा 196 अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की घोषणा के साथ कुल 288 विशेष ट्रेनें और 130 त्योहार स्पेशल जिनमें उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से प्रारम्भ होने वाली 20 जोड़ी प्रारम्भिक विशेष गाड़ियां भी शामिल हैं। उसका उत्तर मध्य रेलवे पर संचालन किया जा रहा है। यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के साथ साथ उन्हें कोविड 19 से बचाने के लिये भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इसके अंतर्गत स्टेशनों और ट्रेनों में मौजूदा प्रयासों को और गहन किया जा रहा है। कोविड के अनुरुप उचित व्यवहार के अनुपालन में कम लागत और उच्च तीव्रता वाला अभियान जन आन्दोलन उत्तर मध्य रेलवे में पहले ही शुरू कर दिया गया है। सीपीआरओ ने बताया कि अभियान के तहत स्टेशनों ट्रेनों कार्यालयों और कॉलोनियों में मास्क के उपयोग न्यूनतम दो गज की दूरी और नियमित रूप से हाथ धोने जैसे नियमों पर बल दिया जा रहा है। अब तक उत्तर मध्य रेलवे के 106 स्टेशनों और 12 जोड़ी प्रारम्भिक विशेष गाड़ियों में कोविड उपयुक्त व्यवहार पर 660 से अधिक पोस्टर और बैनर लगाये गये हैं। 80 स्टेशनों पर कोविड 19 जागरूकता हेतु स्वचालित उदघोषणा 09 स्टेशनों पर जागरूकता क्लिप के डिजिटल डिस्प्ले किये जा रहा हैं। साथ ही 40 हजार से अधिक यात्रियों रेलवे कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों ने कोविड के उचित व्यवहार का पालन करने का संकल्प भी लिया है। ट्रेनों और स्टेशनों पर कोविड से संबंधित सावधानियों के दृष्टिगत यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को लगभग 50 लाख जागरुकता एसएमएस भेजे गए हैं। त्योहारों के दौरान स्टेशनों पर यात्रियों के आगमन में अपेक्षित वृद्धि को ध्यान में रखते हुये रेल सुरक्षा बल द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है।

## कृषि कल्याण केंद्र के भवन का नवनिर्माण कार्य अधर में लटका

● 2018 में विधानसभा अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री व सांसद ने किया था शिलान्यास

● शिलान्यास का शिलापट कमरे में बंद फांक रहा धूल

संवाददाता। बीघापुर, उन्नाव



**डेढ़ वर्ष** से अधिक का समय बीतने के बाद भी शासन से स्वीकृति न मिल पाने के कारण स्थानीय कृषि कल्याण केंद्र के भवन का नवनिर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2018 में क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, प्रभारी मंत्री रमापति शास्त्री व जनपद के सांसद साक्षी महाराज के द्वारा कृषि कल्याण केंद्र का शिलान्यास तो कर दिया गया था। मगर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण निर्माण की प्रकिया भी अभी तक नहीं शुरू हो पाई है। शिलान्यास का शिलापट कमरे में बंद धूल फांक रहा हैं। जबकि केंद्र वर्षों से जर्जर हालत में है। समय से निर्माण न होने के चलते क्षेत्र के किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने विधानसभा अध्यक्ष से अविलंब निर्माण कराए जाने की मांग की है। नगर पंचायत बीघापुर सदर बाजार में किसानों के हित के लिए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कृषि कल्याण केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई थी और शिलान्यास 24 जनवरी 2018 को कर दिया गया। मगर लापरवाही के चलते अभी तक निर्माण प्रारम्भ नहीं हो सका। कृषि कल्याण केंद्र का भवन कई वर्षों से जर्जर हालत में है। केंद में कार्यरत कर्मचारियों के ऊपर कई बार प्लास्टर टूट कर गिरने से वह चुटहिल भी हो चुके हैं वही बरसात के मौसम में पानी भर जाने अक्सर वहां रखे बीज खराब हो जाते हैं। बीज भंडार के प्रभारी अमित कटियार बताते है कि लगभग तीन वर्ष से बारातशाला में अस्थायी रूप से केंद्र संचालित किया जा रहा है। निर्माण क्यों नहीं प्रारंभ हो सका इस पर कुछ भी बताने से कतराते रहे। नगर पंचायत के सदस्य विनोद बाजपेई लाला ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों को लाभ देने की योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। दर्जनों बार उच्चाधिकारियों से संपर्क कर समस्या से अवगत करा लिखा पढ़ी की गई, लेकिन जिम्मेवारों के कानों में जूं नहीं रेंगी। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र एडवोकेट ने डीएम रवीन्द्र कुमार से मांग की है कि मामले की जांच कराकर रोड़े अटकाने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएग। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि शासन से स्वीकृति न मिलने की वजह से निर्माण कार्य मे देरी आ रही है।

## हादसे में युवक की मौत

**फतेहपुरचौरासी, उन्नाव।** थानाक्षेत्र के बरुआघाट निवासी गौतम सविता (30) लोगों के बालों की कटिंग कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार को वह मुण्डन संस्कार करने पड़ोसी गांव मनिकापुर के ट्रैक्टर मालिक पप्पू सिंह के ट्रैक्टर से झूलूमऊ माता के दरबार मुण्डन संस्कार का कार्य करने गया था। देर शाम को वापस आते समय ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्रैक्टर ट्रैक्टर तेज चलाते समय अचानक ब्रेक लगाने से ट्रैक्टर पर बैठे गौतम सविता गिर कर पहिए के नीचे आ जाने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया। जहां डाक्टरों नें उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता का लगभग दो वर्ष पहले ही गंभीर बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

## क्विक न्यूज

### वाराणसी वस्त्र बुनकर संघ एवं बुनकर बिरादाना तंजीम के संयुक्त तत्वावधान में पावरलूम बंद कर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**वाराणसी।** वाराणसी वस्त्र बुनकर संघ एवं बुनकर बिरादाना तंजीम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को प्रदेशव्यापी पावरलूम बंदी व बिजली का फ्लैट रेट बहाल की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा गया। पावरलूम बुनकरों की वर्ष 2006 से चली आ रही विद्युत फ्लैट रेट योजना को अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 द्वारा जारी आदेश में 4 दिसम्बर 2019 के द्वारा 1 जनवरी 2020 समाप्त कर दिया जिसके फलस्वरूप विद्युत विभाग द्वारा बुनकरों का शोषण एवं उत्पीड़न शुरू हो गया तथा बुनकरों का विद्युत विभाग का बकायेदार होता चला जा रहा है था। विद्युत विभाग द्वारा तमाम कनेक्शन काटे गये तथा फर्जी बकाये के नाम पर बुनकरों को नोटिस एवं आरसी जारी की जा रही थी।जिसके कारण मजबूर होकर बुनकरों ने 15 अक्टूबर 2020 से अपनी पावरलूम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। वाराणसी वस्त्र बुनकर संघ एवं बुनकर बिरादाना तंजीम ने आज चार सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष राकेश कांत राय, चौदहों के सरदार मकबूल हसन साहब, हाजी ओंकास अंसारी, इसरत उस्मानी, अकरम अंसारी, अकील भाई, ज्वाला सिंह, संजय प्रधान, मेहताब आलम, असलम भाड़, अजीत कुमार गुप्ता, निजाम खान, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद भाई, अनिल मुन्ना, अनीस आदि लोग उपस्थित रहे।

### जुलूस निकाल रेलकर्मियों ने मांगा बोनस



**वाराणसी।** बोनस की मांग करते हुए रेलकर्मियों ने मंगलवार अपराहन कैंट स्टेशन स्थित निदेशक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बोनस न मिलने से नाजार रेलवे के कर्मचारियों ने रेलवे प्रशासन को चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। इसके पूर्व एनआरएमयू के बैनर तले कर्मचारियों ने जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रेल कर्मचारियों ने कहा कि बोनस के लिए पूरे साल कड़ी मेहनत होती है। बोनस से कर्मचारी परिवार के साथ परिवार की खुशियां मनाता है। सरकार बोनस पर रोक लगाकर कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने का कार्य कर रही है। कर्मचारियों ने बोनस मांग दिवस घोषित करते हुए कार्य से विरत रहते हुए धरना प्रदर्शन किया। बोनस के लिए प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने रेलमंत्री और उच्चाधिकारियों को सम्बोधित मांग पत्र स्टेशन निदेशक आनन्द मोहन सिंह को सौंपा। केंद्र सरकार की नीतियों से नाराज एनई रेलवे मजदूर यूनियन के सदस्यों ने लहरतारा स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मांग किया है कि बोनस जल्द दिया जाए अन्यथा कर्मचारी आंदोलन को विवश होंगे। अधिकारियों ने कर्मचारियों की मांग को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखने का भरोसा दिया इसके बाद प्रदर्शन कारी नारेबाजी करते वापस लौट गए।

### त्योहार को लेकर पुलिस ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान, संदिग्धों से की पूछताछ



**उन्नाव।** पर्वों पर भीड़भाड़ को देखते हुए एसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मंगलवार को चेकिंग अभियान चलाया। सीओ सिटी के नेतृत्व में शहर में पुलिस ने बैंकों, बाजारों में सघन चेकिंग की और संदिग्धों से पूछताछ की। त्योहार को लेकर शहर में स्थित बैंकों में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस ने मंगलवार की सुबह एसबीआई, एचडीएफसी, आर्यावत, एसबीआई सिटी सहित शहर की कई बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने शहर के भीड़ भाड़ वाले इलाकों व बाजारों व बैंकों में चेकिंग की और बैंक के आसपास मौजूद संदिग्धों से पूछताछ भी की। वही, महिला थानाप्रभारी इन्द्रपाल सिंह सेंगर ने भी मुख्य शाखा में चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत परखी। वहीं बिहार थाना क्षेत्र में महिला एसआई सुनीता चौरसिया, पुरवा कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह, बारासगवर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बैंकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक में आए लोगों से उनके काम से संबंधित जानकारी ली। बैग आदि लेकर बैंक आने वाले व संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली। उधर, पुरवा सीओ रमेश चंद्र प्रयलंकर ने बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध हालत में बैंक के इर्दगिर्द घूम रहे संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। इसी सफीपुर, मांखी, आसीवन, अचलगंज आदि स्थानो पर देरशाम वाहन चेंकिग की गई।

### किसान का धान न लेने पर डीएम से शिकायत

**पुरवा,उन्नाव।** मंगलवार को ब्लाक के सहरांवा स्थित धान केंद्र पर प्रभारी द्वारा किसान का धान न लेने पर किसान ने डीएम से शिकायत की। डीएम की फटकार के बाद केंद्र प्रभारी ने किसान को फोन कर केंद्र पर धान लाने को कहा। ब्लाक क्षेत्र के सहरांवा मे धान क्रय केंद्र खोला गया है। मंगलवार को कंचनपुर गांव के किसान राजेंद्र सिंह अपने बेटे दीपक सिंह के साथ धान केंद्र पर पहुंचे और केंद्र प्रभारी संदीप कुमार को धान की बानगी दिखा धान की तौल कराने के लिए कहा। जिसपर प्रभारी संदीप कुमार ने धान लेने से मना कर दिया। दीपक सिंह ने इसकी शिकायत फोन द्वारा डीएम रवींद्र कुमार से की। जिसपर डीएम ने केंद्र प्रभारी संदीप कुमार को जमकर फटकार लगाई और किसान का धान तत्काल लेने के आदेश दिए। डीएम की फटकार के बाद केंद्र प्रभारी ने किसान राजेंद्र सिंह को फोन कर धान केंद्र पर लाने की बात कही है।

### भट्ठे पर खड़ी ट्राली में मजदूर का शव मिलने से हड़कंप

**चकलवंशी,उन्नाव।** मांखी थाना क्षेत्र के रऊकरना निवासी राजू लोध (28) पुत्र राम आसरे ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह भट्ठे में खड़े ट्राली पर मजदूर का शव मिलने से हडकम्प मच गया। मां राजश्री ने पुलिस को सूचना देकर कहा कि बेटा सोमवार को दोपहर करीब एक बजे घर से खाना खाकर भट्ठे पर जाने के लिए कह कर निकला था। भट्ठे से ट्रैक्टर पर ईंट लाद कर गांव के रोहित पुत्र सोनेलाल और बौनामऊ के मजरा लोखरियन खेड़ा के राजू पुत्र स्व कल्लू के साथ आसीवन थाना क्षेत्र के पमेधिया निवासी मदनू शुक्ला के यहां गया था। साथी मजदूरों ने बताया कि देर रात को ईंट उतारकर लौटे थे रसूलाबाद में नास्ता किया। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर भवानीखेडा के पास राजू पेशाब करने लगा, तभी ट्रेक्टर चालक ने गाडी चालू कर दिया। जिससे राजू ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। रऊकरना निवासी दूसरे चालक अंकुर को बुलाकर ट्रैक्टर से उसे लेकर भट्ठे पर खडा कर दिया। देर रात उसकी मौत हो गई। दिवंगत ने तीन वर्ष पूर्व भट्ठे पर काम कर रही छत्तीसगढ़ की प्रियंका गुप्ता से प्रेम विवाह किया था। जिससे एक वर्ग की बेटी खुशी और दो भाई अक्षय व बहन कोमल से बड़ा था। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में साथ रहझ तीन साथियों को हिरासत में ले लिया गया है ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ट्रैक्टर मालिक सीताराम को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट आने कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने किया धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण

**उन्नाव।** डीएम रवीन्द्र कुमार द्वारा मंगलवार को धान खरीद केन्द्र उन्नाव मण्डी स्थल, धान खरीद केन्द्र साधन सहकारी समिति, बिछिया का औचक निरीक्षण किया गया। डीएम द्वारा धान खरीद केंद्र मंडी के स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रिया यादव केंद्र प्रभारी उपस्थित मिली। जिनसे धान खरीद के संबंध में जानकारी ली गई, जिस पर खरीद शून्य होना बताया गया। डीएम ने किसानों द्वारा किए गए रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी करने पर 24 किसानों द्वारा अभी तक रजिस्ट्रेशन कराए जाने की बात संज्ञान में लाई गई। नमी मानक यंत्र उपलब्ध मिला, बोरो की संख्या के संबंध में जानकारी करने पर 1215 बोरे जूट व 100 बोरे प्लास्टिक के होना बताया गया। निरीक्षण के समय एक किसान देवीदयाल पुत्र कमलेश निवासी ऐरा भदियार धान के विक्रय हेतु सैंपल लेकर आए थे, जिनका सैंपल देखा गया। उपलब्ध नमी मापक यंत्र से नमी की मात्रा की जांच की गई, नमी 10 प्रतिशत पाई गई। लक्ष्य के संबंध में उपस्थित केंद्र प्रभारी से जानकारी करने पर लक्ष्य अभी न मिलने की बात बताई गई। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से कहा कि इस संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण 2 दिन के अंदर प्रस्तुत करें कि अभी तक केंद्रों को लक्ष्य आवंटन किन परिस्थितियों में नहीं किया गया।

# कांग्रेस-राजद-माले का गठबंधन अपवित्र ये समाज को तोड़ने वाले हैं : जेपी नड्डा

**भाषा।** बक्सरआरा



**भाजपा अध्यक्ष** जे पी नड्डा ने कांग्रेस, राजद और भाकपा-माले के गठबंधन को अपवित्र और अस्वभाविक करार देते हुए मंगलवार को कहा कि ए समाज को तोड़ने वाले और समाज में अशांति फैलाने वाले हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी पर राष्ट्रविरोधी बातें और अलगाववादियों की भाषा बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी भारत में चुनाव होता हैं, कांग्रेस के नेता पाकिस्तान की तारीफ करने में लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस को नकार चुकी है तथा इनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है, ऐसे में ए देश के खिलाफ बोलते हैं।

बिहार के बक्सर और आरा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, माले, कांग्रेस और राजद का गठबंधन साधारण नहीं है। ए एक अपवित्र और अस्वाभाविक गठबंधन है। ए तीनों समाज के प्रेमी नहीं बल्कि समाज को तोड़ने वाले और समाज में अशांति फैलाने वाले हैं। भाकपा-माले पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ए वही लोग हैं जो विभाजनकारी और देश के खिलाफ काम करने वाली ताकतों के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने जनता से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जनादेश देने की अपील करते हुए कहा, हमें ऐसे अपवित्र गठबंधन से छुट्टी पानी है।

राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि आजकल यहां राजद के पोस्टर में केवल तेजस्वी दिखाई दे रहे हैं, उसमें लालू प्रसाद नहीं दिख रहे। उन्होंने कहा, अब पोस्टर में से ही उनके बेटे ने उन्हें गायब कर दिया। इसलिए गायब किया क्योंकि बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है और जानती है कि अब लूट राज या लालटेन राज नहीं चलेगा। अब मोदी का एलईडी राज चलेगा।

नड्डा ने कहा कि जो लोग बेरोजगारी की बात कर रहे हैं, उन्हें मालूम नहीं है कि आत्मनिर्भर भारत पैकेज के माध्यम से बिहार की तस्वीर बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि अब आप नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि लोगों को नौकरी देने वाले बनोगे। गौरतलब है कि राजद नेता तेजस्वी यादव अपनी सभी रैलियों में रोजगार और विकास का मुद्दा उठा रहे हैं। तेजस्वी कह चुके हैं कि उनकी सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में युवाओं को 10 लाख रोजगार देने के निर्णय पर मुहर लगेगी।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेता अलगाववादियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और जनता इसका जवाब देगी। बिहार के बक्सर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, कांग्रेस पार्टी की हरकतों को मैं देख भी रहा हूं और अचरज भी कर रहा हूं। देशद्रोही हरकतें इनका स्वभाव बन गई हैं। चुनाव बिहार में है और ए लोग गुणगान कर रहे हैं पाकिस्तान का।

नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान को शाबाशी दे रहे हैं, गुणगान कर रहे हैं और इसमें सबसे आगे राहुल गांधी हैं। उन्होंने कहा, देशद्रोही हरकतें कांग्रेस का स्वभाव बन गई हैं। राहुल गांधी कोविड को लेकर पाकिस्तान की तारीफ कर रहे हैं। अभी पी चिदंबरम ने कहा है कि अगर कांग्रेस सरकार आएगी तो वो अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सारी दुनिया कोविड-19 से मुकाबला करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रही है जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव भी शामिल है। लेकिन राहुल गांधी कोरोना के संबंध में पाकिस्तान की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि उसने देशद्रोही काम का जिम्मा ले लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है और कामकाज के बारे में बताने को कुछ नहीं है, ऐसे में उसके नेता देश के खिलाफ जो बोल सकते हैं, बोलते रहते हैं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ए लोग अलगाववादियों की भाषा बोल रहे हैं, पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। नड्डा ने कहा कि पाकिस्तान अनुच्छेद 370, कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए राहुल गांधी के बयानों का उल्लेख करती है। उन्होंने कहा कि अभी कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पाकिस्तान के मंच पर जाकर भारत को गाली दी और पाकिस्तान की तारीफ की।

नड्डा ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा, ए है राष्ट्रभक्त कांग्रेस पार्टी। उन्होंने कहा कि जनता सब समझती है और वह आपको (कांग्रेस) विपक्ष के लायक भी नहीं छोड़ेगी। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में अपने ट्वीट में अर्थव्यवस्था और कोरोना को लेकर कुछ आंकड़े साझा किए थे और इसमें भारत की स्थिति चिंताजनक दर्शाई गई थी तथा भारत को इस मामले में बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे बताया गया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आजकल चीन और पाकिस्तान की सीमा पर हमारी फौज मुंहतोड़ जवाब दे रही है और ए क्या कारण है कि चीन में खलबली है और पाकिस्तान त्रस्त है क्योंकि पहले पाकिस्तान के लिए श्रीनगर आरामगाह थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज पाकिस्तान जानता है कि मोदी जी के नेतृत्व में तुम आंख उठाओगे तो तुम्हें नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा और ए ताकत प्रधानमंत्री मोदी जी ने पैदा की है।

## खडसे के भाजपा छोड़ने की भविष्यवाणी रोज होती है: फडणवीस

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे के अगले कुछ दिनों में राकांपा में शामिल होने की अटकलों के बीच महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि इस तरह के मुहूर्त की बातें रोज की जाती हैं। भारी बारिश के कारण किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने उस्मानाबाद आए फडणवीस ने इस तरह की अफवाहों पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वर्ष 2016 में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर खड़से को फडणवीस नीत भाजपा सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और वह तभी से नाराज चल रहे हैं। अटकलों के आधार पर जब कुछ पत्रकारों ने यह दावा किया कि खड़से 22 अक्टूबर को राजनीतिक निर्णय ले सकते हैं तो फडणवीस ने कहा इस तरह के मुहूर्त को लेकर रोज बातें होती है और मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है।



उस्मानाबाद में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस बारिश से फसल खराब होने के बाद किसानों से मुलाकात करते हुए।

# नीतीश ने लोगों से नौकरियां देने के तेजस्वी के वादे से भ्रमित नहीं होने की अपील की

**भोरे/जीरादेई (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के लोगों से 10 लाख नौकरियां देने के राजद नेता तेजस्वी यादव के वादे से भ्रमित नहीं होने की मंगलवार को अपील की और विपक्षी महागठबंधन के नेताओं से पूछा कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा। गोपालगंज के भोरे और सीवान के जीरादेई में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि आजकल कुछ लोग कह रहे हैं कि इतनी नौकरी देंगे, लेकिन कहां से देंगे और इसके लिए पैसा कहां से आएगा। जब इतने लोगों (10 लाख लोगों) को नौकरी देंगे, तब बाकी को क्यों छोड़ देंगे।

कुमार ने लालू प्रसाद की तरफ परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा, जिसके कारण से जेल गए, उसी पैसे से व्यवस्था करेंगे क्या ? उन्होंने कहा कि जो काम हो ही नहीं सकता, उसके लिए पैसा कहां से आएगा। नकली नोट लाएंगे या जेल से आएगा पैसा। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा, इससे भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। एक-एक काम करके राज्य को प्रगति के रास्ते पर लाए हैं। मौका देंगे तब और काम करेंगे।

राजद नेता तेजस्वी यादव अपनी सभी रैलियों में रोजगार और विकास का मुद्दा उठा रहे हैं। तेजस्वी वादा कर रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में युवाओं को 10 लाख रोजगार देने के फैसले पर मुहर लगेगी। यादव का कहना है कि लाखों लोगों का रोजगार छीन गया है और कारोबारियों का व्यवसाय ठप पड़ गया है, ऐसे में वह रोजगार की व्यवस्था करेंगे, कृषि रिण माफ करेंगे, युवाओं का ध्यान रखेंगे।

कुमार ने राजद नेता पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि 15 साल में जब मौका मिला था तब कितने लोगों को नौकरियां दी थी ? मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने तो छह लाख से अधिक लोगों को नौकरियां दी और काफी संख्या में लोगों को काम का अवसर दिया। राजद की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पहले न सड़क थी, न बिजली थी और जंगलराज था। आज हर घर में बिजली है, हर गांव तक सड़क है और बिहार में कानून का राज है।

कुमार ने कहा, हर घर बिजली तो पहुंच गया, अब हर गांव में सोलर लाइट लगाएंगे। कुमार ने कहा कि पहले एक प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महीने में 39 लोग जाते थे और हमारी सरकार आने के बाद अब एक महीने में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 हजार लोग जाते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोगों को काम से मतलब नहीं है, ए लोग सिर्फ परिवारवाद में लगे रहते हैं। कुमार ने कहा कि उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं है और वे लोगों की सेवा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य में अपराध का दर काफी नीचे चला गया और अपराध के मामले में देश में 23वें स्थान पर है। विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य का विकास दर 12 प्रतिशत से अधिक हो गया।

## क्विक न्यूज

### चुनाव आयोग ने बिहार में मतदान वाले दिन और मतदान से एक दिन पहले अप्रमाणित विज्ञापनों के प्रकाशन पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार मे तीन चरणो मे होने वाले चुनाव मे मतदान वाले दिन और उससे एक दिन पहले राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों एवं अन्य द्वारा अप्रमाणित विज्ञापन प्रकाशित किए जाने पर रोक लगाई है। जब तक विज्ञापन की सामग्री को स्क्रीनिंग समिति प्रमाणित नही करती तब तक उन्हें प्रकाशित नही किया जा सकता। पाबंदी सात नवंबर को बिहार के वाल्मीकि नगर लोस उपचुनाव के लिए भी लागू होगी। आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला किया है। चुनाव आयोग ने पहली बार 2015 के बिहार चुनाव में इस तरह का फैसला किया था। मतदान वाले दिन और उससे एक दिन पहले राजनीतिक विज्ञापनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव कुछ साल से विधि मंत्रालय के पास लंबित है। आयोग ने सोमवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापन प्रकाशित किए जाने के मामले पहले भी उसके संज्ञान मे आए है। उसने कहा, मतदान के अंतिम चरण मे इस तरह के इश्तहार पूरी चुनाव प्रक्रिया को खराब कर देते है। इस तरह के परिदृश्य में प्रभावित उम्मीदवारों और पार्टियों को स्पष्टीकरण देने का कोई अवसर ही नही मिलेगा।

### तबलीगी जमात से जुड़े 20 विदेशी लोग कोर्ट से बरी

**मुंबई।** शहर की एक अदालत ने तबलीगी जमात से जुड़े 20 विदेशी लोगों को बरी कर दिया है जिनपर कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान निषेध आदेशो का उल्लंघन करने का आरोप था। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (अंधेरी) आर आर खान ने सोमवार को 20 लोगों को बरी कर दिया क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने में विफल रहा। गवाहों के बयान रिकॉर्ड में लाए गए साक्ष्यों के विपरीत है। इसके अलावा गवाह यह भी नही बता पाए कि कथित अपराध के समय आरोपी कहां और कैसे रह रहे थे। अंधेरी की डी एन नगर पुलिस ने गत अप्रैल में 20 विदेशी नागरिकों के दो समूहों के खिलाफ भादसं की धाराओं 188 (लोकसेवक द्वारा लागू आदेश का उल्लंघन), 269 और 270 (घातक बीमारी के प्रसार की संभावना वाला कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया था। इन लोगों के खिलाफ विदेशी अधिनियम, महामारी अधिनियम और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। सत्र अदालत इन लोगों को भादसं की धारा 307 (हत्या के प्रयास) और 304 (2) (गैर इरादतन हत्या) के आरोपों से पहले ही बरी कर चुकी है।

### अवमानना मामले में कोश्यारी को उच्च न्यायालय का नोटिस

**देहरादून।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को राज्य सरकार द्वारा उन्हें बतौर पूर्व मुख्यमंत्री आवंटित आवास का बाजार मूल्य से किराया भुगतान करने संबंधी आदेश का पालन नही करने का आरोप लगाने वाली अवमानना याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शरद कुमार ने इस संबंध मे याचिकाकर्ता के वकील द्वारा पेश की गई दलीलों को सुनने के बाद कोश्यारी के अधिवक्ता के जरिए उन्हें यह नोटिस जारी किया। देहरादून स्थित गैर सरकारी संगठन रूलक द्वारा दायर अवमानना याचिका में पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी पर अदालत के आदेश का जानबूझकर अनुपालन नही करने का आरोप लगाया गया है। तीन मई, 2019 को दिए अपने आदेश में अदालत ने उन्हें छह माह के भीतर बतौर पूर्व मुख्यमंत्री आवंटित आवास का बाजार मूल्य पर किराए का भुगतान करने को कहा था। याचिका मे कहा गया है कि कोश्यारी ने अभी तक राज्य सरकार को बाजार मूल्य पर अपने आवास का किराया नही जमा कराया है। इसके अलावा प्रतिवादी ने बिजली, पानी, पेट्रोल आदि के बिलों का भुगतान भी नही किया है। याचिकाकर्ता के वकील कार्तिकेय हरि गुप्ता ने कहा कि वर्तमान याचिका दाखिल करने से पहले कोश्यारी को भुगतान के लिए 60 दिन का नोटिस भी दिया गया था। याचिका मे राज्य सरकार पर भी उत्तराखंड पूर्व मुख्यमंत्री सुविधाएं (आवासीय एवं अन्य सुविधाएं) अध्यादेश 2019 लाकर और उसके बाद विधानसभा से संबंधित विधेयक पारित करा कर प्रतिवादी का गैरकानूनी और मनमाने तरीके से पक्ष लेने और उन्हे भुगतान से छूट देने का आरोप लगाया गया है।

### जज को धमकी भरा पत्र भेजने के मामले में दो हिरासत में

**बेंगलुरु** कर्नाटक मे फिल्मी शख्सियतो से जुड़े मादक पदार्थ मामले मे सुनवाई कर रहे एक विशेष न्यायाधीश को धमकी भरा पत्र भेजने के सिलसिले मे दो व्यक्तियो को हिरासत मे लिया गया है। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को दी। अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा, दो व्यक्तियो को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया गया है। उन्हे बेंगलुरु लाया जाएगा। इस संबंध मे और अधिक जानकारी दिए बिना कहा कि तुमकुरु जिले के तिपतुर में एक परिवार में झगड़े के इस घटना के पीछे कारण होने का संदेह है। संदेह है कि इस घटना का कथित षड्यंत्र प्रतिद्वंद्वी सदस्यो द्वारा रचा गया जो चाहते थे कि उनका एक रिश्तेदार मुसीबत मे फंस जाए। कर्नाटक मे फिल्मी शख्सियतो से जुड़े मादक पदार्थ के मामले में सुनवाई कर रहे एक एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश को सोमवार को धमकी भरा एक पत्र और डेटोनेटर के साथ एक पार्सल मिला था।



जम्मू में काली मन्दिर में नवरात्र पर्व के दौरान पूजा करते हुए श्रद्धालु।

# एदियुरप्पा लंबे समय तक मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे: कर्नाटक के भाजपा विधायक

**बेंगलुरु।** बगावत का संकेत देते हुए भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कहा है कि बी एस एदियुरप्पा लंबे समय तक मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे और आलाकमान ने फैसला किया है कि उनके उत्तराधिकारी उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र से होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री केवल अपने गृह जिले शिवमोगा के विकास कार्यों में रूचि दिखाते हैं जबकि अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के विधायकों को आवंटित कोष को वापस ले रहे हैं।

यतनाल ने कहा, (निर्वाचन क्षेत्र के लिए) 125 करोड़ रुपए आए थे लेकिन हमारे मुख्यमंत्री ने इसे वापस ले लिया, जिसके बाद मेरे और उनके बीच लड़ाई शुरू हो गई। वह सारी चीजें शिवमोगा ले जा रहे हैं...वह लंबे समय तक (मुख्यमंत्री) नहीं रहेंगे...उनका समय आ गया है। अपने निर्वाचन क्षेत्र विजयपुरा में एक कार्यक्रम में सोमवार को संवाददाताओं से बात करते हुए यतनाल ने दावा किया कि भाजपा आलाकमान के पास एदियुरप्पा के कई विकल्प हैं।

उमेश कट्टी (भाजपा विधायक) ने भी सवाल किया था कि वह (एदियुरप्पा) शिवमोगा के लिए मुख्यमंत्री हैं या समूचे कर्नाटक के लिए। अगर 125 करोड़ रुपए मुझसे वापस नहीं लिए जाते तो हमने सारी सड़कें सीमेंट की बनाने की योजना बनाई थी। रकम वापस ले ली गई, लेकिन मैं इसे नहीं छोड़ूंगा, मैं इसके लिए लड़ रहा हूं और रकम वापस लेकर आऊंगा। एदियुरप्पा की उम्र को देखते हुए नेतृत्व में संभावित बदलाव को लेकर हालिया समय में कुछ हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रदेश भाजपा ने एदि को हटाने संबंधी खबरों को खारिज किया था। यतनाल ने कहा कि उत्तरी कर्नाटक के लोगों के समर्थन के कारण भाजपा सरकार बना सकी। क्या मांड्या, चामराजनगर और कोलार जैसे दक्षिणी जिलों में उन्हें किसी ने वोट दिया।

# नक्सल प्रभावित इलाकों का इस्तेमाल भांग की अवैध खेती करने में हो रहा है : अधिकारी

**नई दिल्ली।** आंध्रप्रदेश, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के नक्सलवाद प्रभावित इलाकों और कुछ पहाड़ी राज्यों के दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में भांग की अवैध खेती हो रही है और वहां से उत्पादित मादक पदार्थों की आपूर्ति पूरे देश में की जाती है। यह जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पिछले दो महीने में देश के विभिन्न हिस्सों से भारी मात्रा में मादक पदार्थ भी जब्त किया है।

भारत में भांग की अवैध खेती मुख्यत: आंध्रप्रदेश, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के नक्सल प्रभावित इलाकों और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश तथा त्रिपुरा के पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। इन क्षेत्रों के गांजे की आपूर्ति दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और केरल सहित पूरे देश में की जाती है और इसकी तस्करी श्रीलंका तक भी होती है।

अधिकारी ने बताया कि कठिन भौगोलिक क्षेत्र और दुर्गम इलाके होने के कारण प्रवर्तन एजेंसियों के लिए भांग की अवैध खेती को समाप्त करना मुश्किल हो जाता है। पूरे भारत में एनसीबी की तरफ से किए गए गहन प्रवर्तन प्रयासों के कारण विभिन्न राज्यों में संचालित हो रहे नशा तस्करी नेटवर्क पर कड़ी कार्वाई हुई है।

खुफिया सूचनाओं को जुटाने और एनसीबी की कार्वाई के समन्वित प्रयास के कारण भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। एनसीबी ने अगस्त और अक्टूबर के पहले हफ्ते के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में 10,700.5 किग्रा गांजा जब्त किया। एनसीबी ने पिछले दो महीने में 1.18 किलोग्राम मेथालीनडाइऑक्सी-मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए) जब्त किया है। देश में एमडीएमए की लोकप्रियता में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। यह पार्टी मादक पदार्थ है और इससे ऊर्जा और आनंद दोनों में इजाफा महसूस होता है।

# बिहार विधानसभा चुनाव: 31 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज: एडीआर रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मैदान में उतर रहे 1,064 उम्मीदवारों में से 30 प्रतिशत से अधिक ने हलफनामे में उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार 23 प्रतिशत या 244 उम्मीदवारों ने उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। गंभीर आपराधिक मामले पांच साल से अधिक की सजा के साथ ही गैर-जमानती अपराध हैं। करीब 328 या 31 प्रतिशत उम्मीदवारों ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है।

रिपोर्ट के अनुसार कुल 375 या 35 फीसदी ने अपनी वित्तीय संपत्ति करोड़ों रुपए बताई है जबकि पांच उम्मीदवारों ने शून्य संपत्ति घोषित की है। उसके अनुसार विश्लेषण किए गए राजद के 41 उम्मीदवारों में से 30 (73 फीसदी) ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले और 22 (54 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। भाजपा के विश्लेषण किए गए 29 उम्मीदवारों में से 21 (72 फीसदी) ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की सूचना दी हैं और 13 (45 फीसदी) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

कांग्रेस के 21 उम्मीदवारों में से लगभग 12 (57 प्रतिशत), जद (यू) के 35 उम्मीदवारों में से 15 (43 प्रतिशत) और बसपा के 26 में से आठ उम्मीदवारों (31 प्रतिशत) ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। विशलेषण किए गए कांग्रेस के 21 उम्मीदवारों में से नौ (43 प्रतिशत), जद (यू) के 35 उम्मीदवारों में से 10 (29 प्रतिशत) और बसपा से विश्लेषण किए गए 26 उम्मीदवारों में से पांच (19 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। 29 उम्मीदवारों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है, जिनमें से तीन ने उनके खिलाफ बलात्कार से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है।

एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच के संस्थापक सदस्य एवं ट्रस्टी जगदीप छोकर ने कहा कि उम्मीदवारों के चयन में राजनीतिक दलों पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का कोई असर नहीं पड़ा है क्योंकि उन्होंने फिर से, टिकट देने की अपनी पुरानी प्रथा का पालन किया, लगभग 31 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार में पहले चरण में 28 अक्टूबर को 71 सीटों, दूसरे चरण में तीन नवंबर को 94 सीटों और तीसरे चरण में सात नवंबर को 78 सीटों पर मतदान होगा।



पटना में लोकजनशक्ति पार्टी के सांसद चिराग पासवान अपने पिता स्वर्गीय राम विलास पासवान के लिए श्राद्ध अनुष्ठान करते हुए

# राजनाथ ने डीआरडीओ की नई खरीद नियमावली का किया अनावरण



नई दिल्ली में मंगलवार को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) प्रोक्योरमेंट मैनुअल का नया संस्करण जारी करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और साथ में डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. सतीश रेड्डी

**भाषा।** नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न रक्षा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की नई खरीद नियमावली का अनावरण किया जिसमें प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है।

रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि नई नियमावली सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा अनुसंधान में स्टार्ट-अप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सहित निजी उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए लाई गई है। डीआरडीओ में सभी सौदे, परियोजनाएं और अनुसंधान पहल खरीद नियमावली से दिशा-निर्देशित होती हैं। सरकार भारत को रक्षा विनिर्माण का केंद्र बनाने के अपने विजन की पहले ही घोषणा कर चुकी है और इसने घरेलू रक्षा उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए कई सिलसिलेवार सुधार कदम उठाए हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, खरीद नियमावली-2020 रक्षा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओंकार्यक्रमों को तेज गति से आगे बढ़ाएगी।

नियमावली में संशोधित विशेषताएं विभिन्न रक्षा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में उद्योग की भागीदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि नई नियमावली की कुछ प्रमुख विशेषताएं हैं। इसमें व्यवस्था की गई है कि अगर सबसे कम बोली लगाने वाला (एल 1) पीछे हट जाता है तो ऑर्डर सबसे कम बोली लगाने वाले दूसरे नंबर के बोलीकर्ता (एल 2) को दे दिया जाएगा।

इसमें अग्रिम भुगतान की सीमा बढ़ाने तथा ईमानदारी के साथ धन जमा कराने के लिए बोली सुरक्षा विकल्प जैसे प्रावधान भी किए गए हैं। नई नियमावली की और भी कई खास विशेषताएं हैं। इससे पहले, 2016 में खरीद नियमावली में संशोधन किया गया था। रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में सरकार की नजर 2025 तक 1.75 लाख करोड़ रुपए के कारोबार पर है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र, राज्यपाल ने मांगी जानकारी

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में विधानसभा के विशेष सत्र की अनुमति मांगे जाने पर राज्यपाल ने इस संबंध में अधिक जानकारी मांगी है। राज्य सरकार इस सत्र में केन्द्र के कृषि कानूनों के खिलाफ विधेयक पेश कर सकती है।

राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने राज्यपाल अनुसुईया उइके से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए जाने के लिए अनुमति मांगी थी, लेकिन राज्यपाल ने इस संबंध में और अधिक जानकारी चाही है। अधिकारियों ने बताया कि राजभवन को विशेष सत्र की अनुमति से संबंधित फाइल भेजी गई तब राज्यपाल उइके ने अनुमति देने से पहले इस सत्र का विषय और सत्र बुलाए जाने का औचित्य पूछा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इस महीने की 27 और 28 तारीख को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहती है जिसमें केन्द्र के कृषि कानूनों के खिलाफ विधेयक पेश किए जा सकते हैं। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले ही कह चुके हैं कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानूनों का किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इसलिए उनकी सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर कानून बनाएगी जिससे केंद्रीय कृषि कानूनों के कारण छत्तीसगढ़ के किसान और मजदूर प्रभावित न हों।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पूर्ण बहुमत की सरकार को विधानसभा सत्र बुलाने से राज्यपाल नहीं रोक सकते हैं। लेकिन फिर भी राज्यपाल ने कुछ सवाल किए हैं तब इसका जवाब भेज दिया जाएगा। उसके बाद भी अनुमति नहीं मिलेगी, ऐसा मुझे नहीं लगता है। इस दौरान बघेल ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्य में राजभवन का उपयोग राजनीतिक रूप से क्यों किया जा रहा है।

# बैंकिंग नियमन कानून के प्रावधानों में संशोधन पर पुनर्विचार होः गहलोत

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर बैंकिग नियमन कानून के कुछ प्रावधानों में हालिया संशोधनों को राज्य के सहकारी बैंकों व सहकारिता की मूल भावना के विपरीत बताते हुए इन पर पुनर्विचार करने तथा पूर्व की व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया है।

गहलोत ने अपने पत्र में लिखा है कि संसद में हाल ही में पारित विधेयक संख्या 56 के माध्यम से बैंकिग नियमन कानून की धारा 10 व 10 ए को सहकारी बैंकों के लिए प्रभावी कर दिया गया है। इन संशोधनों के माध्यम से सहकारी बैंकों के संचालक मण्डल के 51 प्रतिशत सदस्यों के पास पेशेवर अनुभव होना आवश्यक कर दिया गया है जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। पत्र के अनुसार सहकारी बैंकों को वाणिज्यिक बैंकों की भांति शेयर एवं प्रतिभूतियां जारी करने का अधिकार शेयरधारकों के प्रतिनिधित्व एक व्यक्ति-एक वोट के सहकारी सिद्धांत के विपरीत उसकी शेयरधारिता से अधिक प्रतिशत पर दिए जाने का प्रावधान है जो सहकारिता के मूल सिद्धान्तों के विपरीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2001 के विभिन्न प्रावधानों में समिति के पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित कर्तव्य व मापदण्ड में किसी प्रकार की गलती करने पर संचालक मण्डल को भंग करने का अधिकार रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां में निहित है। सहकारी बैंकों में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर रिजर्व बैंक की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां द्वारा संचालक मण्डल को भंग करने के प्रावधान हैं।

संशोधन के बाद ये समस्त अधिकार रिजर्व बैंक को दे दिए गए हैं। परिवर्तित व्यवस्था से सहकारी बैंकों पर राज्य सरकार के सहकारी विभाग का प्रभावी नियंत्रण नहीं रह पाएगा। गहलोत ने लिखा कि कानून में कई संशोधन सहकारिता के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि सहकारी बैंकों में ग्रामीण पृष्ठभूमि के सदस्यों को देखते हुए पेशेवर अनुभव आवश्यक होने की शर्त तथा अन्य संशोधनों पर पुनर्विचार करते हुए पूर्व की व्यवस्था बहाल की जाए।

# फारुक अब्दुल्ला से ईडी की पूछताछ को लेकर राहुल का केंद्र पर निशाना

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नेशनल कान्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ की मंगलवार को आलोचना की और केंद्र पर आरोप लगाया कि वह अपनी जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के तौर पर कर रहा है।

गांधी ने कहा कि उनके सहित कई लोग इस हमले का सामना कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला से जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ में करोड़ों रुपए के घोटाले के सिलसिले में सोमवार को छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। इसके बाद हाल में गठित पीपुल्स अलायंस द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप लगाए गए। पीपुल्स अलायंस में मुख्य धारा की कई पार्टियां शामिल हैं। गांधी केरल की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान सरकार में एजेंसियों का उपयोग राजनीतिक हथियार के रूप में करने की एक प्रवृत्ति है। अगर कोई वैसा नहीं करता है जैसा वे राजनीतिक रूप से चाहते हैं, तो उन्हें लगता है कि वे सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल उन पर दबाव डालने और उन्हें धमकाने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ए संस्थान लोगों को न्याय दिलाने के लिए बनाए गए थे, राजनीतिक हथियार के तौर पर तथा प्रधानमंत्री के निजी हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए नहीं। गांधी ने कहा, यह केवल फारूक अब्दुल्ला का सवाल नहीं है, कई लोग इस हमले का सामना कर रहे हैं।

मैं निजी तौर पर इस हमले का सामना कर रहा हूं। मेरे खिलाफ कई मामले हैं और कई नेता हैं जो इस हमले का सामना कर रहे हैं। हालांकि, केरल में सोना तस्करी मामले में सीबीआई और ईडी की जांच के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा न्याय होना चाहिए। उन्होंने कहा, जांच एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। देखते हैं जांच कहां जाती है। न्याय होना चाहिए।

# गुड़ बनाने की इकाई में आग लगने से दो बच्चों की जलकर मौत

**भाषा।** मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)

**जिले** के ककरौली थाना क्षेत्र में गुड़ बनाने की एक इकाई में मंगलवार की शाम को आग लगने से दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। पुलिस के क्षेत्राधिकारी एस. एम. नेगी ने बताया कि साहिल (पांच) और उसकी बहन साहिना (चार) ईकाई में काम करने वाले अपने पिता असगर की मदद कर रहे थे तभी आग लग गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। अधिकारी ने बताया कि ऐसा लगता है कि इकाई में रखे ईख के सूखे हुए छिलके में आग लगी और पूरी इकाई में फैल गई। आग लगने के वास्तविक कारण का पता लगाया जा रहा है। दोनों बच्चों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

# आंध्रप्रदेश, ओडिशा, बंगाल में होगी बारिश

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● बंगाल की खाड़ी में बन रहा है कम दवाब का क्षेत्रः मौसम विभाग

**बंगाल** की खाड़ी में पिछले एक महीने में तीसरी बार मंगलवार को बने कम दबाव क्षेत्र से आंध्रप्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अगले तीन दिन तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तरी पश्चिमी बंगाल और सिक्किम, झारखंड , मध्यप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र, गुजरात में जिन हिस्सों में अभी भी दक्षिण-पश्चिमी मानसून सक्रिय है, उसके अगले दो-तीन दिन में वहां से हटने के लिए सही वातावरण तैयार हो रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून इस साल देरी से लौट रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आज, 20 अक्टूबर की सुबह बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में कम दबाव का क्षेत्र बना। अगले 48 घंटे में इसके और गहरे होने और शुरुआत में उत्तर-पश्चिम में बढ़ने और अगले तीन दिन में उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने का अनुमान है। विभाग के निदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि कम दबाव के क्षेत्र के कारण आंध्रप्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अगले तीन दिन में बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, इसके बाद यह ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्र की ओर बढ़ेगा जिससे उत्तरी-पूर्वी भारत मं 22-24 अक्टूबर तक मूसलाधार वर्षा का अनुमान है। कम दबाव के क्षेत्र के कारण दुर्गा पूजा के दौरान कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटवर्ती क्षेत्रों में कहीं-कहीं 22 अक्टूबर को बेहद भारी बारिश (115.6-204.4 मिली मीटर प्रति दिन) होने का अनुमान है। नगालैंड, मणपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 23 अक्टूबर को जबकि असम और मेघालय में 24 अक्टूबर को कहीं-कहीं भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है।

# विजयादशमी पर बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं करेंगी आरएसएस शाखाएं

**भाषा।** जयपुर

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखाएं कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इस बार विजयदशमी पर बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं करेंगी। इसके स्थान पर सीमित संख्या में विजयदशमी उत्सव होंगे जिनमें लोगों की उपस्थिति 100 से कम रखी जाएगी। जयपुर प्रांत के कार्यवाह गेंदालाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार इस बार विजयादशमी पर पंथ संचलन नहीं होंगे। एक बयान के अनुसार इस बार स्वयंसेवक अपने परिवार व मोहल्ले के कार्यक्रमों में जुड़कर शस्त्र पूजन कार्यक्रम मनाने पर ध्यान देंगे। वे अपने परिवारों में भी अष्टमी पर सेवा बस्ती की कन्याओं का पूजन व दशमी पर शस्त्र पूजन का आयोजन करेंगे।

# बोनस के भुगतान में देरी होने पर रेलवे कर्मचारियों ने विरोध किया

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड की तरफ से सख्त कार्वाई की चेतावनी को धता बताते हुए रेलवे कर्मचारियों ने उत्पादकता से जुड़े बोनस के भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी के खिलाफ ने मंगलवार को देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय रेलवेमेंस फेडरेशन ने इसकी जानकारी दी। फेडरेशन ने कहा कि अगर बोनस तत्काल जारी नहीं किया गया तो वह विरोध को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे और सीधा कार्वाई करेंगे। फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्र ने बयान जारी कर कहा कि फेडरेशन से मान्यता प्राप्त सभी यूनियनों ने उत्पादकता से जुड़े बोनस के भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी के खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड से कल सख्त कार्वाई की चेतावनी दिए जाने के बावजूद आठ लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने पूरे देश में इन विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। मिश्र ने कहा कि यह बोनस 201920 के लिए दिया जाना है जब कोरोना वायरस नहीं था और रेलवे ने लाभ कमाया था। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि रेल मंत्रालय ने सभी रेल कर्मचारियों को बोनस का भुगतान करने के लिए वित्त मंत्रालय को अपनी सिफारिश अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही भेज दी थी। पिछले चार दशक से दुर्गा पजा के एक सप्ताह पहले इम कर्मचारियों को बोनस भुगतान होता आया है। मिश्र ने कहा कि इस साल देरी क्यों हो रही है? एक तरफ प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री रेल कर्मचारियों के काम की सराहना कर रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ बोनस भुगतान को लेकर उनका रवैया अलग है।

# ऑक्सीजन की उपलब्धता के मामले में भारत बहुत अच्छी स्थिति में : स्वास्थ्य मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि देश में पिछले 10 महीने में ऑक्सीजन की कमी नहीं रही और सितंबर तक दैनिक उत्पादन क्षमता बढ़कर 6,862 मीट्रिक टन हो गई है जिसके अक्टूबर के अंत तक 7,191 टन हो जाने का अनुमान है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार ने पहले चरण में 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 246 ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र लगाने की प्रक्रिया शुरू की है जिनमें से 67 पूर्ण होने के विभिन्न स्तर पर हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ऐसे 150 संयंत्र और लगाए जाएंगे। भूषण ने कहा कि ऑक्सीजन की उपलब्धता के मामले में भारत काफी अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, पिछले 10 महीने में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं रही। इस समय भी कोई कमी नहीं है। हम काफी अच्छी स्थिति में हैं। भूषण ने बताया कि आईसीयू, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सुविधा वाले बिस्तरों पर मरीजों की संख्या एक सितंबर को 43,022 थी जो उस महीने के तीसरे सप्ताह में बढ़कर 75,000 हो गई।

इसके बाद यह संख्या कम होने लगी और मंगलवार को यह 57,000 से अधिक थी। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, गिरावट आई है, लेकिन एक सितंबर की तुलना में यह अब भी अधिक है। हालांकि यह चिंता की बात नहीं है क्योंकि हमारी क्षमता और भी ज्यादा है।

# तृकां कार्यकर्ताओं के हमले में भाजपा कार्यकर्ता की मौत, दो लोग गिरफ्तार

**भाषा।** बसीरहाटा,कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कथित हमले में भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। भाजपा नेताओं ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के बूथ कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्रनाथ मंडल पर कथित रूप से पिछले हफ्ते हमला किया गया जिसके बाद सोमवार को उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हमला हिंगलगंज इलाके के मंगलचांडी गांव में हुआ। पुलिस के अनुसार इलाके में एक बैठक करने को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई जिसमें मंडल घायल हो गए थे इसके बाद उन्हें बसीरहाट सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस बीच घटना में कथित रूप से शामिल रहने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है।

# पंजाब में कृषि विधेयकों का पारित होना ऐतिहासिक

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● विपक्षी शिरोमणि अकाली दल, आम आदमी पार्टी और लोक इंसाफ के विधायकों ने विधेयकों का समर्थन किया

**कांग्रेस** ने केंद्रीय कृषि कानूनों को निष्प्रभावी करने के मकसद से पंजाब विधानसभा में चार विधेयकों को पारित किए जाने को मंगलवार को ऐतिहासिक कदम करार दिया और कहा कि पंजाब ने नरेंद्र मोदी सरकार को अपनी गलती सुधारने का मौका दिया है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यह भी कहा कि अगर पंजाब के विधेयकों को अटकाने की कोशिश होती है तो किसानों के प्रति भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता को पूरा देश देखेगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पंजाब की विधानसभा में कृषि विधेयकों को पारित किए जाने के कारण आज एक ऐतिहासिक दिन है। यह सकारात्मक दिशा में रचा गया इतिहास है। सिंघवी ने कहा, हमने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आदेश के मुताबिक एक आदर्श विधेयक का मसौदा तैयार किया था और सुझाव के तौर पर कांग्रेस शासित राज्यों के पास भेजा गया था। पंजाब ने इसको लेकर पहल की और विधेयक पारित किए। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने अहंकार का परिचय देते हुए हालिया संसद सत्र के दौरान कृषि विधेयकों को पारित किया और यह सब नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, भाजपा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को वैकल्पिक बनाकर इसे खत्म करने का प्रयास किया। इस पर सरकार की तरफ से अब तक जवाब नहीं दिया गया है। पंजाब के विधेयकों के कानूनी विवाद में अटकने की आशंका संबंधी सवाल पर सिंघवी ने कहा, यह भाजपा सरकार के हाथ में है कि ए विधेयक अटकेंगे या नहीं। मेरा मानना है कि पंजाब ने मोदी जी और उनकी सरकार को एक मौका दिया है कि गलती सुधारें। उन्होंने कहा, अगर केंद्र सरकार अहंकार और जिद छोड़ दे तो यह उसके लिए गलती सुधारने का अवसर है। अगर वह अहंकार नहीं छोड़ती है तो किसानों के प्रति उसकी असंवेदनशीलता को पूरा देश देखेगा।

पंजाब के वित्त मंत्री मनप्रीत बादल ने कहा कि पंजाब खेती-किसान को लेकर कुछ बोलता है तो पूरा देश सुनता है और एक बार फिर उसने अपनी बात की है तो देश जरूर सुनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के अतिरिक्त सभी दलों के विधायकों ने इन विधेयकों को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की थी और उन्होंने इन पर सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिया है। गौरतलब है कि पंजाब विधानसभा ने मंगलवार को चार विधेयक सर्वसम्मति से पारित करने के साथ ही केंद्र के कृषि संबंधी कानूनों के खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया।

विपक्षी शिरोमणि अकाली दल, आप और लोक इंसाफ के विधायकों ने विधेयकों का समर्थन किया। राज्य सरकार के इन विधेयकों में किसी कृषि समझौते के तहत गेहूं या धान की बिक्री या खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर करने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान करता है। इसमें कम से तीन वर्ष की कैद का प्रावधान है।

# पेज 1 का शेष

## लॉकडाउन चला...

परिवार के बच्चों को, बुजुर्गों को उतने ही बड़े संकट में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में कोरोना से ठीक होने की दर अच्छी है, इससे होने वाली मौतों की दर कम है। उन्होंने कहा, दुनिया के साधन-संपन्न देशों की तुलना में भारत अपने ज्यादा से ज्यादा नागरिकों का जीवन बचाने में सफल हो रहा है। कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में जांच की बढ़ती संख्या हमारी एक बड़ी ताकत रही है। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि सेवा परमो धर्म के मंत्र पर चलते हुए डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी इतनी बड़ी आबादी की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं और इन सभी प्रयासों के बीच ये समय लापरवाह होने का नहीं है। उन्होंने कहा कि ये समय ये मान लेने का नहीं है कि कोरोना चला गया या फिर अब कोरोना से कोई खतरा नहीं है। मोदी ने कहा कि बरसों बाद हम ऐसा होता देख रहे हैं कि मानवता को बचाने के लिए युद्धस्तर पर काम हो रहा है और अनेक देश इसके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक भी टीके के लिए जी-जान से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में अभी कोरोना की कई टीकों पर काम चल रहा है। इनमें से कुछ एडवान्स स्टेज पर हैं। कोरोना का टीका जब भी आएगा, वो जल्द से जल्द प्रत्येक भारतीय तक कैसे पहुंचे इसके लिए भी सरकार की तैयारी जारी है। एक-एक नागरिक तक यह पहुंचे, इसके लिए तेजी से काम हो रहा है। फिर से लोगों को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा, याद रखिए, जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

## करीब तीन...

लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख का आंकड़ा पार कर गए थे। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, 19 अक्टूबर तक देशभर में कुल 9,61,16,771 नमूनों की जांच की गई है। सोमवार को 10,32,795 नमूनों की जांच हुई। बीते 24 घंटों में महाराष्ट्र में 125, कर्नाटक में 64, पश्चिम बंगाल में 63, छत्तीसगढ़ में 56, तमिलनाडु में 49 और दिल्ली में 31 मौतें हुई हैं। अब तक जितने लोगों की जान गई, उनमें महाराष्ट्र में 42,240, तमिलनाडु में 10,691, कर्नाटक में 10,542, उत्तर प्रदेश में 6,685, आंध्र प्रदेश में 6,453, पश्चिम बंगाल में 6,119, दिल्ली में 6,040, पंजाब में 4,029 और गुजरात में 3,643 से थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 70 प्रतिशत से अधिक मौतें मरीजों में अन्य बीमारियां होने के कारण हुईं।

## राजधानी को...

ने कहा कि अभी शुरुआत में कैंसर हॉस्पिटल की क्षमता 54 बेड की है, इसे शीघ्र ही 750 की क्षमता में उच्चीकृत कर दिया जाएगा। अगले चरण में 1250 बेड की क्षमता तक ले जाने का लक्ष्य है। इससे पहले काशी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से एक कैंसर हॉस्पिटल की शुरुआत हो चुकी है। दो नए फ्लाईओवर को लखनऊवासियों के लिए त्योहारी तोहफा बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ राजधानी है। इसे इसके गौरव के अनुरुप ससज्जित शहर का स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। दोनों आरओबी लखनऊ की करीब 20 लाख आबादी के लिए बड़ी सुविधा देने वाला सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के सांसद के तौर पर केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के विकास के प्रति समर्पण और आवश्यक मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो के उपहार के साथ साथ रिंग रोड और शहीद पथ की परिकल्पना राजनाथ सिंह जी के विजन का ही प्रमाण है। शहीद पथ तो आज लखनऊ की लाइफलाइन बन गई है। वर्चुअल माध्यम से सम्पन्न इस लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में दिल्ली से प्रतिभाग कर रहे केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी को कर्मयोगी की संज्ञा देते हुए लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के विकास के समन्वित प्रयास के लिए मुख्यमंत्री की तारीफ की। लखनऊ के सांसद के तौर पर नवलोकर्पित कैंसर इंस्टिट्यूट और दो नए उपरिगामी सेतुओं के लिए लखनऊ सहित पूरे प्रदेश को बधाई देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा की लखनऊ को मेट्रोपोलिटन शहर के रूप में विकसित किये जाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की बड़ी आवश्यकता है। पिछले तीन वर्षों में जिस तरह कई नए फ्लाईओवर तैयार हुए हैं, उनसे शहर के विकास को तेजी मिली है। राजनाथ सिंह ने लखनऊ स्मार्ट सिटी से सम्बंधित परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ किये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही भरोसा दिया कि केंद्र सरकार के स्तर से आवश्यक मदद मुहैया कराने के लिए उनकी ओर से प्रयासों में कोई कमी नहीं होगी। कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से जुड़े प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य में संचालित सेतु व सड़क परियोजनाओं को समय से और गुणवत्ता के साथ पूरा किये जाने के लिए सभी को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया और नवलोकर्पित कैंसर हॉस्पिटल के बीच एक एमओयू भी हस्ताक्षरित हुआ।

## जम्मू-कश्मीर...

एके राइफल और एक पिस्तौल सहित अन्य गोला बारूद बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलवामा जिले के हरकीपोरा क्षेत्र में एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से तीन हथियार बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान के साथ ही यह भी पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि वे किस आतंकवादी समूह से जुड़े हुए थे।

## पकड़े गए...

है कि रविवार की शाम सैनिक चरवाहों को उनके याक को इकट्ठा करने में मदद कर रहा था, इसी दौरान वह रास्ता भूल गया। चीनी पक्ष ने भारतीय समकक्षों को जवान के गुम होने के बारे में सूचना दी और थोड़ी ही देर बाद उसका पता लगा लिया गया। उसे मेडिकल चेकअप के बाद वापस भेज दिया जाएगा। भारतीय सेना ने सोमवार को कहा कि कॉरपोरल एलएसी पार कर भटक रहा था, उसी दौरान उसे पकड़ा गया। बयान में कहा गया है कि पीएलए की ओर से लापता सैनिक के बारे पता लगाने का निवेदन किया गया है। सेना ने कहा कि स्थापित प्रोटोकॉल के तहत औपचारिकताएं पूरी करने के पश्चात उसे चुशूल-मोल्डो मीटिंग प्वाइंट पर चीनी अधिकारियों को सौंपा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक पीएलए सैनिक से पूछा गया कि वह कैसे एलएसी पार कर भारतीय सीमा में आ गया।

## जाति, धर्म...

जाति, धर्म और परिवार की राजनीति करने का आरोप लगाया, साथ ही लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग गाय, भैंस का चारा खा गए, इन्हें फिर मौका नहीं मिलना चाहिए। कैमूर जिले के रामगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले 6 वर्षों में बिना भेदभाव के काम किया, आम जन मानस की योजनाओं को लाभ देने में जाति, मज़हब नहीं पूछा और सबका साथ सबका विकास के तहत सबको साथ लेकर चलने की कोशिश हुई। राजद पर तंज करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, इस पार्टी के पोस्टर में चार आदमी के अलावा पांचवे का चित्र भी नहीं होता। जहां पोस्टर में जगह नहीं मिलता है, वे सत्ता में क्या जगह देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में कोरोना से देश को बचाने के लिए सही वक्त पर सही फैसले लिए गए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी जी और नीतीश कुमार के शासन में गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है, गरीबों एवं किसानों को खाते में पैसा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजद का शासन होता तो क्या राशन मिलता? योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दल एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बात करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, हमने जनता का भी काम किया और राम का भी काम किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कश्मीर में आतंकवाद पर लगाम लगाने का काम किया और पाकिस्तान में घुसकर जवाब दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार का उत्तर प्रदेश से बहुत पुराना व गहरा नाता है और लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों की सेवा में अपने पूरे शासन को लगाया एवं उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा है और बिहार की सीमा तक भिजवाया।

## एआईएफएफ के अंतिम फैसले तक अनवर को खेलने की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जन्मजात हृदय संबंधी विकार का सामना कर रहे भारत के अंडर -17 विश्व कप फुटबॉलर अनवर अली को बड़ी राहत देते हुए उन्हें राष्ट्रीय महासंघ के अंतिम निर्णय लेने तक खेलने की अनुमति दे दी।अदालत ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की मेडिकल कमेटी की उस सिफारिश पर रोक लगा दी जिसमें उन्हें प्रतिस्पर्धी फुटबॉल खेलने से रोक दिया गया था। अली के वकील अमिताभ तिवारी ने बताया कि अदालत ने उस फुटबॉलर के पक्ष में फैसला सुनाया जिसने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की एआईएफएफ के निर्देश को चुनौती दी थी कि वह उसे कोलकाता के इस क्लब के साथ अभ्यास ना करने दें।

## जिनोआ ने सिरी ए में वेरोना को बराबरी पर रोका

**वेरोना (इटली)।** कोरोना वायरस के कारण सात खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद जिनोआ ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को हेलास वेरोना को गोल रहित बराबरी पर रोक दिया। तीन हफ्ते से अधिक समय में यह जिनोआ का पहला मैच था। वेरोना के चार मैचों में सात जबकि जिनोआ के तीन मैचो मे चार अंक है। वेरोना के खिलाफ जिनोआ को एक अंक दिलाने में गोलकीपर मातिया पेरिन की अहम भूमिका रही जिन्होने कई शानदार बचाव किए।

## वोल्व्स ने ईपीएल में लीड्स को हराया

**लीड्स।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मौजूदा सत्र में गोलों की बरसात थम गई जब सोमवार को वोल्व्स ने लीड्स को 1-0 से हराया जबकि वेस्ट ब्रोमविच अल्बियोन और बर्नले ने गोल रहित ड्रॉ खेला। वेस्ट ब्रोमविच अल्बियोन और बर्नले के बीच यह ड्रॉ इंग्लैंड की शीर्ष लीग के मौजूदा सत्र के 47वें मैच में पहला गोल रहित ड्रॉ है। वोल्व्स की ओर से एकमात्र गोल मैच के 70वें मिनट में राउल जिमेनेज ने दागा। सोमवार से पहले ईपीएल के मौजूदा सत्र में 46 मैचों में 171 गोल हो चुके थे और प्रीमियर लीग युग (1992 से) में कभी सत्र की शुरुआत में प्रति मैच इतने गोल का औसत देखने को नही मिला।

## जॉनसन ने कोलोन चैंपियनशिप के पहले दौर में सिलिच को हराया

**कोलोन।** स्टीव जॉनसन ने पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को हराकर कोलोन टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉनसन ने 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनका मुकाबला सोमवार को जुमहुर और फोक्निा के बीच होने वाले मैच के विजेता को होगा। आठवें वरीय मनारिनो ने पोपिरिन को 6-2, 6-2 से हराया।अगले दौर में उनका सामना केसमानोविच से होगा। जापान के निशिओका ने ब्रिटेन के एडमंड को 6-4, 6-0 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना सातवें वरीय यान स्ट्रफ और सेचिनातो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# धवन की मेहनत पर फिरा पानी

- पंजाब ने दिल्ली को 5 विकेट से हराया
- पूरण की पारी पड़ी भारी

**भाषा ।** दुबई



नाबाद 106 रन बेकार

शिखर धवन का लगातार दूसरा शतक निकोलस पूरण की तूफानी अर्धशतकीय पारी के सामने फीका पड़ गया जिसके दम पर किंग्स इलेवन पंजाब ने खराब शुरुआत के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर आईपीएल अपनी उम्मीदें बरकरार रखी।

बेहतरीन फार्म में चल रहे धवन के 61 गेंदों पर नाबाद 106 रन की मदद से दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 164 रन बनाए। धवन ने 12 चौके और तीन छक्के लगाए लेकिन उनके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज 20 रन तक भी नहीं पहुंचा। दिल्ली के बाकी बल्लेबाजों की यह नाकामी उसे भारी पड़ी क्योंकि पिच में कोई गड़बड़ी नहीं थी। ऐसे में गेल (13 गेंदों पर 29) के बावजूद पंजाब अपने तीन प्रमुख बल्लेबाजों को 56 रन पर गंवा चुका था। पूरण ने यहीं पर जिम्मेदारी संभाली तथा 28 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। मैक्सवेल (24 गेंदों पर 32) ने भी अहम योगदान दिया। पंजाब ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 167 रन बनाए। दिल्ली का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा जिसका पंजाब ने फायदा उठाया। पंजाब की यह दस मैचों में चौथी जीत है जिससे उसके आठ अंक हो गए हैं और वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली की तीसरी हार है।

### लगातार दो शतकीय पारी खेलने वाले आईपीएल के पहले बल्लेबाज बने

**दुबई।** शिखर धवन आईपीएल मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 106 रन की नाबाद पारी खेल कर इस टूर्नामेंट में लगातार दो शतकीय पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। इस शतकीय पारी के दौरान दिल्ली के सलामी बल्लेबाज ने कई और रिकार्ड अपने नाम किए जिसमे आईपीएल मे 5000 रन का आंकड़ा छूना और लगातार चार पारियो मे 50 रन से अधिक का स्कोर करना शामिल है। धवन ने पारी के 13वें ओवर में रवि बिश्नोई की गेंद पर छक्का लगाकर इस टूर्नामेंट में 5000 रनों के आंकड़े को छूने वाले पांचवे बल्लेबाज बन गए। उन्होने यह उपलब्धि 169वें मैच मे हासिल की। धवन इसके साथ ही आईपीएल मे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में डेविड वार्नर से आगे चौथे स्थान पर पहुंच गए। इस सूची मे पहले बेंगलोर के कप्तान कोहली 5759 रन के साथ पहले स्थान पर है। जबकि रैना (5368) दूसरे और मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित (5158) तीसरे स्थान पर है। पंजाब के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी के बाद धवन के नाम 5044 रन है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज वार्नर के नाम 5037 रन है। धवन उन चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची मे भी शामिल हो गए जिन्होंने इस टूर्नामेंट की लगातार चार या अधिक पारियो में अर्धशतक या उससे ज्यादा का स्कोर किया हो। इस सूची मे सहवाग (2012 मे डेयरडेविल्स), बटलर (2018 मे रॉयल्स), वार्नर (2019 मे सनराइजर्स ) पांच अर्धशतकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है जबकि लगातार चार पारियो मे 50 रन से अधिक का स्कोर करने वाले बल्लेबाजों मे धवन के अलावा विराट (2016 मे बेंगलोर) विलियमसन (2018 मे सनराइजर्स हैदराबाद) शामिल है।

### स्कोर

**दिल्ली कैपिटल्स** : सॉव का मैक्सवेल बो नीशाम 07, धवन नाबाद 106, अय्यर का राहुल बो एम अश्विन 14, पंत का अग्रवाल बो मैक्सवेल 14,स्टोइनिस का अग्रवाल बो शमी 09, हेटमायर बो शमी 10,**अतिरिक्त** (लेग बाई 01, वाइड 03) 04,कुल (20 ओवर में, पांच विकेट पर) 164,**विकेट पतन** :1-25, 2-73, 3-106, 4-141, 5-164, **गेंदबाजी** : मैक्सवेल 4-0-31-1,शमी 4-0-28-2,अर्शदीप 3-0-30-0,नीशाम 2-0-17-1, एम अश्विन 4-0-33-1,बिश्नोई 3-0-24-0

**किंग्स इलेवन पंजाब** :राहुल का सैम्स बो पटेल 15,अग्रवाल रन आउट 05,गेल बो आर अश्विन 29,पूरण का पंत बो रबाडा 53,मैक्सवेल का पंत बो रबाडा 32,हुड्डा नाबाद 15, नीशाम नाबाद 10,**अतिरिक्त** (बाई 01, नोबॉल 01, वाइड 06) 08,**कुल** (19 ओवर में, पांच विकेट पर) 167, **विकेट पतन** :1-17, 2-52, 3-56, 4-125, 5-147, **गेदबाजी**: सैम्स 4-0-30-0,रबाडा 4-0-27-2 ,पटेल 4-0-27-1,देशपांडे 2-0-41-0,आर अश्विन 4-0-27-1,स्टोइनिस 1-0-14-0

## आरसीबी से बदला चुकता करने उतरेंगे नाइटराइडर्स

- फर्ग्युसन की मौजूदगी से मजबूत हुई कोलकाता

**अबु धाबी।** तूफानी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन को देर से मौका देने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम ने लय हासिल कर ली है और बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सितारों से सजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने उतरेगी। विश्व कप के उपविजेता न्यूजीलैंड के स्टार तेज गेंदबाज फर्ग्युसन की क्षमता को जानने के लिए नाइट राइडर्स को नौ मैच और कप्तानी में बदलाव की जरूरत पड़ी। इयोन मोर्गन ने अंततः फर्ग्युसन को मौका दिया और उन्होंने अपनी तेजी और विविधता से सनराइजर्स हैदराबाद को ध्वस्त कर दिया। फर्ग्युसन ने केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिछले सत्र में केकेआर की ओर से पांच मैचों में सिर्फ दो विकेट चटकाने वाले फर्ग्युसन ने सत्र की अपनी पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को आउट किया और फिर अपनी तेज और धीमी गेंदों के मिश्रण से सभी बल्लेबाजों को परेशान किया। मोर्गन की अगुआई वाली केकेआर की टीम 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर है जबकि पांच मैच बचे हैं। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (नौ मैचों में तीन विकेट) उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में टीम को अब फर्ग्युसन से काफी उम्मीदें हैं। यह देखना रोमांचक होगा कि डिविलियर्स, आरसीबी के कप्तान विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज आरोन फिंच जैसे बल्लेबाजों के खिलाफ मोर्गन फर्ग्युसन का इस्तेमाल किस तरह करते हैं।

## युवाओं को मौका देंगे सुपरकिंग्स : धोनी

**अबु धाबी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी मैचों में उनकी टीम बदलाव करते हुए युवाओं को आजमाएगी लेकिन किसी भारतीय खिलाड़ी में अभी जरूरी जोश नहीं दिखा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात विकेट की हार के बाद जब फ्लेमिंग से पूछा गया कि समान टीम को खिलाने की टीम की नीति में बदलाव होगा तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह उचित है कि हम इसे बदल रहे हैं। आप बार-बार बदलाव नहीं करना चाहते। आप नहीं चाहते कि ड्रेसिंग रूम में असुरक्षा की भावना हावी हो। साथ ही युवा खिलाड़ियों में हमने वह चमक नहीं देखी कि बदलाव के लिए बाध्य होना पड़े।

### जाधव के चयन पर श्रीकांत ने धोनी की आलोचना की



**अबुधाबी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व मुख्य चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने केदार जाधव के चयन पर चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की आलोचना करते हुए पूछा कि उन्हे इस खिलाड़ी मे कौन सा प्रभाव नजर आया।श्रीकांत धोनी की उस टिप्पणी पर सवाल कर रहे थे जिसमे उन्होंने कहा चेन्नई सुपर किंग्स टीम मे शामिल युवाओं ने सीनियर्स को चुनौती देने और अंतिम 11 मे जगह बनाने के लिए जरूरी जोश नही दिखाया। श्रीकांत ने स्टार स्पोर्ट्स तमिल पर कहा, धोनी जिस प्रक्रिया के बारे बार कर रहे है मै उसे कभी स्वीकार नही करूंगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट की मेजबानी करेगा अहमदाबादः गांगुली

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को यहां कहा कि अहमदाबाद अगले साल की शुरुआत में इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान दिन-रात्रि टेस्ट की मेजबानी करेगा। इंग्लैंड को अगले साल जनवरी से मार्च तक पांच टेस्ट और सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करना है। सीपीआई (एम) विधायक अशोक भट्टाचार्य की किताब का कोलकाता प्रेस क्लब में विमोचन करते हुए गांगुली ने कहा, दिन-रात्रि टेस्ट की मेजबानी अहमदाबाद टेस्ट श्रृंखला के तीन संभावित स्थल अहमदाबाद, धर्मशाला और कोलकाता हो सकते हैं लेकिन गांगुली ने कहा कि उन्होंने अभी अंतिम फैसला नहीं किया है। गांगुली ने कहा, हमने कुछ अस्थाई योजना बनाई है लेकिन अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। हमारे पास अब भी चार महीने का समय है।

## पांचवें तेज गेंदबाज के लिए सिराज व शारदुल की दावेदारी

**भाषा।** नई दिल्ली



आस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट श्रृंखला

हैदराबाद के मोहम्मद सिराज आस्ट्रेलिया के आगामी दौरे पर भारत की टेस्ट टीम में पांचवें तेज गेंदबाज के रूप में जगह बनाने के लिए मुंबई के शारदुल ठाकुर को चुनौती देंगे जबकि भारत की संयुक्त टीम में जगह बनाने के लिए गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल भी दावेदार होंगे। चार टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित श्रृंखला से पहले सीमित ओवरों की दो श्रृंखलाएं (टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) भी होंगी और ऐसे में सुनील जोशी की अध्यक्षता में इस हफ्ते बैठक करने वाली चयन समिति के सभी तीनों प्रारूपों के लिए टीम में अधिक खिलाड़ियों को जगह देने की उम्मीद है। दो सीनियर तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार (जांघ की चोट) और इशांत शर्मा (मांसपेशियों में खिंचाव) के श्रृंखला से बाहर होने की आशंका है और ऐसे में मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और उमेश यादव के साथ नवदीप सैनी का चौथे तेज गेंदबाज के रूप में चुना जाना तय है। पांचवें तेज गेंदबाज की जगह सिराज को दी जा सकती है जिन्होंने भारत ए और रणजी ट्रॉफी टीम की ओर से लंबे प्रारूप के मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। नई गेंद को स्विंग कराने की क्षमता रखने वाले शारदुल भी टीम में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका टेस्ट पदार्पण बुरे सपने की तरह रहा था जब वह पहले ओवर में ही मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैच से बाहर हो गए। एमएसके प्रसाद ने कहा, सिराज ने पिछले कुछ सत्र में भारत ए के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि वे लाल गेंद का बेहतर गेंदबाज है और आस्ट्रेलियाई हालात में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। नई चयन समिति शिवम मावी पर भी गौर कर सकती है जिनमें निकट भविष्य में सभी प्रारूपों का गेंदबाज बनने की क्षमता है। शारदुल और चेन्नई टीम के उनके साथी दीपक चाहर का सफेद गेंद के प्रारूप में टीम में जगह बनाना लगभग तय है जहां उमेश को जगह मिलने की संभावना नहीं है। जहां तक विकेटकीपरों का सवाल है तो टीम में चार विकेटकीपर होंगे। सीमित ओवरों के प्रारूप में लोकेश राहुल पहली पसंद होंगे जबकि ऋषभ पंत (सभी प्रारूप) और संजू सैमसन (सिर्फ टी20) उनका साथ देंगे। टेस्ट प्रारूप में रिद्धिमान साहा भी टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे। सलामी बल्लेबाजों के रूप में रोहित, मयंक , पृथ्वी और शुभमन सभी प्रारूपों के लिए उपलब्ध रहेंगे। राहुल व धवन सीमित ओवरों में इस भूमिका के दावेदार होंगे और ऐसे में भारत के पास छह ऐसे खिलाड़ी हैं जो नई गेंद का सामना करने में सक्षम हैं। मध्यक्रम में जिम्मेदारी कप्तान कोहली, अय्यर, पांडे और हार्दिक पंड्या (सभी सीमित ओवरों के प्रारूप में) के कंधों पर होगी। हार्दिक के गेंदबाजी नहीं करने के कारण शिवम दुबे को बैकअप आलराउंडर के रूप में सीमित ओवरों के प्रारूप में जगह मिल सकती है।

### माता-पिता की सहमति से लंदन में हूं, परिवार में कोई मतभेद या कोच से समस्या नहीं: सिंधू

नई दिल्ली। विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने मंगलवार को कहा कि वह अपने परिवार और कोचों की सहमति से लंदन में हैं और इस तरह उन्होंने इनमें से किसी के भी साथ मतभेद की खबरों को खारिज किया। सिंधू के पिता ने हालांकि हैदराबाद में राष्ट्रीय शिविर से उनके खुश नहीं होने के बारे में कहा। ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू पिछले 10 दिन से लंदन में हैं और सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर गेटोरेड खेल विज्ञान संस्थान (जीएसएसआई) की खेल पोषण विशेषज्ञ रेबेका रेंडेल के साथ तस्वीर पोस्ट की। सिंधू जीएसएसआई में ही ट्रेनिंग कर रही हैं। एक खबर में दावा किया गया है कि सिंधू ने परिवार में तनाव के कारण देश छोड़ा है लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने इन अटकलों को खारिज किया। सिंधू ने मंगलवार को ट्विटर पर डाले बयान में कहा, मैं कुछ दिन पहले लंदन आई जिससे कि अपने जीएसएसआई के साथ अपने पोषण और उबरने से जुड़ी चीजों पर काम कर सकूं। मैं अपने माता-पिता की सहमति से यहां आई हूं और इस संदर्भ में परिवार में कोई मतभेद नहीं है। मुझे अपने माता-

### राजपूत को पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाने की छूट : जेडसी

**कराची।** जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेड.सी.) ने बताया कि हरारे स्थित भारतीय दूतावास से सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए कोच लालचंद राजपूत को पाकिस्तान दौरे से छूट देने की मांग करने के बाद उन्होंने टीम के साथ यात्रा नहीं की। जेड.सी ने ट्वीट किया, हरारे स्थित भारतीय दूतावास से राजपूत को पाकिस्तान दौरे से छूट देने की मांग के बाद वह इस दौरे पर नहीं जाएंगे। हरारे स्थित पाकिस्तान दूतावास ने उन्हें वीजा जारी कर दिया था। राजपूत की गैरमौजूदगी में गेंदबाजी कोच डगलस होंडो तीन मैचों की एकदिवसीय और इतने ही मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम के लिए इस जिम्मेदारी को निभाएंगे।

### न्यूजीलैंड के लिस्टर पहले कोविड-19 स्थानापन्न खिलाड़ी बने

**आक्लैंड।** आक्लैंड के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर मंगलवार को कोविड-19 के कारण पहले स्थानापन्न खिलाड़ी बने जब प्लंकेट शील्ड प्रथम श्रेणी क्रिकेट चैंपियनशिप के यहां चल रहे मुकाबले में उन्होंने टीम के अपने साथी मार्क चैपमैन की जगह ली। छह एकदिवसीय और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुके 26 साल के चैपमैन ने कथित तौर पर सोमवार को बीमार महसूस किया जिसके बाद उनका कोविड-19 परीक्षण किया गया।

## सरकार ने 18,540 करोड़ रुपए में 98.19 लाख टन धान की खरीद की

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य की खरीद एजेंसियों ने सोमवार तक 18,540 करोड़ रुपए के 98.19 लाख टन धान की खरीद की है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, खरीफ 2020-21 के लिए धान की खरीद पंजाब, हरियाणा, उ.प्र., तमिलनाडु, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और केरल जैसे खरीद करने वाले राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में तेज गति से प्रगति कर रही है जहां 19 अक्टूबर तक 8.54 लाख किसानों से 18,880 रुपए प्रति टन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की दर से 18,539.86 करोड़ रुपए मूल्य के 98.19 लाख टन से अधिक धान की खरीद की गई है।

### अमेरिकी सरकार गूगल के खिलाफ दायर करेगी मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग मंगलवार को गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर कर सकता है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दिग्गज आईटी कंपनी ऑनलाइन खोज में प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता हितों को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग कर रही है। इस मामले से परिचित एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। करीब 20 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ किए गए मुकदमे के बाद से ताजा मामला प्रतिस्पर्धा को बचाने के लिए सरकार द्वारा उठाया गया सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम है।

### ईपीएफओ से अगस्त में 10.05 लाख नए अंशधारक जुड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से अगस्त में शुद्ध रूप से 10.05 लाख अंशधारक जुड़े। वहीं जुलाई में यह संख्या 7.48 लाख थी। ईपीएफओ के ताजा पेरोल यानी तय वेतनमान पर रखे जाने वाले कर्मचारियों के आंकड़े से यह पता चलता है। यह आंकड़ा कोरोना वायरस महामारी के बीच संगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिति के बारे में जानकारी देता है। ईपीएफओ के पिछले महीने जारी अस्थाई पेरोल आंकड़े में इस साल जुलाई में शुद्ध रूप से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या 8.45 लाख बताई गई थी। इस आंकड़े को अब संशोधित कर 7.48 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है।

### कंपनियों पर खुद की प्राकृतिक गैस, सीबीएम खरीदने पर रोक

**नई दिल्ली।** सरकार ने गैस विपणन मामले में दी गई आजादी से संबंधित नए अधिसूचित दिशानिर्देशों में प्राकृतिक गैस और कोल बैड मीथेन (सीबीएम) के उत्पादकों को खुद की गैस खरीदने पर रोक लगा दी है। सरकार ने 15 अक्टूबर को प्राकृतिक गैस विपणन सुधार को अधिसूचित करते हुए गैस उत्पादकों को एक मानक ई- बोली प्रक्रिया के जरिए गैस का बाजार मूल्य खोजने की आजादी दी थी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने गैस क्षेत्र में इन सुधारों को मंजूरी दी थी।

### तीस्ता-छह पनबिजली परियोजना के विलय को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की जल विद्युत कंपनी एनएचपीसी के निदेशक मंडल ने लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लि. के कंपनी में विलय प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एनएचपीसी ने 500 मेगावाट तीस्ता- 6 पनबिजली परियोजना को कंपनी ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया के तहत हासिल किया है। लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लि. सिक्किम में तीस्ता नदी पर 500 मेगावट क्षमता (125-125 मेगावाट की चार इकाइयां)की तीस्ता-6 पनबिजली परियोजना पर काम कर रही है।

## कृषि, ग्रामीण श्रमिकों के लिए महंगाई सितंबर में हल्की नरम

**भाषा।** नई दिल्ली

कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति इस साल सितंबर महीने में मामूली घटकर क्रमशः 6.25 और 6.1 प्रतिशत रही। हालांकि खाद्य वस्तुओं के दाम ऊंचे बने हुए हैं।

कृष श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा महंगाई दर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक (सीपीआई-एएल) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण श्रमिक (सीपीआई-आरएल) के संदर्भ में मापी जाती है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि कृषि श्रमिकों की महंगाई दर सितंबर में कम होकर 6.25 प्रतिशत और ग्रामीण कामगारों के लिए 6.1 प्रतिशत रही जबकि इससे पहले अगस्त में यह क्रमशः 6.32 प्रतिशत और 6.28 प्रतिशत थी। सूचकांक में वृद्धि राज्यों के हिसाब से अलग-अलग रही। कृषि श्रमिकों के मामले में 20 राज्यों में सूचकांक। से 23 अंक तक बढ़ा। तमिलनाडु यह सूचकांक 1,234 अंक के साथ सबसे ऊपर जबकि हिमाचल प्रदेश 816 अंक के साथ सबसे नीचे रहा। ग्रामीण कामगारों के मामले में 20 राज्यों में 2 से 20 अंक की वृद्धि हुई। तमिलनाडु 1,218 अंक के साथ सूचकांक सारणी में सबसे ऊपर जबकि हिमाचल प्रदेश 863 अंक के साथ सबसे निचले रहा। कृषि श्रमिकों के मामले में सीपीआई में सर्वाधिक 23 अंक की वृद्धि हिमाचल प्रदेश में दर्ज की गई। वहीं ग्रामीण कामगारों के संदर्भ में जम्मू कश्मीर में सर्वाधिक 20 अंक की वृद्धि हुई। इस वृद्धि का कारण मुख्य रूप से गेहूं आटा, दाल, सरसों तेल, दूध, प्याज, सूखी मिर्च, लहसुन, अदरक, नाई की दरें, बस किराया, सब्जी, फलों के दाम आदि में वृद्धि है। अखिल भारतीय सीपीआई संख्या कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए सितंबर, 2020 में क्रमशः 11 अंक और 10 अंक बढ़कर 1,037 और 1,043 अंक रहे। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के सामान्य सूचकांक में वृद्धि को लेकर मुख्य रूप से योगदान खाद्य वस्तुओं का रहा। कृषि श्रमिकों के मामले में यह 9.20 और ग्रामीण मजदूरों के मामले में 8.95 अंक था। इसका कारण मुख्य रूप से अरहर दाल, मसूर दार, मूंगफली तेल, सरसों तेल, सब्जी और फलों के दाम में तेजी है।

### मनसून की अधिक बरसात से खरीफ फसलों पर असर,रबी का रकबा बढ़ा: एनबीएचसी

**मुंबई।** मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा के कारण, किसानो ने अब तक रिकॉर्ड 1,095.37 लाख हेक्टेयर रकबे मे रबी की बुवाई की है, लेकिन राष्ट्रीय थोक हैडलिंग निगम के वर्ष 2020-21 के लिए पहले खरीफ फसल अनुमान के अनुसार अति वृष्टि से चावल और मक्का जैसे अनाज का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। एनबीएचसी ने एक बयान मे कहा कि कुल 19 राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशो मे इस साल सामान्य बारिश हुई है, जबकि नौ राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशो मे सामान्य से अधिक बारिश हुई। मानसून के बाद के चरण में, महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सो मे चक्रवात से मध्यम से भारी वर्षा हुई है। एनबीएचसी ने कहा कि कृषि आयुक्त द्वारा प्रारंभिक रिपोर्टो मे यह उल्लेख किया गया कि बारिश के कारण 4.5 लाख हेक्टेयर मे सोयाबीन, मक्का, गन्ना और अरहर की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। एनबीएचसी के अनुसंधान एवं विकास विभाग के प्रमुख हनीस कुमार सिन्हा ने कहा धान के रकबे मे 6.74 प्रतिशत का सुधार होने के बावजूद उत्पादन पिछले साल की तुलना मे 2.20 प्रतिशत कम होने की संभावना है।

### सोने में 268 और चांदी में 1,126 रुपए की हानि

**नई दिल्ली।** बहुमूल्य धातुओं के वैश्विक बाजार मे नरमी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 268 रुपए की हानि के साथ 50,860 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र मे सोना 51,128 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,126 रुपए की गिरावट के साथ 62,189 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### बैंकों की डॉलर खरीद और रुपए में 12 पैसे की गिरावट

**मुंबई।** विदेशीमुद्रा का प्रवाह बढने के बावजूद सरकारी बैंको की ओर से डॉलर की खरीद बढ़ने से मंगलवार को उसके मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 73.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी पूंजी निवेश होने और घरेलू शेयर बाजार की तेजी ने रुपए की गिरावट कुछ थम गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.36 पर खुला तथा कारोबार के दौरान 73.29 से 73.53 के दायरे मे घट बढ़ के बाद अंत मे 12 पैसे की गिरावट के साथ 73.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### एस्सार ने स्टेन इवार बाई को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** एस्सार ऑयल यूके लि. ने मंगलवार को स्टेन इवार बाई को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की। कंपनी की ब्रिटेन में स्टैनलो में रिफाइनरी है। कंपनी ने एक बयान मे कहा कि उनके पास तेल और ऊर्जा क्षेत्र मे 28 साल से अधिक का अनुभव है। उन्होंने यूरोप, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और एशिया मे काम किया है।

### यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ने से कलपुर्जे बाजार की मांग बढ़ी : एक्मा

**मुंबई।** बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी के रुझान के बीच सर्विस बाजार में कलपुर्जों की मांग भी बढ़ी है।

इसके अलावा कोविड-19 संकट के बीच लोगों के बीच निजी कारों का उपयोग बढ़ने और पुरानी कारों की खरीद बढ़ने से भी सर्विस बाजार को समर्थन मिला है। वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन एक्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वाहन उद्योग ने रफ्तार पकड़ी है।

### चीन के अरबपतियों की संपत्तियों में जबर्दस्त इजाफा, जैक मा पहले नंबर पर

**बीजिंग।** कोरोना वायरस महामारी के बीच चीन के सबसे अमीर उद्योगपति जैक मा की परिसंपत्तियों में जोरदार इजाफा हुआ है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अलीबाबा के संस्थापक मा इस साल भी चीन के सबसे अमीर उद्योगपति रहे।

### जिंदल स्टील ने रेल की नई ग्रेड तैयार की, भारतीय रेलवे ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने जिंदल स्टील एंड पावर लि. (जेएसपीएल) द्वारा विकसित नई रेल को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने द्रुत गति तथा उच्च-एक्सल लोड ऐप्लिकेशंस के लिए रेल की नई ग्रेड का विकास किया है।

## उच्च स्तरीय अधिकारियों की मंजूरी के बाद ही होगी आयकर छापे की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** आयकर आकलन के लिए टीडीएस महानिदालय द्वारा सूचनाएं जुटाने के उद्येश्य से सर्वे (छापे) की कार्वाई प्रधान मुख्य आयुक्त अथवा मुख्य आयुक्त स्तर के अधिकारी की मंजूरी के बाद ही की जा सकेगी। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने अधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। जहां कहीं भी विभाग की जांच करने वाले केन्द्रीय सर्किल (जांच एवं जब्ती सहित), अंतरराष्ट्रीय सर्किल, एनईएसी (राष्ट्रीय ई- आकलन केन्द्र) अथवा राष्ट्रीय चेहरा रहित आकलन केन्द्र (एनएफएसी) के तहत सर्वे की कार्वाई की आवश्यकता है उसके लिए पहले उच्च स्तरीय अधिकारियों के एक समूह द्वारा मंजूरी जरूरी होगी। यह निर्देश धारा 133ए के तहत जारी किया गया है। सीबीडीटी ने कराधान एवं अन्य कानून (कुछ प्रावधानों में राहत एवं संशोधन) अधिनियम 2020 प्रभावी बनाते हुए यह कदम उठाया है। आयकर सर्वे (छापे) के लिए अधिकारी करदाताओं के ठिकानों पर जा कर उनके लेखा खातों, इलेक्ट्रानिक साधनों में रखी गई सूचनाओं को खंगालते हैं। आयकर कानून की धारा 1ए के तहत टीडीएस निदेशालय द्वारा कोई सर्वे उसके खुद के अधिकारी द्वारा ही किया जाएगा। क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीआईटी) अथवा मुख्य आयकर आयुक्त (टीडीएस) द्वारा टीडीएस सर्किल का नेतृत्व किया जा रहा है, ऐसे मामले में वैद्यीकरण अथवा सर्वे की कारवाई का काम क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अथवा मुख्य आयकर आयुक्त (टीडीएस) द्वारा मंजूर किया जाना चाहिए।

## सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 113 अंक चढ़ा

- निफ्टी भी 24 अंक बढ़ा




**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में तेजी के संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 113 अंक चढ़कर 40,500 अंक से ऊपर निकल गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 24 अंक बढ़कर 11,900 अंक के करीब पहुंच गया। बाजार में एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टैक्नालॉजी और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जिससे इनके शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 कंपनी शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 112.77 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 40,544.37 अंक पर ऊंचा बंद हुआ वहीं एनएसई का निफ्टी सूचकांक 23.75 अंक यानी 0.20 प्रतिशत बढ़कर 11,896.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक 4.19 प्रतिशत बढ़त के साथ सर्वाधिक तेजी वाला शेयर रहा। इसके बाद टेक महिन्द्रा, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एण्ड टुब्रो, टीसीएस, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, नेस्ले इंडिया और इन्फोसिस में भी बढ़त दर्ज की गई। इसके विपरीत ओएनजीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, एचडीएफसी और स्टेट बैंक के शेयरों में 2.67 प्रतिशत तक की गिरावट रही। हिन्दुस्तान यूनीलीवर का शेयर 0.31 प्रतिशत घटकर बंद हुआ।

# ट्रंप नियमों में अनुचित बदलाव के बाद भी बाइडेन के साथ बहस को तैयार

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने इसी सप्ताह अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के साथ बहस में शामिल होने की पुष्टि की है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच होने वाली बहस के लिए नियमों में किए गए अनुचित बदलावों को लेकर आपत्ति जताई।बाइडेन डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (74) और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन (77) के बीच अंतिम बहस 22 अक्टूबर को टेनेसी के नैशविले में बेलमोंट विश्वविद्यालय में होने वाली है।अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों के बीच अंतिम बहस से पहले बहस संचालित करने वाले आयोग (सीपीडी) ने नए नियमों की घोषणा की है। इनके तहत प्रतिद्वंद्वी वक्ताओं के माइक्रोफोन दो मिनट के लिए बंद कर दिए जाएंगे ताकि अपना पक्ष रखने जा रहा उम्मीदवार अपनी बात की शुरुआत निर्बाध तरीके से कर सके।ट्रंप ने एयर फोर्स वन में सोमवार को संवाददाताओं से कहा,"मैं भाग लूंगा, मुझे लगता है कि यह काफी अनुचित है।उन्होंने कहा, मैं भाग लूंगा, लेकिन यह काफी अनुचित है कि उन्होंने विषयों को बदल दिया और यह भी बहुत अनुचित है कि फिर से हमारे सामने पूरी तरह से पक्षपाती एंकर होंगे। ट्रंप बहस के नियमों में बदलाव के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप के अभियान प्रबंधक बिल स्टीफ़न ने सोमवार को सीपीडी को एक पत्र लिख कर नए विषयों को लेकर चिंता जताई। तीसरी और अंतिम बहस का संचालन एनबीसी न्यूज संवाददाता क्रिस्टन वेलकर करेंगी।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनावः बहस के पहले दो मिनट बंद रहेगा प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का माइक्रोफोन स्पीकर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों के बीच अंतिम बहस से पहले बहस संचालित करने वाले आयोग ने नए नियमों की घोषणा की है। इनके तहत प्रतिद्वंद्वी वक्ताओं के माइक्रोफोन स्पीकर दो मिनट के लिए बंद कर दिए जाएंगे ताकि अपना पक्ष रखने जा रहा उम्मीदवार अपनी बात की शुरुआत निर्बाध तरीके से कर सके।रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (74) और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन (77) के बीच अंतिम बहस 22 अक्टूबर को टेनेसी के नैशविले में बेलमोंट विश्वविद्यालय में होने वाली है।नए नियमों के मुताबिक ट्रंप और बाइडेन दोनों को ही बहस के 15 मिनट वाले प्रत्एक खंड के दौरान शुरुआती दो मिनट निर्बाध रूप से बोलने के लिए दिए जाएंगे। आयोग ने सोमवार को जारी एक वक्तव्य में कहा, जो उम्मीदवार बोलने जा रहा होगा, इस दो मिनट में केवल उसी का माइक्रोफोन चालू रखा जाएगा।



टाक्सन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी चुनावी रैली के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए

# जबरन धर्मांतरण से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में नाकाम रहा पाकिस्तान : संसदीय कमेटी

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक संसदीय कमेटी ने कहा है कि देश जबरन धर्मांतरण से धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पाया है। सांसद अनवारूल हक काकर की अध्यक्षता में जबरन धर्मांतरण मामलों पर गौर करने के लिए एक संसदीय कमेटी ने हाल में सिंध के कुछ इलाकों का दौरा किया जहां से हिंदू लड़कियों के जबरन धर्मांतरण के कई मामले आए हैं। काकर ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि देश जबरन धर्मांतरण से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर सका है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि अधिकतर मामलों में कुछ हद तक रजामंदी भी थी। एक सवाल पर काकर ने कहा कि जबरन धर्मांतरण की कई परिभाषा हैं और कमेटी ने इस पर व्यापक चर्चा की है। उन्होंने कहा, बेहतर जीवनशैली के लिए किए गए धर्मांतरण को भी जबरन धर्मांतरण माना जाता है, आर्थिक कारणों से हुए धर्मांतरण को शोषण माना जा सकता है लेकिन यह जबरन धर्मांतरण नहीं है क्योंकि यह सहमति से होता है। काकर ने कहा कि जो लोग हिंदू लड़कियों को बाहर निकलने और अपनी इच्छा से शादी करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं वे अपनी बेटियों के मामले में उदारता नहीं दिखाते। उन्होंने कहा कि सबसे दुखद स्थिति यह है कि परिवार के दुख और दर्द पर विचार नहीं किया जाता।काकर ने विवाह के लिए नए नियमों को लागू करने का सुझाव दिया जिसमें शादी के समय अभिभावक की मौजूदगी को अनिवार्य किया जाए। रिपोर्ट के मुताबिक सांघर, घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर और मीरपुरखास जिलों में जबरन धर्मांतरण के सबसे ज्यादा मामले आते हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों से कम ही मामले आते हैं जबकि पंजाब से ईसाई समुदाय के धर्मांतरण के कुछ मामले सामने आए हैं।

> ● रिपोर्ट के मुताबिक सांघर, घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर और मीरपुरखास जिलों में जबरन धर्मांतरण के सबसे ज्यादा मामले आते है

# हिंदू समूहों ने मीना हैरिस से माफी की मांग की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस की भतीजी मीना हैरिस द्वारा ट्वीट की गई एक तस्वीर को लेकर अमेरिका में हिंदू समुदाय के बीच नाराजगी है। तस्वीर में कमला हैरिस को दुर्गा मां के रूप में दिखाया गया है और समुदाय ने इसके लिए मीना से माफी की मांग की है। पेशे से वकील और बाल पुस्तकों की लेखक 35 वर्षीय मीना ने अब वह ट्वीट हटा दिया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सुहाग ए शुक्ला ने एक ट्वीट किया, आपने मां दुर्गा की जो तस्वीर साझा की जिसमें उनके चेहरे पर दूसरा चेहरा लगाया गया है उससे दुनियाभर में हिंदू समुदाय के अनेक लोग व्यथित हैं। हिंदू अमेरिकी समुदाय के इस प्रतिनिधि संगठन ने धर्म से संबंधित तस्वीरों के व्यवसायिक इस्तेमाल को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।हिंदू अमेरिकन पोलिटीकल एक्शन कमेटी के ऋषि भूतड़ा ने कहा कि अपमानजनक तस्वीर मीना हैरिस ने नहीं बनाई और उनके ट्वीट करने से पहले यह तस्वीर वॉट्एसप पर चल रही थी। भूतड़ा ने कहा कि बाइडेन के अभियान ने उन्हें इस बात की पुष्टि की है कि तस्वीर उनकी तरफ से नहीं बनाई गई है।अमेरिकन हिंदूज अगेंस्ट डिफेमेशन के अजय शाह ने एक वक्तव्य में कहा कि तस्वीर अपमानजनक है और इससे धार्मिक समुदाय में नाराजगी है। तस्वीर में कमला हैरिस को दुर्गा मां के रूप में दिखाया गया है जो महिषासुर के तौर पर पेश किए गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का संहार कर रही हैं।

# जापान के प्रधानमंत्री सुगा इंडोनेशिया पहुंचे

**एपी।** जकार्ता

**जापान के** प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा अपनी पहली विदेश यात्रा के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को इंडोनेशिया पहुंचे। सुगा की इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में चीन के खिलाफ अपनी सरकार के उद्देश्यों को रेखांकित करना है।

सुगा दक्षिणपूर्व एशिया के दो देशों की चार दिवसीय यात्रा के बीच में वियतनाम से यहां पहुंचे। उन्होंने कहा दोनों दक्षिण एशियाई देश मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह चीन के बढ़ते प्रभाव और दक्षिण चीन सागर को लेकर अन्य सरकारों के साथ विवादों में चीनी हठधर्मिता का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण है।



जापान अपने मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत दृष्टि को आगे बढ़ाने में सहयोग के लिए दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देशों पर जोर दे रहा है।जापान यह बात सामने रखना चाहता है कि चीन के विपरीत वह नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करता है जो अपने व्यापक दावों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पंचाट के फैसलों को मानने से इनकार करता है। उम्मीद की जा रही है कि सुगा कोरोना वायरस से मुकाबले के लिए उपायों और महामारी से प्रभावित इंडोनेशियाई अर्थव्यवस्था को जापान के संभावित सहयोग पर चर्चा कर सकते हैं। जापान इंडोनेशिया के साथ अपने रक्षा संबंधों को गहरा करने के साथ ही रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते को आगे बढ़ाना चाहता है। जापान ने सोमवार को वियतनाम के साथ एक ऐसे ही समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जापान का अमेरिका, ब्रिटेन, फिलिपिन और मलेशिया सहित एक दर्जन देशों के साथ रक्षा उपकरण हस्तांतरण समझौते हैं।जकार्ता के बाहर, बोगोर में राष्ट्रपति भवन में एक स्वागत समारोह और पौधा रोपण के बाद, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो से सुगा की मुलाकात होगी। सुगा का बुधवार को जापानी कंपनियों से संबंधित लोगों से मिलने और ताक्यो लौटने का कार्यक्रम है। तोक्यो लौटने से पहले वह कालीबाता हीरोज सेमेट्री में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

# राजदूत की कथित धमकी वाले बयान पर कनाडा-चीन के बीच विवाद तेज

**टोरंटो।** कनाडा में चीन के राजदूत के बयान को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद तेज हो गया है जबकि कनाडाई मीडिया में चीनी राजदूत की आलोचना पर बीजिंग ने नाराजगी जाहिर की है।

कनाडा और चीन के बीच आरोप-प्रत्यारोप का यह दौर ऐसे समय में शुरू हुआ है जब दोनों देशों के बीच का संबंध हाल के वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। दरअसल संबंधों में गिरावट की बड़ी वजह कनाडा द्वारा टेलिकॉम कंपनी हुआवी की एक शीर्ष कार्यकारी अधिकारी को हिरासत में लिया जाना और फिर जवाबी कार्वाई में चीन में कनाडा के दो लोगों की गिरफ्तारी है।वहीं, यह हालिया नया विवाद कनाडा में चीन के राजदूत कोंग पियू द्वारा हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिंसक अपराधी बताने और यह कहने के बाद शुरू हुआ है कि अगर कनाडा इन लोगों को शरण देता है तो यह चीन के आंतरकि मामलों में हस्तक्षेप करने जैसा होगा।ओटावा में चीनी दूतावास से एक ऑनलाइन समाचार सम्मेलन में कोंग ने कहा था, अगर कनाडा वास्तव में हांगकांग की समृद्धि और स्थिरता तथा हांगकांग में कनाडा का पासपोर्ट रखने वाले 300,000 लोगों और हांगकांग एसएआर में बड़ी संख्या में संचालित कर रहीं कनाडा की कंपनियों के कल्याण और सुरक्षा के बारे में सोचता है तो आपको हिंसा से लड़ने वाले प्रयासों का समर्थन करना होगा। कोंग से जब यह पूछा गया कि क्या उनकी टिप्पणी धमकी है तो उन्होंने जवाब में कहा, यह आपकी व्याख्या है। कनाडा की उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने सोमवार को संसद में कहा कि राजदूत की टिप्पणी दोनों देशों के बीच उचित राजनयिक संबंधों की भावना को बनाए रखने जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि चीन में मानवाधिकार के लिए कनाडा आवाज उठाता रहेगा और हांगकांग में रहने वाले अपने नागरिकों का समर्थन करता रहेगा और वह इसके लिए कनाडाई नागरिकों को आश्वस्त करती हैं।



लंदन में कैबिनेट बैठक के बाद बाहर आते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन

## क्विक न्यूज

### छह रूसी सैन्य अधिकारियों पर बड़े पैमाने पर हैकिंग के आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति चुनाव, दक्षिण कोरिया के शीतकालीन ओलंपिक और अमेरिकी व्यवसायो को निशाना बनाने वाले वैश्विक साइबर हमले के सिलसिले में रूसी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ सोमवार को आरोपो की घोषणा की।विभाग ने आरोप लगाया कि क्रेमलिन की इसी इकाई ने 2016 के अमेरिकी चुनावों में हस्तक्षेप किया था। अभियोग मे छह प्रतिवादियो पर आरोप लगाए गए है। ए सभी जीआरयू के रूप में जाने जाने वाले रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के वर्तमान और पूर्व अधिकारी बताए जा रहे हैं। अभियोजन पक्ष का कहना है कि ए हैकिंग रूस के भू-राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने और कथित दुश्मनों को अस्थिर करने या दंडित करने के मकसद से की गई थी। इन हमलों की वजह से अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और पेंसिल्वेनिया में स्वास्थ्य देखभाल, यूक्रेन में एक पावर ग्रिड और फ्रांसीसी चुनाव समेत जन-जीवन के एक बड़े हिस्से को बाधित किया था।

### इजराइल में इसी महीने शुरू होगा कोविड-19 टीके का मानव परीक्षण

**यरुशलम।** इजराइल के कोविड-19 टीके ब्रिलाइफ का मानव परीक्षण अक्टूबर माह के अंत तक आरंभ होगा। इजराइली रक्षा मंत्री बेनी गांट्ज ने टीके के मानव परीक्षण की शुरुआत के संबंध में कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण और राष्ट्रीय गौरव की बात है तथा यह देश-दुनिया के लिए एक बड़ी खबर ला सकता है।यह टीका इजराइल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल रिसर्च (आईआईबीआर) ने विकसित किया है। इजराइल ने अगस्त में दावा किया था कि उसके पास कोरोना वायरस का टीका है लेकिन इसे नियामक प्रक्रियाओं से गुजरना होगा और इन प्रक्रियाओ की शुरुआत मानव परीक्षण के साथ होगी। गांट्ज सोमवार को आईआईबीआर पहुंचे जहां उन्हे टीके के मानव परीक्षण के बारे में जानकारी दी गई। उन्होने इस अवसर पर कहा, हमारे लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है। स्टाफ ने शानदार काम किया है...यदि प्रक्रिया सफल रहती है तो यह देश-दुनिया के लिए बड़ी खबर हो सकती है। मै आईआईबीआर के सभी अनुसंधानकर्मियो और प्रशासकों का धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं। आईआईबीआर के निदेशक शैम्यूल शापिरा ने इस दौरान संभावित टीके के नाम ब्रिलाइफ का अनावरण किया।

### कोविड-19 निर्देशों के उल्लंघन के कारण पाकिस्तान में संक्रमण से होने वाली मृत्यु दर बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान मे कोविड-19 के निर्देशो और सामाजिक दूरी के लगातार उल्लंघन के कारण ही पिछले कुछ दिनो में संक्रमण से होने वाली मृत्यु दर में 140 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पाकिस्तान में कोरोना वायरस मामलों के प्रभारी योजना एवं विकास मंत्री असद उमर ने ट्वीट कर चेतावनी दी कि यदि लोगो ने सामाजिक दूरी के नियमो का पालन नही किया तो हम जीवन और जीविका दोनो से हाथ धो बैठेंगे। उनकी यह टिप्पणी मंगलवार को सैन्य समर्थित कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर में संक्रमण के 625 नए मरीज मिलने और 14 मरीजो की मौत की जानकारी मिलने के बाद आई। प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि आने वाले दिनो में बढ़ती ठंड और प्रदुषण के कारण पाकिस्तान के बड़े शहर फिर से कोविड-19 की चपेट मे आ सकते है।पाकिस्तान मे अब तक संक्रमण के कुल 324,084 मामले सामने आए है जिनमे से 6,673 मरीजो की मौत हो चुकी है।

### सीमा बंद होने के कारण नदी में नौका में सवार होकर अपनी पोती की शादी के साक्षी बने दादा-दादी

**सेंट स्टीफन (कनाडा)।** अमेरिका के मेन में रहने वाले कनाडा के एक युगल ने सीमा बंद होने के बावजूद ऐसा इंतजाम किया ताकि उनके दादा-दादी उनकी शादी देख सकें।एलेक्स लेक्की और लिंडसे क्लॉवस ने सेंट स्टीफन मे एक घाट पर शादी की और उनके रिश्तेदार मेन के कालिस मे सेंट क्रोए नदी मे एक नौका मे सवार होकर शादी के साक्षी बने।क्लॉवस ने कहा कि सीमा के दोनो ओर परिवार को देखना एक भावुक पल था। यात्रा प्रतिबंध के कारण ग्रीष्मकाल में नोवा स्कॉटिया मे शादी टालने के बाद दम्पत्ति ने इस तरह शादी करने का फैसला किया। सेंट स्टीफन ने शादी मे सीमा के दोनो ओर पर परिवारो को भाग लेने की अनुमति दी थी। दुल्हन के दादा-दादी और कुछ रिश्तेदार नौका में सवार थे जबकि बाकी लोगो ने तट पर खड़े होकर ही शादी देखी।

### पेंटागन ने नई मिसाइल पर 95.8 अरब डॉलर का खर्चा आने का लगाया अनुमान

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने मिनटमैन3 शस्त्रागार को बदलने के लिए भूमि-आधारित परमाणु मिसाइलो के एक नए बेड़े को बनाने की अनुमानित लागत 95.8 अरब डॉलर तक बढ़ा दी है। अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह अनुमानित लागत चार साल पहले की तुलना मे 10 अरब डॉलर अधिक है। इन हथियारो को अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल या आईसीबीएम कहा जाता है। अगले कुछ दशकों मे अमेरिकी परमाणु बल मे इन्हे शामिल किया जाएगा जिसमे 12 खरब डॉलर का खर्चा आएगा।पूर्व रक्षा मंत्री विलियम जे. पेरी सहित कुछ का तर्क है कि आईसीबीएम के बिना अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

# शहबाज शरीफ को धनशोधन मामले में जेल भेजा गया



**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान मुस्लिम** लीग नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख और नेशनल एसेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ को धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 28 सितंबर को गिरफ्तार किया था। एक अदालत ने 700 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में शहबाज की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जवाबदेही अदालत ने 29 सितंबर को पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री शहबाज को हिरासत में भेज दिया था। लाहौर की जवाबदेही अदालत ने मंगलवार को एनएबी की अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें शहबाज की हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था।संवाददाताओं से बात करते हुए शहबाज ने नवाज शरीफ के दामाद मोहम्मद सफदर की गिरफ्तारी के लिए इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। सफदर को विरोध प्रदर्शन के बाद कराची में उनके होटल कक्ष से गिरफ्तार किया गया था। शहबाज ने इमरान खान और एनएबी के बीच मिलीभगत होने और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ बदले की कार्वाई के आरोप लगाए। उन्हें लाहौर में कोट लखपत जेल भेज दिया गया था।नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने कहा कि शहबाज को इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उन्होंने अपने भाई (नवाज) का साथ नहीं छोड़ा।

## पाक अदालत ने शरीफ के खिलाफ ब्रिटेन के अखबारों में इश्तिहार प्रकाशित करने की अनुमति नहीं दी

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक अदालत ने संघीय सरकार की एक याचिका को खारिज कर दिया जिसमें ब्रिटेन के दो अखबारों में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ इश्तिहार के प्रकाशन की अनुमति मांगी गई थी।अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल तारिक महमूद खोखर ने डॉन और जंग अखबारों में शरीफ के खिलाफ अल-अजीजिया और एवेनफील्ड संपत्ति मामले में प्रकाशित इश्तिहार के संबंध में तामील रिपोर्ट पेश की। उन्होंने दलील दी कि चूंकि शरीफ (70) इंग्लैंड में हैं इसलिए इश्तिहार को गार्जियन और डेली टेलीग्राफ अखबारों में प्रकाशित किया जा सकता है। डॉन अखबार के मुताबिक इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मामले में सोमवार को सुनवाई की। इस पीठ में न्यायमूर्ति आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी थे।अखबार के मुताबिक अदालत ने आग्रह को ठुकराते हुए कहा कि चूंकि इश्तिहार जारी करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया इसलिए ब्रिटेन के अखबारों में उसका प्रकाशन करने की जरूरत नहीं है। बहरहाल, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय ने विदेश सचिव को एक पत्र लिखकर उनसे ब्रिटेन में पाकिस्तानी उच्चायोग के जरिए शरीफ के आवास के आसपास इश्तिहार लगाए जाने की तामील करने को कहा है। वर्ष 2018 में आम चुनाव के कुछ दिन पहले शरीफ एवेनफील्ड संपत्ति मामले में दोषी करार दिए गए थे और उन्हें 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# फ्रांस में शिक्षक का सिर कलम किए जाने के बाद एक मस्जिद को किया जा रहा बंद

**एपी।** पेरिस

**फ्रांस की** राजधानी के एक उपनगर स्थित एक मस्जिद को छह महीने के लिए बंद किया जा रहा है। पिछले सप्ताह एक शिक्षक का सिर कलम किए जाने की घटना के बाद फ्रांस के गृह मंत्रालय के आदेश पर बुधवार की रात से इस मस्जिद को बंद करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पैंटिन मस्जिद के प्रवेश द्वार पर एक संदेश में लिखा है कि इबादत स्थल छह महीने बंद रहेगा और जो व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा, उसे छह महीने की कैद का सामना करना पड़ेगा।

फ्रांस में गत शुक्रवार को शिक्षक सैम्यूल पैटी का सिर कलम कर दिया गया था। बाद में पुलिस ने हमलावर को गोली से उड़ा दिया था। कहा जा रहा है कि इस महीने के शुरू में पैटी ने छात्रों को मोहम्मद पैगंबर के कार्टून दिखाए थे जिसके चलते उनकी हत्या कर दी गई। मीडिया में आईं खबरों के अनुसार मस्जिद को इसलिए बंद किया जा रहा है क्योंकि इसके लोगों ने सोशल मीडिया पर आए उस पोस्ट पर विश्वास किया जिसमें 13 वर्षीय एक छात्रा के पिता ने कहा कि इतिहास शिक्षक पैटी ने पैगंबर के कार्टून दिखाते समय मुस्लिम छात्रों से कक्षा से बाहर चले जाने को कहा था। हत्या के मामले में मंगलवार को छात्रों सहित 16 लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया।

उल्लेखनीय है कि फ्रांस में इस्लामी आतंकवाद की घटनाएं लगातार हो रही हैं और वहां की सरकार इन पर अंकुश लगाने को लगातार कड़े कदम उठा रही है। फ्रांस में करीब 10 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है जिसका एक बड़ा वर्ग कट्टरपंथी मुस्लिमों का समर्थन करता है। शिक्षकी की हत्या मामले का भी कई कट्टपंथी मुस्लिमों ने समर्थन किया था। ऐसे में सरकार इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# ‘दुनिया के अंत होने तक कव्वाली तो रहेगी ही’



## टॉक टाइम

गायक **उस्ताद चांद निज़ामी** से बात की पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** ने, और उनसे उनकी राह में आने वाली चुनौतियों तथा उनकी गायकी के भविष्य के बारे में जाना। प्रस्तुत है बातचीत के अंश...

निजामी बंधु का समूह बहुल लंबे समय से अमीर खुसरो की लिखी सूफी गायकी से लोगों को रोमांचित करता आ रहा है। हाल ही में उन्होंने ‘एचसीएल साउंडस्केप्स’ कार्यक्रम में सूफी गानों के अलावा रॉकस्टार तथा बजरंगी भाईजान फिल्मों के गीत गाकर दर्शकों को आत्मविभोर कर दिया।

**■ आपने आभासी ( वर्चुअल ) ढंग से प्रस्तुति देने के लिए अपनी सहमति क्या सोचकर दी ?**

जब उन्होंने मुझसे संपर्क किया तो उन्हें मना करने का मेरे पास कोई कारण नहीं था। वे इस क्षेत्र में बड़ा नाम हैं और संगीत का प्रचार प्रसार करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इन कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने यहां गाने का हमें अवसर दिया ये हमारे लिए सम्मान की बात है। लेकिन हमारे लिए सजीव प्रसारण चाहे वो आभासी ढंग से ही क्यों न रहा हो, करना भी अच्छी बात है।

**■ कव्वाली में आपको एक निश्चित प्रकार का वातावरण अपेक्षित रहता है। इस बारे में आपको किस प्रकार की चुनौती पेश आई ?**

ऐसी कोई बात नहीं है। हम दशकों से गाते आ रहे हैं। लगभग चार सौ साल से हमारे परिवार में सूफी कव्वाली का गायन होता रहा है। गायन तो हमारे रक्त मे ही है लेकिन हमें अपने चचाजान, अब्बाजान तथा मामूजान से काफी कुछ सीखने को मिला। अच्छी बात ये थी कि उनकी तकनीकी टीम ने हमें साइट पर हर सुविधा उपलब्ध करा दी थी।

**■ आपने निजामुद्दीन ऑलिया के सम्मान में अमीर खुसरो लिखित कव्वाली ही क्यों प्रस्तुत करना पसंद किया ?**

ऐसा हर बार नहीं होता है। लेकिन ये सही है। हम निजामुद्दीन औलिया की दरगाह से जुड़े हैं और हमारी पहचान उन्हीं से होती है। यही कारण है कि हमारी सूफी कव्वाली अमीर खुसरो की ही होती हैं। लेकिन हम मीराबाई और कबीर को भी गाते हैं। हम बुल्लेशाह को भी गाते हैं। चूंकि हम उसी दरगाह से जुड़े हैं अत: हम अमीर खुसरो द्वारा निजामुद्दीन औलिया की प्रशंसा में लिखे गानों से ही करते हैं। हमारी विशेषता शास्त्रीय सूफी कव्वाली ही है।

**■ पहले की तुलना में आज कव्वाली कहां खड़ी दिखाई देती है ?**

बहुत कुछ बदल गया है। जमीन आसमान का अंतर आ गया है। चार सौ साल पहले कव्वाली धाप पर अरबी या पर्शियन में गाई जाती थी। लेकिन आज सबकुछ बदल गया है। ख्वाजा गरीब नवाज़ मोइनूद्दीन चिश्ती ही वो व्यक्ति हैं जो आज सूफी कव्वाली को सामने लाने के लिए जाने जाते हैं। उस समय कई उपकरण नहीं होते थे लेकिन आज बैंजो, गिटार, तबला और हारमोनियम के साथ इसे गाया जाता है।

> कलाकार और दर्शक में तालमेल जरूरी होता है। हम वो गाते हैं जो हमसे कहा जाता है लेकिन कई बार ऐसे निवेदन आ जाते हैं जिनका सूफी से कोई संबंध नहीं होता। लेकिन हम उनका मान रखते हैं।

**■ क्या आप मानते हैं कि लोगों की प्राथमिकता में बदलाव आया है और वो कैसे और क्यों हुआ होगा ?**

जी हां, लोगों की सोच और समझ में भी बदलाव आया है। कलाकारों को भी परिवर्तित होना पड़ा है। यदि हम स्वयं को न बदलें तो हम अपनी कला और श्रोताओं को खो बैठेंगे-जैसा देश वैसा भेष। कलाकार और दर्शक में तालमेल जरूरी होता है। हम वो गाते हैं जो हमसे कहा जाता है लेकिन कई बार ऐसे निवेदन आ जाते हैं जिनका सूफी से कोई संबंध नहीं होता। लेकिन हम उनका मान रखते हैं।

**■ बॉलिवुड में कव्वाली दो समूहों के बीच होती है-एक ओर पुरुष और दूसरी ओर महिलाएं। क्या इस प्रकार का चित्रण उचित है ?**

आपको जान लेना होगा कि फिल्मों में उस समय जो भी दिखाया जा रहा था वो कव्वाली नहीं होती थी। कव्वाली में प्रतियोगिता नहीं होती। ये दरगाह पर गाई जाती थी या फिर आजकल जो दिखाई जाती है या जो एआर रहमान गाते हैं वो कव्वाली होती है। ऐसा भी नहीं है कि बरसात की रात या मुगल ए आज़म जैसी फिल्मों में गाई गई कव्वाली, अच्छी नहीं होती थी। लेकिन वो वास्तविक कव्वाली नहीं थी। सूफी कव्वाली तो साबरी बंधु और नुसरत फतेह अली खान के कारण प्रसिद्ध हुई।

**■ क्या आपने भी समय के साथ बदलाव किये हैं और क्या इन्हें करना कठिन रहा है ?**

समस्याएं तो आती ही हैं। लेकिन अगर घोड़ा घास से दोस्ती करेगा तो खाएगा क्या। जो लोग मुझे बुलाते हैं और पैसे देते हैं तो जब वे कोई गाना गाने को कहते हैं तो मैं गा देता हूं लेकिन उन्हें बता देता हूं कि ये सूफी कव्वाली नहीं है। ये सब अजीब लगता है लेकिन हम ये करते हैं। लेकिन हम अंत सदा ही कव्वाली से करते हैं। लेकिन जो लोग हमें जानते हैं वे हमसे दूसरी तरह की मांग नहीं करते।

**■ भारत में सूफी कव्वाली का क्या भविष्य है ?**

जब तक यहां दरगाहें और खानकाहें रहेंगी सूफी कव्वाली यहां कभी समाप्त नहीं होगी। कुछ बदलाव हो सकते हैं लेकिन दुनिया के रहने तक कव्वाली तो रहेगी ही।

## ट्रेंड बाजार

### राजकुमार राव की अगली फिल्म ‘छलांग’



**अभिनेता** राजकुमार राव अपनी आने वाली फिल्म ‘छलांग’ में एक बार पुन: एक सार्थक भूमिका करते दिखेंगे। उनका कहना है कि आजकल वास्तविक चरित्रों वाली कहानियों की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है।

हंसल मेहता की सामाजिक कॉमेडी वाली ये फिल्म हरियाणा की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें वो एक पीटी टीचर की भूमिका कर रहे हैं जो पहले तो खेलों को गंभीरता से नहीं लेता है। राजकुमार राव ने बताया, ‘मैं खेलों में ही था। मैंने हरियाणा में स्कूली शिक्षा ग्रहण की है अत: मैं कहानी की गहराइयों से परिचित हूं। पीटी टीचर का उच्चारण मुझे हरियाणा की यादों की ओर खींच ले जाता है। उन्होंने बताया, ‘आजकल लोग वास्तविक चरित्रों को देखना चाहते हैं और यही कारण है कि नई पीढ़ी के निर्माता वास्तविक चरित्रों और संस्कृतियों की कहानियों को लेकर ही फिल्में बना रहे हैं।’

### अभिनेता राहुल देव अपने कॅरियर से असंतुष्ट



**अभिनेता** राहुल देव का कहना है कि ‘यदि मैं ये कहूं कि मैं अपनी फिल्मी यात्रा से बहुत संतुष्ट हूं तो मैं झूठ बोलूंगा। अभी मुझे लंबी यात्रा तय करनी है। मैं वास्तव में अच्छे रोल करना चाहता हूं विशेष रूप से उत्तर भारत आधारित रोल। मैं दिल्ली का हूं और हिंदी बहुत अच्छी बोल सकता हूं लेकिन तब निराशा होती है जब निर्माता मुझे ऐसी किसी फिल्म में लेते ही नहीं।’

### नोरा फतेही को चाहिए नृत्य और प्यार वाली भूमिकाएं



**नृत्यांगना** और अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बताने का प्रयास किया है कि उन्हें किस प्रकार के काम प्रिय हैं।

इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट में नोरा ने अपनी एक छवि पोस्ट की जिसमें वो लेटेक्स कॉरसेट और पैंट पहने हैं और उनके बाल लाल रंगे हैं और कम मेकअप तथा लॉन्ग शूज़ पहने हैं। नोरा ने इस छवि के साथ अपनी टिप्पणी में लिखा, ‘मैं नृत्य और प्यार करना और पुन: नृत्य करना चाहती हूं।’ इस बार वो अजय देवगन की फिल्म ‘भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया, में काम कर रही हैं जिसमें भारतीय वायु सेना के पायलट विजय कार्निक की कहानी प्रस्तुत की गई है।

### क्रिसी टेजेन को है बच्चे के खोने का दुःख



**मॉडल** क्रिसी टेजेन ने अपने प्रशंसकों को बताया है कि पिछले ही माह अपने बच्चे को खोने के बाद अब उनका परिवार किस प्रकार जीवन से सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। टेजेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ‘हम शांत और अब ठीक हैं। आप सभी को बहुत स्नेह’। इसके साथ ही उन्होंने अपने पति और गायक जॉन लेजेंड के कुछ ट्वीट भी साझा किये अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा, ‘ये क्रिसी के लिए है’ उन्होंने इसके साथ ही एक यूट्यूब लिंक साझा किया जिसमें वो वेंस्डे को आयोजित बिलबोर्ड म्यूज़िक अवार्ड के लिए ‘नेवर ब्रेक’ नामक गाना गा रहे हैं।

## टीवी कलाकार जरीना रोशन खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**मुंबई।** टीवी अभिनेत्री जरीना रोशन खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी बेटी ने यह जानकारी दी। उन्होंने धारावाहिक कुमकुम भाग्य में इंदु दादी का किरदार निभाया था। वह 57 वर्ष की थीं। लोकप्रिय दैनिक धारावाहिक कुमकुम भाग्य के अलावा खान ने धारावाहिक ए रिश्ता क्या कहलाता है और विद्या में भी काम किया था। अभिनेत्री की बेटी हुमेरा खान ने कहा कि उनकी मां का सोमवार शाम साढ़े चार बजे निधन हुआ। उन्होंने बताया, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी नहीं थी। एक हफ्ते पहले वह कुमकुम भाग्य के लिए शूटिंग कर रही थीं। अचानक उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और हम उन्हें लेकर अस्पताल गए। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमें बताया गया कि दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। शो में खान के साथ काम करने वाले अनुराग शर्मा ने कहा कि उन्हें अभिनेत्री की मौत की खबर सुनकर विश्वास ही नहीं हुआ। शर्मा ने कहा, वह मजबूत और ऊर्जावान महिला थीं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि वह अब नहीं हैं।

## आयुष्मान के साथ बनेगी वाणी की फिल्मी जोड़ी



**अभिनेत्री** वाणी कपूर अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ अपनी एक आने वाली फिल्म की शूटिंग के संबंध में चंडीगढ़ प्रस्थान करने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं प्रसिद्ध निर्देशक अभिषेक कपूर, जो पहले ही ‘काई पो चे, रॉक ऑन और केदारनाथ जैसी हिट और कलात्मक फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म की शूटिंग शीघ्र ही प्रारंभ हो सकती है। ये पहली बार है कि वाणी आयुष्मान के साथ किसी फिल्म में लीड भूमिका में दिखेंगी। लेकिन इससे पहले भी वो साथ काम कर चुके हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए वाणी ने कहा, ‘ये फिल्म हृदयस्पर्शी है। मैं सदा से अभिषेक के साथ काम करने की इच्छा रखती थी क्योंकि पहले ही मैं उनकी फिल्मों से बहुत प्रेरित हूं। अब मेरे लिए ये उनके विज़न का हिस्सा बनने का एक बड़ा अवसर है। आयुष्मान आजकल एक प्रतिभाशाली अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं और उनके साथ फिल्म करने का विचार ही रोमांचित कर देने वाला अनुभव है।’ वाणी इससे पहले एक फिल्म ‘बेलबॉटम’ में अक्षय कुमार के साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

## मां बनने वाली हैं अमृता राव



**मुंबई।** अभिनेत्री अमृता राव और उनके रेडियो जॉकी पति अनमोल ने सोमवार को बताया कि वे जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। अनमोल से 2016 में विवाह करने वाली अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर यह खबर साझा की। राव ने अपने पति के साथ एक सेल्फी साझा करते हुए कहा, आपके लिए यह 10वां महीना है लेकिन हमारे लिए, यह नौवां हैं। सरप्राइज सरप्राइज अनमोल और मैं अपने नौवें महीने में हैं। आपसे, अपने प्रशंसकों और दोस्तों के साथ यह अच्छी खबर साझा करते हुए बेहद उत्साहित हूं। इश्क-विश्क , मैं हूं ना और विवाह जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाली अमृता 2019 में आखिरी बार फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं।

## दीप्ति नवल की एंजियोप्लास्टी हुई कहा मैं अब ठीक हूं



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री दीप्ति नवल की सोमवार को मोहाली के एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई और उन्होंने बताया कि उन्हें मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और वह अब पूरी तरह ठीक हैं। इस तरह की खबरें थीं कि दीप्ति नवल को मनाली में दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन उन्होंने एक टेक्स्ट मैसेज के जवाब में कहा, हृदय संबंधी दिक्कत थी। नवल (68) ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह बात सच है (एंजियोप्लास्टी होने की) और मैं अब पूरी तरह ठीक हूं। वह पिछले महीने से रोहतांग में हैं। जुनून , चश्मे बद्दूर , अनकही , मिर्च मसाला और फिराक जैसी अनेक फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाली दीप्ति नवल को हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज मेड इन हैवन में देखा गया था।



## डीडीएलजे के 25 साल

## यश चोपड़ा को लगा था फिल्म का क्लाइमैक्स घिसा-पिटा है

**मुंबई।** *दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे* में जब रेलवे स्टेशन पर अमरीश पुरी का किरदार चौधरी बलदेव सिंह अपनी बेटी सिमरन (कजोल) का हाथ छोड़ता है और कहता है जा सिमरन जा इस सीन ने सभी का दिल जीत लिया। लेकिन फिल्म के निर्माता दिवंगत यश चोपड़ा को दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के पहले तक लगता था कि यह बेहद घिसा पिटा क्लाइमैक्स है और इसमें कुछ खास नहीं है।

डीडीएलजे में देश-विदेश के खूबसूरत नजारों को हमारे पास पहुंचाने वाले सिनमैटोग्राफर मनमोहन सिंह याद करते हैं, शुरुआत में यश जी सहित कई लोगों को यही लग रहा था कि क्लाइमैक्स नहीं चलेगा। हमें लगा था कि फिल्म इतनी अच्छी है, लेकिन अंत में आते-आते वही घिसी-पिटी रह जाती है। बेहद साधारण सा अंत है जहां बाप अपनी बेटी का हाथ छोड़ देता है। शूटिंग के पहले नहीं, उसके बाद भी इसे लेकर हम कुछ खास संतुष्ट नहीं थे। डीडीएलजे राज और सिमरन (शाहरूख खान और काजोल के किरदार) की प्रेम कहानी है।

दोनों को यूरोप घूमते हुए प्यार हो जाता है, लेकिन जब वह पंजाब लौटते हैं तो अपनी परंपराओं को नहीं भुलाते, उन्हें याद रखते हैं और अपने परिवार को मनाने की कोशिश करते हैं। फिल्म के मंगलवार को 25 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर सिंह याद करते हैं कि कैसे जब आदित्य चोपड़ा ने उन्हें अपनी पहली फिल्म की कहानी सुनाई थी।

डीडीएलजे फिल्माते वक्त सिंह कुछ 46 साल के रहे होंगे, वह कहते हैं कि फिल्म के क्लाइमैक्स को लेकर उनकी चिंता तब दूर हुई जब उन्होंने दर्शकों को तालियां और सीटियां बजाते हुए देखा।

वह कहते हैं, यश जी को कुछ दिक्कत थी, लेकिन लगने लगा था कि यह काम करेगा। आदित्य भी मानते थे कि यह परपेक्ट नहीं हैं, लेकिन उन्होंने हमसे कहा था कि और कोई रास्ता नहीं है, फिल्म को यहीं खत्म होना होगा। लेकिन जब हमने लोगों को तालियां और सीटियां बजाते हुए सुना, हम सभी को सुखद आश्चर्य हुआ।

हमें जरा भी एहसास नहीं था कि यह चलेगा, दशकों बाद भी लोगों के दिमाग में बने रहने की बात तो दूर थी। उमराव जान, यश चोपड़ा की डर और बाजीगर जैसी फिल्मों के लिए संवाद लिख चुके जावेद सिद्दीकी के लिए डीडीएलजे 50वीं फिल्म थी।

सिद्दीकी ने कहा कि आदित्य चोपड़ा के स्क्रीप्ट में ऐसे रोमांस की कहानी थी जो किसी भी दौर के लिए सही है। वह बताते हैं कि कई लोग ऐसी रोमांटिक, म्यूजिकल फिल्म के लिए तैयार नहीं थे, जो कई महादेशों में शूट की गई हो।

78 वर्षीय पटकथा लेखक ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब फिल्म बन रही थी तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी। कई लोगों के मन में संदेह था। यश राज फिल्म के बेहद महत्वपूर्ण व्यक्ति ने मुझसे कहा था कि यशजी से कहो की फिल्म में ऐसी बेवकूफी ना करें। उन्होंने यह भी कहा था कि यह फिल्म नहीं है, यात्रावृतांत है।

लेकिन डीडीएलजे ने हिन्दी सिनेमा में रोमांस को नई परिभाषा दी और उसे ना कहने वालों को गलत साबित कर दिया। इतना ही नहीं रिलीज से लेकर मार्च, 2020 तक लॉकडाउन होने से पहले मुंबई के मराठा मंदिर में डीडीएलजे का शो चलता रहा, जो सिर्फ महामारी में सिनेमाघर बंद होने के कारण बंद हुआ। देश में इतने दिन तक पर्दे पर रहने वाली एक अकेली फिल्म है। सिद्दीकी का कहना है कि फिल्म की इस लंबी सफलता का श्रेय उसकी कहानी, जतिन-ललित के संगीत और शाहरूख-काजोल के बीच की केमिस्ट्री को मिलना चाहिए। वह कहते हैं, उन्होंने किरदारों को जिंदा कर दिया। कहानी इतनी प्रभावशाली है कि आज भी आप फिल्म देखते हैं तो भूल जाते हैं कि काजोल और शाहरूख के बच्चे बड़े हो गए हैं। वह बस आपको वक्त के साथ बांध लेती है और आप वहीं रूक जाते हैं। यही सबसे बड़ी खूबी है। फिल्म के बाद उसके कुछ डायलॉग पलट , जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी और बड़े बड़े देशों में, ऐसी छोटी छोटी बातें होती रहती हैं से लेकर सेनोरिटा ने समाज में अपनी पक्की जगह बना ली।

# महिलाएं अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर बढ़ें आगे: डीएम


बिसवां-मिशन शक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाते डीएम विशाल भारद्वाज

● श्रीराम चंपा देवी इंटर कॉलेज में आयोजित मिशन शक्ति के कार्यक्रम में डीएम व एसपी ने लिया हिस्सा

संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**बिसवां के** श्री राम चंपा देवी इंटर कॉलेज में आयोजित मिशन शक्ति के कार्यक्रम में जिला अधिकारी विशाल भारद्वाज और एसपी आरपी सिंह ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज और देश का विकास तभी सम्भव है जब देश की लड़कियां और महिलाएं अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग करके आगे बढ़े, यही मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य भी है। एसपी आर.पी.सिंह ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी बिसवां सुरेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को बताया मानसिक व शारीरिक शोषण से बचने का तरीका

**अटरिया सीतापुर।** अटरिया क्षेत्र के ज्ञानदीप कन्या महाविद्यालय पांडेपुरवा मे 'शक्ति मिशन' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रबंधक अभय बाजपेयी ने छात्राओं व अभिभावकों को जागरूक किया। प्राचार्या योग्यता मिश्रा ने छात्राओं को मानसिक व शारीरीक शोषण से बचने का तरीका बताया।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। एंटी रोमियो प्रभारी मधु यादव ने सुरक्षा के टिप्स दिए। विद्यालय प्रधानाचार्य गोपालराम मिश्र, आशीश मल्होत्रा आदि ने हिस्सा लिया।

## 'मेरी पुलिस कैसी हो' विषय पर हुई गोष्ठी

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख के यशोदा कन्या महाविद्यालय में 'मेरी पुलिस कैसी हो' विषय पर गोश्ठी हुई। इसमें क्षेत्र के अलग-अलग विद्यालयों के 34 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संचालन आलोक वर्मा ने किया। सीओ मिश्रिख महेन्द्र सिंह, कोतवाल मनोज कुमार यादव चौकी, इंचार्ज राहुल दुबे आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को बताए हेल्प लाइन नम्बर

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट की कटीली चौकी मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंचार्ज दिनेश सिंह ने महिलाओं को जागरूक किया। उन्हों महिलाओं को हेल्प लाइन नम्बर भी बताए।

## महिलाएं देवी स्वरूपः एसडीएम

● मिशन शक्ति के तहत बच्चों व महिलाओं को किया जागरूक


महोली-कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम शशिभूषण राय

**महोली सीतापुर।** महोली के बालिका इंटर कॉलेज नेरी में एसडीएम शशिभूषण राय और सीओ सदर ने मिशन शक्ति के तहत बच्चों व महिलाओं को जागरूक किया। एसडीएम ने कहा कि महिलाएं देवी स्वरूप है, उनमें शक्ति की कोई कमी नहीं है, इसलिए कोई समस्या आने पर घबड़ाए नहीं बल्कि डट कर मुकाबला करें। कार्यक्रम में कोतवाल के साथ ही रोमियो टीम की निम्मी शाही, पूजा राय, रीता पांडे, वैशाली कश्यप, अनीता, राकेश सिंह, पंकज भारती, रमेश मिश्रा, प्रणव आदि मौजूद रहे।

## बसों में महिलाओं से सदाचार की अपील


सीतापुर-मिशन शक्ति कार्यशाला में जानकारी देते एआरटीओ डा. उदित नारायण, मौजूद पीटीओ, एआरएम


**सीतापुर।** परिवहन विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत रोडवेज वर्कशॉप खैराबाद में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। बस के चालको व परिचालको को महिला एवं बच्चो के प्रति विशेष संवेदनशील रहने के लिये प्रेरित किया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) डा0 उदित नारायण ने बताया कि सुरक्षित महिला सुरक्षित राष्ट्र की पहचान होती है। पीटीओ शैहपर किदवई ने बताया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूशो से कम नही है। महिला उत्पीड़न की घटनाए सभ्य समाज के लिये एक कलंक है। एक शिक्षित महिला दो परिवारो को शिक्षित करती है। एआरएम विमल राजन, यूनिसेफ प्रतिनिधि मनीष तथा रेडक्रास सोसायटी के सनीबेग, मो. रियाज ने भी लोगो को महिलाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वलंबन हेतु आगे आने के लिये प्रेरित किया।

## महिला हेल्प लाइन 1090 व डायल 112 की दी जानकारी

**रेउसा सीतापुर।** सुपौली गांव के महाराज कुमार इंटर कालेज में रेउसा पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। शक्ति मोबाइल टीम प्रभारी अमित पांडे ने महिला हेल्प लाइन 1090 व डायल 112 की जानकारी दी।

सोशल मीडिया पर बयान जारी कर खबरों का किया खंडन...

## पूर्व एमएलसी के बेटे को उनकी ही पिस्टल से लगी गोली


कौस्तुभ त्रिपाठी

**सीतापुर।** पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी के छोटे बेटे कौस्तुभ त्रिपाठी को उनकी पिस्टल से गोली लग गई। गनीमत रही गोली उनके पेट को टच करते हुए निकल गई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल से छुट्टी दे गई। उधर मीडिया पर परिवारिक विवाद के चलते खुद को गोली मारने की खबरे भी चलीं। कौस्तुभ ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर खबरों का खंडन किया। उन्होंने बताया कि सोमवार देर शाम वह जीने पर फिसल गए थे, ऐसे में फायर हो गया था।

## तहसील मुख्यालयों पर आयोजित हुए समाधान दिवस, 606 में से 32 शिकायतें हुई निस्तारित

**सीतापुर।** जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर 5 प्रतिशत शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका। आयी 606 में से 32 शिकायतें ही निस्तारित हुई। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व एसपी आरपी सिंह ने बिसवां तहसील में आयोजित समाधान दिवस में हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिकयतें सुनने के साथ ही मिशन शक्ति की शपथ भी दिलवाई।

## ऑनलाइन व्याख्यान का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर में 2 सत्रों में ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर शामिनी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मानसिक तौर पर स्वच्छ रहने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि नकारात्मक बातों से बचना चाहिए। दूसरे सत्र में लैंगिक हिंसा विशय पर इंस्टिट्यूट ऑफवीमेन स्टडीज की संयोजक डॉ अर्चना शुक्ला ने प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ प्रनीता सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ दीपा अवस्थी, डॉ नितिन पांडे, सुरभि अवस्थी, राज कीर्ति रस्तोगी, आलोक सिन्हा, विनय पांडेय, उज्जवला आदि ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## महेन्द्रा न्यू थार की एआरटीओ ने की लांचिंग

● चॉबी लगाकर की शुरुआत, जीएम ने बतायी खूबियां


सीतापुर-थार को स्टार्ट कर लांच करते एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह

**सीतापुर।** खैराबाद के जमैयतपुर स्थित महेन्द्रा के शो-रूम मूसाराम इण्टरप्राइजेज में महेन्द्रा के न्यू मॉडल थार की लांचिंग की गयी। मुख्य अतिथि एआरटीओ प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने न्यू मॉडल थार की चॉबी लगाते हुए लांचिंग की। एमएडीबी हेड अनिल कुमार ने बताया कि आधा दर्जन कलरों में मौजूद यह गाड़ी कई खूबियों से लैस है। डीजल-पेट्रोल दोनो वर्जन में उपलब्ध है। इस मौके पर मूसाराम इण्टरप्राइज के चेयरमैन प्रेमशंकर अग्रवाल, एमडी दिनेश अग्रवाल, डायरेक्टर देश दीपक, जीएम अमित बाजपेई, एचआर हेड अनुजा शंकर, वर्कशॉप मैनेजर रंजीत सिंह, एसएम वामिक खान, नितिन वर्मा, आशुतोष शुक्ला, भारत आदि मौजूद रहे।

मानपुर के परसेहरा गांव में चोरों का ताण्डव....

## साथी को छुड़ाने के खातिर चोर ने झोंका फायर

संवाददाता। मानपुर सीतापुर

**मानपुर** के परसेहरा गांव में सोमवार रात चोरों ने तांडव काटा, तीन घरों को निशाना बनाया। लाखों के माल पर हाथ साफकर दिया। चौथे घर में घुसने के दौरान मकान मालिक जिबरील व उनकी बेगम सबीना ने एक चोर को धर दबोचा। हालांकि दूसरे चोर ने सबीना के हाथ में गोली मारकर और जिबरील के सिर पर असलहे की बट से वार करके साथी को छुड़ाने में कामयाब रहा। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इससे पहले चोर असलम, लतीफव निजामुद्दीन के घर को निशाना बना चुके थे।


मानपुर-चोर के हमले से घायल हुई युवती

सपा की नगर कार्यकारिणी गठित...

# मेहंदी हसन बने नगर महामंत्री

संवाददाता। सीतापुर

**सपा की** नगर कार्यकारिणी गठित हो गई है। जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव व पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल की मौजूदगी में नगर अध्यक्ष संजय राठौर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मनोनयन-पत्र दिया। श्री राठौर ने बताया कि मेहंदी हसन को नगर महामंत्री, अंकित त्रिपाठी, नितिन सिंह, राहुल तिवारी व प्रतीक मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष, मोहम्मद इम्तियाज को कोशाध्यक्ष, डॉक्टर मोहम्मद तारिक खान, शोएब खान शालू, रोहित मिश्रा, हरिशंकर जयसवाल, मोहम्मद जीशान, अमन पांडे, शादाब अली, मोहम्मद आरिफ व सज्जाद अली को नगर सचिव और शमीम बेग, अमरजीत, अनिकेत यादव, संदीप मिश्रा, मोहम्मद कलीम, रंजीत कनौजिया व अफान खान को नगर कमेटी में सदस्य बनाया गया है।



## कदम-कदम पर लापरवाही आयी नजर, धीमी गति से हो रही धान खरीद, किसान परेशान

संवाददाता। गोंदलामऊ सीतापुर

**गोंदलामऊ क्षेत्र** में धान खरीद बहुत ही धीमी गति से हो रही है। 'पायनियर' ने पड़ताल की तो कदम-कदम पर लापरवाही नजर आई। क्रय केंद्र समसापुर पर केंद्र प्रभारी अंकित अरुण कुमार यादव गायब थे। उनका फोन भी बंद था। प्रभारी का बेटा केन्द्र पर बैठा था। क्रय केंद्र दहिलरा का हाल भी खराब मिला। केंद्र प्रभारी नदारद थे, एक लेबर काम कर रहा था। केन्द्रों पर तौल होने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। हरिशंकर त्रिपाठी ने बताया के क्रय केंद्रों पर कई बार गए लेकिन उनका धान नहीं तौला गया।

## ट्रक ऑनर ऑपरेटर यूनियन ने शुरू किया चक्का जाम, आवश्यक वस्तुओं का खड़ा हो सकता है संकट

**सीतापुर।** आने वाले दिनों में जिले में आवश्यक वस्तुओं का संकट खड़ा हो सकता है। ट्रक ऑनर ऑपरेटर यूनियन सीतापुर ने बेमियादी चक्का जाम आंदोलन शुरू कर दिया है। माल गोदाम पर उठान ठप हो गया है। ट्रक मालिकों का कहना है महंगाई के हिसाब से भाड़ा नहीं बढ़ रहा है। ऐसे में चक्का जाम आंदोलन करना उनकी मजबूरी है। भाड़ा बढ़ाए जाने के बाद ही ट्रक चलाए जाएंगे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में मनाया गया समाधान दिवस, 101 शिकायतों में 4 का हुआ निस्तारण

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली में एसडीएम संतोष कुमार राय की अध्यक्षता में समाधान दिवस मनाया गया। तहसीलदार मिथलेश कुमार त्रिपाठी व सीओ दिनेश कुमार यादव व नायब तहसीलदार ने आई 101 शिकायतों में से 4 का निस्तारण किया।

## क्विक न्यूज

### नवरात्र के चौथे दिन देर शाम दुर्गापुरवा में फैली सनसनी, मन्नत पूरी होने पर महिला ने जुबान काट मंदिर में चढ़ाया


सीतापुर-जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौजूद क्षमा

**सीतापुर।** नवरात्र में भद्रकाली माता की एक भक्त का अंधविश्वास कहें या आस्था उसने मन्नत मानी कि उसके परिवार का वातावरण सही हो जाय पति का चाल चलन सुधर जाय तो नगर के गोपाल घाट स्थित भद्रकाली माता मंदिर में जीभ चढ़ायेगी। महिला ने ऐसा ही किया। दुर्गापुरवा के रहने वाली 30 वर्षीया क्षमा ने अपने पति लोकेश की आदतों में सुधार आने पर मंगलवार की शाम अपनी जीभ काटकर चढ़ा दी उसे तत्काल लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला ने यह बात बताई। इलाज करने वाले डाक्टर पीसी विश्वकर्मा ने बताया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है।

### बैठक में संघ के चुनाव पर हुआ मंथन

**सीतापुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ कसमंडा के पदाधिकारियों ने बैठक करके संघ के चुनाव पर मंथन किया। ब्लॉक अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी ने अन्य ब्लॉक से म्यूचुअल ट्रांसफर में आए शिक्षकों को सदस्यता दिलाने पर जोर दिया। बैठक में संगठन मंत्री सत्येंद्र श्रीवास्तव, हबीबुर्रहमान, विनोद बिहारी दीक्षित, आशुतोश अवस्थी, नैना श्रीवास्तव, आदर्श पाण्डेय, ऋतिका सिंह, भावना तिवारी, ज्ञानेश बाजपेयी, स्वयं सिंह, अजीत सिंह, रमेश, सन्दीप श्रीवास्तव, हिमांशु, शिवेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### दो कांटे लगाकर तौला जाएगा किसानों का धान

**महमूदाबाद सीतापुर।** महमूदाबाद क्षेत्र के किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब क्षेत्र के सरकारी क्रय केंद्रों पर दो कांटा लगाकर किसानों का धान तौला जाएगा। यह आदेश खरीद प्रभारी एडीएम विनय पाठक ने महमूदाबाद मंडी के निरीक्षण के दौरान दिया।

### चोरों ने नकब लगाकर पार किए 36 हजार के जेवर

**तंबौर सीतापुर।** तंबौर क्षेत्र के बेहड़ा गांव में चोर ने हरिवंश के घर को निशाना बनाया। नकब लगाकर चोरों ने 36 हजार लागत के जेवर सहित कपड़ों पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित ने गांव के ही राधे पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

### 62 शिकायतों में 3 का मौके पर हुआ निस्तारण

**लहरपुर सीतापुर।** तहसील लहरपुर में 62 शिकायतें आईं। इनमे से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। एसडीएम रामदरस राम, तहसीलदार मदन मोहन वर्मा, एसडीओ बिजली प्रहलाद कुमार आदि फरियादियों से मुखातिब हुए।

### भाजपा शासन में अपराधी बेलगामः आशीष गुप्ता

**सीतापुर।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता की न्याय यात्रा के छठवें दिन रेउसा के कम्हरिया खुनखुन, भारतपुर व माढ़रमऊ गांव पहुंची। यहां चौपाल भी लगे। बड़हरपुरवा में रात्रि विश्राम किया गया। इस दौरान आशीष ने बताया कि भाजपा के शासन में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। सुभाश चंद्र निशाद, रमेश भार्गव, मयाराम भार्गव, रामप्रकाश भार्गव, नेकराम गौतम, प्रेमचन्द्र वर्मा, अखिलेश भार्गव, प्रकाश भार्गव, रामू कश्यप, रामकुमार, कमलेश, खेलावन यादव आदि मौजूद रहे।

### प्रक्षेत्र दिवस का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** कृषि विज्ञानं केंद्र कटिया में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इसमें खेती किसानी की विभिन्न गतिविधियों, अद्यतन तकनीक को शामिल करने पर मंथन किया गया। टाटा समूह की धान्या कम्पनी ने केन्द्र के वैज्ञानिकों के तकनिकी सहयोग से धान की प्रजाति एमआर 8222 का प्रदर्शन किया। इस दौरान फसल वैज्ञानिक डॉ शिशिर कान्त सिंह, केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर, क्षेत्रीय प्रबंधक धान्या सीड्स आलोक सिंह, ग्रीस पाण्डेय, अतुल सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लच्छन नगर में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जैनुल आब्दीन ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### एडीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**सीतापुर।** समाधान दिवस में हिस्सा लेने के बाद एडीएम विनय पाठक ने महमूदाबाद में 14वें वित्त आयोग से करवाए गए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उनहोंने स्ट्रीट लाइट भी देखीं। एडीएम ने ईओ शैलेन्द्र दुबे को पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगवाने का निर्देश दिया और प्रधनमंत्री स्वनिधि योजना की भी जानकारी ली।

### विश्व प्रकृति निधि के एक्सपर्ट लगायेंगे तेंदुए का पता

**सीतापुर।** संदना क्षेत्र को तेंदुए की दहशत से निजात दिलाने के लिए बुधवार को विश्व प्रकृति निधि से एक्पर्ट आएंगे और वों तेंदुए का पता लगाएंगे। फिलहाल रेंज अफसर प्रदीप अवस्थी, वन दरोगा सुनील त्रिपाठी, बीट प्रभारी मुन्नालाल मिश्र, दिलीप कुमार, अनिल यादव आदि जगदीशपुर में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### कोल्हू पर बिजली सप्लाई के लिए कनेक्शन प्रक्रिया हुई आसान

**सीतापुर।** कोल्हू पर बिजली सप्लाई के लिए विभाग ने कनेक्शन प्रक्रिया को आसान कर दिया है। अधीक्षण अभियंता सीपी यादव ने बताया कि जो कनेक्शन लेना चाहते हैं वो सम्बंधित उपकेन्द्र पर सम्पर्क कर लें।

### कोतवाल ने चलाया चेकिंग अभियान

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के शहर बाजार चौराहे पर कोतवाली प्रभारी ओपी राय और कस्बा इंचार्ज दिलीप सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना मास्क के घूम रहे लोगों को हिदायत दी गई और ट्रिपलिंग करने वाले दो पहिया वहानों का ई चालान किया गया। अभियान में आरक्षी विपुल गुर्जर, कुलदीप कुमार, पंकज पटेल, राहुल तेवतिया, मनोज राजपूत, विशेश भाटी आदि पुलिकर्मी भी मौजूद रहे।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान

**सीतापुर।** शहर की ट्रैफिक पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान चलाया। एसआई रामरतन यादव, आरक्षी रूपेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, श्रवण कुमार गुप्ता, कुलदीप आदि ने लालबाग चौराहे पर ऑटो पर जागरूकता सम्बन्धी स्टीकर चस्पा किए।

### महंत ने आश्रम पर हमला करने का लगाया आरोप

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद की बड़ी संगत का मामला एक बार फिर गरमा गया है। महंत बजरंग मुनी दास ने थाने में तहरीर देकर दर्जन भर लोगों पर आश्रम पर हमला करने का आरोप लगया है। बता दें संगत का प्रकरण काफी दिनों से सुर्खियों में है।

### रामलीला मैदान के पानी को निकालने को लेकर हुआ विवाद

**सेवता सीतापुर।** सेवता कस्बे में रामलीला मैदान के पानी को निकालने को लेकर पंकज मौर्य और समिति के सदस्य बाबूराम में विवाद हो गया। गुस्सा इस कदर बढ़ा कि पुलिस के आने के बाद भी मारपीट नहीं बंद हुई। एसओ रेउसा व एसओ थानगांव ने मौके पर पहुंचकर बीचबराव करके मामला शांत कराया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला विवाहिता का शव

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के गांव नेरिया परसिया में सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में 21 वर्षीय विवाहिता रामकली का शव घर में मिला। क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के पिता राजाराम ने पति अजय कुमार के साथ ही उनके पिता धर्मदत्त भाई राजेश व उनकी पत्नी पर दहेज हत्या का आरोप लगया है। कोतवाली प्रभारी ओपी राय ने बताया मुकदमा दर्ज करके अजय को हिरासत में ले लिया गया है।

### गुण्डा एक्ट के छह आरोपी जिला बदर

**सीतापुर।** गुंडा एक्ट के 6 आरोपियों को जिला बदर कर दिया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक ने बताया कि कैमहरा थाना थानगांव के मुजरिम, अलीपुर थाना पिसावां के रविंद्र, बिशनपुर थाना रामकोट के रब्बानी, निगोहा थाना हरगांव के अनुराग, प्रयागनगर कोतवाली मिश्रिख के रामशंकर और फिरोजपुर थाना हरगांव के वंशराज को जिलाबदर किया गया है।

### कोरोना ग्राफ में अप एण्ड डाउन जारी, मिले नए 25 कोरोना मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना के ग्राफमें अप एण्ड डाउन की स्थिति जारी है। जिले में मंगलवार को 25 नए मरीजों की पहचान की गई। शहर के रोटीगोदाम व जिला जेल में 1-1 केस मिला। हरगांव में 6, सिधौली में 3, बिसवां, लहरपुर, महोली में 2-2 और मिश्रिख, पहला, पिसावां, रेउसा व सकरन में 1-1 केस मिला। 3 केस अन्य स्थानों के हैं। अब जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 4,086 हो गई है।

# बेटे ने कुल्हाड़ी से काट कर की पिता की हत्या



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**सदर कोतवाली** क्षेत्र के अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। जिसके बाद मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस दौरान गोली लगने से एक आरोपी घायल भी हो गया है।मामले पर जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी संकटा देवी संतोष राय ने बताया कि चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला गांधी नगर निवासी महादेव (85) पुत्र मातादीन के दो बेटे हैं पप्पू और शिवबालक हैं। महादेव अपने छोटे बेटे पप्पू के साथ गांधीनगर में ही रहता था। महादेव के नाम 60 बीघा जमीन थी। जिस का बंटवारा 20-20 बीघा के रूप में तीनों में हुआ था परंतु इस बात से शिवबालक नाराज था। इसी नाराजगी के चलते मंगलवार सुबह करीब 6 बजे व इस विवाद में समझौते के लिए अपने बेटे दिवाकर, सुधाकर, सुभाष व अमन वर्मा निवासी भानपुर कोतवाली सदर के साथ अपने पिता के घर आया था। जहां पर बाद में वाद-विवाद बढ़ गया और सभी ने मिलकर महादेव पर बांके से हमला कर दिया जिससे मौके पर ही महादेव की मौत हो गई। इस दौरान फायर भी किया गया जो आरोपियों के साथी को ही लग गया। मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है। वहीं घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।

## निघासन में 51 सामुदायिक शौचालयों की बागडोर अब स्वयं सहायता समूहों के हाथ में



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को विकास खंड निघासन के प्रांगण में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 51 ग्राम पंचायतों के नवनिर्मित एक-एक सामुदायिक शौचालयों की बागडोर स्वयं सहायता समूह को सौंप दी गई। ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व सीडीओ अरविंद सिंह ने किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ईश वंदना की। कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने मिशन शक्ति अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए इस योजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। यह मिशन शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होकर वासंतिक एक नवरात्र तक कुल 180 दिनों तक चलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने जिसके लिए सरकार नित नए कदम उठा रही है। कार्यक्रम को सीडीओ अरविंद सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में एसडीएम ओपी गुप्ता, जीएम सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां, पीडी आरके चौधरी, डीसी एनआरएलएम अजय प्रताप सिंह एवं काफी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

## 104 शिकायतें आईं

**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील निघासन के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य रूप से सीडीओ अरविंद सिंह मौजूद रहे। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होनें फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 104 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये गये। इसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 40, पुलिस 38, विकास 8, विद्युत 5, आपूर्ति 4, नगर निकाय 3, उपनिबंधक, पीडब्ल्यूडी, पशुपालन, गन्ना, वन व सहकारिता विभाग के एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सभी को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

## नारी सुरक्षा पर हुईं गोष्ठियां



**मैगलगंज-खीरी।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी समान ग्राम लिधियाई में एसपी के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज के द्वारा एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्कूली छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय के तहत तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किए जाने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य रूप से महिलाओं के लिए थाना प्रभारी का सीयूजी नंबर तथा महिला हेल्पलाइन 1090 के तहत तत्काल प्रभाव से सूचना दिए जाने की बात कही गई। इस अवसर पर थाना मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह, निरीक्षक अपराध गौरी शंकर पाल, महिला कांस्टेबल स्मृति मिश्रा, अंकिता चौधरी, कांस्टेबल नीरज यादव, प्रशांत यादव, घनश्याम यादव व गौरव कुमार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए गोष्ठी में प्रधान प्रतिनिधि गौरव शुक्ला तथा स्कूली छात्राएं, गांव की महिलाएं, आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

**ओयल संवाददाता के अनुसार,** कस्बा ओयल क्षेत्र के मोहल्ला अंबेडकरनगर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन नारी शक्ति के अंतर्गत एक सभा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नारी तथा बच्चों ने भाग लिया। इसमें नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के अंतर्गत उन्हें नारियों तथा बच्चों को उनके अधिकारों सरकारी सरकार द्वारा उनकी सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन तथा अन्य उपायों के प्रति जागरूक कराया गया। नगर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ऐसो खीरी कथा चौकी प्रभारी ओयल ने नारियों तथा बच्चों को केले तथा मिठाइयां बांटीं। इस अवसर पर थाना खीरी ओएल चौकी नगर पंचायत ओएल तथा बड़ी संख्या में में नारी तथा बच्चों ने भाग लिया।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** महिला सशक्तिकरण को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र से महिलाएं बालिकाएं और सामाजिक संगठनों की महिलाओं ने भाग लिया। एसडीएम स्वाती शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत सभी महिलाएं और बालिकाएं निर्भीक और निडर होकर आत्मनिर्भर बने। आपको किसी भी तरह से डरने की जरूरत नहीं। पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की व्यापक जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस और प्रशासन हर कदम पर आपके साथ हैं। जब भी जरूरत हो तो पुलिस को फोन करें। सरकारी नंबरों के साथ 1090, 181, 1076, 112 और 108 पर फोन करके तत्काल सेवा ले सकती हैं। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मिशन के तहत कोतवाली में एक महिला संबंधित डेस्क बनाई गई है। यहां महिला समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्पेक्टर क्राइम सत्य प्रकाश यादव, एसएसआई अमरनाथ राय, चौकी इंचार्ज रहरिया मनीष पाठक, कस्बा इंचार्ज जगपाल सिंह, आरक्षी नेहा यादव, निधि सिंह, समाजसेवी रजनी सैनी सहित काफी लोगों ने सभा को संबोधित किया।

# मिलावटखोरी के खिलाफ हुई छापामार कार्रवाई

संवाददाता। फतेहपुर

**आगामी** नवरात्रि, दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी संजीव सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु समस्त तहसीलो में खाद्य सचल दल द्वारा विशेष छापेमार अभियान चलाया गया जा रहा है के क्रम में तहसील सदर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सी0एल0 यादव के नेतृत्व में पीरनपुर फतेहपुर में मखाना, चौक बाजार से किसमिस, चौगलिया से मूँगफली दाना, ज्वालागंज से सेब के दो सहित छः नमूने मिलावट की आशंका पर खाद्य विशेषज्ञ से जांच कराने हेतु संग्रहित किये गए। तहसील बिन्दकी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सलिल कुमार सिंह द्वारा चौडगरा से मूँगफली दाना व एक नमूना साबूदाना कुल दो नमूने संग्रहित किये गए। एवं तहसील खागा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार द्वारा सुजरही से मूँगफली दाना सहित एक नमूना संग्रहित किया गया ।

### छात्राओं को बताये सुरक्षा के तौर तरीके

**फतेहपुर।** धाता थाना प्रभारी बीरेन्द्र सिंह निर्देशन में गठित एंटीरोमियो टीम ने बालिकाओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यालय में आई हुई बालिकाओं को बचाव हेतु कई टिप्स भी बताए। इस मौके पर विद्यालय चौधरी रामरूप सिंह इंटर कालेज, सरस्वती विधा मंदिर इंटर कालेज के शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# नौ सड़कों के लिए एक सौ चौदह करोड़ मंजूर: अजय

संवाददाता। निघासन-खीरी



**भाजपा** सांसद अजय मिश्र टेनी ने प्रेसवार्ता के दौरान गेस्टहाउस में बताया है कि खीरी लोकसभा क्षेत्र में नौ नई सड़कें बनाने के लिए 113.85 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत खीरी लोकसभा क्षेत्र के 677 गांवों में से 585 में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों का सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से उद्घाटन किया है। इसके साथ ही बाकी 92 गांवों में बनने वाले शौचालयों का शिलान्यास भी किया गया है। इसके साथ ही सभी गांवों में पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं।सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद अजय मिश्र टेनी ने बताया कि खीरी लोकसभा क्षेत्र के 304 गांवों में से 207 में नए पंचायत भवन बनाए गए हैं। 97 पहले से बने भवनों की मरम्मत की जा रही है। कुछ निर्माणाधीन हैं और कुछ का आज शिलान्यास किया गया है। टेनी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 82ण125 किमी लंबाई की नौ नई सड़कों के लिए 113 करोड़ 85 लाख 68 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके साथ ही 18.72 किमी लंबी नौ नई सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड़ पच्चासी लाख 96 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। इनके प्रस्ताव किए जा चुके हैं। तिकुनियां इलाके में बरसात के दौरान बाढ़ और कटान से तबाही मचाने वाली मोहाना, कर्णाली और कंदरहिया आदि नदियों की समस्या उठाने का जिक्र करते हुए सांसद ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के सामने ये मुद्दे रखे थे। उन्होंने बताया था कि नेपाल ने बिना भारत सरकार की जानकारी के अपने इलाके में मोहाना और कर्णाली नदियों का प्राकृतिक बहाव अवरुद्ध करते हुए कुछ बंधे और तटबंध बना दिए हैं। इससे भारतीय इलाके में तबाही मच रही है। इस पर विदेश मंत्री द्वारा उनको पत्र के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है कि भारत और नेपाल के बीच बहने वाली नदियों से बाढ़ और जलप्लावन से होने वाले नुकसान को कम करने पर नियमित चर्चा होती रहती है। ये इंतजाम आपसी राय.मशविरे से काम करते हैं। इनमें उत्तर प्रदेशए बिहार और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। मोहाना और कर्णाली नदियों के ढाल पर नेपाल के बांध बनाने के बारे में नेपाल के साथ अगली द्विपक्षीय बैठक में चर्चा की जा सकती है। दिसंबर 2019 में नगर पंचायत का दर्जा हासिल पाने वाले निघासन कस्बे को बुनियादी सहूलियतें तैयार करने के लिए सरकार ने 67 लाख 57 हजार 109 रुपए जारी कर दिए हैं।

## क्विक न्यूज

### 41 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद की एक दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले तीन दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बिन्दकी कोतवाली प्रभारी ने छह, जहानाबाद तीन, कल्यानपुर दो, औंग तीन, खागा कोतवाली प्रभारी नौ, धाता दो, सुल्तानपुर घोष दो, जाफरगंज दो, ललौली एक, चांदपुर तीन, हथगाम सात, असोथर एक तथा मलवां थानाध्यक्ष ने एक के खिलाफशांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत असोथर पुलिस ने वांछित चल रहे युवक को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाने के उपनिरीक्षक इन्द्रपाल सिंह आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे ओम प्रकाश पुत्र स्व0 बाबूलाल लोधी निवासी पलिया मजरे सातों जोगा को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेजा है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार की शाम गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली के उपनिरीक्षक ऋषभ सिंह सोमवार की शाम अपने क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर श्रीपाल कंजड़ पुत्र हीरालाल व बाबूराम पुत्र सोनेलाल निवासीगण गौरी कंजरनडेरा को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से बीस-बीस लीटर शराब बरामद करते हुए न्यायालय भेजा है।

### डीएम-एसपी ने बेटियों को किया जागरूक



**फतेहपुर।** बिंदकी तहसील के माँ शारदा महाविद्यालय में मिशन शक्ति नारी के अंतर्गत बेटियों को जागरूक करने का कार्य किया गया । जिलाधिकारी संजीव सिंह ने बेटियों को सबल बनने का संदेश देते हुए कहा कि बेटियों को सबल बनने के साथ-साथ जागरूक होने की जरूरत है जिससे वह अपनी आवाज उठा सकें चुप्पी तोड़े जागरूक होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें । पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कहा कि बेटियों को आवाज उठानी चाहिए सरकार द्वारा विभिन्न नंबर जारी किए गए हैं जिनके माध्यम से आप तक तुरंत मदद पहुंचाई जाएगी वही सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के बारे में बेटियों को जागरूक करते हुए इस पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह की घटनाएं अगर होती है तो प्रशासन आपके साथ है, आप थाने में अपनी शिकायत बड़ी आसानी से दर्ज करा सकती हैं जिसमें प्रार्थी की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा । इस अवसर पर विद्यालय स्टॉप समेत उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक ,लेखपाल, सीओ, एसओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में 11 फरियादियों को मिला न्याय

**फतेहपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप आम जन मानस को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय मिले के उद्देश्य से संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बिंदकी तहसील के सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ । आज के संम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 186 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, के सापेक्ष अधिकारियों द्वारा 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों में संबंधित अधिकारी को मौके पर जाकर फरियादी के सामने निस्तारण करने के निर्देश दिए । उन्होंने उपस्थित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गांव में होने वाले छोटे-मोटे भूमि एवं अन्य घरेलू विवादों का निस्तारण गांव में ही मौके पर जाकर शिकायत कर्ता के सामने निस्तारण की कार्यवाही करें । जिससे शिकायत कर्ता को त्वरित गति से न्याय मिल सके । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करना सुनिश्चित करे।सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, राजस्व निरीक्षक ,लेखपाल, ईओ, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष व जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने डेढ़ करोड़ की हेरोइन बरामद की, दो गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** जिले में मादक पदार्थो की तस्करी के खेल में कटरा पुलिस ने दो तस्करों को डेढ़ करोड़ की कीमत की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया । मीडिया को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर्णा गौतम ने बताया थाना कटरा में मुखबिर की सुचना पर तस्करी करने वाले गैंग के दो तस्कर हेरोइन की तस्करी करते हुए गिरफ्त में आए थाना प्रभारी ने मुखबिर की सुचना पर एक बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी को रोका चेकिंग की तो दो लोगो की तलाशी से हेरोइन की बरामदगी हुई। एएसपी अपर्णा गौतम ने बताया कि दोनों के पास करीब 750 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये होगी। पकड़े गए दोनो तस्करों में इमरान निवासी पढेरा थाना फतेहगंज जनपद बरेली तथा सलीम निवासी गढ़ी जलालपुर थाना सनौली जिला पानीपत हरियाणा हैं। पुलिस पकड़े गए तस्करों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकर हासिल करने का प्रयास कर रही है। तस्करों की तार यूपी से लेकर पंजाब उर हरियाणा तक जुड़े हो सकते हैं।

# तहसील दिवस में फरियादियों की 82 शिकायतें आयीं



**शाहजहांपुर ।** सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस का आयोजन जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में तिलहर मंडी में किया गया। तहसील दिवस में फरियादियों की 82 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राकेष कुमार, जागन लाल, रामपाल, सोहनलाल, कैलाषषर्मा आदि किसानों को निषुल्क मसूर की मिनीकिट वितरित किया। इस अवसर पर तहसील दिवस में मिषन षक्ति अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मिषन षक्ति अभियान के अन्तर्गत समस्त तहसीलों एवं प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला सुरक्षा एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद से सम्बन्धित किसानों की षिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समयावद्धि में निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा है कि धान खरीद में किसी भी किसान का उत्पीड़न संज्ञान में आया तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा है कि किसानों की धान खरीद से सम्बन्धित षिकायतें और अधिक सुगमता से निस्तारित हो इसलिए समाधान दिवस का आयोजन मण्डी में किया गया है। श्री सिंह ने कहा है कि जनसामान्य फरियादियों की शिकायतें सम्बन्धित विभाग द्वारा समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारित की जाए। उन्होंने कहा है कि षिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब हुआ तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। धान खरीद की सीजन चल रही है किसानों को अपनी समस्या बताने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और किसानों की धान खरीद पारदर्शिता के साथ हो, जिसके दृष्टिगत आज इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्रीमती अपर्णा गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी, श्री एसपी गौतम, जिला विकास अधिकारी, श्री सतीष मिश्र, परियोजना निदेष जिला ग्राम्य विकास अधिकारी, श्री डीपी सिंह, उपजिलाधिकारी श्री वेद सिंह चौहान, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी श्री राकेष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने मृतक लेखपाल की पत्नी को सौंपा 50 लाख का चेक

**संडीला ( हरदोई )।** कोविड-19 की ड्यूटी करने में दिवंगत लेखपाल विजयपाल की पत्नी को 50 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक डीएम अविनाश कुमार तथा एसपी अनुराग वत्स ने दिया।

# रेलवे कर्मचारियों ने बोनस की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला

संवाददाता। शाहजहांपुर

**ऑल इंडिया** रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर एनआरएमयू ने मशाल जुलूस निकाल कर बोनस की मांग की । जुलुस नरमू कार्यालय से शुरू होकर रेलवे अस्पताल से होता हुआ यूनियन ऑफिस में समाप्त होकर सेकड़ो रेलकर्मियों की सभा मे बदल गया। इस अवसर पर साथियों को सम्बोधित करते हुए शाखा सचिव नरेंद्र त्यागी ने कहा कि रेलवे हर वर्ष दशहरा से पहले बोनस की घोषणा कर देती थी। परन्तु इस बार सरकार की मंशा ठीक नही लग रही है। जबकि कोरोना जैसी महामारी में भी रेलकर्मियों ने जीतोड़ मेहनत की है व रेलवे को लगभग 40 प्रतिशत अधिक राजस्व लाभ मिला है। रेलकर्मी रात दिन मेहनत कर रहे हैं इसलिये उनको बोनस मिलना उनका हक है। बोनस का हक रेलकर्मियों को लंबे संघर्ष के बाद 1979 में मिला था। इसको किसी कीमत पर नही जाने दिया जाएगा। रेलकर्मी हर संघर्ष को तैयार है सुनील तिवारी ने कहा कि एआईआरएफ महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने सरकार के ढुलमुल रवैया पर साफ साफ अल्टीमेटम दे दिया है। यदि बोनस की घोषणा नही हुई तो 22 अक्टूबर को रेल का चक्का जाम करने को रेलकर्मी मजबूर होंगे अध्यक्ष रामोतार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनील तिवारी, रामोतार शर्मा, राकेश मिश्रा, अशरफ सलीम, रामनिवास चंदा, जितेंद कौशल, राजीव, आशुतोष, अमेन्द्र गौतम, यतीन्द्र त्रिवेदी, धर्मेंद्र, अनूप केशरी, गुलफॉम, मनोज तुषार आदि उपस्थित रहे



# संचारी एवं डेंगू तथा मलेरिया की हर कीमत पर हो रोकथाम: डीएम



**संडीला ( हरदोई )।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने सूंपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों के निर्देश दिए कि वे संचारी रोगों तथा क्षेत्र में फैल रहे डेंगू और मलेरिया की रोक थाम के लिए प्रभावी कदम उठाएं। लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। तहसील सभागार में आयोजित इस संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी से क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध खनन तथा पशुचर भूमि पर कब्जों को लेकर कई शिकायतें आईं। इस पर जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों को आदेश दिए कि वे ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उनके विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराकर उन्हें जेल भेजें। उन्होंनें कहा कि भूमि संबंधी शिकायतों में हलका दरोगा और चौकीदार मौके पर अवश्य जांए तथा थाना दिवस में यदि भूमि विवाद संबंधी शिकायतें आतीं हैं तो दोनों पक्षों से वार्ता कर समस्या का निस्तारण करें। उन्होंनें कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त 303 शिकायतें इस बात का परिचायक हैं कि लोग अपनी समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए हमारे पास आए हैं। इनके शिकायती प्रार्थना पत्रों का इस प्रकार निस्तारण करना चाहिए कि उन्हें यह प्रतीत हो कि उनकी समस्या का सही ढंग से निराकरण कराया गया है। उन्होंनें 1 सप्ताह में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फैल रहे संचारी रोगों, डेंगू और मलेरिया को लेकर काफी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंनें अधिशासी अधिकारी संडीला, बेनीगंज तथा कछौना को यह निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्रों में ना केवल सफाई की व्यवस्था में पर्याप्त सुधार लाएं साथ ही साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करें। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा एएनएम बराबर अपने क्षेत्रों का दौरा करें और लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर एसपी अनुराग वत्स, एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीआइओएस वी0के0 दुबे समेत तमाम जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में डेरापुर में तहसील दिवस आयोजित

● अधिकारीगण सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से करें : प्रभारी जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात


एसपी केशव कुमार चौधरी व प्रभारी डीएम डेरापुर तहसील सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायों को सुनते हुये

प्रभारी जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील डेरापुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुरूप कर एक-एक फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग गुणवत्तापूर्ण करते हुए तत्सम्बन्धी रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को भिजवाना सुनिश्चित करें। प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा नाली, भूमि विवाद, विद्युत, चकबन्दी, पुलिस, आपूर्ति, सिंचाई, कृषि, शौचालय, आवास की मांग आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर निरीक्षण कर भूमि विवाद का निपटारा करायें एवं शौचालय व आवास की मांग सहित विभिन्न समस्याओं का भी निस्तारण प्राथमिकता के साथ किये जायें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस डेरापुर में प्रभारी जिलाधिकारी के समक्ष कुल 157 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जिसमें राजस्व विभाग की 85, पुलिस विभाग 15, विकास की 21, कृषि विभाग की 6, सिंचाई विभाग की 03, विद्युत विभाग की 13, नगर पंचायत की 03, जल निगम की 4, शिक्षा विभाग की 02, अन्य 05 प्रार्थना पत्र मिले, जिसमें मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा 06 प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों से निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रोंशिकायतों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषण करने का निर्देश प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी डेरापुर को दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों का गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारी को शिकायत निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डेरापुर ऋषि कांत राजवंशी तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, रूरा थाना प्रभारी विद्यासागर सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसील अन्तर्गत सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

## सिंचाई विभाग के स्कूटी सवार लिपिक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**फर्रुखाबाद।** नहिलाल से घर वापस जा रहे स्कूटी सवार सिचाई विभाग के लिपिक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस और परिजन भी मौके पर आ गये। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम नगला बाग रठौरा निवासी 20 वर्षीय सैवेन्द्र पुत्र वीरेंद्र जाटव लखनऊ में सिचाई विभाग में लिपिक की नौकरी संविदा पर कर रहा था। उसका विवाह थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम ढिलावल निवासी नन्हे लाल की पुत्री साधना के साथ तय हुआ था। बीते दिन साधना की गोद भराई की रस्म थी। मंगलवार शाम सैवेंद्र अपने नाना रामशरण को उनके गाँव मोरिकापुर मुरहास इ छोड़कर इस्कूटी से घर वापस जा रहा था। उसी समय गैसिंगपुर के निकट इटावा-बरेली हाई-वे पर किसी अज्ञात वाहन ने सैवेंद्र के स्कूटर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर मृतक की माँ वीरा देवी, पिता वीरेंद्र जाटव आदि परिजन और ग्रामीण मौके पर आ गये। जानकारी मिलने पर कस्बा इंचार्ज रामशरण आदि फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे। परिजन फ़िलहाल शव उठने नही दे रहें है। बिक्री और उसके 4-5 अज्ञात साथियों ने उसके साथ मारपीट कर दी जिससे वह लहुलहान हो गया।

# प्रभारी ईओ ने महिलाओं के लिये संचालित योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिये किया जागरूक

● नगर पंचायत ने रामनगर व अम्बेडकरनगर वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में मिशन शक्ति के तहत कैम्प लगा किया जागरूक

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात


नगर पंचायत के रामनगर वार्ड में सभासद राकेश शुक्ला के साथ मिशन शक्ति के तहत महिलाओं में जागरूकता अभियान की जानकारी देते प्रभारी अधिशासी अधिकारी वीएन सिंह

**शासन व** डीएम के निर्देश पर प्रभारी ईओ व वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह ने नगर पंचायत के रामनगर व अम्बेडकरनगर वार्डों में महिला व बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वालम्बन व सम्मान के लिये चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कैम्प लगा जागरूक किया। इस मौके पर महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में जानकारी देते हुये जागरूक किया गया।

नवरात्र पर्व पर मातृशक्ति के पूजन का विधान हमारी सनातनी परम्परा में हजारों वर्ष से रहा है। प्रदेश शासन ने महिलाओं के उत्पीडन के बढते मामलों को देखते हुये नवरात्र पर मिशन शक्ति कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, स्वाभिमान, शिक्षा के साथ उनके स्वालम्बन पर मिशनरी भावना से निचले स्तर तक काम किया जा रहा है। नगर पँचायत के रामनगर व अम्बेडकरनगर वार्डों में प्रभारी अधिशासी अधिकारी/वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह, सभासद राकेश शुक्ला के नेतृत्व में रामनगर वार्ड में कैम्प लगा महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार बता जागरूक किया गया। प्रभारी ईओ ने इस मौके पर महिलाओं को बताया कि यहाँ बतायी जा रही जानकारी व सूचना को जन-जन तक पहुँचायें जिससे गाँव के अँतिम छोर तक आधी आबादी को उनके अधिकारों के विषय में मालूम हो सके। अम्बेडकरनगर वार्ड की ऑगनवाडी केन्द्र में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभासद राकेश शुक्ला, प्रभारी ईओ/वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह,राजेश कुमार रावत, सैनूर अहमद, नीलम पाल, पिंकी सँखवार, सोनी, गायत्री, नेहा माया, लक्ष्मी देवी, रामदुलारी, हनसा गुप्ता, ज्योति, गिरिशा, फूलमती, चन्द्रकली व कोमल सहित अन्य महिलायें व बालिकायें मौजूद रहीं।

# भाजपा में मेहनत करने वाले कार्यकर्ता ही शीर्ष पर जाते हैं: दयाशंकर

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पंचायत** चुनाव को लेकर भाजपा गंभीर हो गयी है। जिसके चलते पार्टी लगातार अपनी रणनीति बना रही है। भाजपा पंचायत चुनाव की विजय को पूरी तरह से भगवा करने की जुगत लगा रही है। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को उनकी ताकत याद दिला रही है। मंगलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष ने मंच से कार्यकर्ताओं को बताया कि यदि विरोधी पार्टियों के अराजक लोग गुंडागर्दी करते है तो कहो ना कही उसके पीछे अपने ही होते है। आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर युद्ध स्तर पर जुट जाने के दिशा निर्देश दिए। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहकर धनबल और बाहुबल का सहारा लेकर पंचायत चुनावों में धांधली करने का कार्य किया था। समाजवादी पार्टी के गुंडाराज से त्रस्त होकर प्रदेश की जनता ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनाई। योगी सरकार के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश में गुंडो एवं माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। पंचायत चुनावों में भी गुंडागर्दी करने वाले लोगों के खिलाफभी कार्यवाही की जाएगी। सपा मानसिकता वाले प्रशासनिक अधिकारी को चिन्हित कर कर शासन को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा में मेहनत करने वाले कार्यकर्ता ही शीर्ष पर जाते है।

लिहाजा हम सभी को मेहनत में कोई कमी नही रखनी चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के गुंडे माफियाओं की सूची बनाकर भेजे। जिन पर पार्टी कार्यवाही करायेगी। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि यदि विरोधी पार्टी के गुंडे हावी हैं तो उसमे कुछ अपने ही उनके साथ होते है। सभी गलती विरोधियों की नही कुछ गलती अपनों की भी होती है। कार्यकर्ता पंचायत चुनावों के अंतर्गत आने वाले नव मतदाताओं को जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क करें एवं चुनाव जीतने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के कार्यों की उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 2 सांसदों वाली पार्टी वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल वाली पार्टी है। जिसने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड में संयोजकों की नियुक्ति पार्टी द्वारा तय की गई है। यह सभी संयोजक अपने-अपने वार्डों में जाकर पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर बैठक करें कहीं भी कोई कठिनाई आ रही हो तो जिला संगठन को अवगत कराएं। संचालन पंचायत चुनाव प्रभारी एवं जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने किया। कायमगंज विधायक अमर सिंह खटीक एवं पंचायत चुनाव संयोजक दिनेश कटियार विचार रखे। कायमगंज चेयरमैन सुनील कुमार चक, जिला उपाध्यक्ष भास्कर दत्त द्विवेदी, अशोक कटियार, संदीप शाक्य, बबीता पाठक, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी आदि रहे।

# एसपी ने जागरूकता रैली को झंडी दिखा किया रवाना


एसपी केशव कुमार चौधरी व प्रभारी डीएम पंकज वर्मा रैली को हरी झण्डी दिखाते हुये — पायनियर

**कानपुर देहात।** महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत मिशन शक्ति के तहत 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डेरापुर में आज संपूर्ण समाधान दिवस के बाद पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी प्रभारी जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने झंडी दिखाकर आंगनवाड़ी व आशाओं की जागरूकता टीम को रवाना किया इस मौके पर अधिकारीगण भी कुछ दूर पैदल चल महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस व अन्य विभागों के हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी इस मौके पर उप जिलाधिकारी ऋषि कांत राजवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव सहित कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# करोड़ों की लागत से बने अंडर ब्रिज में गोता लगा रहे बच्चे

● रतनगढ़ पर फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइन पर बनाया गया है ये ब्रिज

संवाददाता। जसवंतनगर (इटावा)



**रेल मंत्रालय** ने फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन जसवंतनगर में रतन गढ़ व भतौरा गांव होते यहां निकाली है। यह लाइन प्रायः रेलवे की मैन रूट से सटकर निकली है और रेलवे लाइन फेर लाइन सी दिखने लगी है। इससे जहां जहां रोड क्रॉस रेलवे फाटक पड़े हैं, वहां भारतीय रेलवे ने फाटक समाप्त कर उन पर अंडर ब्रिज या ओवर ब्रिज बनवाये हैं। ऐसा ही एक अंडर ब्रिज जसवंतनगर के कैस्थ मौजा के रतनगढ़ गांव पर बनाया गया है। यह अंडर ब्रिज जसवंतनगर और सरायभोपात रेलवे स्टेशनों के मध्य है और इस ब्रिज से होकर जसवंतनगर के लोग कचौरा बाई पास पहुंच इटावा और कचौरा होते इटावा और आगरा आना जाना शुरू होना था। रतन गढ़ का रेलवे फाटक लोगों के लिए शार्ट कट और नगर के लोगों के लिए जाम से बचने का साधन था। 3 वर्ष पूर्व रेलवे के यांत्रिकी और सिविल विभाग ने इस पर 6 करोड़ की लागत से अंडर ब्रिज बनाने का काम शुरू किया और फाटक लगभग दो वर्ष बन्द रखकर अंडर ब्रिज का निर्माण हुआ। फोर लेन पटरियों के नीचे 15 से 20 फुट तक गहराई की गई और लगभग 110 मीटर की एप्रोच के लिए भी अंदर ही अंदर रास्ता बनाकर क्रमशः रतन गढ़ गांव और कचौरा रोड पर रास्ता खोला गया है। इस अंडर ब्रिज को बने सात आठ महीने हो गया इस ब्रिज को बनाते समय आर्किटेक्ट ने यह नही देखा कि पुल से मात्र 300.400 मीटर पर भोगनीपुर नहर बहती है। पानी का लेवल जमीन में अंडर ब्रिज के बराबर होने से अब इस पुल में पटरियों के ठीक नीचे दो दो मीटर तक पानी का सोत आ गया है और पुल में बराबर नीचे पानी भरा हुआ है। अब यह अंडर ब्रिज पूरी तरह आवागमन के लिए फेल हो गया है। केवल गांव के बच्चों के लिए यह ब्रिज एक स्विमिंग पूल बन गया है। रेलवे का करोड़ों रुपया भी अफसरोंए इंजीनियरों और ठेकेदारों की लापरवाही से इस बने ब्रिज में डूबकर मुंह चिढ़ा रहा। इस संबंध में कॉरिडोर और रेलवे के अफसरों से बात करने की कोशिश की गईए मगर वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बहरहाल लोग रेलवे फाटक और अंडर ब्रिज दोनों सुविधाओं से वंचित हो गए है।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इटावा.कन्नौज हाईवे स्थित ग्राम पक्केताल के निकट सोमवार की दोपहर भरथना से बिधूना की ओर दौड़े जा रहे एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने सामने बाइक पर आ रहे मदनलाल अड्डहस वर्ष पुत्र तेजराम ग्राम वरीपुरा.वाहरपुरा भरथना को टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और दुर्घटना को अंजाम देकर उक्त वाहन मौके से बिधूना की ओर भाग जाने में सफल हो गया। इस दुर्घटना में गम्भीर घायल हुए मदनलाल को इलाज हेतु जिलाचिकित्सालय लेजाया गया जहां डॉक्टरों ने मदनलाल को उच्चय इलाज हेतु सैफई के मिनी पीजीआई में भर्ती कराया है। जहाँ बाइक सवार मदनलाल जिंदगी मौत के बीच जूझ रहा है। घटना की सूचना भरथना पुलिस ने मौका मुआयना कर दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश शुरू करदी है। आपको बतादें दुर्घटना में गम्भीर घायल मदनलाल कुदरकोट स्थित रसोई गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था।

# नवागंतुक थानाध्यक्ष ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

**नवागंतुक** थानाध्यक्ष पूनम जादौन क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पूठ री में सार्वजनिक जगह पर प्राचीन काल में बने मंदिर के प्रांगण में नवागंतुक थाना प्रभारी पूनम जादौन ने अपने पुलिस बल के साथ मंदिर प्रांगण में पहुंचकर एलाउंसमेंट करा कर गांव तथा आसपास के गांव की महिलाओं को एकत्र किया तथा उनको मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति के बारे में जानकारियां दी। नई थानाध्यक्ष ने बताया की गांव की महिलाएं आज भी साक्षर नहीं है। इस वजह से उनको सरकार की योजनाओं का कोई जानकारी नहीं मिल पाती है। गांव की दबी कुचली महिलाओं को महिला अधिकारी होने के नाते वह महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए कड़े से कड़े प्रयास करेंगी। महिलाओं को मंदिर प्रांगण में बुलाकर उनको महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा सभी महिलाओं को जागरूक कर बताया कि कोई भी महिला निराश ना हो चाहे उनके परिजन परेशान करते हो या फिर गांव के दबंग गुंडे परेशान करते हो तो वह तत्काल महिला हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। थानाध्यक्ष के सरकारी नंबर पर सूचना दें जिससे मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति योजना के द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न रोका जा सके। इसके लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर महिलाओं को संबोधित करते थानाध्यक्ष पूनम जादौन, थाने की महिला दरोगा साधना यादव ,महिला कांस्टेबल कुसुमा ,कुमारी रोशनी,प्रांशु लांबा तथा हल्का के दरोगा विद्यासागर तिवारी, बबना चौकी इंचार्ज विनोद कुमार यादव ,दरोगा आशु कुमार यादव, आज पुलिस बल मौजूद रहा।

## क्विक न्यूज

### भाजपा मंडल महामंत्री नरेन्द्र राठौर 24 घंटे से लापता,गुमशुदगी दर्ज

**फर्रुखाबाद।** सदर विधायक के काफी करीबी भाजपा के मंडल महामंत्री नरेन्द्र राठौर अचानक कही लापता हो गये है। 24 घंटे उनका पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी गयी है। पुलिस जाँच में जुट गयी है। शहर कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला चिलपुरा निवासी भाजपा पश्चिम मंडल के नगर महामंत्री नरेंद्र राठौर बीते सोमवार को शाम लगभग 3:30 बजे घर से कही लापता हो गये। परिजनों ने पहले उनकी खोजबीन की जब पता नही चला तो नरेंद्र के बेटे हिमांशु ने शहर कोतवाली पुलिस को पिता के लापता होने की तहरीर दी। हिमांशु ने पुलिस को बताया कि वह अपना मोबाइल और बाइक घर पर ही छोड़ गये। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद गुमशुदगी दर्ज कर ली। जिसके बाद पुलिस जाँच में जुट गयी है।

### 27 फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

**इटावा।** भरथना तहसील सभागार में मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह की मौजूदगी में और भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भरथना तहसील क्षेत्र के कुल 27 पीड़ित फरियादियों ने तहसील मुख्यालय पर पहुँच कर उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह को अपने प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगाई है। जिसमे पीड़ित फरियादियों ने राजस्व विभागएविद्युत विभागएपुलिस विभागएविकासविभागएविकास और नगर पालिका व नगर पंचायत आदि विभागों से सम्बंधित प्रार्थना सौंपे गये है। भरथना तहसीलदार गजराज सिंह यादव ने बताया कि कुल 27 प्रार्थना पत्रों में उपजिलाधिकारी ने मौके पर ही दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करा दिया है। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्र के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### युवक पर किया तमंचे से फायर

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुठरी निवासी सुमित चौहान ने पुलिस को तहरीर दी है। कि वह बीती रात लगभग 11. 00 बजे अपने कपड़ों पर प्रेस कर रहे थे । अचानक उन्हें अपनी छत से खटपट की आवाज सुनाई दी । वह धीरे से छत पर पहुंचे तो पता चला गांव के ही तीन युवक उनकी छत पर शराब पी रहे थे। जब उन्होंने उन्हें टोका तो एक ने उनके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया । जिससे वह बाल.बाल बचे मौके पर अन्य परिजन आने पर वह छत से कूदकर भाग गए। युवक ने अपने गांव के तीन युवकों के खिलाफनामजद तहरीर दी है । हल्का प्रभारी विद्या शंकर तिवारी ने बताया कि फायरिंग की बात गलत है। आपसी रंजिश है जिसके चलते शिकवा शिकायत की जा रही है । फिलहाल फिर भी जांच की जा रही है। जांच में दोषी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रोक के बावजूद पराली जलाई तो हुई कार्रवाई

**कानपुर देहात।** उप निदेशक कृषि विनोद यादव ने समाचार पत्र को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की सिकंदरा तहसील में अब तक 11 घटनाओं में मक्का पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। इसमें से 9 एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी हैं शेष पर कार्रवाई चल रही है। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता फैलाने पुनः प्रचार वाहन से किसानों को प्रणाली ना जलाने की सलाह निरंतर की जा रही है। प्रभावित ग्राम सभा में जैनपुर, बाड़ापुर, अफसरिया, गौरीहसनपुर, बकसौधी, रमऊ, सलेमपुर उमरन जख्शापुर सिकंदरा में 35000 जुर्माना लगाया गया।

### कमिश्नर ने धानक्रय केन्द्र का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** मंगलवार को कानपुर मण्डल के कमिश्नर ने अकबरपुर में स्थापित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में धान की खरीद संतोषप्रद पायी गयी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिले की कृषि उत्पादन मण्डी समिति रूरा के उपमण्डी स्थल अकबरपुर में स्थापित धानक्रय केन्द्र का निरीक्षण कमिश्नर डा0 राजशेखर कानपुर मण्डल द्वारा किया गया।

# ईओ ने टीम के साथ मारा छापा प्रतिबंधित प्लास्टिक का सामान किया बरामद



संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**पिछले** काफी समय से शासनादेश के अनुसार प्लास्टिक निर्मित पॉलिथीन व अन्य सामान के निर्माण स्टोर करने खरीदने व बेचने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है । किंतु फिर भी जन सामान्य की जरूरतों एवं मांग पर दुकानदार इस प्रतिबंधित सामान की खरीद.फरोख्त कर रहे हैं । आज नगर पालिका परिषद कायमगंज अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने पालिका टीम तथा पुलिस बल के साथ नगर के मोहल्ला सधवाड़ा स्थित आनंद प्रकाश राजपूत परचून विक्रेता की गोदाम पर छापा मारा । छापे के दौरान विक्रेता की गोदाम से प्रतिबंधित प्लास्टिक के पत्तल कुल्हड़ दोना तथा गिलास काफी मात्रा में बरामद किए गए । इस संबंध में ई. ओ कहना है कि शासनादेश के अनुसार रिपोर्ट दर्ज होने के बाद छः माह तक की सजा का प्रावधान है । इसके अतिरिक्त अर्थदंड लगा लगा कर वसूली करने का भी नियम है । बरामद सामान की कीमत लगभग दो लाख रुपए आंकी जा रही है। किंतु सही पता तो सामान की तौल कराने के बाद ही चल सकेगा । फिलहाल दुकानदार पर अधिकतम 25 हजार रुपया तक जुर्माना लगाकर वसूला जा सकता है।

# राम हमेशा हमारे आदर्श रहेंगे : डॉ. नवल किशोर शाक्य

● एरवाकटरा के रामलीला मैदान में शुरू हुई रामलीला

● रामलीला कमेटी ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को किया सम्मानित

संवाददाता। एरवाकटरा औरैया।



**एरवाकटरा** कस्बे की प्रसिद्ध भव्य रामलीला आज से शुरू हो गई। कोरोना महामारी के डर को पीछे छोड़ते हुए रामलीला के प्रथम दिन ही पांडाल में भारी भीड़ उमड़ी। दर्शकों ने भोर होने तक रामलीला का जमकर लुफ्त उठाया। रामलीला का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय कैंसर सर्जन डॉ नवल किशोर शाक्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय कैंसर सर्जन व वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहा कि भगवान राम हमारी आदर्श थे ए आदर्श हैं और हमेशा आदर्श रहेंगे । अंतर्राष्ट्रीय कैंसर सर्जन व वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहा कि मूर्ख हैं वे राजनेता जो भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं घ् उन्होंने कहा कि हमारी पूरी भारतीय संस्कृति ही भगवान राम के इर्द.गिर्द घूमती है। भगवान राम के बिना भारतवर्ष की कल्पना करना ही कठिन है। भगवान राम हमारी आस्था की केंद्र बिंदु हैं और हमारी भारतीय संस्कृति के संवाहक। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर सर्जन व वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहा कि हर वर्ष होने वाली रामलीला हमें भगवान राम के पदचिन्हों पर चलने की याद दिलाती है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस दिन आप लोग भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार लेंगे उस दिन आप का रामलीला देखना सार्थक हो जायेगा। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारा मार्गदर्शन करती है और हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती है। रामलीला का शुभारंभ करने आये अंतर्राष्ट्रीय कैंसर सर्जन व वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य का रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। डॉ नवल किशोर शाक्य ने रामलीला कमेटी को 51000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान करने की मंच से घोषणा की। उन्होंने हर वर्ष रामलीला जैसे धार्मिक आयोजन कराने पर रामलीला कमेटी की सराहना भी की। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कैंसर सर्जन व वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य, शेखूपुर के बीडीसी राहुल सविता, समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव एवं सुरेंद्र यादव, रानू पालीवालव अरुण ठाकुर, गौरव गुप्ता, अनूप राजावत, सुभाष शाक्य,विपिन शाक्य, अश्वनी शाक्य,राम सनेही शाक्य, सुभाष यादव,सुभाष बाजपेई, सेक्टर प्रभारी दिनेश यादव,मदन सिंह शाक्य,समीर मोहम्मद, रामरतन शाक्य, अतर पाल, दिलीप पाल, नृपेंद्र कुमार दोहरे, जितेंद्र कुमार दोहरे सहित सैकड़ों की तादात में भारी भीड़ मौजूद रही।

# कमिश्नर ने जखेड़ी गौसंरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता। हमीरपुर

आज गोहांड ब्लाक के जखेड़ी गौसंरक्षण केंद्र का आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल गौरव दयाल ने निरीक्षण कर कहा कि गौशालाओं में गौवंश के चारा, पानी, भूसे की व्यवस्था उपलब्ध रहनी चाहिए। गौशालाओं में नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए। गौशाला की देखरेख हेतु चौकीदार नियुक्त रहना चाहिए, इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंश को गौशालाओं में ही संरक्षित किया जाय।

रोड/ सड़क पर कोई भी अन्ना गौवंश नही दिखना चाहिए, इस हेतु शाम के समय विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि अपने निजी जानवर को अन्ना छोड़ने वाले पशुपालकों को चिन्हित कर नोटिस जारी की जाय। कहा कि व्यक्तिगत तथा अन्ना पशुओं का चिन्हांकन कर लिया जाय। गौशालाओं में किसी का निजी पशु न रहे इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने गौशालाओं के अपशिष्ट यथा गोबर आदि के समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, पीडी चिरंजेन, उपजिलाधिकारी राठ, बीडीओ गोहांड तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।


गौशाला का निरीक्षण करते कमिश्नर व जिलाधिकारी

# डिप्टी सीएम के आने की संभावना से भाजपा व आरएसएस में हलचल बढ़ी

● लोनिवि के चीफ इंजीनियर ने किया दौरा दिये आवश्यक निर्देश

हमीरपुर। आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयबीर सिंह के गौतम के निधन के बाद आगामी 31 अक्टूबर को होने वाले भंडारे में डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्या के आने की संभावना को लेकर लोनिवि में हलचल शुरु हो गयी है। आज विभाग के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश पांडेय ने सुमेरपुर क्षेत्र में दौरा करने के बाद गौतम जी के श्री चैतन्य आश्रम में भी गये। वहा के सड़क के बारे में जानकारी हासिल की।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ अगुवाकार जयबीर सिंह गौतम ने कई दशको से संघ में अपना योगदान देते रहे है। श्री विद्या मंदिर इंटर कालेज से शिक्षक के पद से सेवानिवृत होने के बाद उन्हो मेरापुर गांव में श्री चैतन्य आश्रम बना लिया था वही पर लोगों की शिक्षा दीक्षा देते थे स्व. गौतम जी से केशव प्रसाद मौर्या के पुराने संबंध थे दो साल पहले भी वह किसी कार्यक्रम में आश्रम में आये थे आगामी 31 अक्टूबर को इस मामले मे आरएसएस व भाजपा की तरफसे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आरएसएस व भाजपा के कद्दावर नेताओं के आने की उम्मीद जतायी जा रही है। लोनिवि के सहायक अभियंता जेके बाजपेयी ने बताया कि इसी मामले में आज मुख्य अभियंता श्री पांडेय ने आश्रम जाकर वहा के हाल चाल लिये और सुमेरपुर क्षेत्र में जाकर गड्ढा मुक्त सड़को को भी देखा। सड़को में जो कमी है उसे पूरा करने के आदेश दिये है। डिप्टी सीएम के आने की चर्चा से भाजपा व आरएसएस के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है वही भाजपा विधायक युवराज सिंह का कहना है कि जब कोई डिप्टी सीएम का कोई प्रोटोकाल आ जायेगा तभी सही माना जायेगा।

# जिले में मिले ग्यारह नए कोरोना संक्रमित

हमीरपुर। जिले के पांच लोग मंगलवार को कोरोना से जंग जीतकर अपने घर पहुंचे। वहीं जिले के अलग अलग स्थानों में कुल 11 लोग नए कोरोना संक्रमित पाए गए। जिन्हें आइसोलेट किया गया है। सुमेरपुर कस्बे के बाड़ा मोहल्ला में सोलह वर्षीय किशोरी और अड़तीस वर्षीय महिला, चांदथोक में 22 वर्षीय युवक, सब्जी मंडी के बावन वर्षीय वृद्ध को कोरोना की पुष्टि हुई है। मुख्यालय के विवेक नगर मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय महिला व पुराना एआरटीओ कार्यालय के निकट रहने वाले 27 वर्षीय युवक में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। करहिया गांव निवासी 39 वर्षीय युवक, चरखारी रोड राठ निवासी 83 वर्षीय बुजुर्ग, विदोखर गांव निवासी 24 वर्षीय युवक सहित 15 वर्षीय किशोर भी कोरोना की पुष्टि हुई है। सीएमओ डा.आरके सचान ने बताया कि आज पांच मरीजों को कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इनमें कुरारा सीएचसी से एक और चार मरीज मेडिकल कॉलेज कानपुर से डिस्चार्ज किए गए हैं।

## विवक न्यूज

### चचेरे भाई व भाभी ने महिला को पीटा

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव में चचेरे भाई व उसकी पत्नी द्वारा दादी की देखभाल न करने पर उसे लेने पहुंची बहन को चचेरे भाई व भाभी ने उसे मारापीटा। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जलालपुर थाने के ग्राम तुलना निवासी अशोकरानी (50) पत्नी काशीप्रसाद ने बताया कि वह अपने मायके धमना गांव में भाई बृजेंद्र सिंह के यहां रहती है। वह आए दिन देखती है कि उसका चचेरा भाई व उसकी पत्नी दादी की सही ढंग से देखभाल न करती है। जिस बात पर वह अपनी दादी को लेने चचेरे भाई के घर पहुंची तो उसे लाठी डंडों से पीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

सुमेरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के कैथी व सुमेरपुर मार्ग में बाइक द्वारा मायके से ससुराल जा रही एक महिला नदी में बच्चे का उतारा करते समय बाइक से फिसल कर नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयी अस्पताल पहुंचते पहुंचते उसकी मौत हो गई। एसआई ने बताया कि सावरकली पत्नी कल्लू उर्फशिवकरण बाइक द्वारा अपनी ससुराल बांदा जनपद के गांव सांडी जा रही थी तभी चंदवली पुल के ऊपर वह चलती बाइक में गोद लिए बच्चे का उतारा करते समय वह बाइक से गिरकर घायल हो गयी। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

सुमेरपुर। सोमवार की शाम हाई वे में कस्बा सुमेरपुर के निरीक्षण भवन के पास हुई दुर्घटना में घायल युवक विवेक उर्फसिंटू, 18 वर्ष निवासी ग्राम घूरी जनपद जालौन की उपचार के लिए कानपुर ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गयी। मौत तलब है कि बाइक द्वारा अपने साथी राम के साथ सुमेरपुर से अपनी ननिहाल जा रहा तभी डम्फर ने टक्कर मारकर मरणासन कर दिया था।

### नाती ने विकलांग दादा को पीटा

राठ(हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ीगढ़ी गांव में जमीनी बंटवारे को लेकर नाती ने अपने विकलांग दादा को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पहाड़ी गढ़ी निवासी विकलांग सुखर दयाल (60) पुत्र हीरालाल ने बताया की बीती शाम जब वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी उसका नाती उसके पास आया और जमीनी बंटवारे को लेकर उससे विवाद करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसे जमकर मारापीटा।

### लंबित प्रार्थना पत्रों का तत्काल करें निस्तारण

चित्रकूट। डीएम शेषमणि पाण्डेय और एसपी अंकित मित्तल की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मउ में किया गया। जो प्रार्थना पत्र पूर्व से लंबित है उन्हें तत्काल निस्तारित करायें और जो समस्यायें आज मिली है उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। समस्याओं की समीक्षा शासन स्तर पर की जा रही है कहा कि जो गांवों के नोडल अधिकारी है गौशालाओं का निरीक्षण अवश्य करें। अधिकारी अपने विभागों के साथ-साथ गौशालाओं का निरीक्षण रिपोर्ट दें। विकासखण्ड मउ, रामनगर में सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन निर्माण में तेली लाये। जितनी भी मामले जमीन पैमाइश के है 15 दिन के अंदर अभियान चलाकर किया जाये। एसडीएम मउ नवदीप शुक्ला, सीओ सुबोध गौतम, सीएमओ डा0 विनोद कुमार, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी अनय कुमार मिश्र, उदरेन यादव, ओमकार राणा आदि मौजूद रहे।

### मंदिर के चबूतरे को लेकर ग्रामीणों में मारपीट

जालौन (उरई)। मंदिर के चबूतरे को लेकर ग्रामीण के साथ मारपीट करने की शिकायत पीड़ित ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी मुन्ना कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उनके गांव में प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर के बाहर बने चबूतरे को लेकर गांव के ही भगवंतशरण आपत्ति कर रहे थे। जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो गालीग गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट भी कर दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### रोलर मशीन की पिन टूटने से हुए हादसे में चार मजदूर घायल

रामपुरा (जालौन)। थाना क्षेत्र के निनावली जागीर के पास नदी के पुल पर सड़क निर्माण के लिए जा रही रोलर मशीन की पिन टूटने से मशीन पर बैठी लेबर जमीन पर गिरने से घायल हो गई। रोलर मशीन व लेबल जगम्मनपुर से रोड़ का काम खत्म करने के बाद निनावली जागीर सड़क के निर्माण कार्य के लिए जा रही थी। जिसके साथ 30 के लगभग लेबर साथ जा रही थी। तभी रविवार की रात 7 बजे के लगभग मशीन की पिन टूट गई। जिसमें मशीन पर बैठी लेबर जमीन पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया। जाटो महतो पचत महतो 60 वर्ष, संजय राम पुत्र जगदेव राम 42 वर्ष, शंकर पुत्र बजरंगी 26 वर्षा रामवली पुत्र गुजर 48 वर्ष को अस्पताल लाया गया। जहाँ डॉ द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद संजयराम व शंकर को गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

### दो पत्रकारों की बाइकें चोरी

उरई (जालौन)। मंगलवार को बाइक चोर गिरोह ने दो अलग-अलग स्थानों से दो पत्रकारों की मोटर साइकिलें चोरी कर कोतवाली पुलिस को चुनौती दे डाली। बाद में दोनों पत्रकारों ने बाइक चोरी की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी पत्रकार जगत यादव की मोटर साइकिल जब मकान के समीप दुकान पर खड़ी थी उसी दौरान बाइक चोर उसे चोरी कर ले जाने में सफल हो गये। तो वहीं विष्णु चतुर्वेदी खोजी पत्रकार अपनी बाइक से जिला जज गये थे लेकिन वह काम निपटाने के बाद बाहर निकले तो उनकी मोटर साइकिल गायब मिली। बाद में दोनों पत्रकारों ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है।

### पराली जलाने पर दो किसानों पर पांच हजार जुर्माना

जालौन (उरई)। प्रशासन के रोक के बाद भी किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे है। भिटारा में पराली जला रहे 2 किसानों को चिन्हित कर उन पर 5000 रूपए अर्थ दंड लगाकर वसूल किए हैं। पराली जलाने से किसान बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासन की रोक के बाद भी किसान पराली जला रहे हैं। उरई मार्ग पर एल एस मार्डन के पीछे रविवार को खेत में पराली जल रही थी। इसके पूर्व लौना में रात में पराली जल रही थी। क्षेत्र में रोक के बाद भी पराली जल रही है। तहसीलदार भरतराम गुप्ता ने भिटारा निवासी रामजीवन व दिनेश प्रताप सिंह को पराली जलाने के मामले में चिन्हित किया तथा दोनों किसानों पर 2500-2500 रुपए अर्थ दंड लगाया है तथा उसे वसूल किया है। अगर किसी ने पराली जलाई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत सचिव पर आवास योजना में हेराफेरी का आरोप

जालौन (उरई)। विकास खंड के ग्राम सीगपुरा के पूर्व के सचिवों द्वारा आवास पात्रता की सूची में रखने के बाद वर्तमान सचिव द्वारा अपात्र घोषित कर दिया है। ग्रामीण ने सचिव पर पैसा न देने का आरोप लगाकर एस डी एम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सीगपुरा निवासी शिवसिंह पुत्र मनीराम ने एस डी एम को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह निर्धन व्यक्ति है जिससे 2017 से आवास पात्रता की सूची में रखा गया था।

# चेकिंग अभियान में आठ लोग विद्युत चोरी करते पकड़ा

जालौन ( उरई )। बिजली विभाग की टीम सघन चेकिंग अभियान चलाया तथा चोरी से बिजली जला रहे 8 लोगों को पकड़ लिया है जिनके खिलाफबिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई पैश्वनीराम, टीजी 2 शशि भूषण भरद्वाज, नरेंद्र सोलंकी की टीम ने मोहल्ला राघपरगंज, चुर्खीबाल, तोपखाना, दवगरान, हरीपुरा में चेकिंग अभियान चलाया कनेक्शन होने के बाद केविल कट लगाकर बाइपास से चोरी कर रहे रघुबर कुशवाहा राघरगंज, जितेन्द्र सिंह राघरगंज, काशीराम खंडेराव, राम औतार खंडेराव तथा गजराज तोपखाना को पकड़ लिया। बगैर कनैक्शन लिए बिजली जला रहे बाबूराम हरीपुरा, ओम प्रकाश चुर्खीबाल तथा सुल्तान दवगरान मिले। टीम ने पकड़े गये 8 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। चेकिंग अभियान लगातार जनवरी तक चलेगा तथा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी।

# अवैध संबंधों के शक पर महिला ने दूसरी महिला को दिन दहाड़े चाकुओं गोदा

राठ ( हमीरपुर )। ब्यूटी पार्लर जा रही महिला को रास्ते में रोककर अपने पति के साथ अवैध संबंधों के शक पर एक महिला ने दिन दहाड़े चाकू से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी महिला रामलीला स्थित एक शापिंग मॉल में जा घुसी और वहां लोगों से पुलिस को फोन लगाने की बात कहती रही। शॉपिंग मॉल से निकलने बाद पुलिस ने हत्यारोपी महिला को पंजाब नेशनल बैंक के पास में हिरासत में ले लिया और थाने ले गये।

कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी रामप्रसाद सोनी ने बताया कि उसने अपनी 25 वर्षीया पुत्री पूजा की शादी जनपद जालौन के रामनगर मोहल्ला उरई में रोहित सोनी पुत्र रज्जन सोनी के साथ की थी। पांच वर्षों से उसकी पुत्री मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर का कोर्स सीख रही थी। बताया कि उसके दामाद का भी आना जाना लगा रहा था। मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे उसकी पुत्री पूजा पड़ोस की युवती के साथ ब्यूटी पार्लर जा रही थी। उसी दौरान चरखारी रोड़ पर स्थित एक ब्यूटी पार्लर के पास मोहल्ले की ही सीमा पत्नी कृष्णकांत आई और उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर महिला ने धारदार चाकू से उसकी पुत्री की गर्दन पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। महिला के साथ मौजूद युवती श्रद्धा ने बताया कि महिला अपने पति से अवैध संबंधों की बात कहते हुये चाकू से हमला करती रही। बताया कि वह मोहल्ले में सभी लोगों से मदद मांगती रहीं। लेकिन कोई भी मदद के लिये नहीं आया। दिन दहाड़े हुई महिला की हत्या को लेकर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मृतक महिला के पिता ने बताया कि मृतक महिला को एक 5 वर्षीय पुत्री गौरी है। कोतवाल केके पांडेय का कहना था कि मृतका के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुत्री के पति के आने के बाद आगे की कार्यवाही करायेंगे। तहरीर मिलते ही मामला दर्ज किया जायेगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में चित्रकूट को मिला दूसरा स्थान

चित्रकूट। स्वास्थ्य सूचकांक में चित्रकूट को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है जिसमे 30 स्वास्थ्य सूचकांकों के आधार पर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश ने यूपीएचएमआईएस आरसीएच पोर्टल व यूपी हेल्थ डैश बोर्ड नीति आयोग द्वारा जारी की रिपोर्ट में जिले ने दूसरा स्थान हासिल किया है पहला स्थान लखीमपुर खीरी और तीसरा थाना मिर्जापुर को मिला है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विनोद कुमार ने जिले को दूसरा स्थान मिलने पर खुशी जताई है। महामारी के दौरान नियमित गतिविधि के कार्य सही तरीके से किये जाने पर विभाग को बधाई दी है। 30 सूचकांकों पर आधारित रिपोर्ट मे टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य, जननी सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, परिवार कल्याण, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय बाल किशोर स्वास्थ्य आदि शामिल है।

# बोलेरो में जबरदस्त विस्फोट से सात घायल, दो की हालत गंभीर

सुमेरपुर ( हमीरपुर )। कस्बा सुमेरपुर में बस स्टॉप के करीब खड़ी एक बुलेरो गाड़ी में अचानक भीषण विस्फोट होने से समूचा कस्बा थर्रा गया। बिस्फोट इतना भीषण था कि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए और वह खड़े आधा दर्जन वाहनो के शीशे चकनाचूर हो गये। सामने बने एक मकान के दूसरी मंजिल में खिड़की में लगे शीशा टूटकर गिर गये। घटनास्थल पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया जहाँ डॉक्टरों ने सभी को जिला अस्पताल भेज दिया। घायलों में एक की हालत गम्भीर बतायी गयी है। आज दोपहर एक ब्लोरो गाड़ी वहाँ आकर खड़ी हो गयी ब्लोरो का चालक गाड़ी को खड़ा करके वहाँ से निकल गया थोड़ी ही देर बाद गाड़ी में एकाएक भयानक बिस्फोट हुआ बिस्फोट इतना जबरजस्त था कि इसकी आवाज समूचे कस्बे में गूंज गयी जिससे लोगो मे दहशत ब्याप्त हो गयी। बिस्फोट से गाड़ी भयानक रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी और बारूद की गंध गूँजने लगी। शिवनारायन विश्वकर्मा पुत्र शिवलाल, मोहित पुत्र रामदास, मिठाईलाल, बिष्णु सोनी, सोनू पुत्र राजू सभी निवासी सुमेरपुर नेहा पत्नी आशीष निवासी सूरजपुर, लल्लू वर्मा व लाला आदि लोग इसकी चपेट में आकर घायल हो गये जिन्हें आनन फानन में पुलिस की मदद व एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल ले जाया गया जहाँ उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल भेज दिया गया वही विस्फोट की चपेट में आने से वही पर खड़ी हरीश वर्मा की वस, लकी अग्निहोत्री की कार अनिल सिंह की ब्लोरो आदि वाहन के शीशे टूट गए। मौके पर पहुँचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी सीओ सदर अनुराग सिंह ने फोरेंसिक टीम के साथ बिस्फोट वाली बुलेरो का जांच पड़ताल की पुलिस बिस्फोट क्यो हुआ कैसे हुआ।

# बाल्मीकि आश्रम का गुणवत्तायुक्त हो सुन्दरीकरण: जिलाधिकारी


सुन्दरीकरण कार्यों का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

चित्रकूट। जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने लालापुर बाल्मीकि आश्रम के सुन्दरीकरण के कार्यों का निरीक्षण कर वन विभाग के एसडीओ आरके दीक्षित को निर्देश दिये कि कार्यों में तेजी लायें। डीएम-एसपी ने लालापुर बाल्मीकि आश्रम के सुन्दरीकरण में सीढ़ियों का निर्माण, चहारदीवारी, सड़क निर्माण, गेट निर्माण, शौचालय निर्माण, पेयजल व विद्युत व्यवस्था तथा असावर माता के मन्दिर तथा बाल्मीकि मन्दिर के सुन्दरीकरण के कार्यों को देखा। उन्होंने एसडीओ को निर्देश दिये कि जो सीढ़ियां बनाई जायें, वह राउंडवार तीन मीटर की बनायें। अधिशाषी अभियंता निर्माण खण्ड अरविन्द कुमार को निर्देश दिये कि बाल्मीकि आश्रम में सुन्दरीकरण के कार्य की तकनीकी जांच कराई जाये। समय-समय पर तकनीकी जांच कराते रहें। जो भी कार्य करायें, शासन की मंशानुसार गुणवत्तायुक्त करायें। डीएम ने कहा कि सुन्दरीकरण के कार्य में किसी स्तर पर लापरवाही होने पर कड़ी कार्यवाही करेंगे।

# दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण में दिया तिलहन उत्पादन पर जोर

चित्रकूट। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का कार्यक्रम मोहनदास मिश्रा प्रधान मानिकपुर की अध्यक्षता में विकासखण्ड परिसर मानिकपुर में आयोजित किया गया जिसमें बसंत कुमार दुबे जिला कृषि अधिकारी ने रबी फसलोत्पादन हेतु जनपद में बोई जाने वाली विभिन्न फसलों की अधिक उपज देने वाली उपयुक्त प्रजातियों की उपलब्धता व विशेषताओं, असली-नकली उर्वरकों की पहचान के बारे में बताया तथा कृषकों के प्रश्नों व समस्याओं को सुनकर समाधान भी किया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार अवस्थी ने कीट, रोग, खरपतवारनाशी रसायनों के विभिन्न फसलों के प्रयोग के बारे में विस्तृत चर्चा कर उनके छिड़काव के तरीके व सावधानियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बीज उपचार, एफ्आईआर विधि-कवकनाशी, कीटनाशी, राईजोबियम,के द्वारा बीज जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी।


प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि रबी बुवाई का उपयुक्त समय चल रहा है इस समय इन कार्यक्रमों के द्वारा कृषक तकनीकी अपनाकर एवं अनुदान पर बीज, कृषि यंत्र व अन्य निवेश प्राप्त करके अधिक फसलोत्पादन कर सकते है। विषय वस्तु विशेषज्ञ सुनील कुमार सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए बताया कि संतुलित उर्वरकों द्वारा पोषक तत्वों की पूर्ति, ढैंचा की हरी खाद का प्रयोग, जैविक खेती तथा कृषि अपशिष्ट/पराली /फसल अवशेष न जलाये जाने हेतु एनजीटी एवं मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पर्यावरण के नुकसान से बचाने के लिये विधिक दण्डात्मक कार्यवाही एवं पराली जलाने से मानव पशु, पक्षी व मृदा सभी को होने वाली हानियों व इनसीटू योजनान्तर्गत नवीनतम कृषि यंत्रों सुपर स्ट्रामैनेजमेंट सिस्टम, रिपर कम्बाईंडर, सेल्फप्रोपेल्ड, मल्चर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चौपर इत्यादि के द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन करके मृदा को उपजाऊ बनाने व जीवांश कार्बन बढ़ाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

रमेश कुमार कुशवाहा सेवानिवृत्त सहा. विकास अधिकारी, कृषि रक्षा ने अपने उद्बोधन में तिलहनी फसलों के प्रमुख कीट, आरामक्खी, माहू, इत्यादि एवं रोग अल्टरनेरिया प्लाइट, पाउडी मिल्डयू, आदि के नियंत्रण की जानकारी के साथ ही बीज शोधन, भूमि शोधन, कल्चर का प्रयोग, खरपतवार नियंत्रण, चूहा नियंत्रण, आईपीएम विधि से दीमक व अन्य कीट/रोग नियंत्रण हेतु ट्राइकोडर्मा, ब्यूवेरिया वेसियाना, एनपीवी, बीटी, फेरोमोनट्रैप, लाइट्रेप, मित्रकीटों के संरक्षण आदि पर विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रधान ने सभी को आभार प्रकट कर उपस्थित कृषकों को तिलहनी फसलों के मिनीकिट का वितरण किया गया तथा ऐसे कार्यक्रमों की कृषकों को अत्यंत आवश्यकता है, इन प्रशिक्षण गोष्ठी से प्राप्त कृषि तकनीकी एवं योजनाओं की जानकारी कृषक स्वयं अपने खेतों में अपनायें तथा अपने आसपास के दूसरें कृषकों को भी बताकर लाभान्वित करायें जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन करके अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं।

# युवती को भगाकर ले जाने के आरोप में दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता। कोंच (जालौन)

नगर के मुहल्ला गांधीनगर निवासी एक व्यक्ति ने बीते रोज कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 16 अक्टूबर को सुबह करीब 10.30 बजे मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में पढ़ने वाली उसकी 20 वर्षीय पुत्री को षड्यंत्र रचकर एक युवती व दो युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गये और काफी खोजबीन करने के बाद भी अब तक पुत्री का कोई सुराग नहीं लग सका है। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसकी पुत्री अपने साथ नगदी व मार्कशीट आदि भी साथ ले गयी है। वहीं पुलिस ने मंगलवार को उक्त घटना में आरोपित किये गये काजल पुत्री पप्पी पेंटर निवासी मुहल्ला तिलकनगर, दिनेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी मुहल्ला गांधीनगर, कपिल पुत्र पप्पू निवासी मुहल्ला जवाहर नगर के खिलाफ दफा 366, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है।

# सामुदायिक शौचालय का किया निरीक्षण

● लापरवाही पर जेई एमआईए ग्राम सचिव व प्रधान पर कार्यवाही के निर्देश दिए

● ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुरेला में निर्माणाधीन शौचालय का छज्जा गिरने से मजदूर घायल हुआ था

संवाददाता। कदौरा (जालौन)


सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करते डीपीआरओ व बीडीओ।

सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुरेला में निर्माणाधीन छज्जा गिरने से बीजापुर महेबा निवासी अभिषेक घायल हो गया था। निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय के छज्जा गिरने से घायल हुए मजदूर की सूचना पर मंगलवार को डीपीआरओ अभय कुमार यादव व बीडीओ अतिरंजन सिंह ने पहुच कर निरीक्षण किया उन्होंने शौचालय में लगाए जा रहे ईटा व मसाले की गुणवत्ता देखी साथ ही मजदूरों से बात की खराब गुडवत्ता व लापरवाही देख कर डीपीआरओ ने जेई एम आई अखलेश वर्मा सचिव विजया रत्नम व प्रधान प्रतिनिधि आशाराम को कड़ी फटकार लगाई साथ ही ठेकेदार को चेतावनी दी कि कार्य मानक के अनुसार करे वरना पेमेंट रोकने के साथ ही कार्यवाही की जाएगी। डीपीआरओ अभय कुमार यादव ने बताया कि निर्माणाधीन शौचालय का छज्जा रविवार को डाला गया था और सोमवार को उसकी सटरिंग हटाते समय छज्जा गिर गया था जो बड़ी लापरवाही है। इस पर जेई एम आई अखलेश वर्मा एसचिव विजया रत्नम व प्रधान गुड्डी पाल को नोटिस दिया जा रहा है कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगे उक्त लोगो के विरुद्ध कार्यवाही होगी। वही बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि लापरवाह सचिवों की सूची जल्द जिलाधिकारी को देंगे उन पर भी कड़ी कार्यवाही होगी। इस मौके पर ब्लॉक कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# मजदूरों ने धारदार हथियार से की ठेकेदार की हत्या

गुरसहायगंज ( कन्नौज )। क्षेत्र के ग्राम बनियानी स्थित राइस मिल में मजदूरी करने वाले 38 वर्षीय ठेकेदार काली चरन उर्फ अमरजीत सहनी निवासी ग्राम रसीदपुर थाना बछबाड़ा बेगुसराय बिहार की मजदूरों ने लेनदेन के विवाद को लेकर धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। गौशाला के कमरे में मजदूरों ने शव देखा जिससे हड़कम्प मच गया। मौके पर मौजूद कर्मी ने घटना की सूचना राइस मिल के मालिक सहित लोगों को दी। जिसपर शव देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मजदूरों ने बताया कि बैजू महतो निवासी चांदचौर जिला समस्तीपुर बिहार व तोमर निवासी मुरैना मध्यप्रदेश से मृतक का पैसों को लेकर विवाद हो गया। जिसपर दोनों ने ठेकेदार से मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर दोनों आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीओ सदर शिव प्रताप सिंह व कोतवाल राजा दिनेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से नमूने एकत्र किए। डाग स्क्वायड टीम ने भी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। विपिन कुमार सहनी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जांच कर रहे कोतवाल ने बताया कि एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जबकि अन्य फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# बच्चों को तालीमी शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा जरूर दिलाएं: अमन हुसैन

● अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव ने की हौसला आफजाई


उर्स कार्यक्रम में मौजूद अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव अमन हुसैन सिद्दीकी

गुरसहायगंज ( कन्नौज )। हमें अपने बीच मौजूद जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा कायम होता है। धार्मिक कार्यक्रम हमें बुराई का मार्ग छोड़कर अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मुसलमानों को ईमान की रस्सी थामें रहना चाहिए। हमें अपने बच्चों को तालीमी शिक्षा के साथ साथ आधुनिक शिक्षा जरूर दिलायें।

यह बात बीती सोमवार की देर शाम जरारी में आयोजित उर्स कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव अमन हुसैन सिद्दीकी ने कही। इससे पूर्व हजरत सूफी कादिर मियां व अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश सचिव आमिर सिद्दीकी, आरिफ मियां, मुजीब, इमरान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सज्जादानशीन हजरत लड्डन शाह बाबा ने मुल्क के अमन चैन की दुआ करके कार्यक्रम का शुरुआत कराया। इसके पश्चात दूरदराज से आए कव्वालों ने कव्वालियां पेश की जिस पर विशाल जनसमूह बार बार तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गया। इसके बाद मशहूर कव्वाल सूफी नियाजी शमशाबाद सहित अन्य कव्व वालों ने हिंदू मुस्लिम एकता से संबंधित कव्वालियों से समा बांध दी। जिस पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर हौसला अफजाई की। इस अवसर पर अधिवक्ता आफ्ताब हुसैन मौजूद रहे।

# क्षेत्र की जनसमस्याओं को दूर करायें अधिकारी: स्मृति ईरानी

संवाददाता। रायबरेली




**भारत सरकार** की महिला एवं बाल विकास और वस्त्र मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने तहसील में सलोन विधायक दल बहादुर कोरी, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ विधान सभा सलोन की विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की। कोविड-19 एवं संचारी रोग नियंत्रण, स्वच्छता अभियान, पेयजल, आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बैठक की अध्यक्षता करतें हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि विधान सलोन क्षेत्र में कितने सीएचसी व पीएचसी के मानक के अनुरूप कितने डाक्टर विशेषकर महिला विशेषज्ञ अपेक्षित है तथा विधास सभा क्षेत्र व क्षेत्र के बाहर कोविड-19 के प्रोटोकाल द्वारा कितने कोविड तथा नॉन कोविड केसों का समाधान किया गया। आयुषमान भारत में कितना लक्ष्य है और उस लक्ष्य की पूर्ति कब तक सुनिश्चित की जाएगी ताकि मुख्यमंत्री के माध्यम से गोल्डन कार्ड की भी व्यवस्था जनता के माध्य बनी रहे। कोविड-19 के दौरान टेलीमेडिसिन सेन्टर में व्यवस्था में कितनी सुनिश्चित उसकी भी सूची उपलब्ध कराई जाए। कोविड के 3 महीनों में कितनी गम्भीर गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी की गई किन-किन परिवारों व मजरो की बहनों का किया गया। आयुष सेन्टर व सीएचसी पीएचसी के साथ साथ लैब के प्रोटोकाल को दुरूस्त करते हुए तथा कितनी निजी लैब चलाई जा रही है। कुपोषित में सैम व मैम बच्चों सहित बहनों की सुनिश्चित व्यवस्थाओं की गई जानकारी प्राप्त कराये। अबतक कितने स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किये गये है आगामी माह में कितने कार्यक्रम करने जा रहे है उसकी जानकारी उपलब्ध कराये। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विशेष नागरिक जिसमें दिव्यांग, कुपोषण के शिकार उनके लिए विधान सभा सलोन क्षेत्र में कार्यक्रम किया जाए। कोविड-19 कोरोना काल में मेडिकल मे क्या क्या व्यवस्थाए की गई है। पीडब्लडी विभाग विधान सभा सलोन क्षेत्र में कितनी रोड की मरम्मत का कार्य नही किया गया उन सभी कार्यो को एक माह में पूर्ण किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर गड्ढे व सड़क किनारे के गड्ढे भरवाने के निर्देश दिये। जल निगम को निर्देश दिये कि क्षेत्र व मजरो में हैण्डपम्प के पानी के टेस्ट के दौरान फ्लोराइड व पानी दुषित पाया गया है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा हर घर जल की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र व मजरों के हर घर को स्वच्छ पेयजल पहुचाने के कार्यो का निमयानुसार किया जाए। किन-किन क्षेत्रो में हैण्डपम्प लम्बित तथा हैण्डपम्प की व्यवस्थओं को दुरूस्त करते हुए सूचना दें। मनरेगा विभाग द्वारा बनाये गये ईजत घर कितने जर्जर है कितने टूट गये है उन सभी की सूची बनाकर सूचना प्राप्त कराये तथा शौचालयों व समुदायिक शौचालयों की व्यवस्थाओं को शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप दुरूस्त रखा जाए। तथा बाजार, सप्ताहिक बाजार में भी समुदायिक शौचालयों की व्यवस्था एवं बाजारों की साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को चिन्हित करते हुए दुरूस्त रखा जाए। जिन क्षेत्रो में जल भराव की समस्याओं बारिश के दौरान हो जाती है उस सभी क्षेत्रो की चिन्हित कर बारिश के पूर्व ही जल भराव वाली समस्याओं को दुरूस्त किया जाए तथा उसकी व्यवस्थाओं की सूची भी उपलब्ध कराई जाए। गरीब कल्याण योजना के तहत कराये गये कार्यो की जानकारी दें। नहारों, तालाब की सफाई एवं जल संरक्षण के कार्यो को भी पूर्ण किया जाए।इस मौके पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल, सलोन एसडीएम अंशिका दीक्षित सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने डीएम को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**गोंडा नगर** पालिका की तर्ज पर करनैलगंज नगर पालिका का विस्तार व आसपास की ग्राम पंचायतों के मजरों को जोड़ने के साथ ही परिसीमन कराने के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने डीएम को मांग पत्र सौंपा है। भाजपा के नगर अध्यक्ष, संजय यज्ञसैनी, कन्हैयालाल वर्मा, मुकेश वैश्य, अर्चित पांडेय व दुखहरन सिंह ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को एक पत्र दिया है। जिसमे नगर पालिक परिषद करनैलगंज का विस्तार करने की मांग की गई है। पत्र में सकरौरा ग्रामीण, करनैलगंज ग्रामीण, करुआ, कुम्हरगढ़ी व पिपरी ग्राम के मजरों को शामिल करने की मांग की गई है। साथ ही इसी विषय का मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन प्रदेश संगठन महामन्त्री सुनील बंसल व प्रदेश उपाध्यक्ष जेपीएस राठौर को दिया गया है। नेताओं ने मांग पूरी कराने का आश्वासन दिया है।

## शिक्षा से होता है संस्कारों का सृजन



**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** शिवगढ़ क्षेत्र के भवनपुर स्थित पिपरी पंचायत भवन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं,युवतियों, किशोरियों और बच्चियों को जागरूक करने एवं उन्हें स्वावलम्बी और शक्तिवान बनाने लिए थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, ग्राम प्रधान अनुपमा तिवारी की अगवाई में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महराजगंज एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं पहले से शक्तिवान हैं, ऐसा कोई देवासुर संग्राम नही हुआ जिसमें देवताओं को मैया के सामने गिड़गिड़ाना न पड़ा हो। मातृशक्ति कमजोर नही है। स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जयराम यादव ने सभी से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 से डरे नही,निरूशुल्क जांच की सुविधा है। ग्राम प्रधान अनुपमा तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है। वहीं सीडीपीओ इंचार्ज सुशीला देवी ने बाल विकास पुष्टाहार से जुड़ी जानकारी दी। अंत में प्रधान प्रतिनिधि नंदकिशोर तिवारी ने उपस्थित सभी महिलाओं एवं अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर एसआई रामकृपाल, अनिल शर्मा, एंटी रोमियो प्रतिभा,राजकुमार शुक्ला, राजबहादुर सिंह, किरन तिवारी, रमेश कुमार त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# धान क्रय केन्द्र भदैया का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता। सुलतानपुर



धान क्रय केन्द्र का जायजा लेते डीएम रवीश गुप्ता

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता द्वारा मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस समापन के पश्चात भदैया ब्लॉक के विपणन शाखा धान क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विपणन निरीक्षक राकेश पाण्डेय मौके पर उपस्थित मिले। उन्होंने केंद्र पर क्रय संबंधी समस्त अभिलेख, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटा सत्यापित स्थिति में सही वजन देते हुए पाया। हाथ से संचालित पंखा, छन्ना तथा बोरे मौके पर उपलब्ध पाए गए। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि जनपद के सभी धान क्रय केन्द्रों पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित की जायें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। भदैयॉ क्रय केंद्र पर उपलब्ध किसान के धान को जिलाधिकारी श्री गुप्ता द्वारा नमी मापक यंत्र से उसकी नमी की माप अपनी उपस्थिति में करा कर देखा गया और विपणन निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि धान को क्रय कर सूचित किया जाए। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध पावर विनोइंग फैन का तार टूट जाने की वजह से मौके पर चलता हुआ न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उसको तत्काल ठीक कराकर पुन: चलाये जाने का निर्देश सम्बन्धित को दिये। निरीक्षण के समय उपस्थित जिला खाद्य विपणन अधिकारी को डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में स्थापित सभी क्रय केंद्रों पर फोनिक वार्ता कर लें और जहां जो कमियां हैं, उसे तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी क्रय केंद्रों का एक रूट चार्ट बनाकर उपलब्ध कराएं, ताकि आकस्मिक निरीक्षण लगातार उनके द्वारा किया जा सके। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी अतुल वतस तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा और क्षेत्रीय विपणन अधिकारी सत्य प्रकाश राय आदि उपस्थित रहे।

# स्टेशन मास्टर को धमकाने वाला रेलवे कर्मी गिरफ्तार

**रायबरेली।** रेलवे स्टेशन जलालपुर धई मैं तैनात स्टेशन मास्टर रमेशचंद्र को उनके ही अधीनस्थ कार्यरत देशराज यादव (गेट मैन) ने धमकाया था गाली गलौज की थी जानमाल की धमकी दी थी। इसी दौरान धमकी देकर भागते समय अभियुक्त देशराज यादव के पास से 315 बोर का तमंचा गिर गया था जिसको वादी द्वारा थाने में सुपुर्द किया गया था। स्टेशन मास्टर जलालपुर धई ने तहरीर दी थी जिसके बाद मुकदमा पंजीकृत करते हुए जीआरपी पुलिस रायबरेली ने कार्यवाही की और अभियुक्त देशराज यादव गेटमैन पुत्र स्वर्गीय अवसान निवासी खोन्दपुर थाना गदागंज जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, उपनिरीक्षक अमला सिंह यादव, कांस्टेबल अरविंद सिंह, पवन कुमार पाल ,शशि कुमार सिंह, विमलेश कुमार यादव आदि शामिल थे।




# उल्लास साथ बच्चे आये, कोविड-19 के निर्देशों का कराया गया पालन

संवाददाता। लालगंज रायबरेली



**महामारी** के कारण लम्बे समय तक स्कूल बन्द रहने के बाद, सरकार के निर्देशानुसार एस जे एस पब्लिक स्कूल लालगंज में नौंवी से बारहवीं तक की कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने केंद्र सरकार द्वारा जारी को ध्यान में रखते हुये, बवअपक 19 के संक्रमण से बचाव से सम्बंधित सभी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की है साथ ही कक्षाओं के संचालन मे के अन्य मानकों जैसे थर्मल स्क्रीनिंग,क्लासरूम सैनीटाईजेशन, सोशल डिस्टेनसिंग, मास्क की अनिवार्यता आदि पर विशेष ध्यान दिया है। सह प्रबंधिका डॉ0 अनुश्री सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने स्वयं अपनी देख-रेख एवं मार्गदर्शन में दो पालियों में विद्यालय का संचालन कराया। प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने कहा कि बच्चे स्कूल खुलने को लेकर बहुत उत्साहित नजर आए साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों को अभिभावक द्वारा दिए गए सहमति पत्र के साथ ही विद्यालय में आने की अनुमति दी गयी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल को फॉलो करते हुए ही विद्यार्थियों को कक्षा में बैठने की इजाजत दी गयी तथा आज पहले दिन उन्हें कक्षा में बवअपक-19 से बचाव के बारे बताया गया तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सभी निर्देशों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी।

## क्विक न्यूज

### समाधान दिवस पर छह शिकायतों का निस्तारण

**डलमऊ रायबरेली ।** उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से छह प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा सका शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को देते हुए मौके पर जाकर निष्पक्षता के साथ निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए इस मौके पर तहसीलदार डलमऊ प्रतीत त्रिपाठी कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज आदि के साथ अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे ।

### धूमधाम के साथ राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना

**रायबरेली।** राधा-कृष्ण की मंदिर में बड़ी धूमधाम से यात्रा निकाली गई बछरावां रायबरेली बछरावां विकासखंड के मदाखेडा गांव स्थित राधा-कृष्ण की मंदिर में बड़ी धूमधाम से यात्रा निकाली गई बछरावां विकासखंड के सुदौली स्थित भवरेश्वर मंदिर धाम में दर्शन उपरांत वापस मदाखेडा गांव में मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना की गई यह मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम श्रीधर महाराज के नेतृत्व में गोकरन नाथ त्रिवेदी द्वारा कराई गई है मुख्य रूप से उपस्थित शिव प्रसाद मिश्रा शिव शंकर मिश्रा शिवम लाला बृजेश कुमार तुंगनाथ त्रिवेदी विनीत गुप्ता पवन यादव धर्मेंद्र कुमार कल्लू यादव लल्लन यादव अनुज मिश्रा प्रदीप मिश्रा नंदकिशोर आज सैकड़ों की तादात में लोग उपस्थित रहे ।

### दर्जनों लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** हलियापुर क्षेत्र के डेहरियावां गाँव मे कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय पूर्व विधायक राधेश्याम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें युवा समाजसेवी भूपेन्द सिंह व बिधान सभा युथ अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के समक्ष दर्जनो साथियों ने त्रिभुवन नाथ धाम डेहरियावां में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक ने युवाओं को कांग्रेस से जुड़ने का आह्वान किया,और कहा कि युवाओं को रोजगार देने मे मोदी सरकार पूरी तरह विफल रही है। सरकार आम जनमानस को मंहगाई और निराशा की तरफधकेल रही है।इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष व जिला सचिव धनंज्जय सिंह हलियापुर, वीरेन्द मिश्रा ,अरबिन्द सिंह सैनी,पशुपति नाथ सिंह, बिजय बहादुर सिंह,अवध राज सिंह, सर्वेश सिंह, मुदित सिंह, डा. प्रभंजन सिंह, समरजीत यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े, कई घायल

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के इमिलिया खुर्द के पदी का पुरवा में दो पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस आरोपियों की धर पकड़ में जुटी हुई है। मंगलवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के इमिलिया खुर्द के पदी का पुरवा में दो पक्ष मामूली विवाद को लेकर भिड़ गए। रामअवतार व रामजीत पक्षों की ओर से हुए बवाल में कई लोग घायल हो गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शुक्ला समेत नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह मौके पर दलबल के साथ पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर ने बताया कि गुलाबो पत्नी रामराज निवासी इमिलिया खुर्द उपली पाथ रही थीं। रामजीत व इन्द्रजीत द्वारा उपली पाथने से मना किया। इसी बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में घायल लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

### दो दिन पूर्व घर से लापता किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला शव

**श्रावस्ती।** तुलसीपुर सोनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्ब घर से लापता किशोर का शव आज तीसरे दिन संदिग्ध परिस्थितियों में खेत मे पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन बेटे के शव को देखकर विलाप करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस टीम ने डॉग स्कायड की मदद से छानबीन शुरू कर दी है। वहीं एस पी तथा ए एस पी सहित विधायक ने भी मौके पर पहुंच कर परिवार को ढांढस बंधाया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरा कला के मजरा चिच?ी निवासी रवी12 वर्ष पुत्र रामगोपाल रविवार दोपहर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। जिसकी तलाश परिजन कर रहे थे पर उसका कोई पता नही चला था। थक हार कर परिजनों ने सोनवा पुलिस को बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी। इस संबंध में थाना सोनवा पर पुलिस ने मामला दर्जकर किशोर की तलाश शुरू कर दी थी। परिजन और पुलिस रवि की तलाश कर ही रहे थे कि मंगलवार को तीसरे दिन रवि की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर एक खेत मे प?ी मिली। जिसकी सूचना मिलते ही परिवाजनों सहित पुलिस के आला अधिकारी और काफी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने भी मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

# श्रावस्ती में पराली जलाने वाले 30 किसानों पर दर्ज हो चुकी है एफआईआर

संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** टी0 के0 शिबु ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप यदि किसी भी ग्राम पंचायत में पराली जलाने की घटना प्रकाश में आती है तो ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तत्काल तहसील स्तर पर सूचित करें ग्राम पंचायत स्तर पर लेखपाल को सूचित करें यह समिति फसल अवशेष जलाये जाने की निगरानी करेगी तथा फसल अवशेष जलाये जाने की पुष्टि होने पर कृषि विभाग के अधिकारियों वा कर्मचारियों द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध वसूली की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। फसल अवशेष जलाने पर जुर्माना राशि की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 02 से एक से कम पर दो हजार पॉच सौ रूपये 2 से 5 एक पर पॉच हजार रूपये तथा 5 एकसे अधिक पर पन्द्रह हजार रूपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि फसल का अवशेष जलाने पर निकलने वाली हानिकारक गैसों से पर्यावरण को बहुत तेजी से नुकसान पहुँचता है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाये जा रहे है तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के द्वारा रात में भी ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया जा रहा है। अब तक जनपद में कुल 30 कृषकों के विरूद्व पराली जलाकर प्रदूषण फैलाने हेतु मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। जबकि प्रशासन द्वारा पराली न जलाने से खेती मे होने वाले फायदों के बारे में कृषकों को अवगत कराया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों में कृषकों को फसल अवशेष न जलाने एवं उससे होने वाले नुकसान के बारे कृषकों का जागरूक किया जा रहा है। जनपद के समस्त कृषकों एवं प्रधानों को नोटिस प्रेषित कर भी पराली न जलाने हेतु जागरूक किया गया है। पराली जलाने पर मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण की धारा 24 एवं 26 के अन्तर्गत निम्नवत अर्थदण्ड का प्राविधान है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की भरमार

**● राजस्व के 133 तो पुलिस विभाग के 46 मामले**




सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते अधिकारी

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील लम्भुआ में समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुरूप टोकेन सिस्टम का प्रयोग कर एक-एक फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। सुनवाई के दौरान उच्चाधिकारियों ने अधीनस्थ अधिकारियों को समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपते हुए शिकायतों के निस्तारण का आदेश दिया। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की भरमार रही। जिसमें सबसे ज्यादा मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। जिलाधिकारी द्वारा नाली, भूमि विवाद, विद्युत, चकबन्दी, पुलिस, आपूर्ति, सिंचाई, कृषि, शौंचालय, आवास की मांग आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर निरीक्षण कर भूमि विवाद का निपटारा करायें एवं शौंचालय व आवास की मांग सहित विभिन्न समस्याओं का भी निस्तारण प्राथमिकता के साथ किये जायें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस लम्भुआ में डीएम के समक्ष कुल 227 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक राजस्व के 133, पुलिस के 46, विकास के 13, आपूर्ति व पंचायती राज विभाग के 05-05, डीआरडीए के 03, चकबन्दी, पीडब्ल्यूडी, विद्युत व कृषि के 02-02, समाज कल्याण, सिंचाई, शिक्षा व एआरएम के 01-01 तथा अन्य विभागों के 10 प्रार्थना पत्र मिले।

## संपूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त देवी पाटन मण्डल

**श्रावस्ती।** इकौना आयुक्त देवीपाटन मंडल गोण्डा एस बी एस रंगाराव ने मंगलवार को इकौना तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त ने वहाँ आये शिकायत कर्ताओं की शिकायतें सुनी तथा उनकी शिकायतों का जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये मौजूद अधिकारियों निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से त्वरित निस्तारण करें। आयुक्त के समक्ष चक मार्ग चालू कराने आवास व पेंशन दिलाए जाने अवैध ढंग से विद्युत बिल आने पारिवारिक लाभ योजना का पैसा हड़प लेने मजदूरी न मिलने तथा राशन कार्ड से नाम काटे जाने आदि से संबंधित शिकायतें की गई जिस पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से जांच कर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त के समक्ष ग्राम गोविंदपुर की मालकिन देवी द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई जिस पर आयुक्त ने उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाने के निर्देश दिए।

# त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक


संवाददाता। श्रावस्ती

**● भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया**

**भिनगा त्रिस्तरीय** चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय व पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा मौजूद रहे।भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र शामिल हुए। जिले में प्रथम बार आगमन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। जिला कार्यालय पर जिले के सभी जिला पंचायत वार्डों व क्षेत्र पंचायत के संयोजकों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र ने कहाकि पंचायत चुनाव भारतीय चुनाव प्रक्रिया की बहुत ही महत्वपूर्ण क?ी होती है। आगामी पंचायत चुनाव चाहे व ग्राम पंचायत हो जिला पंचायत हो या क्षेत्र पंचायत चुनाव हो यह आम जनता की दृष्टि से भी और भारतीय जनता पार्टी की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार के कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं से जन जन को सीधा लाभ मिला है। ग्राम स्तर पर लोगों में भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता पहले से और बड़ी है। हर गाँव से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहते है। इन त्रिस्तरीय चुनाव में आप सभी को गाँव गाँव में लोगों को भाजपा की योजनाओं व कार्यों के बारे बताना है। और लोग कैसे इन योजनाओं से लाभान्वित हो इसके बारे में भी बताना है। हमें हर गाँव में जाकर स्वच्छ साफ छवि के कार्यकर्ताओं या जो चुनाव लड़ने वाले इच्छुक व्यक्ति है उनकी सूची बनानी है। ऐसे व्यक्ति जिनकी नजर में जाति धर्म सम्प्रदाय से बढ़कर गाँव का विकास मुख्य हो ऐसे व्यक्तियों को हमको समाज से निकाल कर लाना है ताकि भविष्य में इनके द्वारा सरकार की योजनाओं नीतियों व कार्यों का शत् प्रतिशत धरातल पर क्रियांवयन हो सके। और गांवो का समग्र विकास हो सके।

# समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का निस्तारण: डीएम

संवाददाता। गोंडा



**मंगलवार को** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कोविड-19 से बचाव के दृष्टिगत खुले स्थान पर आयोजित हुआ जिसमें जिलाधिकारी डॉ0 नितिन बंसल ने पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय के साथ तहसील करनैलगंज में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन करनैलगंज के लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह परिसर में खुले स्थान पर हुआ। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस से बिना सूचना के अनुपस्थित एक्सईएन विद्युत करनैलगंज का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयबद्ध ढंग से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो, यह प्रत्येक अधिकारी सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ शशांक त्रिपाठी, सीएमओ डा0 मधु गैरोला, एसडीएम करनैलगंज ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सीओ करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय, तहसीलदार बृज मोहन, पीडी सेवाराम चौधरी, डीडी एग्रीकल्चर मुकुल तिवारी, डीएसओ वी0के0 महान,एक्सईएन जल निगम, जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंह, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पशु चिकित्साधिकारी, बीएसए, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, पीओ डूडा, एसडीओ वन विभाग आरएस यादव, सभी नायब तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व फरियादी उपस्थित रहे।

# धान की खरीद सरकारी क्रय केन्द्रों पर होगी: मंडलायुक्त

## कमिश्नर ने धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर



**खरीफ** विपणन वर्ष 2020-21 में धान क्रय केन्द्रों पर आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अनिल कुमार सागर द्वारा सम्भागीय खाद्य नियंत्रक बस्ती सम्भाग, बस्ती और सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी बस्ती सम्भाग, बस्ती के साथ मंगलवार को जनपद में धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम विपणन शाखा धान क्रय केन्द्र सेमरियावां में केन्द्र प्रभारी निशा वर्मा उपस्थित मिली। केन्द्र पर धान खरीद से सम्बन्धित व्यवस्था पूर्ण मिली। मण्डी यार्ड में स्थित हाट शाखा के केन्द्र मण्डीयार्ड, पीसीएफ के केन्द्र मण्डीयार्ड, भारतीय खाद्य निगम के केन्द्र मण्डीयार्ड एवं राज्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति के केन्द्र मण्डीयार्ड में स्थित क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समस्त केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर उपस्थित पाये गये। केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थायें पूर्ण पायी गयी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष मण्डी में दो क्रय केन्द्र स्थापित थे, इस वर्ष किसानों के सुविधा हेतु चार क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। मण्डी में धान का कोई भी आढ़तिया कार्यरत नही है तथा मण्डी में आने वाले समस्त धान की खरीद सरकारी क्रय केन्द्रों पर करायी जायेगी। मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों का धान विक्रय हेतु पंजीकरण अधिक से अधिक कराया जाये तथा धान का आवक होते ही तत्काल धान क्रय करना सुनिश्चित करें। कोविड-19 बचाव हेतु सेनेटाइजर की व्यवस्था केन्द्रों पर किया जाये तथा सोशल डिस्टेसिंग का विशेष ध्यान दिया जाए।

### धान की नमी मापने में रखें नरम रूखः डीएम

**बस्ती**। हथियागढ़ नवीन मंडी परिषद में स्थापित खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र का डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी हेमराज मीणा ने निरीक्षण किया। किसान रजिस्ट्रेशन, धान खरीद रजिस्टर का निरीक्षण किया। कहा कि जो किसान धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद टोकन जनरेट नहीं कर पा रहे हैं उन्हें केंद्र से ही सूचना दी जाए। निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम से किसानों को फोन कर उनके धान खरीद की नियत तिथि की जानकारी दी जाए ताकि वह समय से धान लाकर केंद्र पर बेच सकें। कहा कि कोई भी किसान किसी भी क्रय केंद्र पर अपना धान दे सकता है, परंतु टोकन जनरेट हो जाने के बाद उसे उसी केंद्र पर धान बेचने के लिए ले जाना होगा। निरीक्षण में पाया कि इस केंद्र पर धान खरीद शुरू हो गई है तथा 19 अक्टूबर को रामसागर ने 44 कुंतल धान बेचा है। नमी मापक यंत्र के द्वारा धान की नमी मापने में नरमी का रुख रखने, अनावश्यक किसानों को परेशान ना करने का निर्देश दिया। एमआई संजय जायसवाल ने बताया कि खरीदे गए धान का पेमेंट भी हो गया है।

डिप्टी आरएमओ गोरख नाथ तिवारी ने बताया कि अब तक कुल 6 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। धान खरीद का विवरण आनलाइन होने के साथ रजिस्टर में भी दर्ज किया जा रहा है।

## विभागाध्यक्ष से टेंडर निरस्त करने की मांग

संवाददाता। बस्ती

**बड़े** ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए पीडब्लूडी के अभियंताओं ने सारे नियम कानून को तोड़ देने का मामला सामने आया है। छोटे ठेकेदारों को ठेका से वंचित करने के लिए नौ पुल के ठेके को एक पुल का लाट बनाकर टेंडर निकाल दिया, वह भी बिना स्वीकृति के। सवाल उठ रहे हैं कि जब विभाग के पास 130 मी. पुल बनाने का अनुभव नहीं हैं, तो फिर ठेकेदारों के पास कहां से होगा। विभाग ने आज तक 60 मी. से अधिक की लंबाई का पुल ही नहीं बनाया। 60 मी. से अधिक के पुल का निर्माण सेतु निगम करती है। आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह और प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री और प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष से शिकायत करते हुए टेंडर को निरस्त करने की मांग की है। मामला इंडो-नेपाल बार्डर वृत्त का है।

# उद्घाटन और शिलान्यास का मेहनताना ले रहे हैं माननीय के प्रतिनिधि

## प्रधानों ने खोली माननीयो के प्रतिनिधियों की पोल

## प्रति पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का ले रहे हैं 15 से 20 हजार

संवाददाता। बस्ती

**सुनने** में अजीब लग रहा होगा, मगर यह प्रमाणित सच है कि माननीय के प्रतिनिधि पंचायत भवन और सामूदायिक शौचालय के उदघाटन और शिलान्यास के नाम पर प्रधानों से सुविधा शुल्क ले रहे है। नाम न छापने के शर्त पर कई प्रधानों ने बताया कि जैसे ही कोई माननीय उदघाटन और शिलान्यास करके जाता हैं, उसके बाद उनके प्रतिनिधि 15 से 20 हजार रुपये की मांग यह कहकर करते हैं, कि नहीं दिया तो पिछले पांच सालों की जांच करवा दूंगा।

जिले में कमीशन को लेकर अजीब स्थित बन गई है। माननीय के अब उनके प्रतिनिधि भी मौके का फायदा उठाने में लग गए हैं। पहले ही ब्लॉक से लेकर तहसील वालों को प्रोजेक्ट की मंजूरी और जमीन आंवटन में 30 से 40 हजार प्रधानों को खर्च करना पड़ता है, और अब तो प्रतिनिधि भी डरा कर धन वसूलने लगें हैं, प्रधानों का कहना हैं कि जब एक बढ़ा हिस्सा कमीशन के रुप में चला जाएगा तो निर्माण कहां से होगा और गुणवत्ता कैसे मानकनुसार होगा। कहते हैं कि आखिर इसकी शिकायत करें तो किससे? जांच के खौफ से कोई शिकायत भी नहीं करता।

ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र पंचायत और क्षेत्र पंचायत से लेकर विकास भवन के कार्यालयों तक कमीशन की धूम मची हुई है। कोई मौका छोड़ना नहीं चाह रहा है। सब इस बहती गंगा में हाथ थोना चाह रहे हैं। हर्रैया, विक्रमजोत, परसुरामपुर और बनकटी क्षेत्र पंचायतों में कमीशन को लेकर लड़ाई तक हो रही है। आडियो तक वायरल हो रहे है। हर्रैया के विधायक के शिकायत के बाद लोगों को पता चला कि क्षेत्र और ग्राम पंचायतों में कमीशन को लेकर कितनी मारामारी होती है। ठेका या कमीशन का मामला राजधानी तक पहुंच चुका है।

मजिस्टेरिएल जांच तक हो रही है। उदघाटन और शिलान्यास के नाम पर धन वसूली के मामले ने जिले वासियों को चौंका दिया है। लोग कहने को बेवस होने लगे हैं कि अब बचा क्या? जानकारों का कहना है कि कमीशनबाजी में जोर पकड़ने का सबसे बड़ा कारण होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है। प्रधान और ब्लॉक प्रमुख अधिक से अधिक धन बटोरना चाहते हैं, ताकि वह चुनाव को जीत सके और अपने लोगों को जितवा सके।

प्रधान को डर इस बात का लग रहा है कि जब ग्राम पंचायतों के सारे कामों को प्रमुख और माननीय के लोग हथिया लेंगें तो उन्हें क्या मिलेगा? दमदारी से चुनाव लड़ने के लिए सरकारी धन को सबसे बड़ा हथिया बनाया जा रहा है। चूंकि इसखेल में बीडीओ और डीपीआरओ, एडीओ पंचायत और सेक्रेटरी की भूमिका बराबर की रहती हैं, इस लिए भ्रष्टाचार रुकने के बजाए और बढ़ रहा है।

इसे रोकने में सरकारी तंत्र अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभा पा रहा है। सरकार का फरमान है कि उदघाटन और शिलान्यास माननीय के द्वारा होगा।

## 24 घंटे के अन्दर किया जाए डिजिटल पेमेन्ट

**सोनभद्र**। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने तहसील घोरावल के धान क्रय केन्द्र बकौली का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समिति धान क्रय केन्द्र बकौली परिसर को देखा, इलेक्ट्रानिक कॉटों को चेक किया, नमी मापक मशीन को चेक किया, झरना को चेक करने के बाद बोरों के उपलब्धता की जानकारी की और मौक पर दो हजार बोरे मौजूद पाये। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के आने वाले धान की खरीददारी पंजीकरण के आधार पर किया जाय। किसानों को शुद्ध पेयजल व बैठने की व्यवस्था की जाय, किसानों की धान आने पर वरीयता क्रम से तत्परता के साथ तौलायी कराते हुए डिजिटल पेमेन्ट उसी दिन यानी 24 घंटे के अन्दर कर दिए जाए। धान क्रय केन्द्र बकौली के निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ देवेन्द्र सिंह, एडीसीओ नीरज सहित अन्य मौजूद रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग महिला विंग ने प्रशासन को सौंपा पीपीई किट



संवाददाता। संतकबीरनगर

**आर्ट** ऑफ लिविंग की महिला सेवा ग्रुप संजीवनी द्वारा कोरोना महामारी से बचाव हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को 120 पीपीई किट व 2000 मास्क भेंट किए गए। इस अवसर पर पुलिस कप्तान बृजेश सिंह भी मौजूद थे। आर्ट ऑफ लिविंग ने इससे पहले भी पीपीई किट व मास्क दिए थे और पूरे लॉकडाउन पीरियड में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के साथ मिलकर सेवा कार्य भी किये थे। जिसमें 300 से ज्यादा राशन किट वितरण, दूसरे शहरों से आने वाले प्रवासी मजदूरों को भोजन पैकेट वितरण, मास्क वितरण सहित अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। उक्त जानकारी देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती रीतू जैन और वंदना गुप्ता ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य रविशंकर की प्रेरणा से आर्ट ऑफ लिविंग जिले में पिछले 15 सालों से कार्यरत है तथा लगातार विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों जैसे स्वच्छता जागरूकता कॉर्यक्रम, मेडिकल जांच शिविर, ब्लड डोनेशन कैंप, फिट इंडिया मूवमेंट व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग, डाण्डिया उत्सव, तथा साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के योग, ध्यान आदि का आयोजन करके समाज में अपनी एक अलग छाप छोड़ी है।

# जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण में आनलाइन कक्षाएं संचालित नहीं मिली

## डीआईओएस को दिया विद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश

संवाददाता। बस्ती



**महुड़र** स्थित बाबूराम जय जय राम चौधरी इंटर कॉलेज का डीएम आशुतोश निरंजन और एसपी हेमराज मीणा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कक्षाएं संचालित मिली, लेकिन आनलाइन शिक्षा की व्यवस्था नहीं पाई गई। इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए डीआईओएस डा. बृजभूषण मौर्य को निर्देश दिया कि अन्य विद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। डीएम ने कहा कि प्रथम पाली में कक्षा 9 एवं 10, दूसरी पाली में कक्षा 11 एवं 12 की कक्षाएं संचालित कक्षाओं में नहीं आ पाने वाले बच्चों के लिए आनलाइन कक्षा की व्यवस्था है। बावजूद इसके निरीक्षण के दौरान आनलाइन कक्षाएं संचालित नहीं मिली। महिला टीचर बैठी मिली, लेकिन आनलाइन कक्षाएं संचालित नहीं पाई गई। कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए सभी कक्षाएं संचालित की जाने, सभी अभिभावकों की सहमति लेकर छात्र,छात्राओं को स्कूल में बुलाए जाने का निर्देश दिया।कहा कि यहां कमरे बड़े-बड़े हैं और बच्चे दूर-दूर बैठ सकते हैं। इसलिए अधिक से अधिक बच्चों को बुलाकर उनके शिक्षा का प्रबंध किया जाए। प्रधानाचार्य ने बताया कि हाई स्कूल में 252 बच्चे हैं जिसमें से 19 अक्टूबर को 42 और 20 अक्टूबर को 29 बच्चे आए हैं।

# दो लाख से अधिक नौनिहालों को दी गई विटामिन ए की खुराक

## बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान

संवाददाता। सोनभद्र

**स्वास्थ्य** विभाग एवं आईसीडीएस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनपद में चलाए गए बाल स्वास्थ्य पोषण माह के अंतर्गत 2,24,995 नौनिहालों को विटामिन ए की खुराक दी गई । इस अभियान में एएनएम, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया था। जिनके द्वारा टीकाकरण सत्र पर बच्चों को लाकर विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. रामकुवर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आठ से 13 अगस्त तक बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान चलाया गया था। इस अभियान में नौ माह से पांच वर्ष आयु के 2,35,692 बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष 2,24,995 बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया गया जो लक्ष्य का 95.46 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह कार्यक्रम में लगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम व आशा बहनों ने कोरोना वायरस कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई। और टीकाकरण सत्र पर आने वाले बच्चों के साथ उनके माता-पिता को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क लगाने एक-दूसरे से बातचीत करने के दौरान दो गज की दूरी का पालन करने और साबुन पानी या सैनिटाइजर से बार-बार हाथ धोने का सुझाव भी दिया गया। जिससे बढ़ते संक्रमण पर नियंत्रण लगाया जा सके।

## दुष्कर्म व हत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बस्ती**। युवा अग्रहरि समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रहरि के नेतृत्व में जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को चार सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया। प्रतापगढ के बाघराय थाना क्षेत्र के पवासी निवासी 17 वर्षीय अग्रहरि समाज की नाबालिग किशोरी के साथ मनबढों द्वारा दुष्कर्म, विरोध करने पर मां बाप को बंधक बनाकर युवती को कुएं में फेंककर हत्या मामले में न्याय की मांग की। ज्ञापन में पीड़ित परिवार की सुरक्षा, 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, घटना की निष्पक्ष सीबीआई जांच, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाए जाने की मांग की गई है।

युवा अग्रहरि समाज जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रतापगढ के बाघराय थाना क्षेत्र के पवासी निवासी नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म, हत्या की घटना को लेकर परिवार दहशत में हैं, पुलिस मामले को कमजोर करने का षड़यंत्र कर रही है।

# जनता की समस्याओं का जल्द हल निकालें अधिकारी: डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। सोनभद्र



**जिले** की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तीसरे मंगलवार के सम्पूर्ण समाधान दिवस की खासियत यह रही कि सभी अधिकारी अपना-अपना नेम प्लेट लगाकर जनता की समस्याओं को सुनते हुए मामले को निस्तारित करने के लिए तत्पर रहे और तहसील परिसर में ही अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं का स्टाल लगाकर नागरिकों को जानकारी दे रहे थे। घोरावल में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मौजूद सभी अधिकारियों का दायित्वबोध कराते हुए कहा कि तहसील दिवस में अब सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभागों के समस्याओं को सुनेंगे और जो प्रकरण मौके पर निस्तारित नहीं होंगे उनका प्रकरण सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जाएगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खड़्देउर के आपसी जमीनी विवाद के मामले में दोनों पक्षों का कड़ाई के साथ पाबंद किया जाय और असलहाधारियों का असलहा जमा करा लिया जाय। उन्होंने लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिन विभागों के शिकायती पत्र डिफाल्टर श्रेणी में हो गयी हैं उन लापरवाहों के खिलाफ पत्र लिखने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में 13 शिकायतें आयी और मौके पर आठ मामले निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 13 मामले निस्तारित हुए, बाकी 100 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्रवाई अमल में लायी जा रही है। अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी ने राबर्ट्सगंज में पुराने लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता के बनाये रखने की ताकीद करते हुए मौजूद कार्मिकों को लम्बित मामलों को निस्तारित करने की ताकीद की।

## समाधान दिवस में पहुंचे आईजी, सुनी जनसमस्याएं

**संतकबीरनगर**। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय ने खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुना गया एवं जिला बाल संरक्षण इकाई संतकबीरनगर के तत्वावधान में मिशन शक्ति (बालिका सुरक्षा जागरूकता) कार्यक्रम (17-25 अक्टूबर) में उपस्थित समस्त लोगों को शपथ दिलाई गई। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय तहसील खलीलाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को मौके पर सुना तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। उन्होने निस्तारित हो चुकी शिकायतों का दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि सभी शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करे। जिससे की शिकायत निस्तारण में सहूलियत मिल सके साथ ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद, बखिरा, दुधारा (प्रतिनिधि) को जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में मिशन शक्ति (नारी सम्मान एवं सुरक्षा) पर कहा कि बालिकाओं की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 और डायल 112 की जानकारी दी।

# नमक में आयोडीन की मात्रा को लेकर जागरूक किया जाएगा



## विश्व आयोडीन अल्पता दिवस आज

संवाददाता। मिर्जापुर

**कोरोना** काल में जिले वासियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता पैदा की जा रही है। इसी के मद्देनजर स्वास्थ्य कार्यक्रम राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को विश्व आयोडीन अल्पता दिवस मनाया जाएगा।जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों की बैठक में अवगत कराया कि प्रदेश के 24 जिलों में एनआईडीडीसीपी कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है जिसके तहत जिले में बुधवार को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 186 सबसेन्टरों पर ग्लोबल आईडीडी दिवस मनाया जाएगा। केन्द्र पर आने वाले सभी मरीजों व अभिभावकों समेत गर्भवती महिलाओं को खाने में नमक के प्रयोग में आयोडीन की उचित मात्रा के बारे में जागरूक करने का कार्य किया जायेगा।

इसके अलावा उनको पम्पलेट और पोस्टरों के माध्यम से भी समझाया जाएगा। इसके लिए जिले के 2043 आशाओं को लगाया जा रहा है जिसके लिए उनको पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। जिले के सभी आशा घर-घर जाकर लोगों को नमक में आयोडीन की मात्रा को लेकर जागरूक करने का काम करेगी जिससे उनको आयोडीन की कमी से होने वाले रोगों से बचाया जा सके।

**क्या है आयोडीन** : आयोडीन एक रासायनिक तत्व है। यह सबसे भारी आवश्यक खनिज पोषक तत्व है और बौद्धिक अक्षमता का प्रमुख रोग है। आयोडीन और इसके यौगिकों का उपयोग मुख्य रूप से पोषण में किया जाता है।

मानव शरीर द्वारा इसके उत्थान की विशिष्टता के कारणए आयोडीन के रेडियोधर्मी समस्थानिक का उपयोग थायराइड कैंसर के इलाज के लिए भी किया जा सकता है।

**आयोडीन का महत्व:** आयोडीन सूक्ष्म पोषक तत्व है, जो कि मानव वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक है। आयोडीन बढ़ते शिशु के दिमाग के विकास और थायराइड प्रक्रिया के लिए अनिवार्य एक माइक्रोपोशक तत्व है।

आयोडीन हमारे शरीर के तापमान को भी विनियमित करता हैए विकास में सहायक है और भ्रूण के पोशक तत्वों का एक अनिवार्य घटक है।

**आयोडीन की कमी से होने वाली परेशानी:** थायरॉयड ग्रंथि का बढ़ना,मानसिक बीमारी, मंदबुद्धि, मानसिक मंदता, बच्चों में संज्ञानात्मक विकास की गड़बड़ी और मस्तिष्क की क्षति। मृत जन्म और गर्भवती महिलाओं में स्वतः गर्भपात। जन्मजात असामान्यता जैसे कि बहराण्गूंगापन यबात करने में असमर्थताद्ध और बौनापन। देखने, सुनने और बोलने में दोष।

**आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थ:** आयोडीन का सबसे सामान्य स्त्रोत नमक है। आयोडीन युक्त कुछ अन्य खाद्य प्रदार्थ दूध, अंडा, समुद्री शैवाल, शेलफिश, समुद्री मछली, समुद्री भोजन, मांस, दालें, अनाज है।

**आयोडीन की कमी से होने वाले रोग** : आयोडीन की कमी से मुख्य रुप से घेंघा रोग होता है। आयोडीन की कमी से चेहरे पर सूजन। गले में सूजन यगले के अगले हिस्से में थाइराइड आदि।


## विद्यार्थियों का स्वागत है, मेहनत से पढ़ें आगे बढ़ें: उदय प्रताप

**संतकबीरनगर**। सूर्या एकेडमी के प्रबन्ध निदेशक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी व प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने पूजन-अर्जन कर सत्र 2020-21 की कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं सरकार के गाइडलाइन के अनुसार प्रारम्भ की गई। आज कक्षा 10वीं एवं 12वीं की कक्षाएं प्रारम्भ हुई और अगले दिन कक्षा 9वीं और 11वीं की कक्षाएं चलेंगी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी विद्यार्थियो से उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी लेते हुए कहा कि यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की जरूरत है, और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय का सदुपयोग करना होगा। प्रबन्ध निदेशिका ने कहा कि कोविड- 19 के कारण विद्यालय लम्बे समय से बन्द चल रहे थे।

# बुनकरों ने निकाला मौन जुलूस मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

## बुनकरों की जायज मांग पर सरकार दे ध्यानः हाजी इमामुद्दीन

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उत्तर** प्रदेश बुनकर सभा के जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अंसारी ने एक बार फिर बुनकरों के हित में संघर्ष शुरू किया है। बुनकर नेता हाजी इमामुद्दीन अंसारी ने कहा कि बुनकरों की मांग जायज है, सरकार ध्यान दें। बुनकर बहुत ही सघर्ष के बाद अपने परिवार का जीविकोपार्जन चलाते है। ऐसी परिस्थिति में सरकार को जाति पाति के भेदभाव से उठ कर बुनकरों के हित में निर्णय लेते हुए शासनादेश जारी करें। जिससे सभी बुनकर रोजी रोजगार से जुड़ कर अपने परिवार का खर्च चला सके। हाजी इमामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में बुनकर मो. ओसामा, शरफुद्दोजा, हिमायतुल्लाह, मो. इलियास, अफ्जल हुसेन, निजामुद्दीन, कौशर अली, मो. शमीम, तौफीक अहमद, इजहार अहमद, वसी अहमद, रमाशंकर, अहमद अली, वसी अहमद, लतीफ नसीम अंसारी सहित बुनकरों ने मौन जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को चार सूत्रीय मांग पत्र भेजा है। बुनकरों ने मांग किया है कि 31, जुलाई तक पुराने फ्लैट रेट से बुनकरों के विद्युत बिल जमा होंगे। अगस्त से नई योजना जो बुनकरों से विचार विमर्श कर 15 दिनों में बना ली जाएगी उसको लागू किया जाएगा। पासबुक के अतिरिक्त जो भी फर्जी बकाया बुनकरों के नाम पर आ रहा है, उसको अभियान चलाकर विद्युत बिलों में सुधार कर समाप्त किया जाएगा तथा बुनकरों का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा तथा जो कनेक्शन कट गये है उसको जोड़ा जायेगा, बुनकरों के नाम कोई आरसी नहीं जारी की जाएगी।

## 4 किलो गांजे के साथ दो मोटरसाइकिल सवार गिरफ्तार

**चकिया, चन्दौली।** इलिया थाना क्षेत्र के रामपुर पुलिया मोड़ ग्राम बटुआ के पास से लिया पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को मुखबिर की सूचना पर पकड़ कर उनके पास से 4 किलो गांजा बरामद किया है। इस संबंध में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर अवैध शराब तस्करी व अवैध असलहा कारतूस एवं मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन तथा क्षेत्राधिकारी चकिया के निर्देशन में थानाध्यक्ष इलिया मिथिलेश तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेल द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त बरामदगी की गई है।पुलिस ने गिरफ्तार युवकों को बाइक सहित थाने लाने के बाद मुकदमा अपराध संख्या 73,2020 धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट व मुकदमा अपराध संख्या 74,2020 धाराध् 820 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अगली कार्रवाई में व्यस्त है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम जितेंद्र यादव ग्राम धोबहा थाना चांद व प्रमोद हजाम निवासी वार्ड नंबर 8 कस्बा चांद थाना चांद जिला कैमूर भभुआ बताया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेलए कांस्टेबल रमेश यादवए कांस्टेबल महेश प्रताप सिंहए कांस्टेबल गणेश तिवारी व कांस्टेबल अवनीश कुमार शामिल रहे।

## अधिवक्ता को मातृशोक

**मछलीशहर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी तहसील अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद यादव की माता के आकस्मिक निधन पर तहसील में शोक की लहर व्याप्त है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम बिहारी यादव की अध्यक्षता में सोमवार की अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं की शोकसभा हुई जहां मृतक के आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। शोकसभा में महामंत्री अजय सिंहए वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चन्द्र सिन्हाए प्रेमचंद्र विश्वकर्माए आरपी सिंहए अशोक श्रीवास्तवए सुरेन्द्रमणि शुक्लाए सरजू प्रसाद बिन्दए विनय पाण्डेयए विकास यादव सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

## सेनापुर में कृषक जागरूकता गोष्ठी का किया गया आयोजन

**केराकत, जौनपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सेनापुर इंटर कालेज में जिलाधिकारी दिनेश सिंह के आदेशानुसार कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन ग्राम प्रधान रमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र वर्मा कृषक सहायकए हल्का लेखपाल अर्चना वर्मा व ग्राम विकास अधिकारी आसिफ अंसारी मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यकों के पिछड़ेपन का कारण शिक्षा से दूरी

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय तहसील से सटे ग्राम बैरकडीह में एक शाम गंगा जमुनी तहजीब के नाम मुशायरा हुआ जहां मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गा प्रताप सिंह प्रतापगढ़ उपस्थित रहे। डाण् आफ्ताब मुजाहिद आजमी के संरक्षकत्व में आयोजित कार्यक्रम का संचालन साकिब आजमी ने किया।

## अवैध धन उगाही तो यहां करें शिकायत

**गाजीपुर।** जनपद में अब लोगो को आधार कार्ड में संसोधन हेतु सिर्फ बैंक एवं पोस्टऑफिस के चक्कर नही लगाना पड़ेगा और न ही सुबह 4 बजे से लाइन लगाना पड़ेगा आम जनमानस के परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार के निर्देश के क्रम में कॉमन सर्विस सेंटर जो बैंक मित्र का भी कार्य करते है और विभिन्न मानकों को पूर्ण कर रहे है उनको ये कार्य दिया जा रहा हैएकॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक शिवा नंद उपाध्याय ने बताया की जिले में लगभग 50 केंद्र इस सेवा में एक्टिव हो गए है।

# खर्च का पूरा ब्यौरा रखें जन प्रतिनिधि, आयोग की है नजर : प्रेक्षक

### व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन टीम एवं प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



**संवाददाता।** देवरिया

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देवरिया सदर विधानसभा उप निर्वाचन हेतु नामित व्यय प्रेक्षक राजेश रंजन विकास भवन के गांधी सभागार में निर्वाचन से जुड़े गठित टीमों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों के साथ बैठक की। उस दौरान उन्होंने व्यय लेखा से लेकर चुनाव के खर्च के प्राविधानों से अवगत कराते हुए सभी को इसका पालन किए जाने की अपेक्षा के साथ कहा कि आयोग के निर्देशों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है किसी भी प्रत्याशी या प्रतिनिधि एअधिकारी कर्मचारी द्वारा इसका उल्लंघन होगा तो इसे आयोग गंभीरता से लेगा और कड़ी कार्यवाही भी उसके विरुद्ध की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग द्वारा एक प्रत्याशी के व्यय की सीमा 30 लाख 80 हजार निर्धारित की है सभी प्रत्याशियों को व्यय लेखा पंजिका बनानी होगी उस पर प्रतिदिन होने वाले व्यय का अंकन किया जाना होगा साथ हीं समय-समय पर उसका मिलान भी कराना होगा। इसके लिए तीन चरणो में मिलान की तिथि निर्धारित की गई । आज सहित 27 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को प्रत्याशियों को अपने लेखा पंजिका का मिलान कराना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना गाइडलाइन का भी सभी को पालन करना होगा। व्यय प्रेक्षक ने यह भी कहा कि उड़नदस्ता टीमए वीडियो निगरानी टीम एवं स्टेटिक टीम गठित है जो सभी दलों, प्रत्याशियों के कार्यक्रमों जुलूस रैलियों आदि पर सतर्क नजर रखने के साथ ही सभी कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्याशी नगद 10 हजार की धनराशि ही खर्च कर सकते हैं तथा 10,000 नगद चंदे ही स्वीकार कर सकते हैं प्राप्त चंदे की सभी धन राशियों को प्रत्याशी को पहले बैंक खाते में डालना होगा तथा उसका आयव्यय में अंकन करना होगा। व्यय प्रेक्षक ने उड़नदस्ता टीम वीडियो निगरानी टीम स्थैतिक टीम सभी को अपने कार्यों को सतर्कता व सक्रियता के साथ निर्वहन किए जाने का निर्देश दिया । कहा कि निरीक्षण की कार्यवाही में तेजी लाएं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखें जहां कहीं भी अनियमितता मिले तथा जो भी उनके द्वारा कार्य किए जाए उसकी प्रतिदिन रिपोर्टिंग भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी तैनात अधिकारी कर्मचारी अपने कार्यों में पूरी पारदर्शिता रखेंगे । किसी भी स्तर पर कोई संदेह की गुंजाइश न रहे इसको ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। हर हाल में सभी कार्यक्रमों व उनके द्वारा किए जा रहे निरीक्षण की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएंगे । उन्होंने जनपद में शांतिपूर्ण निष्पक्ष एआयोग के निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश कुमार मंगला, एडीएम प्रशासन राकेश कुमार पटेल, वरिष्ठ कोषाधिकारी कुलदीप सरोज ने आयोग के निर्देशों तथा गठित टीम की विस्तृत जानकारी देते कहा कि एफ़ एसटी एएसएसटीएवी,एसटी0 टीम को उनके कार्य से अवगत करा दिया गया है , उन्हें निर्देश है कि वे अपने कार्यों को तत्परता से सुनिश्चित करें । कोषाधिकारी ने बताया कि व्यय लेखा हेतु 3 तरह के पंजिका प्रत्याशियों को बनाने होंगे और उसमें सभी प्रकार के खर्चों का प्रतिदिन अंकन किया जाना होगा । प्रत्याशियों को यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा जो भी वास्तविक व्यय हो उसका सही रूप से अंकन करेंगे। प्रशासन द्वारा चुनाव में उपयोग होने वाले सभी सामानों का दर निर्धारित किया गया हैए अंकन उसी दर पर किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल सिंह ने पुलिस विभाग द्वारा स्थापित चेक पोस्टों पर की जा रही कार्य प्रगति ओं से अवगत कराया उन्होंने बताया कि गोरखपुर देवरिया मार्ग पर खरोह के पास बैरियर स्थापित की गई है जहां संदिग्ध वाहनों व सामानों पर कड़ी नजर रखी जा रही। बैठक में लेखा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव,जगदीश लाल श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ,अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल , ब्यय से जुड़े सभी टीम के कार्य प्रभारियों सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व प्रत्याशी गण आदि मौजूद रहे ।

## देवरिया नगर में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी ने मांगा समर्थन

**देवरिया ।** विधानसभा उपचुनाव के दौरान प्रत्याशियों के भ्रमण का क्रम जारी है। इसी कड़ी में देवरिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा से उम्मीदवार डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने देवरिया नगर मंडल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं संग भीखमपुर रोड एवं अंबेडकर नगर वार्ड में भ्रमण कर 3 नवंबर को होने वाले मतदान में अपने लिए वोट मांगा। प्रत्याशी डॉ त्रिपाठी ने लोगों से 3 नवंबर को मतदान करने के लिए अनिवार्य रूप से निवेदन किया। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चुनाव चिन्ह कमल पर मुहर लगाने के लिए भी लोगों से कहा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गणों ने घर घर सघन संपर्क किया है। सुबह के समय में भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी बताया। भ्रमण के दौरान एक चाय की दुकान पर लोगों से चर्चा करते समय डॉ त्रिपाठी ने कहा कि यदि आप सभी ने अवसर दिया तो निश्चित रूप से यह विधानसभा एक रोल मॉडल के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में जाना जाएगा। अधूरे पड़े विकास के कार्यों को गतिशील करने का कार्य करूंगा। मेरे मन में देवरिया को एक नया देवरिया बनाने की आकांक्षा है। कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा। यह एक कार्यकर्ता का वचन है। जनता और कार्यकर्ता मेरी प्राथमिकता है। मेरा उद्देश्य जनमानस की सेवा और कार्यकर्ताओं का सम्मान है ।नगर अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व में एक योग्य शिक्षित,नष्ठावान कार्यकर्ता को टिकट दिया है। नगर मंडल के कार्यकर्ता डॉक्टर सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी को विजय दिलाने में अपनी जी जान लगा देंगे।

## अलग-अलग स्थानों पर बदले कानून से भ्रमित हो रहे लोग

**शाहगंज, जौनपुर।** जनपद के अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग कानून समझ से परे है। रामलीला, दशहरा, भरत मिलाप की जो जिले में कहीं स्थानीय प्रशासन धार्मिक आयोजन को अपनी क्षत्रछाया में सकुशल संपन्न करा रहा है तो कहीं धार्मिक परंपराओं पर स्थानीय प्रशासन ने ग्रहण लगा दिया है। जनपद की सबसे समृद्ध तहसील शाहगंज की ऐतिहासिक श्रीराम लीला 185 वर्ष पुरानी है। दशहरा, भारत मिलाप पर भी लगने वाली पाबंदी पर राम सेवकों ने निराशा छाई है। मड़ियाहूं में स्थानीय प्रशासन की निगरानी में हो रहा है। विगत दिनों कोतवाली में आयोजित बैठक में हुई लंबी चर्चा में सब कुछ ठीक-ठाक रहा।

# देवरिया नगर में चुनाव कार्यालय का उदघाटन

### सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने किया उदघाटन



**संवाददाता।** देवरिया

विधानसभा उपचुनाव देवरिया नगर मंडल के चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन भव्य तरीके से हुआ। चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन लोकसभा क्षेत्र देवरिया के सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने नगर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा का उपचुनाव आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी लड़ रही हैं। आप ही इस चुनाव के असली वाहक हैं। शेष बचे दिनों में एक अच्छे संयोजन के तहत आप सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर ध्यान केंद्रित करें। ज्यादा से ज्यादा समय हम अपने बूथ क्षेत्र में ही करें। क्षेत्र में रहने वाले लोगों से सघन संपर्क करें। मतदाता सूची लेकर सब से संपर्क करते हुए 3 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील करें। मतदाता जब ज्यादा से ज्यादा बूथ तक पहुंचेंगे तो बूथ का प्रतिशत बढ़ेगा। और मतदान का प्रतिशत बढ़ा तोए 2019 लोकसभा के चुनाव की तरह भाजपा का प्रतिशत बढ़ जाएगा। इसलिए जिन भी कार्यकर्ताओं का कार्य बूथ पर अधूरा हैए उसे शीघ्र से शीघ्र पूरा करने का कार्य करें। आवश्यकता हो तोए हम सभी का भी सहयोग ले। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में नगर महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, सुनील सिंह, अंबिकेश पाण्डेय,सतेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रेम अग्रवाल, दीपक वर्मा, प्रवीण निखरए गोविन्द मणि, दिनेश गुप्ता, गोविन्द चौरसिया, बजरंगी मणि, राजेश मद्धेशिया, रवि जायसवाल,अखिलेश मिश्रा, संतोष मिश्र, विजय पंडित,अश्वनी मणि, धनजी वर्मा, गुंजन शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समस्याओं का समाधान नही होने पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

**सकलडीहा,चन्दौली।** शासन के निर्देश के बावजूद सम्पूर्ण समाधान दिवस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को लेकर अधिकारी गंभीर नही है। मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम प्रदीप कुमार ने समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नही होने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया है। इस मौके पर कुल 50 प्रार्थना पत्रों में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिकांश राजस्व के मामले पड़ रहे है। इसके अलावा गांव में आधा अधूरा शौचालय, पीएम आवास, काउ सेड, बकरी सेड, मुर्गी सेड व साफ सफाई को लेकर शिकायतों पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग उठाया। इस दौरान कुल पच्चास प्रार्थना पत्र में पांच का निस्तारण किया गया। शेष एक सप्ताह के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर तहसीलदार डा वंदना मिश्रा, सीओ भवनेश चिकारा, नायब तहसीलदा बृजेश सिंह, बीडीओ गुलाब चन्द्र सोनकर, आशा देवी, सुशील मिश्रा, एसडीओ आकाश सिंह, जेई मनोज पटेल, पूर्ति निरीक्षक केके मिश्राए अमित द्विवेदी, बीईओ सुरेन्द्र बहादूर सिंह,प्रभारी कोतवाल चन्द्रदेव राम,सीडीपीओ अवधेश सिंह, एडीओ पंचायत राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम की आश्वासन पर अधिवक्ताओं का हड़ताल समाप्त

**सकलडीहा,चन्दौली।** उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की सूझबूझ और अधिवक्ता हित में दिये गये आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने सोमवार को अपना हड़ताल वापस कर लिया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने संयुक्त बैठक कर तहसील प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया। बीते दिनों तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के एक पूर्व पदाधिकारी को को पुलिस प्रशासन द्वारा एसडीएम न्यायालय भेजने पर जमकर हो हल्ला मचाया था। हालाकि बार अध्यक्ष अशोक यादव की सूचना के बाद अधिवक्ता को एसडीएम ने तुरंत रिहा कर दिया गया था। इसके बाद भी अधिवक्ताओं ने रजिस्टार कानूनगों की मनमानी सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये थे। दो दिन पूर्व अधिवक्ताओं ने समस्याओं के समाधान करने की लिखित आश्वासन पर हड़ताल वापस करने की बात कही थी। सोमवार को तहसील प्रशासन द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से बैठक कर जनहित में हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। इस बाबत बार अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि एसडीएम द्वारा अधिवक्ता हित में मांगों पर गंभीरता से विचार कर आश्वासन देने पर हड़ताल समाप्त किया जाता है। इस मौके पर बार महामंत्री श्यामजी प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष मनोज पांडेय, बुद्धिराम, आनंद सिंह, नितिन तिवारी, अखिलेश तिवारी, प्रभुनाथ पाठक, जयप्रकाश नारायण,रामाश्रय सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## समानता दल ने दिया बसपा को समर्थन




**संवाददाता।** देवरिया

समानता दल के प्रत्याशी का पर्चा खारिज होने के बाद समानता दल के प्रत्याशीए संजय दीप कुशवाहा ने बसपा प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी को अपना समर्थन दिया वहीं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बसपा कार्यालय पहुंच अपना समर्थन दीया । समानता दल के प्रत्याशी संजय देव कुशवाहा ने कहा कि योगी सरकार के राज्य में आम लोगों का उत्पीड़न हो रहा है जहां तक इस विधानसभा चुनाव में हम लोगों का टिकट काट दिया गया यह तानाशाही का परिचायक है जनता अब योगी सरकार को समझ चुकी है देवरिया की जनता बसपा प्रत्याशी अभय नाथ तिवारी के साथ उठ खड़ी हुई है । इस दौरान जिलाध्यक्ष नितिन कुमार, कोऑर्डिनेटर घनश्याम खरवा सहित अन्य बसपा पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता।** देवरिया



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा भुजौली गांव स्थित कैंट सिटी स्कूल में कमल मेहंदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें गांव की महिलाओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दे भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा होने का आग्रह किया गया साथ ही महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ द्वारा उपस्थित महिलाओं के हाथों पर मेहंदी से कमल का फूल बनाया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुये भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्षए पूर्व विधायक बेचनराम ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जहा देश के विकास के लिये ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे हैएवही प्रदेश की योगी सरकार भी प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ा रही है। गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिये प्रदेश सरकार ने अनुदान बढ़ा गरीबो की बहुत बड़ी मदद की। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि जहा एक तरफ वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर वृद्ध लोगो की चिंता को दूर करने का काम सरकार ने किया वही निराश्रित महिलाओं के पेंशन में आयु सीमा को समाप्त कर उनके लिये भी सहारा बनने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा अर्चना सिंह ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत गैस देकर गरीब महिलाओं को धुंए से बचाया।एंटी रोमियो स्क्वायड बना महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम भाजपा की सरकार ने किया। अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा ने किया तथा संचालन महामंत्री मंजू मिश्रा ने किया। इस दौरान रामशीष प्रसाद,मिनती सिंह,अम्बिकेश पाण्डेय,रेनू देवी,मधु कुमारी,तारा सिंह,अमृता सिंह,श्वेता सिंह,सबु निशा,मनोरमा देवी,शालू सिंह,स्नेहा कुमारी,साक्षी सिंह,श्रेया मौजूद रहीं।

## 101 सामुदायिक शौचालय 21 पंचायत भवन का किया शिलान्यास

**सकलडीहा,चन्दौली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बेविनार के माध्यम से विकास खंड के 101 सामुदायिक शौचालय और 21 पंचायत भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान विकास खंड के अधिकारी और प्रधान मौजूद रहे। केन्द्र और प्रदेश सरकार गांव का चौमुखी विकास को लेकर कटिबद्ध है। इस क्रम में चार लाख 97 हजार में प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय और 23 लाख 7 हजार 285 रूपये में 21 गांव में पंचायत भवन का निर्माण कराया जायेगा। रानेपुर, टिमिलपुर और नागेपुर में छोड़कर विकास खंड में 101 गांवों में सामुदायिक शौचालय बनाने का कार्य तेजी से शुरू होगया है। वही केशवपुर, चंदौली खुर्द,सेवखर खुर्द, राउतपुर, सरेसर, नसीरपुर पट्टन, पीथापुर, तारापुर, जीवनपुर, बरंगा, नसीरपुर, कोड़रिया, बसारिकपुर, बसंतपुर, डैना, सैदपुरा, लेहरा, नागनपुर, दिवाकरपुर, सरेहुआ खुर्द, रामपुर उर्फ करनपुर में पंचायत भवन का निर्माण भी शुरू करा दिया गया है। पंचायती राज विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, वित्त आयोग व स्वच्छ भारत मिशन ग्राम के अन्तर्गत पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का लोकापर्ण, शिलान्यास मुख्यमंत्री सहित विभागीय मंत्री द्वारा किया गया। इस बाबत बीडीओ आशा देवी ने बताया कि बेविनार के माध्यम से विकास खंड में सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजेश सिंह, विजय कुमार, जेई जगदीश प्रसाद, मिथिलेश गुप्ता, रोहित, सतीश, मनीष सिंह, लल्लन राय सहित अन्य मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर रेल कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

### पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**मऊ ।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के तत्वावधान में रेल कर्मचारियों ने रात्रि ड्यूटी भत्ता एवं डीए का भुगतान न बढ़ने एवं समय से नहीं होने की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान रेल कर्मचारियों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। चेताया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के शाखा मंत्री एम रहमान गार्ड ने कहा कि रेलवे कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हैंए बावजूद इसके रेल कर्मचारियों को सुविधाएं नहीं प्रदान किया जा रहा है। आरोप लगाया कि शीर्ष रेलवे प्रबंधन की नीति टालमटोल की हो जाती है। यह किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। टिकट निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पांच सूत्री मांग पत्र के माध्यम से रेल कर्मचारियों ने कहा कि रात्रि भत्ता यदि 43600 से अधिक नहीं किया गया तो कर्मचारियों से रात्रि ड्यूटी न ली जाए। सरकार द्वारा फ्रीज किए गए डीए का भुगतान शीघ्र शुरू किया जाए। इस दौरान निजीकरण के विरोध में भी कर्मचारियों ने खूब नारेबाजी की। आवाज उठाई कि निजीकरण बंद कर रिक्त पदों पर कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति की जाए। 55 वर्ष या 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को सेवा मुक्त करने की प्रक्रिया को भी रोकने की मांग की गई। इस अवसर पर गार्ड बीडी राम भारती, टीटीई राकेश कुमार, टीटीई परमहंस, गार्ड विरेन्द्र यादव, अवध बिहारी, सुमेश्वर राम, एके सिंह, आनंद नारायन, राम विलास यादव, संतोष यादव, एम राधवैया, विनोद कुमार राय, रमेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं की आस्था व भक्ति का केन्द्र बना भवनाथपुर शिव मंदिर



### भव्य पूजन समारोह के दौरान विश्व कल्याण की हुई कामना

**संवाददाता।** मऊ

आस्था का केन्द्र बने भवनाथपुर स्थित शिव मंदिर पर भव्य पूजन समारोह का आयोजन शिव मंदिर के महंथ महेन्द्र प्रताप द्वारा किया गया। इस दौरान शिव मंदिर में पूजन.अर्चन करते हुए भक्तों द्वारा विश्व कल्याण की मनोकामना किया गया।

महंथ महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान शंकर मनुष्य के सभी दुरूखों को हरने वाले हैं। ऐसी मान्यता है कि शिव मंदिर पर अगर भक्तगण द्वारा सच्चे मन से पूजनअर्चन करते हुए मन्नत मांगी जाए तो मनुष्य की प्रत्येक मुराद पूरी हो जाती है।पंडित जर्नादन मिश्र ने कहा कि भगवान शिव का पूजन सच्ची आस्था के साथ करने पर भक्त की मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। इसलिए भक्तों को भगवान शिव का पूजनअर्चन नित्य ही करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रुप से सुरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, जनार्दन मिश्र, वैद्य तेज बहादुर सिंह, विरेन्द्र सिंह, राज बहादुर सिंह, विनय, विनोद, विनीत, ओमकार,अनमोलए नीतिन, विष्णु, आलोक, अश्वनी, रोशन आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय के संस्थापक की मनायी गयी 9वीं पुण्यतिथि

**मछलीशहर,जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के जमालपुर गांव में स्थित भगवान प्रसाद सिंह पब्लिक बालिका जूनियर हाईस्कूल के संस्थापक की 9वीं पुण्यतिथि विद्यालय परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबन्धक नामवर सिंह ने संस्थापक राम बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय की स्थापना एक पुनीत कार्य है। संस्थापक ने इस इलाके में स्कूल की स्थापना कर एक पुनीत कार्य किया है। यहां के बच्चे भी अब अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि अपने लिए तो सब करते है लेकिन स्व राम बहादुर सिंह समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए स्कूल खोला। हम सभी को उनके मार्गदर्शन पर चलकर विद्यालय को आगे बढ़ाना है। अंत में प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह ने आये हुये लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान वीरेन्द्र , विजय प्रताप, विनोद कन्नौजिया, सुनील यादव सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## सड़क पर बना जानलेवा गड्ढा, मौत को दे रहा दावत

**डुमरियागंज।** क्षेत्र के रमवापुर ए तिघरा घाट जो विधानसभा को जोड़ने वाली राप्ती नदी स्थित तिघरा घाट फुल के बगल सड़क पर फुल के दक्षिण तरफसड़क वाह एप्रोच गड्ढे में तब्दील हो चुका है । गड्ढा बन जाने से राहगीरों का आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है । इसे लेकर राहगीरों में रोष व्याप्त है । मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनों से राप्ती नदी के तिघरा घाट पुल के बगल में सड़क पर जानलेवा गड्ढा बन जाने से काफी कठिनाइयां हो रही है । तमाम राहगीर सड़क में बने गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं । अगर समय रहते सड़क पर बने गड्ढे को विभाग द्वारा नहीं बनाया गया तो किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है।

### कमजोर रोगप्रतिरोधक क्षमता हो सकती है खतरनाक

**गाजीपुर।** बदलता मौसम वर्तमान में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को बीमार कर रहा है। कभी सर्द तो कभी गर्म मौसम होने के कारण सर्दी, खांसी,जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां लोगों को परेशान कर रही हैं। ऐसे में चिकित्सकों का कहना है कि मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो जाता हैए इसलिए इस समय सावधान रहने की जरूरत है ।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा के साथ रास्ते मे एक युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 11 वर्षीय छात्रा ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। रास्ते में गांव के ही दो लोग एक पुलिया पर बैठे थे। छात्रा के पास आते ही दोनों उसे पकड़ कर पास के जंगल में ले गए। जहां पर एक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया, जबकि दूसरा रास्ते की रखवाली कर रहा था। छात्रा घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सोमवार की देर शाम पीड़िता के पिता ने कोतवाली में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक अंगद प्रताप सिंह ने बताया मामले में दुराचार का केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत लिया गया है।

## बेखौफ चोरों ने की लाखों की चोरी

फतेहपुर ( **बाराबंकी** )। बीती रात्रि बेखौफ चोरो ने एक घर से 68 हजार की नकदी, मोबाइल फोन समेत लाखों रुपये कीमती जेवरातों पर अपना हाथ साफ कर फरार हो गये। पीडित गृहस्वामी ने थाने मे तहरीर दी है। पुलिस जांच मे जुटी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नांदकुई निवासी चन्द्रषेखर पुत्र रामानन्द ने स्थानीय कोतवाली मे दी गयी तहरीर मे बताया है कि बीती रात्रि वह अपने घर मे सोया हुआ था। रात्रि करीब दो बजे ग्रामीणों के चोर-चोर की पुकार पर परिवार के लोग जग गये और जैसे ही घर के अन्दर का नजारा देखा तो दंग रह गये। बेखौफ चोरो ने पीडित के घर मे रखे 68 हजार रुपये की नकदी, लाखों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवरात व दो सेल फोन पर अपना हाथ साफ कर दिया। पीडित गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सन्दिग्ध हालात में मिला एक व्यक्ति का शव

**बाराबंकी**। नगर कोतवाली के आवास विकास कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने मंगलवार की शाम हाथ की नश काटकर की आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे मे चारपाई से लटकता पाया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार लम्बे समय से कॉलोनी के एक मकान में ऊपरी तल में किराए के मकान में रहकर आईपीएल में नौकरी करने वाले नैपाल सिंह वर्मा (43 वर्ष) पुत्र स्वग्राम मिलन वर्मा निवासी ग्राम शेखवापुर थाना टिकैतनगर के मूल निवासी थे और करीब डेढ़ दशक से नगर के आवास.विकास कॉलोनी के मकान मे किराये के पर रहकर नौकरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी डाली वर्मा, पुत्र अंशू व हिमांशु है। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है।

## डीजल चोरी करके बेचने का सिलसिला जारी

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे कार्य में लगे डंपरों व जेसीबी मशीनों से डीजल चोरी करके अवैध रूप से बेचने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के मुताबिक थाना लोनी कटरा क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे कार्य में लगे डंपरों व जेसीबी मशीनों के ड्राइवरों व कर्मचारियों के द्वारा धडल्ले से डीजल चोरी कर बेचने का कार्य किया जा रहा है। जिस पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के उच्चाधिकारी रोकने में नाकाम साबित हो रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विगत दिनों पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य में लगे डंपरों व जेसीबी मशीनों से ड्राइवरों के द्वारा रात के अंधेरे में धड़ल्ले से डीजल चोरी करके अवैध रूप से बेचा जा रहा है। वहीं ड्राइवरों के द्वारा डीजल चोरी करके क्षेत्रीय लोगों के हाथों 50 से 55 रुपए प्रति लीटर में बेचा जा रहा है।

## अज्ञात वाहन से डीसीएम भिड़ी, चालक की मौत

**बाराबंकी**। सोमवार की दोपहर एक डीसीएम और अज्ञात वाहन की आयोध्या.लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें गंभीर रूप से घायल डीसीएम चालक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार भरीगहना पोस्ट इंदारा थाना इटौंजा के निवासी डीसीएम चालक सुरेंद्र कुमार सिंह (36 वर्ष) लखनऊ स्थित एवरेडी चौराहा के एक ट्रांसपोर्ट की डीसीएम चलाता था और लखनऊ से गोरखपुर पेंट लादकर लौटा था। सोमवार को वापस लौटते समय हाइवे पर अज्ञात वाहन और डीसीएम में जैदपुर थाने के अहमदपुर टोल के पास जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें चालक सुरेंद्र कुमार की जान चली गयी । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सिपुर्द कर दिया है ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव



सिद्धौर ( **बाराबंकी** )। मंगलवार को जैदपुर थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 20 वर्षीय महिला की लाश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची जैदपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के छतौनी गांव निवासी राम कैलाश की पुत्री नेहा अपने परिजनों के साथ धान की कटाई करने खेत गई हुई थी।परिजन धान की कटाई कर रहे थे और वह जानवरों के लिए चारा लेकर घर चली आई। जानवरों का चारा रखकर वह घर के अंदर चली गई उसकी नानी जानवरों का चारा सही करने लगी। परिजन जब धान काट कर वापस घर आए तो देखा कि नेहा घर के कमरे में मृत अवस्था में पड़ी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जैदपुर पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फ्लिहाल अभी तक मौत का कारण पता नहीं हो पाया है, फ्लिहाल अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया



**प्रतापगढ़**। महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं उनके कर्मचारियों, महिला शक्ति केन्द्र, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं 1098 चाइल्ड के कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग ग्रामसभाओं एवं धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिलाओं तथा बच्चों की हिंसा से रोकथाम पास्को कानून लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज से पीड़ित महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से बचाव सहायता पुर्नवास हेतु जागरूक किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु पीसीपीएनडीटी कानून के अन्तर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से बचाव, सहायता, बाल विवाह रोकथाम, कोविड-19 के रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। मिशन का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना है।

# महिलाओं के प्रति कांग्रेस का चरित्र उजागरः ईरानी

नीरज सिंह/ललित सिंह



**अमेठी**। केंद्रीय मंत्री सांसद अमेठी स्मृति जुबिन इरानी ने आज बिना नाम लिए गांधी परिवार पर तीखा हमला किया और कहा कि देश के एक राजनैतिक परिवार ने अमेठी और रायबरेली मे लंबे समय तक राज कियाए पर उसने केवल राजनीति की यहां के विकास के विषय मे कभी भी सोचा तक नही । श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि अमेठी में विकास तब आया जब केंद्र में नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश मे योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे भाजपा की सरकार बनी। मध्यप्रदेश में महिला नेता के खिलाफ कांग्रेसी नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बयान पर स्मृति ईरानी ने कहा कमलनाथ के बयान से कांग्रेस के पुरुष नेताओं का महिलाओं के प्रति चरित्र उजागर हुआ है। विगत दिनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अपने ही महिला नेता की सार्वजनिक तौर पर पिटाई कांग्रेस का महिलाओं के प्रति उनकी भावना को उजागर करता है ।गांधी परिवार पर खासकर राहुल गांधी पर तीखे हमले करते हुए केंद्रीय मंत्री ने स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गांधी ने एक साजिश के तहत अमेठी में सम्राट बाईसाइकिल के किसानों की जमीन हड़प ली है । मैं पिछले छह सालों से इसके लिए लड़ाई लड़ रही हूं । आज तक इन लोगों ने किसानों को जमीन नही लौटाई । किसानों से अगर इनको हमदर्दी है तो किसानों की जमीन उन्हें लौटा दे। यूपी मे महिला उत्पीडन खासकर हाथरस जैसी घटनाओ पर पत्रकार के सवालो को स्मृति टाल गयी। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा अधिकारियों के साथ किया। स्मृति इरानी का कोरोना काल के बाद पहली बार क्षेत्र भ्रमण था।

## दिवंगत भाजपा नेता के घर पहुंची स्मृति

**अमेठी**। कलेक्ट्रेट अमेठी से निकल कर बहादुरपुर ब्लॉक के गांव मुखतिया पहुंची। स्मृति इरानी मुखतिया गांव में भाजपा के जिला महामंत्री भगीरथ मौर्या के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गयी। इससे पूर्व स्मृति ईरानी गौरीगंज के मंडल अध्यक्ष देहात संतोष दूबे के घर गयी और उनके स्वास्थ्य विषय मे जानकारी ली। संतोष गत दिनों सड़क हादसे में घायल हो गये थे ।

**सांसद ना मिल पाने पर महिलाओं में दिखा आक्रोश**

गौरीगंज में दोपहर से इंतजार कर रहे दर्जनों महिलाओं का उस समय आक्रोश बढ़ गया जब वह अपनी बात केंद्रीय मंत्री व अपनी सांसद से मिलकर व्यक्त करना चाहती थी । परंतु पुलिस द्वारा नहीं मिलने दिया गया तो वे वापसी में मंत्री के निकल जाने पर दर्जनों महिलाओं ने अधिकारियों की गाड़ी रोक कर और नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जब महिला होकर महिला की बात नहीं सुनेंगे तो कौन सुनेगा।

**अधिवक्ता संघ मिला सांसद से**

**अमेठी** के जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह व उमा शंकर मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओ द्वारा दीवानी न्यायालय के संचालन की मांग पर स्मृति ने कहा कि वे इसके संबंध मे वे कानून मंत्री से बात करेंगी। वहीं थाना क्षेत्र कमरौली के बरसंडा निवासी कुतबुद्दीन ने अपने भाई निजामुद्दीन की हत्या की जांच स्पेशल क्राइम ब्रांच से कराने की बात कही जिसपर स्मृति ईरानी ने पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

**इरानी ने कालीकन व दुर्गन मंदिर में टेका मत्था**

**स्मृति** ईरानी ने कालिकन भवानी मंदिर गयी और पूजा अर्चना की । इसके बाद वो गौरीगंज क दुर्गन भवानी मंदिर में भी पहुंच कर दर्शन कर मत्था टेका।

## स्मृति विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

संवाददाता। अमेठी

**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19, समस्त विकास कार्य, मनरेगा, तालाबों के जीर्णोद्धार के कार्य से संबंधित राज्यमंत्री सुरेश पासी, जिलाधिकारी अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने निर्देश दिए। इस दौरान सांसद ने 22 लाख की लागत से विकासखंड अमेठी के ग्राम बेनीपुर में नवनिर्मित मल अपशिष्ट निवारण संयंत्र 120 लाख की लागत से सरैंया दुबानपुर में एक वृहद गौ संरक्षण केंद्र एवं 287 लाख की लागत से 41 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद इरानी ने वर्चुअल माध्यम से ग्राम प्रधानों से वार्ता कर उनके क्षेत्र में हो रहे विकास के संबंध में जानकारी लिया। सांसद ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# दो सगे भाइयों के चार बच्चों की एक साथ मौत

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता। ललितपुर

**जनपद** के तालबेहट तहसील के पूरा कला क्षेत्र के ग्राम झावर में एक साथ एक ही परिवार के चार मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई प्राप्त विवरण के अनुसार रविंद्र पुत्र मुकुंदी प्रजापति उम्र 14 वर्ष एबसंत पुत्र मुकुंदी प्रजापति उम्र 8 वर्ष तथा मुकुंदी के भाई संतोष के पुत्र अरविंद उम्र 8 वर्ष एवं नरेंद्र उम्र 5 वर्ष दोपहर घर से खेलने के लिए निकले थे लेकिन जब शाम तक बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की खोजते खोजते परिजन शाम 6रू00 बजे के करीब गांव के ही पास एक छोटी सी खदान जिसमें पानी भरा था उस में मछली पालन होता है उसके पास जब बच्चों की चप्पलें एवं कपड़े देखे तो पानी में खोजबीन शुरू की तो बच्चों को पानी में डूबा पाया गया चारों बच्चों को गहरे पानी से बाहर निकाल कर तुरंत अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने चारों बच्चों को मृत घोषित कर दिया बच्चों के परिजनों ने अपने ही निकट के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है पूरा कला थाना प्रभारी अमर बहादुर ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करके चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**आयुष वर्मा ने यूपीएसईई मे 2166 रैंक लाकर किया जनपद का नाम रोशन:** बाराबंकी। आयुष वर्मा ने यूपीएसईई मे 2166 रैंक लाकर जनपड़ का नाम रोशन किया हैआयुष नगर के लक्ष्मणपुरी कालोनी का निवासी औरजवाहरलाल कालेज के प्रोफेसर स्वर्गीय आनन्द प्रकाश के पौत्र और आलोक वर्मा के पुत्र है ।एपायनियर इंटर कालेज के छात्र आयुष आईआईटीमें भी अच्छी रैंक लाया था पर वांछित कालेज न मिलने से प्रवेश नही लिया था।

# डीएम के नहीं पहुंचने से फरियादियों में दिखी निराशा

### संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

संवाददाता। मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )

**मंगलवार** को स्थानीय तहसील कार्यालय में लंबे अरसे बाद आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के नहीं पहुंचने से फरियादियों में निराशा दिखी। डीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम मुसाफिरखाना कि अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याओं को पेश किया। स्थानीय तहसील कार्यालय पर उपजिलाधिकारी राम शंकर की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने मातहत अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के ग्राम दादरा निवासिनी कमलेश यादव पत्नी हरि प्रसाद यादव ने शिकायती पत्र देकर विद्युत विभाग द्वारा एक घर में अपने नाम पर दो कनेक्शन होने की शिकायत की। विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने दिवस में अनुपस्थित रहने पर विद्युत विभाग के अवर अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। वहीं संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कुल 104 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से छह का निस्तारण मौके ही कर दिया गया। शेष अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की तीन संयुक्त टीमें गठित करते हुए सम्बन्धित विभागों को अग्रसारित कर दी गई।

## 113 प्रार्थनापत्रों में छह का किया गया निस्तारण



फतेहपुर( **बाराबंकी** )। जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत 113 प्रार्थनापत्रों मे से छह का तवरित निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के दौरान कारोना महामारी से आम जनमानस को जागरुक करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमे लोगो को जागरुक किया गया। तहसील फ्तेहपुर सभागार मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह ने की। जिसमें राजस्व 35, पुलिस 11, पूर्ति छह, विकास विभाग 11, समाज कल्याण चार, नगर पंचायत एक, बाल विकास विभाग एक, सिंचाई विभाग एक, विद्युत विभाग चार, चकबन्दी सात, बैंक चार , व अन्य 27 समेत कुल 113 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए।

## बाईपास मार्ग बनाने को लेकर लोक निर्माण मंत्री को भेजा ज्ञापन

रामनगर ( **बाराबंकी** )। लोक निर्माण मंत्री को नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बे के अंदर रोड़ चौड़ीकरण के स्थान पर बाईपास मार्ग बनाये जाने को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजा। नगर के सभासदों ने प्रस्ताव पास कर सड़क चौड़ीकरण का विरोध कर जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग की भेजा जा चुका है।

नगर पांचयत अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी ने लोक निर्माण मंत्री को भेजे गए मांग पत्र में कहा है कि नगर के अंदर की सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराये जाने की जानकारी हुई है। सम्पूर्ण नगर क्षेत्र नान जेड0ए0 की भूमि कई वर्षों से बसा है। कुछ समय पूर्व लोक निर्माण विभाग ने रोड़ का चौड़ीकरण का कार्य कराया जा चुका है। कस्बा बहुत घना व सकरा है। नगर वासियों को आने जाने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# ग्राम संपर्क अभियान के तहत पीएबी ने कोठी गांव में लगाया कैंप

संवाददाता। बाराबंकी



**कोठी** ग्राम संपर्क अभियान के तहत पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोठी उस्मानपुर के शाखा प्रबंधक, कृषि अधिकारी व बैंक मित्र के साथ मिलकर कोठी गाव में कैंप लगाकर किसानों को सरकार द्वारा चलाई गई बैंक की स्कीमों को बताया शाखा प्रबंधक रविंद्र प्रताप द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई गई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जो कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, की जानकारी देते हुए इस से होने वाले फायदे के बारे में अवगत कराया।उन्होंने बताया कि सभी किसानों के लिए आसान शर्तों पर कृषि कार्ड, डेयरी, मछली पालन हेतु ऋण सुविधाए कृषि एवं गैर कृषि, कृषि कार्य हेतु महिला समूहों को ऋण, आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों और उद्यमियों हेतु ऋण आसान किस्तों पर बैंक में उपलब्ध है। शाखा प्रबंधक द्वारा किसानों व ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी जानकारी दी गई।

# रामपुरखास में विकास की बयार चलती रहेगी: प्रमोद

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )


**क्षेत्रीय** विधायक आराधना मिश्रा मोना ने निर्वाचन क्षेत्र के भदारीकला गांव मे सीडब्लूसी सदस्य प्रमोद तिवारी के साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा समेत कई विकास से जुडी योजनाओं सौगातें सौपी। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गांव मे नवनिर्मित आंगनबाडी केंद्र तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर का लोकार्पण करते हुए गांव मे पीने की पानी की टंकी के भी पुर्नमरम्मत को लेकर धनराशि आवंटन होने की जानकारी दी। गांव मे आयोजित कोविड प्रोटोकाल के तहत हुई जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास आज अगर शिक्षा का हब बना है तो यहां प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्चशिक्षा व तकनीकी ज्ञान के लिए गांव तथा न्याय पंचायतो को केन्द्रित रखकर शैक्षिक संस्थानो की निरंतर प्रगतिशील स्थापना हो रही है। उन्होने कहा कि विकास किसी क्षेत्र मे तभी संतृप्त दिखा करता है जहां अमन और शांति के वातावरण मे नौनिहालों को ज्ञानार्जन के लिए अपने घर गांव मे बेहतर संसाधन के प्रबन्ध हुआ करते है। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पीढ़ी को विकास के क्षेत्र मे मुख्य भूमिका के निर्वहन के लिए खड़ा करना सबसे बड़ा जनप्रतिनिधि सामाजिक उत्तरदायित्व है। उन्होने कहा कि शिक्षित और सुपोषित पीढ़ी ही विकास का सपना साकार करने मे अपना योगदान दिया करती है।

# उत्सव की खुशियां रहें बरकरार, रखो स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार

### धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान कोविड-19 प्रोटोकाल का रखें ध्यान

### कार्यक्रम स्थल पर दो गज की दूरी, मास्क व हाथों की सफाई का रहे ख्याल

संवाददाता। प्रतापगढ़



**नवरात्रि** के साथ ही एक बार फिर उत्सवों, मेलों और धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों का समय शुरू हो गया है। हालांकि कोविड-19 के चलते इस बार स्थितियां बदली हुई है। इसलिए उत्सव की खुशियां बरकरार रखने के लिए कार्यक्रम आयोजकों से लेकर उसमें शामिल होने वालों तक को हर कदम पर स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने की सख्त जरूरत है । सरकार द्वारा भी इन आयोजनों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जिसका पालन करते हुए ही कोई कार्यक्रम आयोजित करना सभी की भलाई के लिए जरूरी है। कोविड से सभी को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है कि कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग द्वार हों, कार्यक्रम स्थल-शामियाना में पर्याप्त क्रास वेंटिलेशन होना चाहिए। प्रवेश द्वार पर सेनेटाइजर और थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था हो, कार्यक्रम स्थल पर केवल बिना लक्षण वाले स्टाफ एवं आगंतुकों को प्रवेश दिया जाए । यदि किसी में बीमारी के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो उसके साथ ही अन्य की सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश न दिया जाए और चिकित्सीय सहायता की सलाह दी जाए । स्टाफ व आगंतुकों को फेस कवरध्मास्क पहनना अनिवार्य होगा और एक-दूसरे से दो गज की दूरी बनाकर रखनी होगी । यह सभी पालन पार्किंग स्थल और स्टाल पर भी करना होगा। धार्मिक आयोजन स्थलों पर जहां तक संभव हो जूते-चप्पल गाड़ी में ही उतारकर कार्यकम स्थल पर जाएं या तो प्रवेश द्वार के निकट हर परिवार के जूते-चप्पल अलग अलग स्लाट में रखे जाएं। कार्यक्रम स्थल पर कोरोना से बचाव सम्बन्धी पोस्टर प्रमुख रूप से लगायी जाए । कन्टेनमेंट जोन में इस तरह के किसी भी आयोजन या उत्सव मनाने से बचें । **प्रशासन इन बातों पर दे ध्यान:** प्रशासन द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग, दो गज की दूरी और सेनिटाइजेशन के साथ ही विस्तृत साइट प्लान और स्थानिक सीमाओं का निर्धारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए कार्यक्रमों के अलग-अलग समय का निर्धारण और सीमित प्रवेश पर भी विचार किया जा सकता है। थर्मल स्क्रीनिंग, उचित दूरी और मास्क पहनना सुनिश्चित कराने के लिए वालंटियर्स तैनात किये जा सकते हैं । स्टेज कलाकारों को भी प्रोटोकाल का पालन करना होगा । अगर कार्यक्रम कई दिन या हफ्ते चलने वाला है तो भीड़ का नियंत्रण व पीक आवर में उचित दूरी का पालन और बार-बार सेनेटाइजेशन की व्यवस्था कराएं। रैलियों एवं विसर्जन जुलूसों के दौरान लोगों की संख्या निर्धारित सीमा के भीतर एवं उचित दूरी के नियम का पालन और मास्क के इस्तेमाल का पालन हो, लम्बी दूरी की रैलियों व जुलूसों के लिए एम्बुलेंस सेवा की भी व्यवस्था करके रखें। संभावित मरीजों को आइसोलेशन में रखने के लिए एक निश्चित स्थान पहले से निर्धारित किया जाना चाहिए । उचित दूरी व मास्क पहनने के नियम के पालन की निगरानी के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था हो। रैली व जुलूसों के लिए रूट, विसर्जन स्थल और संख्या का पूर्व निर्धारण हो। इसके अलावा सभी आयोजनों को स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए निकटतम अस्पतालों से संपर्क के साथ-साथ चिकित्सा देखभाल की व्यवस्था की योजना बनायी जाए ।

**सामान्य निवारक उपाय अपनाएं**

सार्वजानिक स्थानों पर दूसरे से दो गज की दूरी रखें और मास्क पहनें। साबुन से 40 से 60 सेकंड तक हाथ धोएं या 20 सेकंड तक सेनेटाइज करें। स्वसन सम्बन्धी स्वच्छता का का कड़ाई से पालन व टिश्यू का उचित निस्तारण हो। अपने स्वास्थ्य की स्वत: निगरानी करें, जरूरत समझें तो हेल्पलाइन की मदद लें। सार्वजनिक स्थलों पर थूकना सख्त मना होगा। सभी को आरोग्य सेतु एप के इस्तेमाल की सलाह दी जाए। 60 साल से अधिक के बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार, 10 साल से कम उम्र के बच्चे व गर्भवती घर पर ही उत्सव मनाएं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता। बाराबंकी

**मंगलवार** को कोतवाली देवा क्षेत्र स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज देवा में मिशन शक्ति अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को संबोधित करते हुए देवा कोतवाली के सब इंस्पेक्टर परमानंद पांडेय ने कहा कि यदि आप लोगों के साथ किसी भी प्रकार की कोई भी युवक अश्लील हरकतें करता है व किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना अंजाम देने का प्रयास करता है तो आप लोग बेहिचक पुलिस हेल्पलाइन 112, 1090, 1098, 181 पर कॉल कर अपनी समस्या पुलिस को अवगत कराएं। आपका नाम पता मोबाइल नंबर गोपनीय रखा जाएगा। इसी क्रम में कांस्टेबल बंदना ने भी बालिकाओं व महिलाओं के बचाव संबंधी सुझाव व्यक्त करने के साथ.साथ उन्हें उदाहरण के तौर पर सुरक्षा के गुण बताते हुए कुछ प्रयोग भी करके दिखाएं।